सूर्योदय : 6:56
सूर्यास्त : 5:32
अधिकतम तापमान : 17.0
न्यूनतम : 11.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-208 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 19 जनवरी 2025
18 रजब 1446 हिजरी


हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




## पीएम मोदी ने दी बड़ी सौगात, स्वामित्व योजना के तहत बांटे 65 लाख संपत्ति कार्ड

# 21वीं सदी में लोगों को संपत्ति का अधिकार देना एक बड़ी चुनौती : प्रधानमंत्री मोदी

- **जमीन के रिकॉर्ड डिजिटल होने से मिलेगा फायदा**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एक कार्यक्रम में देश के 230 से अधिक जिलों के करीब 50,000 गांवों में संपत्ति मालिकों को स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए। पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस स्वामित्व योजना से 10 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के लाखों लोगों को फायदा होगा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल, मप्र, महाराष्ट्र, मिजोरम, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, यूपी और जम्मू- कश्मीर एवं लद्दाख के संपत्ति मालिकों को संपत्ति कार्ड जारी किए गए। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि आज का दिन देश के गांवों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए बहुत ऐतिहासिक है। यह एक बड़ी समस्या थी, लेकिन राज्य सरकारों, अधिकारियों और ग्राम पंचायत के हजारों सहयोगियों की कोशिशों से लाखों लाभार्थियों को स्वामित्व योजना का लाभ मिला। पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी में दुनिया के सामने कई चुनौतियां हैं, जिनमें जलवायु परिवर्तन, पानी की कमी, स्वास्थ्य समस्याएं और आपदाएं प्रमुख हैं, लेकिन दुनिया एक और बड़ी चुनौती से जूझ रही है और वो है संपत्ति का अधिकार। कई वर्ष पहले संयुक्त राष्ट्र ने एक अध्ययन किया था, जिसमें कई देशों में संपत्ति के अधिकारों का अध्ययन किया गया था। इस अध्ययन में पता चला कि दुनिया के कई देशों में लोगों के पास उनकी संपत्ति के कानूनी दस्तावेज ही नहीं हैं।

### लोगों को संपत्ति का अधिकार देना है बेहद जरूरी

> पीएम मोदी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने साफ कहा था कि अगर गरीबी को कम करना है तो लोगों को संपत्ति का अधिकार देना बेहद जरूरी है। भारत भी इस चुनौती से अछूता नहीं है और हमारी स्थिति भी अन्य देशों जैसी ही है। गांवों में लोगों के पास लाखों-करोड़ों रुपये की संपत्ति है, लेकिन उनके पास इसके कानूनी दस्तावेज नहीं हैं। ऐसे में मालिकाना हक को लेकर विवाद होते हैं। कई जगहों पर ताकतवर लोग गरीबों की जमीनों पर कब्जा कर लेते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वामित्व कार्ड्स बांटने के बाद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए लाभार्थियों से बात भी की। इस योजना से लोगों को ऋण और सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

# रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लगाई संगम में डुबकी

**महाकुम्भ**

- **भारतीयता को समझना है तो महाकुंभ में आइए**
- **संगम स्नान करना मेरा सौभाग्य : राजनाथ**



**प्रयागराज।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को संगम में डुबकी लगाई। इसके बाद उन्होंने पूरे विधि विधान के साथ वैदिक मंत्रोचारण के बीच मां गंगा की आरती की। उनके साथ राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी सहित तमाम नेता मौजूद रहे। बमरौली हवाई अड्डे पर कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने उनकी आगवानी की। राजनाथ सिंह ने सबसे पहले गंगा, यमुना, सरस्वती के पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान कर, सनातन की जय, गंगा मैय्या की जय का उद्घोष किया। उन्होंने संगम तट से अक्षयवट, पातालपुरी और बड़े हनुमान जी का दर्शन कर, महाकुंभ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रक्षा मंत्री शाम को सेना के अधिकारियों के साथ महाकुंभ की सुरक्षा व्यवस्था के लिए रवाना हो गए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राज्य सभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान किया। मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने मां गंगा के जल का आचमन कर भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया और राष्ट्र की मंगलकामना की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, मैं इसे अपना सौभाग्य मानता हूं कि आज प्रयागराज, संगम में मैंने स्नान किया। यह भारतीयता का आध्यात्मिक व सांस्कृतिक महापर्व है। किसी पंथ, समुदाय या धर्म के साथ इसे जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजभवन, लखनऊ में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट की।

# कोलकाता रेप-मर्डर केस में संजय रॉय दोषी करार



- **सजा का ऐलान सोमवार को**
- **सीबीआई ने की थी संजय राय की फांसी की मांग**
- **अदालत में 11 नवंबर को मामले की शुरू हुई थी सुनवाई**

**कोलकाता।** सियालदह सिविल और क्रिमिनल कोर्ट ने आज आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में महिला प्रशिक्षु डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले में फैसला सुनाया। इस मामले के मुख्य आरोपी संजय रॉय को अदालत ने दोषी करार दे दिया।

फैसला दोपहर के 2.30 बजे कोर्टरूम 210 में सुनाया गया। आरोपी संजय रॉय ने अदालत में दावा किया कि उसे फंसाया गया है। न्यायाधीश ने कहा कि उसे सोमवार को अदालत में बोलने का मौका दिया जाएगा। अदालत सोमवार को सजा सुनाएगी। संजय रॉय को भारतीय न्याय संहिता की धारा 64, 66 और 103(1) के तहत दुष्कर्म और हत्या का दोषी पाया गया। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास की अदालत में 11 नवंबर को मामले की सुनवाई शुरू हुई थी। कोर्ट के निर्देश पर इस मामले की जांच कर रही केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पहले ही आरोपपत्र दाखिल कर चुकी है। आज मामले की सुनवाई के लिए प्रदर्शनकारी अदालत परिसर के बाहर जमा हुए। सियालदह अदालत परिसर में सुरक्षा कड़ी की गई। कोलकाता पुलिस ने प्रवेश को नियंत्रित करने और सभी उपस्थित लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई बैरिकेड्स भी लगाए गए। अदालत के फैसले से पहले पीड़िता के पिता ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री ने खुद कहा था कि वह रात के दो बजे तक जागकर मॉनिटर कर रही थीं। मैं जानना चाहता हूं कि उनका इसमें क्या हित था। सिर्फ मुख्य आरोपी ही नहीं, सभी दोषी सामने आएंगे। इससे पहले पीड़िता डॉक्टर के पिता ने मीडिया से बात की थी। उन्होंने कहा, आरोपियों को सजा मिलने पर हमें कुछ राहत मिलेगी। जब तक हमें न्याय नहीं मिल जाता, तब तक हम अदालत का दरवाजा खटखटाते रहेंगे।

## नाइजीरिया बना ब्रिक्स का भागीदार देश





**अबुजा।** नाइजीरिया को ब्रिक्स समूह के भागीदार देश के रूप में शामिल किया गया है। यह जानकारी ब्राजील ने दी, जो इस समूह की अध्यक्षता कर रहा है। ब्रिक्स समूह की स्थापना साल 2009 में ब्राजील, रूस, भारत और चीन ने की थी। 2010 में इसमें दक्षिण अफ्रीका को भी शामिल किया गया। यह औद्योगिक रूप से उन्नत देशों के समूह जी-7 के मुकाबले के रूप में बना था। पिछले साल ब्रिक्स समूह ने ईरान, मिस्त्र, इथियोपिया और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को अपने साथ जोड़ा। जबकि सऊदी अरब को भी इसमें शामिल होने का निमंत्रण दिया गया। तुर्की, अजरबैजान, मलयेशिया ने भी ब्रिक्स का सदस्य बनने के लिए आधिकारिक रूप से आवेदन किया है और कुछ अन्य देशों ने भी इसमें अपनी रुचि दिखाई है।

## न्यूज डायरी

### दो जजों की गोली मारकर हत्या



**तेहरान।** तेहरान में शनिवार को एक बंदूकधारी ने सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की गोली मारकर हत्या कर दी। ईरान के सरकारी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ये दोनों सख्त फैसले लेने वाले रूढ़िवादी जज माने जाते थे। दोनों जज कथित तौर पर 1988 में सरकार और व्यवस्था से असहमति रखने वालों (जैसे राजनीतिक कैदी, कार्यकर्ता और विपक्षी समूह) को सामूहिक तौर पर फांसी देने के मामलों भी शामिल थे। जिन जजों की हत्या की गई है, उनकी पहचान मोहम्मद मोगीसेह और अली रजिनी के रूप में हुई है। किसी भी समूह ने अब तक इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। साल 1999 में भी रजिनी की हत्या का प्रयास हुआ था। मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने रजिनी के वाहन पर विस्फोटक फेंका था, जिसमें वह घायल हो गए थे।

### पकड़ा गया सैफ का संदिग्ध




**रायपुर।** मुंबई में सैफ अली खान पर हमले के मामले में एक संदिग्ध को दुर्ग आरपीएफ हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। आरपीएफ ने शालीमार ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस के जनरल बोगी से एक युवक को हिरासत में लिया है। आरपीएफ से मिली जानकारी के अनुसार मुंबई पुलिस ने आरपीएफ पुलिस को एक तस्वीर भेजी थी जिसके आधार पर आरपीएफ पुलिस ने शालीमार ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस के जनरल बोगी से एक युवक को हिरासत में लिया है। युवक मुंबई से बिलासपुर जा रहा था और जरनल बोगी में यात्रा कर रहा था।

### केजरीवाल की गाड़ी पर पत्थर से हमला

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान हमला हुआ है। आप सूत्रों ने इस सीट से बीजेपी उम्मीदवार प्रवेश वर्मा पर आरोप लगाया है कि उनके गुंडों ने केजरीवाल पर हमला किया। हमले के बाद आप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स का सहारा लिया और बीजेपी पर आरोप लगाया। इसमें कहा गया कि यह हमला भाजपा की हार के डर और घबराहट के कारण हुआ। आप ने एक्स पर लिखा कि हार के डर से बौखलाई भाजपा अपने गुंडों से करवाया अरविंद केजरीवाल जी पर हमला। भाजपा प्रत्याशी प्रवेश वर्मा के गुंडों ने चुनाव प्रचार करते वक्त अरविंद केजरीवाल जी पर ईंट-पत्थर से हमला कर उन्हें चोट पहुंचाने की कोशिश की ताकि वो प्रचार ना कर सकें। बीजेपी वालों, तुम्हारे इस कायराना हमले से केजरीवाल जी डरने वाले नहीं हैं, दिल्ली की जनता तुम्हें इसका करारा जवाब देगी।

# कैंसर की तरह पाकिस्तान खुद को निगल रहा : एस. जयशंकर

> **पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को लगातार समर्थन देने में अपवाद बना हुआ है**



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को 19वें नानी ए पालखीवाला मेमोरियल व्याख्यान के दौरान टिप्पणी दी। पड़ोसी देश की तुलना कैंसर से कर दी है और कहा है कि कैंसर अब उसके अपने राजनीतिक शरीर को खा रहा है। इसका असर उनपर ही देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को लगातार समर्थन देने में अपवाद बना हुआ है। इसका असर अब पाकिस्तान की राजनीति पर भी दिखने लगा है। पूरे उपमहाद्वीप के हित के लिए पाकिस्तान को ये रवैया छोड़ देना चाहिए। उन्होंने भारतीय विदेश नीति के दायरे में शामिल क्षेत्रों के व्यापक विस्तार के बारे में बात की और पिछले दशक में कूटनीति के प्रति भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित किया। बाजार उपकरणों और वित्तीय संस्थानों के हथियारीकरण के कारण दुनिया के सामने आने वाली चुनौती पर प्रकाश डालते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत के लिए चुनौती ऐसी अप्रत्याशित परिस्थितियों में अपना उत्थान करना है। ऐसा करने के लिए उसे अपने आंतरिक विकास और आधुनिकीकरण दोनों में तेजी लानी होगी। साथ ही इसके बाहरी जोखिम को कम करना घरेलू स्तर पर राजनीतिक स्थिरता, व्यापक-आधारित और समावेशी विकास और निरंतर सुधारों के माध्यम से सबसे अच्छा किया जा सकता है। इसका मतलब है कि विनिर्माण, खाद्य और स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ-साथ गहरी ताकत का निर्माण करना हम और अधिक प्रतिस्पर्धी हैं।


## बीपीएससी छात्रों से मिले राहुल गांधी

# डबल इंजन की सरकार ने छात्रों के सपनों को कुचला : राहुल



**पटना।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को बिहार के पटना के गर्दनीबाग धरनास्थल पर प्रदर्शन कर रहे बीपीएससी छात्रों से मुलाकात की। कांग्रेस नेता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि सरकार छात्रों के खिलाफ बल प्रयोग कर रही है और दावा किया कि भाजपा की डबल इंजन सरकार ने गरीब मेहनती छात्रों के सपनों को कुचल दिया है। राहुल ने लिखा कि पटना में गर्दनीबाग धरनास्थल जाकर आंदोलन कर रहे छात्रों से मुलाक़ात की। उन्होंने बताया कि किस तरह बीपीएससी अन्याय कर रही है और बिहार सरकार लाठी डंडे की चोट दे रही है। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि मोदी जी कहते हैं कि बिहार में डबल इंजन वाली सरकार है। लेकिन फेल हो चुके इस इंजन से ग़रीब मेहनती छात्रों के सपनों को कुचला जा रहा है - युवा शक्ति के साथ अन्याय हो रहा है। सरकारी नौकरी की कोई भी भर्ती इनसे बिना पेपर लीक या धांधली के पूरी नहीं होती। उन्होंने कहा कि छात्रों ने बताया कि बीपीएससी की परीक्षा में नॉर्मलाइजेशन नहीं होना चाहिए - इस दागदार परीक्षा को रद्द करके ईमानदारी से री-एक्जामिनेशन करवाना चाहिए। इसके साथ ही राहुल ने लिखा कि मैं मुख्यमंत्री जी से कहना चाहता हूं कि वह प्रदर्शन कर रहे इन छात्रों के खिलाफ़ लाठी चार्ज करवाने और असंवेदनशीलता दिखाने की बजाए इनसे मिलकर इनकी मांगों को सुनें और गंभीरता से विचार करें।

> **हम 50 प्रतिशत आरक्षण की बाधा को ध्वस्त कर देंगे**
>
> पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन में बोलते हुए कांग्रेस सांसद लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, देश की वास्तविक स्थिति को समझने के लिए जातिगत जनगणना होनी चाहिए। यह बिहार में की गई फर्जी जातिगत जनगणना जैसी नहीं होगी, जातिगत जनगणना के आधार पर नीति बनाई जानी चाहिए, कांग्रेस जातिगत जनगणना को लोकसभा और राज्यसभा में पारित करेगी। हम 50 प्रतिशत आरक्षण की बाधा को ध्वस्त कर देंगे।

# कलेक्ट्रेट, तहसील, ब्लॉक, 302 ग्रामो में हुआ कार्यक्रम, घरौनी पाते ही गरीबों की आखों में छलके खुशी के आंसू

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** शनिवार को जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट सभागार में स्वामित्व योजना के तहत घरौनी वितरण का भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता ने विधायक योगेश वर्मा, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल संग किया। सर्वप्रथम कार्यक्रम में पीएम व सीएम के उद्बोधन और लाभार्थियों संग संवाद की हुई लाइव स्ट्रीमिंग देखी और सुनी गई। भाषण सुनकर पूरा सदन तालियों की गड़गड़ाहट से गूज उठा। कार्यक्रम का संचालन एडीएम संजय कुमार सिंह ने किया। इसी के साथ तहसीलो, विकास खंडों और जिले के 302 गांव में भी घरौनी वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमएलसी अनूप गुप्ता ने विधायक सदर योगेश वर्मा, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल संग सदर तहसील के 151, शेष छह तहसीलों से 11-11 लाभार्थियों कुल 217 लाभार्थियों को अपने कर कमलों से घरौनियां प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों से संवाद करते हुए, आवासीय अधिकार पत्र मिलने की शुभकामनाएं भी दी। घरौनी पाते ही गरीबों के आखों में खुशी के आंसु छलक उठे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एमएलसी अनूप गुप्ता ने कहा कि गांव और गांव की अर्थव्यवस्था के लिए आज का दिन बहुत ही ऐतिहासिक है। इस कार्यक्रम में आपका अभिनंदन है। स्वामित्व योजना आर्थिक सुरक्षा की गारंटी है। इस कार्ड के बनने से गांव में आर्थिक गतिविधियों का रास्ता खुलेगा। आप सभी लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी आत्मविश्वास और कुछ करने के सपने देखकर संतोष मिला है। सरकार ईमानदारी से ग्राम स्वराज को जमीन पर उतारने का काम कर रही है। प्रॉपर्टी कार्ड घरौनी मिलने से मुश्किलें खत्म होने के साथ ही आर्थिक रूप से समृद्धि आएगी। आपदा में उचित क्लेम मिलने में आसानी होगी। स्वामित्व और भू आधार गांव के विकास का आधार बनने वाली है। भारत गांव में बसता है और भारत की आत्मा गांव में बसती है। उन्होंने कहा कि गांव में शांति, सकारात्मक वातावरण और एकजुट रहने के लिए स्वामित्व योजना कारगर साबित होगी। देश में अबतक 2.25 करोड़ लाभार्थियों को स्वामित्व योजना का कार्ड मिला, जिसमें यूपी ने अकेले एक करोड़ से ज्यादा कार्ड वितरण हुए। यह यूपी के बढ़ते कदमों का सीधा प्रमाण है। आज देश में 65 लाख लोगों को प्रॉपर्टी अधिकार पत्र मिले, जिसमें 45 लाख लोग यूपी से हैं। यह यूपी के लिए हर्ष की बात है। आज देश में खुशहाली आने के साथ-साथ सरकार के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि सरकार की ओर से गांव में सर्वांगीण विकास के लिए अभूतपूर्व प्रयास हुए हैं, जो आज जमीन पर साकार होते दिख रहे। इसी कारण गांव में सुविधाओं के साथ-साथ आर्थिक सामर्थ्य भी बढ़ रहा है। जितना ही गांव-गरीब सशक्त होंगे, विकसित भारत का सपना उतना ही सुहाना होगा। स्वामित्व योजना से गांव विकास के मजबूत केंद्र बनेंगे।



कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि स्वामित्व योजना के तहत जिले में कुल 210413 घरौनियों का निर्माण किया जाना है, जिसमें से 159653 घरौनियां तैयार हो गयी है। कुल तैयार 159653 घरौनियों में से 81079 घरौनियों का वितरण पूर्व में किया जा चुका है। शेष 78574 घरौनियों का वितरण किया जा रहा है। पीएम द्वारा स्वामित्व योजना के तहत तैयार की घरौनियों के डिजिटल वितरण कार्यक्रम के अवसर पर जनपद खीरी की में कुल 78574 घरौनियों का वितरण किया जा रहा है। इस अवसर पर जनपद मुख्यालय कलेक्ट्रेट सभागार व तहसील स्तर, ब्लाक स्तर व कुल 302 ग्राम पंचायतों में स्वामित्व योजनान्तर्गत तैयार की गयी संपत्ति कार्ड / घरौनियों के भौतिक वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

शासन के निर्देश पर सरकार की महत्वाकांक्षी स्वामित्व योजना का कार्यक्रम जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट, सदर तहसील को छोड़कर अन्य सभी तहसीलों, सभी ब्लॉक मुख्यालयों एवं जिले के 302 ग्रामों में आयोजित हुआ, जिसमें पीएम और सीएम के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग देखी और सुनी गई। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने लाभार्थियों को घरौनियां का वितरण किया।

**इनकी रही मौजूदगी**

कार्यक्रम में मुख्य रूप से एडीएम संजय कुमार सिंह, एएसपी पवन गौतम, डीपीआरओ विशाल सिंह, एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह, तहसीलदार सदर सुशील प्रताप सिंह, अध्यक्ष नपाप गोला विजय शुक्ल रिंकू, ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता, बीजेपी से कुलभूषण सिंह, आंशू मिश्र, संतोष कुमारी, उमेश शुक्ल, दुर्गेश नंदन पांडे, उमाशंकर मिश्र, मौजूद रहे।

## पुलिस और चोरों के बीच मठभेड़ चोर के पैर मे लगी गोली

**लखीमपुर खीरी।** थाना उचौलिया पुलिस और स्वाट टीम ने शुक्रवार रात मुठभेड़ के दौरान तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। सैंडा की ओर जाने वाला तिराहे के पास हुई मुठभेड़ में एक चोर के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। पकड़े गए चोरों के खिलाफ कई थानों में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने सलमान उर्फ साठिया, सलमान उर्फ भीमा निवासी ग्राम सहजनिया थाना उचौलिया और फहीम उर्फ भोंदा निवासी ग्राम धुक्षिया थाना निगोही (शाहजहांपुर) को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों से 9600 रुपये के साथ गिरफ्तार कियाया। अभियुक्त सलमान उर्फ साठिया के पास से एक तमंचा भी बरामद किया गया है पुलिस अधिकारी ने बताया कि छह जनवरी की रात बदमाशों ने गांव से भैंस को चोरी की थी, जिसे पिकअप में लादकर ले जा रहे थे। इस दौरान ग्रामीण जाग गए और पुलिस को सूचना देने के साथ चोरों का पीछा किया। इस दौरान चोरों की पिकअप पलट गई, जिसे छोड़कर चोर फरार हो गए थे। इन चोरों की तलाश में पुलिस की दो टीमें लगाई गईं। इसी क्रम में पुलिस ने शुक्रवार रात मुठभेड़ में तीनों चोरों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सलमान उर्फ साठिया के पैर में गोली लगी है।

## धूप खिलने से लोगों ने राहत की सांस ली

**लखीमपुर-खीरी।** तीन दिन बाद सुबह से खिली धूप ने लोगों को सर्दी से राहत दी। मौसम का नर्म मिजाज देख महिलाओं ने बाजार और बच्चों ने पार्कों का रुख किया। दोपहर को बच्चे पार्क में खेलते नजर आए। इस दौरान न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह और शाम करीब 10 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चल रही हवाओं ने सर्दी का एहसास कराया। पिछले कुछ दिनों से चल रही शीतलहर और बारिश के कारण लोग सर्दी से ठिठुर रहे थे। तीन दिन की ठिठुरन भरी सर्दी के बाद आखिरकार धूप खिलने से लोगों ने राहत की सांस ली। शुक्रवार की सुबह जैसे ही सूरज की किरणें धरती पर बिखरीं, लोगों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई। बच्चे पार्क में खेलने निकल पड़े तो बुजुर्ग भी धूप में बैठकर अपने दिन की शुरुआत करते नजर आए। बाजारों और सड़कों पर भी रौनक दिखी। मौसम विभाग के अनुसार, दिन के तापमान में 2-3 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है। सुबह और शाम की सर्दी अभी भी बरकरार है, लेकिन दिन के समय धूप निकलने से मौसम सुहाना हो गया है। शुक्रवार को लोगों ने धूप का भरपूर आनंद लिया। शहर के प्रमुख पार्कों, छतों और आंगनों में लोग धूप सेंकते नजर आए। कई लोगों ने सर्दी के बीच धूप में बैठकर चाय और पकौड़ों का लुत्फ उठाया। उधर मौसम के जानकारों का कहना है कि 25 और 26 जनवरी को भी पारा गिर सकता है।

## वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना शारदानगर पुलिस द्वारा 01 नफर वारंटी अभियुक्त उमेश पुत्र पृथ्वीपाल नि0 उमरिया थाना शारदानगर जनपद खीरी सम्बन्धित मु0न0- 9717/16 अपराध संख्या 28/05 धारा 380/411 भादवि को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटी अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

### गौशाला में गौवंश के लिए बनाया जायेगा रैम्प और फ्लोर

**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान ने कान्हा उपवन गौशाला में गौवंश की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए मौजूदा शेड पर एक फ्लोर बनाने के निर्देश दिए। नगरायुक्त ने गौशाला के साथ नंदीशाला का भी निरीक्षण किया। नगरायुक्त संजय चौहान आज दोपहर गौशाला के वरिष्ठ प्रभारी व मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह के साथ नगर निगम द्वारा संचालित श्री शाकुंभरी कान्हा उपवन गौशाला का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने गौशाला में लगातार बढ़ रही गौवंश की संख्या को देखते हुए गौवंश के लिए बनाये गए शेड के ऊपर रैम्प के साथ एक फ्लोर और बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौवंश के ठीक से रखरखाव तथा गरमी-सर्दी और बरसात से बचाव के लिए काफी स्थान की आवश्यकता है।

## छह सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर भाकियू रक्षक ने सौंपा ज्ञापन

**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन रक्षक से जुड़े किसानों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपकर उनका निराकरण कराये जाने की मांग की।

कलेक्ट्रेट प्रांगण में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी वीरेंद्र सिंह ओहलान ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन रक्षक एक ऐसा संगठन है जो किसान मजदूर व्यापारियों और युवाओं की समस्याओ समाधान के और पीड़ितों के लिए संघर्षरत है। उन्होंने गन्ने का मूल्य छ सौ रूपये प्रति कुंतल किये जाने की मांग की। जिला प्रभारी राहुल फौजी ने कहा कि आज किसानों का हर जगह शोषण हो रहा। सरकारी कार्यालयों में किसानों की फाइले दबी पडी है। किसान अपनी खेती बाड़ी छोड़कर सरकारी दफ्तरो के चक्कर काट रहा है। नगर महानगर अध्यक्ष सुनील राणा ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन रक्षक जनता की समस्याओ का त्वरित समाधान करा रही है, जिससे प्रभावित होकर रक्षक का कुनबा दिन पर दिन बढ़ रहा है। जिलाध्यक्ष रविंद्र सैनी ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन रक्षक की कार्यशैली से प्रभावित होकर कुनबा बढ़ाओ अभियान में किसान संगठन से भारी संख्या में जुड़ रहे है। फरवरी में सदस्यता अभियान को तेज किया जायेगा। ज्ञापन में नागल में स्टेट हाइवे पर फ्लाई ओवर का निर्माण अति शीघ्र कराने, सहारनपुर जनपद के समस्त तालाबो को कब्ज़ा मुक्त करवाकर सौंदर्यकरण कराये जाने, गावों में पानी की टंकी के पाइप लाइन से खराब हुई सड़को की तुरंत की मरम्मत कराने, नागल में राजस्व कार्यालय को पुनः बस स्टैंड पर स्थापित किये जाने, सड़को एवं खेतो में घूम रहे निराश्रित पशुओं को आश्रय स्थलों में भेजे जाने, बिजली विभाग द्वारा बिल जमा कराने के नाम पर जनता का उत्पीड़न रोके जाने की मांग की।

# जनपद के 79 ग्रामों में हुई 18761 घरौनी वितरित

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से किए गए घरौनी वितरण कार्यक्रम को सुनने के पश्चात जनप्रतिनिधियों ने जनपद में स्वामित्व योजना के अंतर्गत ग्रामीणों को घरौनियो का वितरण किया गया। इस दौरान उन्होंने केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का बखान करते हुए उनका पात्रों को लाभ दिलाने का भी आह्वान किया। जनमंच सभागार में मुख्य अतिथि राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग बृजेश सिंह, विधायक नकुड़ मुकेश चौधरी, विधायक रामपुर मनिहारान देवेंद्र निम, जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी, जिलाधिकारी मनीष बंसल की उपस्थिति में घरौनी के लाभार्थियों द्वारा कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग बृजेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में स्वामित्व योजना के तहत आज



देशभर के 50 हजार से अधिक गांवों में 65 लाख से अधिक प्रोपर्टी कार्ड वितरित किये गये। उन्होंने कहा कि स्वामित्व कार्ड से भूमि संबंधी आपसी विवादों में कमी आएगी। इसके साथ ही लोग मालिकाना दस्तावेज प्राप्त कर सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से ऋण लेकर खुद को समृद्ध कर आत्मनिर्भर बन सकेंगे। विधायक नकुड़ मुकेश चौधरी ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा गरीब एवं किसानों की छोटी से छोटी जरूरतों को ध्यान में रखा जा रहा है। इस योजना से कारोबार बढाने के साथ ही बच्चों का उज्ज्वल भविष्य निर्मित कर सकेंगे। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि जनपद में सभी 1095 ग्रामों का ड्रोन सर्वे किया जा चुका है। इनमें से 763 ग्रामों की 154608 घरौनी तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि जनपद में आज से पूर्व 683 ग्रामों में कुल 135847 घरौनी वितरित की जा चुकी है। आज जनपद के 79 ग्रामों में कुल 18761 घरौनी वितरित की जा रही है। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना के अंतर्गत ग्राम के व्यक्तियों को उनके घर एवं भवन के संबंध में तैयार घरौनी पर स्वामित्व का ऐसा अधिकार मिल जाएगा जिस पर वह बैंक आदि से ऋण प्राप्त कर सकेंगे। उन्होने कहा कि इस योजना से ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत व्यक्तियों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पडेगा। कार्यक्रम में जनपद में चयनित लाभार्थियों में से तहसील सदर के पांच लाभार्थी शिवम, सतीश, चंदूराम, दीपक कुमार, तेजपाल सैनी, तहसील बेहट के मैनपाल, गजेंद्र शर्मा, राजकुमार, ज्ञानेंद्र, श्रीमती किरण देवी, तहसील नकुड के शिवकुमार, श्रीमती कमलेश, गजेसिंह, भंवर सिंह, ऋषिपाल तहसील देवबंद के सत्यदेव, रामवीर, विजेंद्र, आशीष, धर्मवीर एवं तहसील रामपुर मनिहारान के श्याम सिंह, रकम सिंह, स्वराज, विजयंत, मैनपाल को जनमंच सभागार में घरौनी वितरित की गई। इसके साथ ही सफाई कर्मचारी बबलू की मृत्यु पर उनकी पत्नी सोनिया को नियुक्ति पत्र दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉक्टर अर्चना द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रजनीश कुमार मिश्र, एसडीएम सदर अंकुर वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक कुमार शर्मा सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं लाभार्थीगण उपस्थित रहे।

## हिंडन नदी में गोवंश के अवशेष मिलने पर हिन्दू संगठनों ने किया प्रदर्शन

बड़गांव। थाना बड़गांव क्षेत्रान्तर्गत गांव नन्हेडा खुर्द के समीप हिंडन नदी में गोवंश के तीन सिर तैरते मिलने से आक्रोशित ग्रामीणों ने गौरक्षा दल के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर कस्बे के महाराणा प्रताप चौक पर जाम लगाकर रोष व्यक्त किया तथा घटना में शामिल लोगों की गिरफ्तारी की मांग की।

गांव नन्हेडा खुर्द के समीप बह रही हिंडन नदी में गौवंश के तीन सिर मिलने से सनसनी फैल गई। गौवंश के तीनों सिर बाहर निकालकर ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग की तथा मौके पर पहुंची पुलिस के सामने भी गौवंश कटान को लेकर नाराजगी जतायी। आक्रोशित ग्रामीण गौ रक्षा दल के कार्यकर्त्ताओं के साथ कस्बे के महाराणा प्रताप चौक पर पहुंचे तथा जाम लगाकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया तथा मौके पर उच्चाधिकारियों को बुलाने की मांग की।

## ऑनलाइन धोखाधड़ी व फ्रॉड करने वाले सात शातिर जालसाज गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर व साइबर क्राइम की संयुक्त टीम ने ऑनलाइन धोखाधड़ी व ऑनलाइन फ्रॉड करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए सात शातिर जालसाजों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो लैपटॉप, 18 मोबाइल, 19 सिम कार्ड, 12 बैंक पास बुक, 8 हजार की नगदी व अन्य दस्तावेज बरामद किए है। पुलिस ने आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया है।

सहायक पुलिस अधीक्षक विवेक तिवारी ने पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि विगत् 16 जनवरी को वादी नवीन कुमार पुत्र मान सिंह निवासी मौहल्ला नयाबांस मानकमऊ थाना कुतुबशेर की लिखित शिकायत पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा धोखाधड़ी कर वादी का पंजाब एण्ड सिन्ध बैंक की शाखा, अम्बाला रोड सहारनपुर में खाता खुलवाने व बैंक का एटीएम व चैकबुक, पासबुक, सिम कार्ड को अभियुक्तों द्वारा खुद ले लेने तथा लोगो के साथ ठगी करके वादी के



बैंक खाता में ठगी का पैसा मंगवाने की सूचना के सम्बन्ध में थाना कुतुबशेर पर वांछित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि आज थाना कुतुबशेर प्रभारी एचएन सिंह, अतिरिक्त निरीक्षक कंवरपाल सिंह, उपनिरीक्षक अशोक कुमार, असगर अली व आशीष कुमार के नेतृत्व में पुलिस व साइबर क्राइम की संयुक्त टीम ने मानकमऊ से नकुड़ जाने वाले रास्ते पर पशु पैठ की जगह से सात आरोपियों अरुण तिवारी उर्फ शिवा पुत्र विनोद तिवारी निवासी 62 मिशन कम्पाउण्ड थाना सदर बाजार, कपिल चौधरी पुत्र स्व.महकार सिंह चौधरी निवासी जनक नगर थाना जनकपुरी, वरदान सागर पुत्र सुरेश रस्तोगी निवासी राघव पुरम कालौनी थाना मण्डी, शशांक गर्ग पुत्र स्व. प्रवीण गर्ग निवासी वैशाली विहार कालोनी थाना सदर बाजार, आशीष पुत्र ओमपाल, विवेक कुमार पुत्र कुलदीप कुमार निवासीगण मानकमऊ नयाबांस निकट रविदास मन्दिर थाना कुतुबशेर व गौरव पुत्र राजपाल सिंह निवासी ग्राम रणखण्डी थाना देवबन्द को गिरफ्तार कर लिया। गया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपियो के कब्जे से दो लैपटाप, 18 मोबाईल, 13 एटीएम कार्ड, 19 सिम कार्ड, एक पैन कार्ड, 12 बैंक पासबुक व 8000 रूपये की नकदी बरामद कर ली।

## झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग

**सहारनपुर।** अधीक्षक डाकघर ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र सौंपकर एक व्यक्ति पर चेम्बर मे आकर पिटाई करने, महिला छेड़छाड़ का झूठा मुकदमा दर्ज कराने व सीबीआई से झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगायी है।

अधीक्षक डाकघर सूरज कुमार शर्मा ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र सौंपकर बताया कि एक आरोपी द्वारा प्रार्थी के चेम्बर मे आकार पिटाई करने, महिला छेड़छाड़ का झूठा मुकदमा दर्ज करवाने एवं सीबीआई के झूठे मुकदमे में फंसाने तथा अपनी पत्नी द्वारा सरेआम पिटाई करवाने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। उन्होंने एसएसपी से आरोपी के खिलाफ जांच कर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है।

## हमारी संस्कृति व परंपराओ से जुड़ा है श्री अन्नः बृजेश सिह

*अवधनामा संवाददाता*

जनपद स्तरीय मिलेट्स (श्री अन्न) रेसीपी एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम में दी तकनीकी जानकारी



सहारनपुर। उत्तर प्रदेश, मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित जनपद स्तरीय मिलेट्स (श्री अन्न) रेसीपी एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम में मिलेट्स फसलों की तकनीकी व उत्पादों की महत्ता की जानकारी प्रदान कर इनका लाभ उठाने का आह्वान किया गया।

स्थानीय दिल्ली रोड स्थित एक सभागार में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग बृजेश सिंह, विशिष्ठ अतिथि विधायक रामपुर मनिहारान देवेन्द्र निम द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री बृजेश सिंह ने कहा कि श्री अन्न (मोटा अनाज) हमारी संस्कृति परम्पराओं से जुडा है, इसलिए हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुडे रहना है। कोरोना काल का हमारे स्वास्थ्य पर बहुत बुरा असर नही हुआ, क्योंकि हम अपनी संस्कृति से जुडे हुए थे। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अथक प्रयासों से श्री अन्न को भारत में ही नही अपितु विश्व पटल पर चर्चा के केन्द्र में लाने का कार्य किया एवं इसको एक पहचान दी है।

डा.रविन्द्र तोमर ने मिलेट्स फसलों की तकनीकी जानकारी दी। डा.काम्य सिंह ने मिलेट्स उत्पादों की महत्ता की जानकारी देते हुए बताया कि मोटे अनाज हमारे स्वास्थ के लिए अत्यन्त लाभकारी है। डा.विकास सिंह ने मोटे अनाज से निर्मित वैल्यू एडेड, उत्पादों की जानकारी प्रतिभागियों को दी। कार्यक्रम में मोटे अनाज से निर्मित विभिन्न प्रकार के व्यजनों जिसमें संघर्ष बायो एनर्जी, कृषक उत्पादक संगठन, सहारनपुर एग्रो, कृषक उत्पादक संगठन, गंगोह फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी, खेती आहार, कृषक उत्पादक संगठन, सुभावरी चौहान एवं एम. वर्मा द्वारा स्टॉल लगाये गये, एवं केसीसीपी आर्य कन्या इण्टर कॉलेज, गिल कालोनी, गुरूनानक गर्ल्स इण्टर कॉलेज, गांधी पार्क, सहारनपुर के द्वारा मोटे अनाज के व्यजनों के स्टॉल भी लगाये गयें। मेला में स्टॉल लगाने वाले सभी प्रतिभागियों को उप कृषि निदेशक द्वारा प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पवन कुमार विश्वकर्मा ने किया।

# होटल में पिज्जा पार्टी के बहाने 14 साल की लड़की के साथ हुआ घिनौना काम

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** टैक्सी ड्राइवर की हवस का शिकार बनी ताजगंज की किशोरी अभी भी सदमे में है। रेप के आरोपी सौरव को पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने के साथ ताजनगरी के होटल ड्रैजल को सील भी किया जा चुका है। पुलिस अब इस मामले में साक्ष्य संकलन में जुटी हुई है ताकि आरोपी को कड़ी सजाई दिलाई जा सके। इस घटना के बाद एक बार होटलों को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं कि आगरा के होटलों में कैसे घंटों के हिसाब से कमरे दे दिए जाते हैं जबकि पुलिस इस मामले में समय-समय पर होटलों के लिए दिशा निर्देश जारी करती रही है। वही आगरा में यह कोई पहली घटना नहीं है।

जानकारी अनुसार ताजगंज क्षेत्र की यह किशोरी अचानक गायब हुई थी। घर में नहीं दिखने पर परिजनों ने उसे आसपास भी तलाशा था। परिजन उसकी खोज कर ही रहे थे कि देर शाम वह घर लौट आई। वह बदहवास हालत में थी। पूछने पर परिजनों को बताया कि एकता चौकी के पास रहने वाला टैक्सी ड्राइवर सौरव उसे पिज्जा खिलाने के बहाने एक होटल में ले गया और वहां कमरे में बंद कर रेप किया। घटना बुधवार की है और शुक्रवार को आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

परिजन अपनी बेटी को लेकर थाने पहुंचे थे और पूरा वाकया बताया था। पुलिस ने बगैर देरी किए उस होटल को चेक किया, जहां किशोरी को कमरे में बंधक बनाकर सौरव ने उसके साथ रेप किया था। होटल के कैमरों और एंट्री रजिस्ट्रर में सौरभ के आने की पुष्टि होने पर पुलिस ने पहले तो फोरेंसिक टीम को बुलाकर संबंधित कमरे से साक्ष्य जुटाए। इसके बाद होटल को इसलिए सीज कर दिया क्योंकि सौरभ के साथ आई लड़की के किशोरी होने पर भी कमरा दे दिया गया। एसीपी ताज सुरक्षा सैय्यद अरीब ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपी कैब चालक सौरव सिंह और उसकी बहन के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। सौरव सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके साथ ही होटल को भी सीज कर दिया गया है। घंटे के हिसाब से होटल में कमरे दिए जाते थे होटल में तीन कमरे बुक थे उन्हें खाली करा लिया गया। वही ताजगंज थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि होटल के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए गए। इसमें आरोपी नजर आया है। सौरव सिंह ने अपनी आईडी पर कमरा संख्या 203 लिया था वह 4:30 बजे होटल में चेक इन हुआ इसके बाद शाम सात बजे चेक आउट किया। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर कमरे में साक्ष्य लिए हैं।

### आगरा नगर निगम ने होटल किया सीज, गृहकर बकाया होने पर दो घरों को कुर्की का नोटिस

**आगरा।** आगरा नगर निगम की ओर से लगातार बकायेदारों के खिलाफ कुर्की व संपत्ति सीलिंग की कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत ताजगंज क्षेत्र में संचालित होटल ग्रांड कासा को सील कर दिया गया है। यह होटल ताजगंज के ही हैंडीक्राफ्ट नगर में रहने वाले सुरेंद्र कुमार के द्वारा संचालित था लेकिन इस पर हाउस टैक्स के रूप में 2.57 लाख से अधिक का बकाया था। कई बार नोटिस के बाद भी गृहकर जमा न करने पर यह कार्रवाई की गई है। इसके अलावा महादेव नगर में रहने वाले देवेंद्र गोस्वामी पर हाउस टैक्स के रूप में 1.68 लाख रुपये बताया चले आ रहे थे. वहीं रामवती के भवन पर भी 2.79 लाख से अधिक का गृहकर बकाया था। दोनों घरों को कुर्की का वारंट जारी किया गया है। वही नगर निगम की ओर से मलको गली में रहने वाले राजेश गुप्ता पर 1.54 लाख से अधिक का टैक्स बकाया वसूलने पर इन्होंने 1, 17, 662 रुपये का चैक देकर अपने को कार्रवाई से बचा लिया।

# पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दबोचे तीन चोर, एक बदमाश के पैर में लगी गोली

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** आगरा पुलिस और बदमाशों के बीच देर रात्रि मुठभेड़ हुई जिसमे एक बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जबकि दो बदमाश मौके से गिरफ्तार किए गए। गिरफ्त में आए शातिर अभियुक्तों ने कुछ दिन पहले मेडिकल कॉलेज के मैनेजर के घर लाखों रुपए की चोरी की घटना को अंजाम दिया था और इसके साथ सहित अन्य घटनाओं में भी शामिल थे। दरअसल थाना एत्माद्दौला क्षेत्र में पुलिस की तीन शातिर चोरों से मुठभेड़ हुई है। लाखों रुपए की चोरी की घटना के बाद से पुलिस अभियुक्तों की तलाश में जुटी हुई थी और आखिरकार पुलिस को कामयाबी हाथ लग गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि क्षेत्र में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले शातिर चोर क्षेत्र से होकर निकल रहे है। शातिर चोरों की सूचना मिलते ही पुलिस टीम एक्टिव मोड पर आई और चोरों की घेराबंदी के लिए निकल गई। एत्माद्दौला थाना पुलिस की टीम ने चोरों की घेराबंदी शुरू कर दी। खुद घिरता देख चोरों ने पुलिस टीम जानलेवा फायरिंग कर दी। जिसके बाद आत्मरक्षा में पुलिस टीम ने फायरिंग की जिसमें अभियुक्त अभिषेक के पैर में गोली लगी है, जबकि दो अभियुक्त मौके से गिरफ्तार हुए है।



## पुलिस ने चोरों के पास से 3.5 लाख रुपय बरामद किए हैं

घायल हुए अभियुक्त को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त अभिषेक इटावा का रहने वाला है और हिस्ट्रीशीटर है। उसपर दस से ज्यादा मुकदमे दर्ज है। गिरफ्तार हुए तीनों चोरों अभिषेक, रजत और आशु के कब्जे से चोरी किए गए करीब 3.5 लाख रुपए, सोने चांदी के आभूषण, अवैध हथियार बरामद हुए है। थाना एत्माद्दौला क्षेत्र में शातिर चोर और पुलिस के साथ मुठभेड़ हुई है। यह गैंग लाखों रुपए की चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गया था। विगत दिन पूर्व मेडिकल कॉलेज के मैनेजर के यहां चोरी की घटना को अंजाम दिया था। मुठभेड़ में एक अभियुक्त के पैर में गोली लगी है, जबकि दो अन्य साथी गिरफ्तार हुए है। शातिर चोरों की गिरफ्तारी से चोरी की घटना का अनावरण हुआ है। इस पूरे मामले पर डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि सूचना पर एत्माद्दौला थाना पुलिस टीम ने चोरों की घेराबंदी की थी जिस पर अभियुक्त अभिषेक ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त अभिषेक के पैर में गोली लगी है जबकि दो साथी मौके से गिरफ्तार हुए है, मेडिकल कॉलेज के मैनेजर के घर से लाखों रुपए की चोरी की थी। गिरफ्त में आए चोरों के कब्जे से 3.5 लाख रुपए, एक अवैध हथियार, सोने चांदी के आभूषण बरामद हुए है।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष तरकुलवा का जोरदार स्वागत



अवधनामा संवाददाता

**तरकुलवा देवरिया।** जनपद के स्थानीय विकासखंड तरकुलवा में आज भाजपा इकाई मंडल तरकुलवा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष दुष्यंत राव का समस्त भाजपाइयों ने जोरदार स्वागत तरकुलवा में किए। भारतीय जनता पार्टी में अपना लगभग आधा जीवन व्यतीत करने वाले दुष्यंत राव को भारतीय जनता पार्टी ने इस बार मंडल इकाई तरकुलवा से मंडल अध्यक्ष के पद पर आसीन किया। तो आज उनका जोरदार स्वागत भारतीय जनता पार्टी के शीर्षक क्रम के नेताओं व कार्यकरता द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ जितेंद्र प्रताप राव ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी छोटे से छोटे कार्यकर्ताओं को भी नहीं भूलती है। अपने सम्मान समारोह के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दुष्यंत राय ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी मेरे कंधे पर रखी है मैं जीवन भर उसका ऋणी रहूंगा तथा जो भी कार्य संगठन के लिए मुझे दिशा निर्देश होगा मैं तत्पर होकर करता रहूंगा। उक्त कार्यक्रम का मंच संचालन रणधीर सिंह गोलू द्वारा किया गया उक्त मौके पर राजू भारती,जीवन पति तिवारी ब्लॉक प्रमुख राम आशीष गुप्ता, सतीश जायसवाल,सभासद सूरज गुप्ता मंडल महामंत्री धीरज मिश्रा मनोज यादव, दिनेश मद्धेशिया, इंद्रदेव चौहान के साथ आनेको भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्वामित्व योजना बनाएगी ग्रामीणों को आत्मनिर्भर : शशांक मणि

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में स्वामित्व योजना के अंतर्गत डिजिटल माध्यम से घरौनी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में इसका सजीव प्रसारण विकास भवन स्थित गांधी सभागार में किया गया। इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री द्वारा लाभार्थियों से किए गए संवाद और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का भी प्रसारण किया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने अवलोकित किया।

विकास भवन के गांधी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सजीव प्रसारण के उपरांत सदर सांसद श्री शशांक मणि त्रिपाठी, सदर विधायक श्री शलभ मणि त्रिपाठी, रामपुर कारखाना विधायक श्री सुरेंद्र चौरसिया एवं जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने लाभार्थियों को घरौनी वितरित किया।


इस अवसर पर सदर सांसद शशांक मणि ने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है और देवरिया का अधिकांश हिस्सा ग्रामीण है। स्वामित्व योजना का यह कार्यक्रम ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। घरौनी प्राप्त करना न केवल संपत्ति पर अधिकार प्रदान करता है, बल्कि इससे आप लोन लेकर अपने उद्यम को आगे बढ़ा सकते हैं। यह योजना अंत्योदय% तक हर व्यक्ति को सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त कर रही है।

सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि स्वामित्व योजना से भूमि विवाद में कमी आएगी और महिलाएं सशक्त होंगी। रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने कहा कि केंद्र एवं राज्य की डबल इंजन की सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के हित में काम कर रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री भूपेंद्र सिंह ने भी अपने विचार साझा किए। देवरिया जिले में घरौनी वितरण का कार्य प्रभावी रूप से संपन्न हुआ।

**स्वामित्व योजना के तहत घरौनी वितरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन**

जनपद मुख्यालय और तहसील स्तर पर 965 लाभार्थियों को घरौनी दी गई। विकास खंड स्तर पर 2,481 लाभार्थियों को योजना का लाभ मिला। ग्राम पंचायत स्तर पर 1,709 लाभार्थियों को घरौनी वितरित की गई। इस प्रकार कुल 5,155 लाभार्थियों को स्वामित्व योजना के तहत आज लाभ प्रदान किया गया। सदर सांसद ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को स्वच्छता और नशामुक्ति की शपथ दिलाई और समाज को स्वच्छ एवं नशामुक्त बनाने में सहयोग करने का आह्वान किया। इसके साथ ही, जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी द्वारा विकास भवन परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

## रियलमी ने दुनिया का पहला कोल्ड-सेंसिटिव कलर-चेंजिंग फोन, रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी लॉन्च किया



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज अपने स्मार्टफोन और एआईओटी पोर्टफोलियो में अत्याधुनिक उत्पाद - रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी और रियलमी बड्स वायरलेस 5 पेश किए। रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी दो इनोवेटिव मॉडलों रियलमी 14 प्रो 5जी और रियलमी 14 प्रो+ 5जी के साथ आ रही है। इन दोनों स्मार्टफोंस को मशहूर डेनिश डिज़ाइन स्टूडियो, वेल्योर डिज़ाइनर्स के सहयोग से बनाया गया है। इनके साथ दुनिया में पहले कोल्ड-सेंसिटिव कलर चेंजिंग स्मार्टफोंस की शुरुआत हो रही है। इस नई रियलमी नंबर सीरीज़ का सबसे पहला स्मार्टफोन रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी है, जिसका उद्देश्य फ्लैगशिप फीचर्स को मिड-रेंज स्मार्टफोंस में लेकर आना और अत्याधुनिक डिज़ाइन, इमेजिंग एवं परफॉर्मेंस प्रदान करना है। रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी उद्योग में कई नई पहल करने वाली एक अत्याधुनिक डिवाइस है। इसमें दुनिया का पहला कोल्ड-सेंसिटिव कलर चेंजिंग स्मार्टफोन है। तापमान 16 डिग्री सेल्सियस से नीचे जाने पर ये दोनों मॉडल अपना रंग बदल लेते हैं, और पर्ल व्हाईट से वाइब्रैंट ब्लू में बदल जाते हैं। तापमान बढ़ने पर इनका रंग फिर से बदल जाता है। यह ब्रांड इस सेगमेंट में पहली बार स्क्वे लैदर पेश कर रहा है, जो स्किन-फ्रेंडली टच के साथ एक ठोस एवं आरामदायक टैक्सचर प्रदान करता है। रियलमी ने इन स्मार्टफोंस के अलावा, रियलमी बड्स वायरलेस 5 एएनसी का लॉन्च भी किया है। ये वायरलेस ईयरबड बेहतर साउंड क्वालिटी के साथ सुगम यूज़र अनुभव प्रदान करते हैं, और ब्रांड की हाई-क्वालिटी ऑडियो डिवाईसेज़ का विस्तार कर रहे हैं। इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, ''हम अपने लेटेस्ट इनोवेशन - रियलमी 14 प्रो सीरीज़ और रियलमी बड्स वायरलेस 5एएनसी लॉन्च करके बहुत उत्साहित हैं।

# घरौनी प्रमाण पत्र पाकर भू स्वामियों के खिले चेहरे

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़कर देश के 10 प्रदेशों दो केंद्र शासित प्रदेशों में स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख संपत्ति कार्ड वितरित किए, संपूर्ण प्रदेश में अभी तक 1011 5371 तैयार हो चुकी है जिसमे से 5974954 घरौनी का वितरण किया जा चुका है।

जनपद गोरखपुर में अभी तक 136743 घरौनिया तैयार हो चुके हैं जिसमें पूर्व में 10795 घरोनियों का वितरण किया जा चुका है तथा आज बाबा गंभीर नाथ सभागार में सदर सांसद रवि किशन महापौर डॉक्टर मंगलेश श्रीवास्तव विधायक ग्रामीण विपिन कुमार सिंह विधायक सहजनवा प्रदीप शुक्ला विधायक पिपराइच महेंद्र पाल सिंह एमएलसी धर्मेंद्र सिंह के हाथों 125948 घरोनियों का वितरण किया गया घरौनी वितरण कराने अहम योगदान एडीएम की विनीत कुमार सिंह एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता मुख्य राजस्व अधिकारी अमित राठौर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी सदर तहसीलदार ध्रुवेश कुमार सिंह डीपीआरओ निलेश प्रताप सिंह नायब तहसीलदार देवेंद्र यादव कानूनगो सतनारायण मिश्रा लेखपाल राम कुमार गुप्ता ई डिस्टिक मैनेजर नीरज श्रीवास्तव का रहा मंच से 15 लाभार्थियों को जनप्रतिनिधियों द्वारा घरौनी दिया गया बाकी प्रमाण पत्र बाबा गंभीर नाथ में मौजूद सभी लाभार्थियों को लेखपाल द्वारा वितरित किया गया। पीएम मोदी ने स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख संपत्ति कार्ड वितरित कर ग्रामीण भारत को स्वामित्व और सशक्तिकरण का अधिकार दिया । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए यह कार्यक्रम10 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में आयोजित किया गया था. इन राज्यों में छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मिजोरम, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश शामिल थे साथ ही जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के नागरिकों को भी संपत्ति कार्ड वितरित किए गए प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होकर लाभार्थियों से संवाद किया यह पहल ग्रामीण सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## नवागंतुक जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने पदभार ग्रहण किया



अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित फतेहगढ़ में नवागंतुक जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी नें कलेक्ट्रेट के कोषागार कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। शनिवार शाम जनपद में पंहुचे जिलाधिकारी नें कोषागार में कार्यभार ग्रहण किया। इसके बाद जिलाधिकारी ने विभिन्न पटलों की जानकारी ली। अधिकारियों से परिचय प्राप्त किये। द्विवेदी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता जिले के विकास के साथ साथ आम जनता की समस्याओं एवं सरकार की योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाना है।

# डिजिटल फाइनेंस को प्रशिक्षुओं ने बारीकी से समझा



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** गोमती नगर स्थित होटल दयाल पैराडाइज में शुक्रवार को महिंद्रा फाइनेंस व एनआईआईटी फाउंडेशन की ओर से जीआईजी कार्यकताओं के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को डिजिटल फाइनेंस एवं एवं निवेश को और डिजिटल फ्रॉड को प्रभावी रूप से समझना है। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि महिंद्रा फाइनेंस के मनीष सिन्हा (महिंद्रा फाइनेंस एंड फाइनेंशियल सर्विस सेक्टर सीएचआरओ) ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में एनआईआईटी फाउंडेशन के विक्रम कुमार (नेशनल हेड पार्टनरशिप एंड कम्युनिकेशन) और कुलदीप कुमार (मैनेजर ऑपरेशन एनआईआईटी फाऊंडेशन) उपस्थित थे। मुख्य अतिथि मनीष सिन्हा ने महिंद्रा फाइनेंस के सीएसआर इनीशिएटिव एवं डिजिटल फ्रॉड के विषय में जानकारी साझा की। कार्यक्रम का संचालन एनआईआईटी फाऊंडेशन के कुलदीप कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम को आगे संचालित करते हुए करते हुए रितेश शर्मा ने डिजिलॉकर व सरकारी योजनाओं के बारे में प्रशिक्षुओं को विस्तार से बताया। जिसमें धन, बचत, ऋण, बीमा, बेहतर धन प्रबंधन के लिए डिजिटल लेनदेन, डिजिटल फ्रॉड और बुद्धिमता वित्तीय निर्णय लेने के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया गया।

## पत्रकारों का हुआ सम्मान समारोह आयोजित



**रुद्रपुर, देवरिया अवधनामा संवाददाता।** पत्रकार एकता समन्वय समिति तहसील इकाई रुद्रपुर का सम्मान समारोह दुग्धेश्वर नाथ मंदिर स्थित नगर पंचायत पुस्तकालय सभागार में आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल उपाध्यक्ष भाजपा नेता छठेलाल निगम, विशिष्ट अतिथि उपजिलाधिकारी/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि वीरेंद्र शर्मा, सुधांशु मौली ओझा एडवोकेट तथा प्रभारी निरीक्षक रतन कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक योगेंद्र नाथ त्रिपाठी ने किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्वामित्र मिश्रा ने माला पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में पत्रकार एकता समन्वय समिति के तहसील अध्यक्ष रविकांत तिवारी सहित संगठन से जुड़े सभी सदस्यों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष छठे लाल निगम ने कहा पत्रकार देश का चौथा स्तंभ है। अपनी जान की परवाह किए बगैर अपनी जान जोखीम में डालकर खबरों को खोज कर समाज के सामने रखता है। समाज में व्याप्त कुरीतियों तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ लिखकर अधिकारियों को अवगत कराता है। कार्यक्रम का संचालन विनय गुप्ता ने किया।

## तहसील क्षेत्र के अनेक गांव के स्वामित्व कार्डों का हुआ वितरण



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत सहजनवा तहसील सभागार, पाली, पिपरौली व सहजनवा ब्लाक सभागार में शनिवार को स्वामित्व कार्डों का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पीएम मोदी के शुभारंभ के बाद तहसील सभागार में पंचायतीराज सलाहकार प्रधान मदन मुरारी गुप्ता व एसडीएम दीपक गुप्ता ने नौ गावों 95, पाली ब्लाक सभागार में ब्लॉक प्रमुख ई. शशिप्रताप प्रताप सिंह ने 13 ग्राम सभाओं के 187 लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड प्रदान किए गए। सहजनवा ब्लाक में नौ गांव, पिपरौली ब्लाक के 35राजस्व गावों के लोगों में स्वामित्व कार्ड का वितरण किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार राकेश कन्नौजिया, नायब तहसीलदार भानु प्रताप सिंह, बीडीओ सहजनवा सत्यकाम तोमर, बीडीओ पिपरौली राकेश कुमार शुक्ल, एडीओ पंचायत धर्मेंद्र कुमार, अरविंद कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष शिव चरन प्रसाद, प्रधान संघ अध्यक्ष विश्वजीत सिंह, ध्रुव कुमार कुशवाहा, गौरव चौधरी, सचिन विजय कुमार मौर्य, अरविंद कुमार, मनोज राज, चंद्रभान अविनाश यादव, उदित, उपेंद्र यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## गांव में घर स्वामित्व अभिलेख घरौनी वितरण का शुभारंभ

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** भारत सरकार की अति महत्वपूर्ण गांव में सम्पत्ति स्वामित्व योजना (घरौनी) योजना को अमलीजामा पहनाने की दिशा में घरौनी वितरण का शुभारम्भ किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज ग्रामीण भारत को एक बड़ी सौगात दी। उन्होंने 10 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के 50,000 से अधिक गांवों में संपत्ति मालिकों को स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए। यह वितरण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में किया गया। जिसका लाइव प्रसारण विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार उरई में नारायण दास अहिरवार सांसद, विधायक सदर गौरीशंकर वर्मा, विधायक माधौगढ़ मूलचंद निरंजन, विधायक कालपी विनोद चतुर्वेदी, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद कुमार चौहान, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल ने सुना व देखा, ततपश्चात लाभार्थियों को स्वामित्व योजना के तहत 250 ग्रामीणों को घरौनी वितरित की गई। अपने लाइव प्रसारण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन देश के गांवों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। स्वामित्व योजना से अब गांव में रहने बाले लोगों भी अपने मकान प्लाट आदि का मालिकाना अधिकार प्राप्त हो गया है। इस अवसर पर सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने कहा कि महत्वाकांक्षी स्वामित्व योजना से लाभार्थियों को बहुत फायदा हुआ है, जिनके पास वर्षो से अपने मकान के कागजात नहीं थे। उन्होंने कहा कि यह योजना विशेष रूप से गरीब और श्रमिक वर्ग के लिए सहायक साबित हो रही है, क्योंकि अब वे आसानी से अपने मकान के कागजात दिखाकर बैंक से लोन प्राप्त कर सकते हैं और अन्य सरकारी योजनाओं का भी लाभ उठा सकते हैं। विधायक ने कहा कि जनपद में अब तक 193,041 ग्रामीणों को स्वामित्व योजना के तहत प्रॉपर्टी कागजात प्रदान किए जा चुके हैं, जिससे उनका जीवन आसान और सुरक्षित हुआ है। इस योजना से न केवल कागजी दस्तावेजों का अभाव दूर हुआ है, बल्कि ग्रामीणों के लिए कई नई अवसरों का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है।

# एक सैकड़ा जरूरतमंदों को बांटे कंबल

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** विकास मंच ने लगातार सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहता है। गर्मियों में शहर में सैकड़ो ठंडे पानी के ड्रम रखवाने, पशुओं के लिए नांद रखवाना हो, या फिर आम जनता की सुरक्षा के लिए चाइनीज मांझे के बिक्री के खिलाफ आंदोलन करना हो। जब भी फर्रुखाबाद के लोगों के हित और उनकी सुरक्षा,देखभाल की बात आई।तब फर्रुखाबाद विकास मंच अग्रिम पंक्ति में खड़ा नजर आता है। शनिवार को फर्रुखाबाद विकास मंच के बैनर तले एक सैकड़ा से अधिक जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। कंबल मिलते ही जरूरतमंदों के चेहरे खिल उठे और जुग जुग जियो की दुआएं निकली।

फर्रुखाबाद विकास मंच के संस्थापक मोहन अग्रवाल के ट्रक में शहर के माधोपुर स्थित धारा नगरी जैन वाटिका में कंबल वितरण का कार्यक्रम शनिवार दोपहर आयोजित हुआ। कार्यक्रम में थाना अध्यक्ष कादरी गेट आमोद कुमार सिंह सहित कई गणमान्य लोग भी पहुंचे। विकास मंच के संस्थापक मोहन अग्रवाल ने 110 वर्ष की वृद्ध महिला को थाना अध्यक्ष आमोद कुमार सिंह और संगठन जिला अध्यक्ष भईयन मिश्रा के साथ कम्बल देकर वितरण की शुरुआत की।जिसके बाद एक सैकड़ा लोगों को कंबल दिए गए। मोहन अग्रवाल ने कहा कि बुजुर्गो और गरीबों की सेवा करने वालों पर हमेशा ईश्वर की कृपा बनी रहती है। सेवा भाव रखने से मन शुद्ध रहता है और आत्मा भी पवित्र रहती है। हर व्यक्ति को अपनी समर्थ के अनुसार किसी जरूरतमंद की सेवा अवश्य करनी चाहिए। जब आप किसी जरूरतमंद की मदद करते हैं तो उसके मुख से निकले दुआएं अनमोल होती हैं। थाना अध्यक्ष आमोद कुमार सिंह ने कहा सर्दी के समय में बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जो आर्थिक समस्याओं के चलते गर्म कपड़े, कंबल नहीं आदि नहीं ले पाते है। फर्रुखाबाद विकास मंच की जरूरतमंदों के लिए कंबल वितरण की पहल सराहनीय है, सभी लोगों को इससे सीख लेनी चाहिए। संगठन जिला अध्यक्ष भईयन मिश्रा ने कहा कि फर्रुखाबाद विकास मंच हमेशा जनता के हितों के लिए समर्पित है। फर्रुखाबाद की जनता के लिए तन मन धन से संगठन कार्य करता है। आने वाले समय में भी संगठन लगातार जनता के लिए समर्पित रहेगा। जिला महामंत्री कोमल पांडे ने कहा कि गरीबों की सेवा ही सच्ची भगवत सेवा है।

## गोकशी में संलिप्त तीन गोकश पुलिस मुठभेड़ में दबोचे

**अलीगढ़।** अलीगढ़ के अकराबाद थाना क्षेत्र में 17 जनवरी की रात्रि में तीन गोकशों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई। पुलिस को आरोपियों की सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस टीम नाकेबंदी करके वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान आरोपी पुलिस को आते हुए नजर आए। आरोपी पिलखना की ओर से पैदल आ रहे थे। इससे पहले कि पुलिस आरोपियों को रोकती, पुलिस आरोपियों को देखकर भागने लगे। आरोपियों को भागते देखकर पुलिस ने उनका पीछा किया। पुलिस को पीछे आते देख एक आरोपी ने जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर अवैध हथियार से फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें एक आरोपी घायल हुआ है। वहीं दो ने सरेंडर कर दिया। एसपी ग्रामीण अमृत जैन व सीओ गर्वित सिंह ने प्रेसवार्ता करके बताया कि 4 जनवरी को आरोपियों ने क्षेत्र में गोकशी की थी। इसके बाद मांस बेंचने के लिए आरोपी जा रहे थे।

## प्रिया कुमारी शुक्ला पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर की क्षेत्रीय सलाहकार समिति की सदस्य मनोनीत

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** लम्बे समय से सामाजिक कार्यों में जुटी सुश्री प्रिया कुमारी शुक्ला को केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्वनी वैष्णव ने पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति सदस्य अपने विशेष अभिरूचि कोटे के तहत मनोनीत किया है। अपनी नियुक्ति पर उन्होंने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विवनी वैष्णव, देश के श्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का धन्यवाद देतें हुए हृदय से आभार व्यक्त किया है और कहा कि उन्होंने महिलाओं की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी समिति में दी। कई सामाजिक संस्थाओं से जुडी सुश्री प्रिया कुमारी शुक्ला महिलाओं और बच्चों के लिए केंद्र सरकार की योजनाएं हर निचले स्तर तक पहुंचे इस उद्देश्य के तहत कार्य कर रहीं हैं। सुश्री शुक्ला नें बताया की वह पूर्वोत्तर रेलवे में आधारभुत संरचना के विकास यात्रियों की सुविधाओं रेलगाड़ियों के विस्तार, विभिन्न रेलवे जोनों के सलाहकार समिति सदस्यों के साथ समन्वय स्थापित कर अपने सुझाव रेलवे बोर्ड, रेल मंत्रालय तथा जोनल मीटिंग में देंगी द्यतथा पूर्वोत्तर रेलवे के अंतर्गत रेल मण्डलों लखनऊ, इज्जतनगर, वाराणसी के रेलवे स्टेशनो पर यात्रियों की सुविधाएं खानपान, स्टॉल, सफाई आदि व्यवस्थाओ का निरीक्षण शीघ्र प्रारम्भ करेंगी।



## न्याय सेतु पुस्तिका का विमोचन

**अलीगढ़।** प्रशासनिक न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद, अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ अजीत कुमार द्वारा दीवानी न्यायालय सभागार में जिला न्यायालय की त्रैमासिक पत्रिका ''न्याय सेतु'' का विमोचन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पत्रिका न्याय के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी। पत्रिका में जिले में न्यायाधीशों द्वारा किए गए ऐतिहासिक निर्णयों और उनके अनुभवों को साझा किया गया है, जिसका लाभ आमजन के साथ ही जिले में आने वाले न्यायाधीशों को भी मिलेगा। न्यायपालिका के क्षेत्र में न्यायालय एक मंदिर, न्यायाधीश भगवान और अधिवक्तागण पुजारी के समान हैं जिनके समक्ष फरियादी एक प्रार्थी के रूप में अपनी समस्याओं के निवारण के लिए आते हैं। प्रत्येक अधिवक्ता और न्यायाधीश का यह नैतिक दायित्व है कि वह अपने समक्ष आने वाले प्रत्येक पीड़ित एवं फरियादी को बिना किसी भेदभाव, लोभ या लालच के न्याय दिलाए। उन्होंने कहा कि न्याय के क्षेत्र में यह पत्रिका अभी एक बीज के समान है, जब इसे निरंतर संचालित किया जाएगा तो यह वट वृक्ष का रूप लेगी।

# प्रधानमंत्री द्वारा देशभर में 50 हजार ग्रामों के 65 लाख से अधिक घरौनियों का किया गया डिजिटली वितरण

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शनिवार को देशभर के 50 हजार से अधिक ग्रामों के 65 लाख से अधिक प्रॉपर्टी कार्ड (घरौनियों) का वर्चुअली माध्यम से डिजिटली वितरण किया गया। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कल्याण सिंह हैबीटेट सेंटर में किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने विभिन्न प्रदेशों के लाभार्थियों से वर्चुअल माध्यम से सीधा संवाद कर स्वामित्व योजना के माध्यम से उनके जीवन में आए बदलाव और योजना के फीडबैक पर चर्चा की।

कल्याण सिंह हैबीटेट सेंटर में कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह, एमएलसी डॉ0 तारिक मंसूर, जिलाध्यक्ष कृष्णपाल सिंह, महानगर अध्यक्ष इंजी0 राजीव शर्मा, जिला महामंत्री शिव नारायण शर्मा, पूर्व महापौर शकुन्तला भारती द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर नन्ही बालिका साक्षी शर्मा द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। प्रधानमंत्री ने घरौनी वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज की दिन ग्रामों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए ऐतिहासिक दिन है। इस कार्यक्रम से देशभर के विभिन्न राज्यों के करोड़ों लाभार्थी, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि जुड़े हुए हैं। इस विराट कार्यक्रम के माध्यम से गॉवों में रहने वाले लोगों को अपने घर का कानूनी हक दिया गया है, जिसे स्थानीय भाषाओं में कहीं घरौनी, कहीं मालम पट्टा, प्रॉपर्टी कार्ड या आवासीय पट्टा कहा जाता है लेकिन सभी का उद्देश्य आपके घर का अभिलेखीय प्रमाण पत्र आपको देना है। देश में अब तक लगभग 2.25 करोड़ परिवारों को उनके घरों का कानूनी हक दिया जा चुका है। प्रधानमंत्री ने यूएनओ के एक सर्वे का हवाला देते हुए बताया कि भारत में स्वामित्व योजना लागू होने से पूर्व ग्रामों में लोगों के पास उनके घरों का कोई मालिकाना दस्तावेज ही नहीं था और बिना कानूनी दस्तावेज के बैंक भी इनसे दूरी बनाकर रखते थे आज प्रॉपर्टी कार्ड से देश भर में 100 लाख करोड़ की आर्थिक गतिविधि का रास्ता खुल गया है। प्रॉपर्टी राइट्स मिलने से ग्राम पंचायतें आत्मनिर्भर बनेंगी। लोगों को विभिन्न आपदाओं के समय हुए नुकसान का दावा मिलने में आसानी होगी।

## गुरावती में सड़क के बीच बने गहरे गड्ढे को पाटने का काम शुरू

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** एक जान जाने के बाद चेते लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने गुरावती पहुंच कर जेसीबी से उस गड्ढे को भराने की कवायद शुरू कर दी है जिस गड्ढे में गिर कर एक बाइक सवार युवक की असमय मौत हो गई थी। अखबारों में पीडब्ल्यूडी की लापरवाही की खबरें छपने और इन मामलों में उच्चाधिकारियों के कड़े रुख को देखकर ही शायद पीडब्ल्यूडी की आंखों पर पड़ा परदा हटा है और आनन-फानन अपना तामझाम लेकर अधिकारी गुरावती पहुंच गए हैं। ग्राम चमरसेना-गुरावती के बीच सड़क के बीचों-बीच पिछले कई महीनों से कटी पड़ी सड़क में हुए गहरे गड्ढे में गिरने से बाइक सवार 42 वर्षीय मनोज पटेल निवासी गुरावती की दुःखद मौत हो गई थी। उक्त मामला अखबारों की सुर्खियों में आने के बाद उच्चाधिकारियों ने कड़ा रुख अख्तियार किया तो पीडब्ल्यूडी के लापरवाह अधिकारियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने की बात कही तो विभागीय अधिकारियों में हड़कंप मच गया। अगले ही रोज सुबह विभाग के एई नंदकिशोर और जेई संदीप कुमार जेसीबी लेकर मौके पर जा पहुंचे और सड़क के बगल से मिट्टी उठाकर गड्ढे की भराई कराने लगे। दोनों अधिकारियों ने बताया कि गड्ढे में मिट्टी की भराई कराकर पानी की निकासी के लिए सीमेंट के पीपे डालकर आवागमन के लिए शाम तक रास्ता तैयार करा दिया जाएगा। उनका कहना है कि करीब दो वर्ष पूर्व इस जगह पर पुलिया बनाई जानी प्रस्तावित थी लेकिन कुछ ग्रामीणों के विरोध के चलते पुलिया नहीं बनाई जा सकी थी जिसके बाद पानी से सड़क कट गई थी। मिट्टी भराई के दौरान नायब तहसीलदार शादाबउल्ला, मंडी चौकी प्रभारी नितीश कुमार, दरोगा भीष्मपाल आदि भी उपस्थित रहे।



## बीआईटी के छात्रों को मिला प्रदेश में तीसरा स्थान

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** बुद्धा इंस्टिट्यूट आफ टेक्नालॉजी के छात्रों को विश्व स्तरीय इंजीनियरींग संस्था की उप्र शाखा द्वारा ''एक्टिविटी बेस्ट इंसेन्टिव अवार्ड'' प्रदान किया गया, उप्र स्तरीय सेमीनार में बीआईटी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि प्रो आशीष के सिंह व प्रो योगेश सिंह चौहान द्वारा भव्य समारोह में बी0आई0टी के निदेशक/काउन्सलर डा0 अरविंद कुमार पाण्डेय एवं छात्र प्रतिनिधि अमित सिंह को अवार्ड प्रदान किया गया। बी0आई0टी0 को यह पुरस्कार संस्थान में संचालित नवाचार, आधुनिक तकनीकी प्रणाली, शोध कार्य में उत्कृट योगदान हेतु प्राप्त हुआ। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन डा0 आर0ए0 अग्रवाल, सचिव डा0 रजत अग्रवाल ने कहा कि हमारी संस्था की यह प्राथमिकता है कि वह अपने छात्रों को नवीनतम तकनीकी व उन्नत प्रौद्योगिकी से परिचित कराने एवं आधुनिक युग के साथ कदम ताल कर सकने का गुण एवं शिक्षा प्रदान करें। अगर गुण एवं शिक्षा का अभाव रहेगा तो छात्र वैश्विक प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जायेगा। इस अवसर पर निदेशक प्रशासन दीपक अग्रवाल, आशीष सिंह, अभिषेक त्रिपाठी, अभिनव त्रिपाठी, प्रो0 एच0एन0 सिंह, ई0 अंकुर कुमार, डा0 डी0के0 द्विवेदी, डा0 विनय श्रीवास्तव सहित बी0आई0टी0 की अन्य संस्थानो के निदेशक, अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक व छात्र/छात्राएं उपस्थित थे।



# स्वामित्व योजना के तहत डिजिटल घरौनी का वितरण



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ग्रामीण भारत को आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से सशक्त बनाने के लिए अप्रैल 2020 में स्वामित्व योजना की शुरुआत की गई थी। इस योजना के तहत आज जनपद मुख्यालय अयोध्या में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डिजिटल घरौनी का वितरण किया गया और प्रधानमंत्री के दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी हुआ।कार्यक्रम की शुरुआत राजकीय इंटर कालेज अयोध्या में हुई, जहां जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, और विधायक सदर वेद प्रकाश गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति में डिजिटल घरौनी सम्पत्ति कार्ड का वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम छतरा, खजुरावर, हैंसा, तिहुरा उपरहार, और पारा खान के ग्रामवासियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने स्वामित्व योजना के उद्देश्य और इसके महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि के मालिकाना हक का प्रमाण पत्र प्राप्त करना संभव हुआ है, जिससे ग्रामीणों की संपत्ति को कानूनी मान्यता मिलती है।

इस कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार साझा किए। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रोली सिंह ने कहा कि यह योजना ग्रामीणों के लिए एक वरदान साबित हो रही है, जिससे उनका जीवन स्तर बेहतर होगा। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी और विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने भी कार्यक्रम की सराहना की और इसे ग्रामीणों के लिए एक ऐतिहासिक कदम बताया।

प्रधानमंत्री के दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी इस अवसर पर देखा गया। इस प्रसारण में प्रधानमंत्री ने इस योजना के महत्व पर प्रकाश डाला और ग्रामीणों को इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।स्वामित्व योजना के तहत डिजिटल घरौनी का वितरण ग्रामीण भारत में एक नई दिशा की ओर कदम बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जो न केवल ग्रामीणों को कानूनी सुरक्षा प्रदान करता है, बल्कि उन्हें समाज में अधिक आत्मनिर्भर भी बनाता है।

प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले ग्रामीणों में छतरा के देवमणि, श्रीपति तिवारी, ज्ञानवती, खजुरावर के साधुराम, जगजीवन, अशोक कुमार, राम अनुज, मनीराम, हैंसा के रेशमा, सीता, शीला, उर्मिला, तिहुरा उपरहार के काशीराम, राम प्रताप, रामबली और पाराखान के कोयला, सुन्दरा, धर्मराज शामिल थे। उन्हें प्रमाण पत्र जनप्रतिनिधियों और जिलाधिकारी द्वारा प्रदान किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेन्द्र कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सदर, जिला पंचायती राज अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, और संबंधित लेखपाल भी उपस्थित थे।

# रेलवे स्टेशन पर जीआरपी चौकी खोलने की सभासद ने की मांग, लिखा पत्र

*अवधनामा संवाददाता*

**गोसाईगंज-अयोध्या।** लखनऊ बाराबंकी- शाहगंज-जौनपुर रेलखंड स्थित अयोध्या धाम के प्रथम प्रवेश द्वार व सरयू तट से सटे प्रसिद्ध सिद्ध पीठ संत श्रृंगीऋषि के पावन स्थलीय क्षेत्र एवं जनपद के प्रमुख व्यावसायिक नगर गोसाईंगंज रेलवे स्टेशन पर जीआरपी चौकी खोलने की मांग गोसाईंगंज नगर पंचायत की सभासद एवं श्री सीता राम जी विराजमान मंदिर सेवा ट्रस्ट कस्बा दिलासीगंज की सदस्य श्रीमती आरती जायसवाल ने श्री प्रकाश डी0 अपर पुलिस महा निदेशक रेलवे लखनऊ को संबोधित पत्र अकबरपुर जीआरपी प्रभारी अजय कुमार को पत्र सौंपकर की है। दिए गए पत्र में सभासद श्रीमती जायसवाल ने दर्शाया है कि गोसाईंगंज स्टेशन से प्रतिदिन बीसो किमी0 चौतरफा परिधि के रेल यात्री हावड़ा, जम्मूतवी, गया, वाराणसी, मुरादाबाद, लखनऊ, कानपुर, इटावा, गाजयाबाद, सहारनपुर, अहमदाबाद, सूरत, नासिक, शाहजहांपुर, बरेली, गया, गोमो, फीरोजपुर, बर्धमान, लुधियाना, मुंबई, दिल्ली, चेन्नई सहित अन्य नामी गिरामी रेलवे स्टेशन तक यात्रा करते हैं।अयोध्या धाम में राम जन्म भूमि मंदिर बनने के बाद जहां इस स्टेशन पर यात्रियों की संख्या बढ़ी हुई है वहीं गोसाईंगंज स्टेशन पूर्व सांसद एवं मौजूदा एमएलसी हरि ओम पांडे तथा रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति सदस्य पंकज सिंह का होम स्टेशन होने के बावजूद यहां रेल यात्रियों की सुरक्षा राम भरोसे है।गोसाईंगंज स्टेशन को डबलिंग के बाद इसे बड़े स्टेशन के रूप में विस्तारित किया जा रहा है।यहां से अप/डाउन साइड को 5 दर्जन गाड़ियां गुजरती है,जिसमें अप/डाउन साइड की डेढ़ दर्जन से अधिक गाड़ियों का ठहराव होने के कारण 3 प्लेटफॉर्म वाले इस स्टेशन पर आरक्षित/अनारक्षित टिकटों की बिक्री प्रति दिन लाखों में होती है।जी0आर0 पी0 चौकी न होने के कारण यात्रियों में जहां असुरक्षा की भावना बनी रहती हैं वही स्टेशन के पूर्वी/पश्चिमी सिरे स्थित रेल बैरियर पर छोटे बड़े वाहनों के दबाव से यात्री ट्रेनें भी रेल बैरियर बंद न होने के कारण आउटर पर अपना सिग्नल लाल देखकर खड़ी हो जाती है।

# मिल्कीपुर चुनाव में पूरी तरह से इंडिया घटक के सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद को समर्थन

**अयोध्या।** कांग्रेस पार्टी का मिल्कीपुर चुनाव में पूरी तरह से इंडिया घटक के सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद को समर्थन है। उक्त वक्तव्य जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जारी विज्ञप्ति के माध्यम से कहीं। उन्होंने कहा कि समाचार पत्रों के माध्यम से पता चला है कि मिल्कीपुर उप चुनाव में कांग्रेस कार्यकर्ता पूर्व जिला पंचायत सदस्य भोला भारती इंडिया घटक के विरोध में चुनाव लड़ रहे हैं, जिस कारण उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है और यदि वह नामांकन वापस नहीं लेते है तो जिला कांग्रेस कमेटी उनको पार्टी से निष्कासित करने का कार्य करेगी। कांग्रेस प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने बताया कि जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कांग्रेस पार्टी के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया है कि वह इस उप चुनाव में समाजवादी पार्टी प्रत्याशी अजीत प्रसाद के लिए जी जान लगाकर काम करें, जिससे कि सांप्रदायिक और संविधान विरोधी भारतीय जनता पार्टी को हम चुनाव में उसी तरह से करारी हार दे सके जैसे हमने लोकसभा चुनाव में उन्हें हराया था।कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से समाजवादी पार्टी अजीत प्रसाद को विजय बनाने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ और संकल्पित है, यदि चुनाव में किसी भी नेता और कार्यकर्ता की तरफ से अनुशासनहीनता की खबर आती है तो उसे पार्टी से निष्कासित किया जाएगा।

# सेमेस्टर परीक्षा में 84706 के सापेक्ष 1994 परीक्षार्थी अनुपस्थित

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एनईपी यू.जी. व पी.जी. सेमेस्टर परीक्षा में शनिवार को 84706 परीक्षार्थियों में से 1994 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली की परीक्षा में 1848, द्वितीय पाली में 79090 व तृतीय पाली में 3768 परीक्षार्थियों के सापेक्ष क्रमशः 117, 1821 व 56 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि यूजी व पीजी एवं सेमेस्टर परीक्षा 35295 छात्र व 49411 छात्राओं के सापेक्ष 1379 छात्र एवं 615 छात्राएं अनुपस्थित रही। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सचलदल द्वारा केन्द्रों को औचक निरीक्षण किया गया। इस दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण ढ़ग से सम्पन्न हुई।

# सरकार की योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत पात्रों को दिलाना हमारा संकल्पः चंद्रभानु पासवान

**अयोध्या।** मिल्कीपुर उपचुनाव के भाजपा प्रत्याशी चन्द्रभानु पासवान के कुचेरा मंडल के आधा दर्जन गांवों में जनसम्पर्क किया। उन्होंने नौहडिया बारून, देवरिया, पुरैनी, अरमारूपीपुर, तरमा, छोटेका तरमा, सोधियावां में लोगों सम्पर्क व संवाद किया। जनसम्पर्क के दौरान कई स्थानों पर भाजपा प्रत्याशी का स्थानीय लोगों माला पहना कर स्वागत किया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि सरकार जन समान्य व कतार के अंतिम व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार की योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत पात्रों को दिलाना हमारा संकल्प है। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की अवधारणा के साथ हम निरंतर आगे बढ़ रहे है। उन्होंने कहा कि अंतिम व्यक्ति की उत्थान की परिकल्पना को सार्थक करने के उपरान्त समाज के हर वर्ग का साथ मिल रहा है। सबका साथ सबका विकास के साथ हमारा उद्देश्य सबका विश्वास हासिल करना है। सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के सफल क्रियान्वय से जनता में उत्साह का माहौल है। सभी पात्र व्यक्तियों को बिना भेद-भाव के सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जनसम्पर्क के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीएम योगी ने फोन पर जाना जिला महामंत्री का हाल

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या जिले के भाजपा जिला महामंत्री राधेश्याम त्यागी का दूरभाष पर हालचाल जाना । मुख्यमंत्री ने त्यागी से स्वास्थ्य का ख्याल रखने की बात कही। सीएम ने कहा कि स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए पार्टी के प्रत्याशी को जिताने का प्रयास करें। दरअसल चुनाव प्रचार के दौरान जनसंपर्क करते हुए श्री त्यागी को चक्कर आ गया था जिस वजह से वह अस्वस्थ महसूस कर रहे थे।

# आधा दर्जन लोगों ने थामा राष्ट्रीय लोक दल झंडा

**अयोध्या।** राष्ट्रीय लोकदल का बढ़ रहा कारवां राष्ट्रीय लोकदल अवध जोन अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल ने जयति पैलेस (सिविल लाइन जिला पंचायत) मे छः लोगों को पार्टी का झंडा थामा कर पार्टी मे शामिल किया और सभी को दल की सदस्यता दिलाई। सदस्य ग्रहण करने वालों में विक्रम निषाद ग्राम पूरे मुन्ना सिंह सोहावल,राजवेन्द्र सिंह निषाद पस्ता बरई रूदौली ,विजय नारायण सिंह पुरैना, राकेश रावत गोपीनाथपुर सोहावल, धर्मेंद्र कुमार सिंह हरीपुर जलालाबाद मसौधा, मणि प्रकाश वर्मा( एम पी वर्मा) टीकमपारा अंबेडकर नगर ने राष्ट्रीय लोकदल का झंडा थामा कर पार्टी मे शामिल किया। युवा राष्ट्रीय लोकदल का पुनः अनिल वर्मा का जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर माला पहनकर स्वागत हुआ।

# बीजेपी कार्यकर्ताओं ने मनाया संविधान गौरव दिवस



**महाराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** बीजेपी कार्यालय पर शनिवार को संविधान गौरव अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संविधान की महत्ता पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पड़ोसी जनपद देवरिया सदर के विधायक शलभमणि त्रिपाठी ने कहा कि भारत रत्न डॉ बाबा साहब के संविधान को भाजपा ने ही वास्तविक सम्मान दिया है। अन्य दलों की तरह उनके नाम को वोट के लिए इस्तेमाल नहीं किया। इसके पूर्व पंडित दीन दयाल उपाध्याय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और डॉ साहब भीम राव आंबेडकर के चित्र पर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी,केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह जिलाध्यक्ष संजय पांडेय ने पुष्प अर्पित कर नमन किया और वंदे मातरम गीत से सम्मेलन की शुरुआत हुई। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष आकाश श्रीवास्तव गोविंद जायसवाल बलराम दुबे दिनेश जायसवाल सभी मंडल अध्यक्ष सभी जिला पदाधिकारी अनुसूचित मोर्चा के सभी पदाधिकारी महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष सहित तमाम अनुसूचित मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मालिकाना हक पाकर खुशी से झूम उठे किसान



**निचलौल (महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** ठूठीबारी कस्बे के पंचायत भवन में ग्राम प्रधान अजय कुमार व हल्का लेखापाल भारतेंदु मिश्रा की मौजूदगी में स्वामित्व योजना के तहत ड्रोन सर्वे कर बनाया गया ।घरौंनी का ग्रामीणों में वितरण किया गया। जिससे ग्रामीण अपने जमीन का मालिकाना हक पाकर खुशी से झूम उठे। इस दौरान कुल 22ग्रामीण किसानों में घरौनी बाटा गया। हल्का लेखपाल भारतेंदु मिश्रा ने जिला प्रशासन के निर्देश पर ग्रामसभा ठूठीबारी के टोला धमौली के किसान शंकर गुप्त, हरि लाल साहनी, कालीचरण साहनी, वेद पांडेय, संतोष पाण्डेय, मुराली साहनी, किशोर खरवार, जाकिरुन निशा सहित 22 किसानों में घरौनी का वितरण कर शुरुआत किया गया है। बाकी बचे हुए सभी किसानों को भी जल्द ही घरौनी दे दिया जाएगा। इस दौरान ग्राम प्रधान अजीत कुमार, पंचायत सहायक विनय कुमार पांडेय,अवधेश निगम सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# रिकाबगंज चौराहे के निकट गिरा विशालकाय नीम का पेड़ एक बच्चे की मौत, तीन अन्य घायल

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** कोतवाली नगर अंतर्गत रिकाबगंज चौराहे के समीप पर शनिवार दोपहर वर्षों पुराना नीम का एक विशालकाय पेड़ अचानक ज़मीनदोज हो गया, जिसकी चपेट में आने से एक 10 वर्षीय बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई जबकि मनोचा डिग्री कॉलेज की दो छात्राएं भी इसकी चपेट में आकर जख्मी हो गई।

अन्न फानन में सभी घायलों को पुलिस की मदद से जिला अस्पताल लाया गया जहां गंभीर रूप से घायल 10 वर्षीय छात्र की मौत हो गई। डाक्टरों ने बच्चे को मृत्यु घोषित कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पेड़ गिरने से वहां खड़े कई दो पहिया वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गये। स्थानीय लोगों की माने तो पेड़ करीब 150 वर्ष पुराना बताया जा रहा है, उसकी जड़ें खोखली हो गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गनीमत रही कि हादसे के समय रिकाबगंज चौराहे पर लाल सिग्नल था, जिसके कारण ट्रैफिक रुकी हुई थी। मृतक बच्चे की पहचान अब्बू साहिमन (10) पुत्र रमजान अली निवासी मोइया बेगमगंज थाना पूराकलंदर के रूप में हुई जो शनिवार को मनोहरलाल इंटर कालेज में चल रही नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा देने अपने चाचा के साथ आया था और परीक्षा समाप्त होने बाद वह बाइक से घर वापस जा रहा था तभी घटना हो और दो उसकी चपेट में आ गए। वह अपने चाचा के साथ जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में भाग लेने आया था।

घायलों में आशिमा निवासी अंगूरीबाग कोतवाली नगर, नाजनीन निवासी ठठरहिया चौक कोतवाली नगर व महताब निवासी मोइया बेगमगंज थाना पूराकलंदर के रूप में हुई। हादसे के बाद रिकाबगंज-चौक मार्ग की एक लेन बंद कर राहत कार्य शुरू किया। मौके पर सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह, नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय, महिला थानाध्यक्ष निशा उपाध्यया, व्यापारी नेता सुशील जायसवाल समेत वन विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# छत डालने गए मजदूर के साथ मारपीट

**अयोध्या।** थाना तारून क्षेत्र के देवरी गांव निवासी एक गरीब मजदूर पर बीती रात बर्बर हमला हुआ।जो छत का लिंटर डालने का कार्य करता है, अपने काम के सिलसिले में ग्राम तोरोमाफी दराबगंज (थानेदार का पुरवा), थाना कोतवाली बीकापुर, जिला अयोध्या में रविकांत मिश्र पुत्र गंगाराम मिश्र के मकान पर छत डालने गया था।17 जनवरी की रात लगभग 8 बजे जब मजदूर छत डालने के बाद अपना सामान समेट रहा था और खाना खाने जा रहा था। इसी दौरान रामकांत पुत्र गंगाराम और अज्ञात छह अन्य लोग, एक स्कॉर्पियो गाड़ी (नं. यूपी 42 एल 0272) में आए। इन सभी ने सुनियोजित साजिश के तहत प्रार्थी पर हाकी, डंडों और लात-घूसों से हमला कर दिया। इस हमले में उसे गंभीर चोटें आईं। उसका दाहिना हाथ टूट गया और नाक से खून बहने लगा। इसके अलावा, हमलावरों ने प्रार्थी की मोटरसाइकिल (नं. यूपी 42 बीजे 5845) को भी तोड़ दिया।

# स्वामित्व कार्ड वितरण कार्यक्रम का हुआ शानदार आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**शाहजहांपुर।** जिला प्रशासन के तत्वावधान में स्वामित्व कार्ड वितरण कार्यक्रम का बृहद आयोजन भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी सभागार में शानदार ढंग से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ उत्तर प्रदेश सरकार के मन्त्री सुरेश कुमार खन्ना ने दीप प्रज्वलन कर किया। इसके बाद आर्य महिला इण्टर कॉलेज की छात्राओं ने मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत किया। तहसील सदर के 120, पूवायाँ के 100, तिलहर के 100, जलालाबाद के 50 तथा कलाँन के 50 कुल 420 लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड का वितरण किया गया। शेष 61258 स्वामित्व कार्ड का वितरण सम्बन्धित तहसील, ब्लॉक व ग्राम पंचायत स्तर पर किया जाएगा। इस मौक़े पर मुख्य अतिथि मन्त्री सुरेश कुमार खन्ना ने योजना के उद्देश्यों से लोगों को अवगत कराया। साथ ही स्वच्छता व नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में बड़े स्क्रीन पर माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सम्बोधन भी लाइव सुना गया। कवि डॉ. इन्दु अजनबी के संचालन में हुए कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एमएलसी डॉ सुधीर गुप्ता, ज़िला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष डीपीएस राठौर, कौशल मिश्र, रमाकान्त मिश्र, साहिल इक़वाल समेत काफ़ी संख्या में गणमान्य जन व लाभार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# हमारी तरक्की से ईर्ष्या रखने वाले लोगों ने निकाला बदला लेने का मौकाः आरसीएल



*अवधनामा संवाददाता*

**शाहजहांपुर।** जो लोग हमारी भारी भरकम कम्पनी की तरक्की से ईर्ष्या रखते हैं और सत्ता का गलत तरह से दुरूपयोग करते हुए घेराबंदी की कोशिश कर रहे हैं। निष्पक्ष जांच के बाद सब दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। यह बात कही आरसीएल कंपनी के एमडी मनोज यादव ने जो पहली बार मीडिया के सामने आए हैं। उनके उपर एक कर्मचारी ने अश्लील छेड़छाड़ और एक सीनियर अकाउंटेंट का अपहरण करने का आरोप लगा है। उन्होंने खुद को निर्दोष बताकर पीड़िता और लापता अकाउंटेंट पर गबन का आरोप लगाया है। इस दौरान उन्होंने मीडियाकर्मियों के सवालों के जवाब दिए। उन्होंने कहा कि उनको फंसाने का षडयंत्र रचा जा रहा है। वहीं उन्होंने अवैध खनन कराने के सवाल पर कहा कि कंपनी की तरफ से कोई अवैध कार्य नही किया जा रहा है। कांट थाने में 28 दिसंबर को आरसीएल कंपनी की महिला कर्मचारी ने कंपनी के एमडी मनोज यादव पर अश्लील छेड़छाड़, पार्न वीडियो नंबर पर भेजने साथ में सोने का दबाव बनाने का आरोप लगाकर एफआईआर दर्ज कराई थी। 14 जनवरी को कंपनी के सीनियर अकाउंट पन्नालाल धवन लापता हो गए। गुरूवार को उनकी पत्नी ने एमडी पर हत्या के इरादे से अपहरण कराने का आरोप लगाया। दो दिन पहले डीएम ने आरसीएल कंपनी की जेसीबी और पांच से अवैध खनन करते पकड़ने के बाद सीज कर दिए थे। लगातार आरोपों में घिरने के बाद एमडी मनोज यादव पहली बार शाहजहांपुर में मीडिया के सामने आए। उन्होंने अपने उपर लगने वाले आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने उल्टा पीड़िता और लापता सीनियर अकाउंटेंट पर कंपनी में 17 लाख रुपये गबन करने के आरोप लगाए हैं और साथ ही पीड़िता पर ब्लैकमेल करने का भी आरोप लगाया है। आरसीएल कंपनी के एमडी मनोज यादव ने कहा कि मुझे फंसाने का षडयंत्र रचा जा रहा है। जिस महिला ने आरोप लगाया है। उसके लिए हमारी कंपनी की कमेटी भी जांच कर रही है। कई तथ्य सामने आ चुके हैं। सिर्फ मनगढ़ंत कहानी बनाई गई है जांच में बहुत जल्द सच सामने आ जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में आरसीएल कंपनी पांच स्टेट में कारोबार कर रही है। उत्तर प्रदेश में एनएचआई का काम करने वाली सबसे बड़ी कंपनी है। बहुत से लोग बदनमा करने के लिए दिमाग लगा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पीड़िता ने दर्ज कराई एफआईआर में जिसको गवाह बनाया था। उसने भी सबकुछ क्लियर कर दिया है। जो गबन किया गया है उसकी जांच चल रही थी। पुलिस जांच कर रही है लेकिन रंगदारी मांगने का भी सच जल्द सामने आएगा। उन्होंने कहा कि सिनियर अकाउंटेंट पन्नालाल धवन हमारे बहुत भरोसेमंद थे। उनका जब रिकार्ड चेक किया गया तो साढ़े सात लाख रुपये कम पाया गया। तब उन्होंने हमारे ही कर्मचारियों से कहा था कि हमे किसी ने पकड़ लिया है। अकाउंटेंट ने कहा था कि दो तीन दिन में छूटकर आ जाऊंगा और सब क्लियर कर देंगे। इसमे षडयंत्र ये सामने आया कि पन्नाल धवन बांदा में अपनी बेटी के घर थे और यहां उनकी पत्नी कंपनी के कर्मचारियों पर आरोप लगा रही थी। सिर्फ मेरी और कंपनी की छवि धूमिल करने का षडयंत्र रचा जा रहा है। अवैध खनन के सवाल पर कहा कि, ये सच है कि जेसीबी और डंपर सीज किया गया है। जिस जगह पर खनन किया जा रहा था। हम लोग एनएचआई का काम कर रहे हैं। उसके लिए मिट्टी की जरूरत है। शाहजहांपुर जिले के लिए बहुत महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। कुछ लोग उसको गलत तरह से पेश कर रहे हैं। अधिकारियों को गलत तरह से गुमराह किया गया। वास्तविकता ये है कि उस जमीन के परमीशन का तहसील और एसडीएम से परमिशन मिल चुकी थी।

# 5111 लोगो में वितरित हुआ घरौनी प्रमाण पत्र




*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने स्वामित्व योजना के 74 लाभार्थियों को घरौनी प्रमाणपत्र सौंपा। जनपद में 700 से अधिक गांवों में अबतक 1,25,278 घरौनियों का वितरण किया जा चुका है। शनिवार को कुल 5111 लोगों को घरौनी बांटा जा रहा है। मंत्री ने कहा कि संपत्ति के मालिकों के लिए औपचारिक बैंकों से ऋण प्राप्त करना आसान हुआ है और अब घरौनी प्राप्तकर्ता स्वरोजगार कर आर्थिक रूप से भी मजबूत हो रहे हैं। इस योजना से सरकारी और निजी भूमि की पहचान भी आसान हुई है, जिससे प्रशासन के लिए नियोजन करना और अतिक्रमण रोकना संभव हो सकेगा। नये भवनों के निर्माण हेतु भूमि चयन भी आसान होगा। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना एक क्रांतिकारी कदम है जो गरीबों के लिए वरदान साबित हो रहा है।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, विधायक सदर जयमंगल कन्नौजिया, विधायक पनियरा ज्ञानेंद्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा, मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, डीएफओ निरंजन सुर्वे सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।

# मिठौरा ब्लॉक में 57 लोगों को वितरित हुआ घरौंदा



**महराजगंज (मिठौरा)। (अवधनामा संवाददाता)** विकास खण्ड मिठौरा ब्लॉक सभागार में प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के तहत घरौनी वितरण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामहरख गुप्ता व विशिष्ट अतिथि संगीता देवी नपा अध्यक्ष चौक रही। कार्यक्रम में कुल 57 लोगों को घरौदी का प्रमाण पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राम हरख गुप्ता ने कहा कि भारत सरकार का संपति अधिकारों की ओर एक नया कदम है। इससे प्रत्येक लोगों को अपने ग्राम सभाओं के जमीनों का अधिकार होगा जो कागजी तौर पर मजबूत रहेगा। वहीं विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष संगीता देवी ने कहा कि सरकार का बहुत ही सराहनीय कार्य है, जो प्रत्येक भू स्वामित्व के तहत लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को खण्ड विकास अधिकारी राहुल सागर ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में कुल 5 ग्रामसभाओं के 57 लोगों में स्वामित्व प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम को संबोधन करते हुए एडीओ पंचायत विनय पाण्डेय ने कहा कि ब्लॉक क्षेत्र के 35 ग्राम सभा में स्वामित्व कार्ड का वितरण होना है।जिसमें 5 ग्राम सभाओं का वितरण ब्लॉक से किया गया। 2 ग्राम सभाओं का वितरण जिला से किया है। बाकी 28 ग्राम सभाओं का ग्राम पंचायत स्तर पर चौपाल लगाकर किया जाएगा। इस दौरान ग्राम सचिव सर्वोत्तम विश्वकर्मा सहित ग्राम सभा के लेखपाल मौजूद रहे।

# रोडवेज बस ने ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से मारा टक्कर

*अवधनामा संवाददाता*



**निचलौल (महराजगंज)।** निचलौल तहसील क्षेत्र अंतर्गत ठूठीबारी से निचलौल मार्ग के बीच ओढवलिया में घने कोहरे में सरकारी बस ने पीछे से ट्रैक्टर ट्राली में जाकर टकरा गया और अनियंत्रित होकर पर पलट गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात घने कोहरे में महाराजगंज से आ रही बस कोहरे के कारण नहीं दिखा जिससे गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्राली को ठोकर मार दिया । इसके बाद से अन्य तीन गाड़ियां भी उसके जद में आ गई । ठोकर इतना जोरदार था कि बस के परखच्चे उड़ गए। वही आगे बैठे आधा दर्जन लोग घायल हो गए। वही घटना के बाद चालक और परिचालक नदारत दिखे। वही घायलों को पुलिस और स्थानीय लोगों के सहयोग से निचलौल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज गया । जिसमें तीन लोगों को गंभीर चोटे आई है। बताते चले कि एनएच 730 की सड़क बन रही है। कार्यदाई संस्था की लापरवाही से सड़क के दोनों तरफ एक साथ गड्ढा खोद दिया गया है। और दोनों तरफ कार्य कराया जा रहा है। सुरक्षा के लिए किसी प्रकार का कोई व्यवस्था नहीं किया गया है। जिससे गाड़ियों के ड्राइवर को साइड लेने के चक्कर में पहिया गड्ढे में चला जाता है। और एक बड़ी दुर्घटना हो जाती है। निचलौल अधीक्षक डॉक्टर डीएन सिंह ने बताया कि घायलों का इलाज चल रहा है।जो गंभीर है उन्हें जिला अस्पताल भेजा जा रहा है। इस संबंध में निचलौल थानेदार गौरव कुमार कनौजिया ने बताया कि तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही को जाएगी।

# असफल वही जो निराश होते हैंः लेफ्टिनेंट शेषनाथ

**महराजगंज (मिठौरा)। (अवधनामा संवाददाता)** नगर पंचायत चौक में स्थित दिग्विजयनाथ इंटरमीडिएट कॉलेज में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा साप्ताहिक शिविर के दूसरे दिन का प्रारंभ स्वयं सेवकों द्वारा योग से किया गया। तत्पश्चात् स्वयंसेवकों द्वारा सोनाड़ी खास स्थित गांवों में स्वच्छ्ता जागरूकता अभियान हेतु रैली निकाली गई। इस रैली के माध्यम से स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को स्वच्छ रहने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना साप्ताहिक शिविर के दूसरे दिन बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता लेफ्टिनेंट शेषनाथ ने कहा कि जीवन में कभी निराश नहीं होना चाहिए। निराशा मनुष्य का सबसे बड़ा दुश्मन है और अक्सर यह देखा जाता है की असफल वही होते हैं जो निराश होते हैं। इसलिए हमें आशा और विश्वास के साथ कोई कार्य करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि बिनोद कुमार विमल ने बताया की स्वच्छ्ता ही सबसे बड़ी सेवा है। कार्यक्रम में श्रेया दिव्या और अंशु ने भी अपने विचार रखें।

# ग्रामीणों को आवासीय अभिलेख घरौनी वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**





**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** तहसील सभागार में शनिवार को प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के तहत मुख्य अतिथि शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा व विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमित कुमार यादव ने गांव के नागरिकों के बीच ग्रामीण आवासीय अभिलेख घरौनी वितरण किया और शोहरतगढ़ तहसील सभागार में बैठकर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के संबोधन को भी सुनकर व वर्चुअल कार्यक्रम का लोगों ने लाभ उठाया।

शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने कहा कि सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों को सुविधा प्रदान कर रही है। बिना भेदभाव के सरकार द्वारा हर वर्ग के लोगों को आवश्यक सुविधा मुहैया कराते हुये देश को विकास की ओर ले जाने के लिए सरकार कटिबंध है। और विधायक ने यह भी कहा कि उपलब्ध कराई गयी घरौनी में यदि किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है तो उसे जिलाधिकारी के संज्ञान में लाकर सही कराने का प्रयास किया जाएगा। शोहरतगढ़ तहसील सभागार में विधायक विनय वर्मा, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमित कुमार यादव, एसडीएम शोहरतगढ़ राहुल सिंह व तहसीलदार अजय कुमार ने औपचारिक रुप से ग्राम पंचायत खरगवार व चरिगवा के 100 नागरिकों को ग्रामीण आवासीय अभिलेख घरौनी उपलब्ध कराया विधायक ने कहा कि विधानसभा शोहरतगढ़ अंतर्गत तहसील शोहरतगढ़ के आबादी वाले सभी ग्रामों में ड्रोन सर्वेक्षण कार्य पूरा हो चुका है। सर्वेक्षण के बाद ग्रामीण आवासीय अभिलेख घरौनी वितरण शुरु हुआ है। एसडीएम शोहरतगढ़ राहुल सिंह ने कहा कि सर्वेक्षण उपरांत शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र के 214 गांव का अभिलेख तैयार हो चुका है जिसका वितरण खंड विकास अधिकारी व हल्का लेखपाल द्वारा भी शुरू कर दिया गया है। इस दौरान विधायक विनय वर्मा, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमित कुमार यादव, एसडीएम राहुल सिंह, तहसीलदार अजय कुमार,नायब तहसीलदार महबूब अंसारी, खंड विकास अधिकारी यशोवर्धन सिंह, लेखपाल आशीष संगम, मुस्ताक अहमद, अनिरुद्ध चौधरी व रामजतन आदि लोग मौजूद रहे।

## स्वामित्व कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**बस्ती।** स्वामित्व योजना के अंतर्गत आज मा. प्रधानमंत्री जी के द्वारा स्वामित्व कार्ड (घरौनी) वितरण कार्यक्रम एवं उद्बोधन और उसी के क्रम में मा. मुख्यमंत्री जी के स्वामित्व कार्ड वितरण कार्यक्रम एवं उद्बोधन का सजीव प्रसारण जनपद मुख्यालय के साथ-साथ समस्त तहसील एवं विकासखंड मुख्यालय पर आयोजित स्वामित्व कार्ड वितरण कार्यक्रमों में किया गया। जनपद स्तर पर मा. राज्य मंत्री, ग्राम्य विकास विभाग एवं समग्र ग्राम विकास, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उप्र श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम, विधायक अजय सिंह, उपाध्यक्ष गोसेवा आयोग महेश शुक्ला, मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह, जिलाधिकारी रवीश गुप्ता, सीडीओ जयदेव सी.एस., अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान, एएसपी ओम प्रकाश सिंह, जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र, वरिष्ठ नेता जगदीश शुक्ला, एमएलसी प्रतिनिधि हरीश सिंह, ब्लाक प्रमुख यशकान्त सिंह, विधायक महादेवा प्रतिनिधि फूलचन्द्र श्रीवास्तव की उपस्थिति में स्वामित्व कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन अटल बिहारी प्रेक्षागृह सभागार में किया गया।

# अडिशन के अन्तिम दिन माध्यमिक विद्यालयों के बच्चों नें बिखेरा जलवा

**अवधनामा संवाददाता**




**सिद्धार्थनगर।** महोत्सव को लेकर चल रही तैयारी में अडिशन के अन्तिम दिन शनिवार को माध्यमिक विद्यालयों के बच्चों नें जमकर जलवा बिखेरा। अभी तक 30 से ज्यादा विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया है। आपको बता दें की इस बार सिद्धार्थनगर महोत्सव 29 जनवरी से 2 फरवरी तक अयोजित किया जा रहा है।

29 जनवरी से शुरू हो रहे पांच दिवसीय सिद्धार्थनगर महोत्सव में माध्यमिक विद्यालय द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर छात्र एवं छात्राओं का अडिशन और रिहर्सल रघुवर प्रसाद जायसवाल इंटर कालेज में शुक्रवार एवं शनिवार को आयोजित किया गया अन्तिम दिन ठाकूर वेणी माधव सिंह, सेमफोर्ड पकड़ी, गंगा इण्टर नेशनल, सरला इण्टर नेशनल, चिल्डेऊन एजुकेशन गाड्रेन, सिद्धार्थनगर डांस क्लासेस, संस्कार भारती, सिंहेस्वरी इण्टर कॉलेज, केन्द्रीय विद्यालय, सेन्ट जेवियर्स आदि स्कूलों के बच्चों नें प्रतिभाग किया आपको बता दें की शुक्रवार को पहले दिन स्टेपअप डांस, सिद्धार्थ मडर्न पब्लिक स्कूल, सिद्धार्थ शिक्षा निकेतन इंटर कलेज, राजमणि सिंह पब्लिक स्कूल, सिंहेश्वरी इंटर कलेज, जय किसान इंटर कलेज, राजकीय इंटर कलेज बांसी, नवींन हायर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, कैलाशपति पब्लिक स्कूल, डीएवी एजुकेशनल, गुडलक पब्लिक स्कूल, रघुवर प्रसाद जायसवाल विद्या मंदिर, सरला इंटरनेशनल एकेडमी, जनता विद्या मंदिर इंटर कलेज, विद्या अकैडमी एवं आइडियल पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राएं शामिल हुऐ थे। अब छात्र/छात्राओं का चयन आयोजन समिति के सदस्यों के द्वारा की जायेगी जिसकी सूचना जल्द की प्रतिभाग करनें वाले को विद्यालयों को दे दी जायेगी। आयोजन समिति के सदस्य पूर्णेश्वर मिश्रा, राजेश शर्मा, ज्योत्सना सिंह, अर्चना सिंह, सविता वर्मा, नितेश पाण्डेय, समरबहादुर पाल, अनिल कुमार, उमाशंकर, इन्द्र कुमार पाण्डेय, बृजेश रस्तोगी आदि लोग उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने भारतीय संविधान के गौरव को कलंकित किया है : संतराज

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** भाजपा जिला कार्यालय पर संविधान गौरव अभियान के तहत शनिवार को संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सभापति सहकारी विकास बैंक उत्तर प्रदेश संतराज यादव एवं विशिष्ट अतिथि विधायक महराजगंज सदर जयमंगल कन्नौजिया रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संतराज यादव ने कहा कांग्रेस ने भारतीय संविधान की गौरव को कलंकित किया है। कांग्रेस ने 1956 में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के निधन के बाद दिल्ली में 26 अलीपुर रोड पर स्थित उनके आवास को राष्ट्रीय स्मारक में बदलने से इनकार कर दिया था यह काम 2016 में मोदी सरकार द्वारा आरंभ किया गया और 2018 में राष्ट्रीय स्मारक का उद्घाटन किया गया। उन्होंने कहा भारतीय संविधान में 106 संशोधन किए गए जिसमें में 75 संशोधन कांग्रेस शासन के दौरान हुए हैं कांग्रेस ने संविधान संशोधन सदैव दुरुपयोग करने के लिए किया है 1975 में इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री पद पर बने रहने के लिए संविधान का दुरुपयोग कर इमरजेंसी लगाया था। विधायक जय मंगल कनौजिया ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व भाजपा ने डॉक्टर अंबेडकर की योगदान का सम्मान करने

**संविधान गौरव अभियान के तहत किया गया संगोष्ठी का आयोजन**

के साथ उनके जीवन से जुड़े पांच प्रमुख स्थलों की पहचान कर उसे पंच तीर्थ के रूप में विकसित किया है और भारतीय जनता पार्टी ने संविधान एंव बाबा साहब का सदैव सम्मान किया है। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा भाजपा सरकार ने शोषण हुआ वंचित समाज को असली न्याय दिया है। कार्यक्रम संचालन जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा डॉ संजय गौतम ने किया। उक्त अवसर पर पुर जिला अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्रा, लाल जी त्रिपाठी, जिला महामंत्री/अभियान संयोजक विपिन सिंह, जिला मीडिया प्रभारी निशांत पाण्डेय, कार्यालय मंत्री आशीष शुक्ल, मंगल चौरसिया, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा अरुण मिश्रा, रामनारायण आदि लोग उपस्थित रहें।

# स्वामित्व योजनान्तर्गत घरौनी वितरण कार्यक्रम का देखा गया लाइव प्रसारण

**अवधनामा संवाददाता**




**सिद्धार्थनगर।** स्वामित्व योजनान्तर्गत घरौनी वितरण कार्यक्रम का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा घरौनी के इलेक्ट्रॉनिक वितरण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण लोहिया कलाभवन में शनिवार को विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर गोविन्द माधव, जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर., मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा देखा गया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री जी के घरौनी वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया।

अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर जनपद स्तर पर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इसके पश्चात जनप्रतिनिधिगण को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक श्याम धनी राही ने कहा कि लाभार्थियों को घर के मालिकाना हक मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। घर का मालिकाना हक / वैध प्रपत्र मिलने से अब किसी प्रकार का झगड़ा आदि नहीं हो सकेगा तथा जरूरत के समय में लोगो को ऋण भी मिल सकेगा। केंद्र व प्रदेश सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य कर रही है।

इसी क्रम में जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांव-गांव तक नल से जल उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानों, महिलाओं, युवाओ, गरीबों के हित में अनेक योजनाएं लागू की गयीं हैं। जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने कहा कि इस योजना से लोन आसानी से मिल जायेगा। जिससे अपना रोजगार कर सकते है। पालिकाध्यक्ष गोविन्द माधव ने कहा कि भारत सरकार/प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओ का लाभ पात्र लाभार्थियों को मिल रहा है। विधायक श्यामधनी राही द्वारा नशा मुक्त शपथ तथा स्वच्छता की शपथ दिलाया गया। अतिथियों द्वारा अपने हाथों से 37 लोगो को घरौनी प्रमाण-पत्र दिया गया। जनपद के समस्त तहसीलों में इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) उमाशंकर, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, कार्यक्रम संयोजक फूलचन्द्र जायसवाल व अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## नवोदय विद्यालय का परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच सम्पन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**लोटन सिद्धार्थनगर।** कल्पनाथ सिंह कन्या इंटरमीडिएट कालेज लोटन बाजार में नवोदय विद्यालय का प्रवेश परीक्षा प्रवेक्षक बीडीओ ओमप्रकाश गुप्ता के निगरानी में शनिवार को सम्पन्न कराया गया। जिसमे केन्द्र पर कुल 254 परीक्षार्थियों को परीक्षा देना था। जिसमे 166 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिया और 88 परिक्षार्थी ने परीक्षा छोड़ दिया। केन्द्र पर किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो उसके लिए सीसीटीवी व बड़े पैमाने पर पुलिस तैनात रही।प्रधानाचार्य नन्द कुमार ने बताया कि परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराने के लिए खण्ड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिंह व तमाम कक्ष निरीक्षक मौजूद रहें।

## स्वामित्व योजना के तहत घरौंनियो का हुआ वितरण



**जलालपुर/अम्बेडकर नगर अवधनामा संवाददाता।** जलालपुर तहसील सभागार में स्वामित्व योजना के तहत घरौनियों का वितरण किया गया। इसके अलावा, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के उद्बोधन का भी सजीव प्रसारण दिखाया गया। जिसमें स्वामित्व प्रमाण पत्र यानी घरौनी का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष एवं अयोध्या जिला प्रभारी डॉ मिथिलेश त्रिपाठी और विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख त्रिभुवननाथ ने जिला मंत्री पंकज वर्मा, एसडीएम पवन जायसवाल, तहसीलदार पद्मेश श्रीवास्तव, जिला प्रतिनिधि देवेश मिश्र, प्रथम महिला मंडल अध्यक्ष सरिता निषाद, नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि, शुभम पांडे समेत के साथ कई गांव के निवासियों को घरौनी प्रमाण पत्र वितरित किया। डॉ मिथिलेश त्रिपाठी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शी सोच का परिणाम है कि अब कोई दबंग व्यक्ति किसी का घर नहीं छीन सकता। उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे आवास, आयुष्मान, सामूहिक विवाह, किसान सम्मान और लखपति दीदी का जिक्र करते हुए कहा कि इन योजनाओं ने देश से गरीबी हटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस घरौनी वितरण कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता केशव श्रीवास्तव लेखपाल रविकांत, अजय यादव,पूर्व नगर अध्यक्ष संजीव मिश्र, भाजपा सभासद अनुज सोनकर, आशीष सोनी,नगर महामंत्री कृष्ण गोपाल गुप्ता, विकास निषाद सहित अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## ब्लाक प्रमुख अनिल दूबे ने किसानो को सौपा स्वामित्व कार्ड

**कुदरहा, बस्ती।** ब्लाक मुख्यालय पर शनिवार को स्वामित्व कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 150 लाभार्थियों को अभिलेख सौपा गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अनिल दुबे, खण्ड विकास अधिकारी आलोक कुमार पंकज ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत में लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री का उद्बोधन सुना और मुख्य अतिथि ने लोगों को स्वच्छता व नशामुक्ति का शपथ दिलाया। संबोधन में मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अनिल दुबे ने कहा कि स्वामित्व कार्ड बनने से गांव का विवाद कम होगा। अधिकांश किसानो के पास अपने भूमि का कोई अभिलेख नही था लेकिन अब अपने घर के जमीन का सभी के पास कागजात रहेगा।

बीडीओ आलोक कुमार पंकज ने कहा कि 150 लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड सौपा गया है। इसके अलावा ग्राम पंचायतो में भी वितरण कराया गया है। गांव के लोगों को भी अब अपने घर का मालिकाना हक मिल जाएगा।

# 16 गर्भवती के साथ 34 बच्चों का हुआ टीकाकरण



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के भरवठिया मुस्तहकम व बौरडीह में शनिवार को वीएचएसएनडी टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में कुल 16 गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच व टीकाकरण के साथ ही 34 बच्चों का टीकाकरण किया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा ब्लॉक रिस्पांस टीम के साथ ग्राम बैरडीह में पहुंचकर गांव में टीकाकरण से उदासीन बच्चो अंकुर, हुसैन,अजीत गोविंद तथा शबनम के अभिभावक को टीकाकरण के लिए प्रेरित करते हुए सभी बच्चों को टीकाकरण करवाया गया तथा अधीक्षक के द्वारा छाया एकीकृत टीकाकरण सत्र का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान एएनएम सीमा के द्वारा 11 गर्भवती महिला समेत कुल 24 बच्चों सेवा दी गई थी। आशा के द्वारा किए गए कार्यो के भौतिक सत्यापन में कमी पाए जाने के कारण आशा को कड़ी चेतावनी देते हुए एक महीने के भीतर कार्यो में सुधार सुनिश्चित के लिए निर्देशित किया तथा आशा बहू को आशा डायरी के प्रत्येक भाग को पूरा करने की बात की। बीएमसी सूर्यदेव सिंह के द्वारा आशा बहू को टीकाकरण से उदासीन परिवार की सूची बनाकर टीकाकरण के लिए प्रेरित करने की बात की गई। इस दौरान राजीव कुमार त्रिपाठी, एएनएम तारामती, दुलारी, रीना, शिवानी आदि उपस्थित रहे।

# 32 ग्राम पंचायत के ग्रामीणों को दिया गया स्वामित्व कार्ड

**अवधनामा संवाददाता**



**लोटन सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड लोटन ब्लाक सभागार में शनिवार को स्वामित्व कार्ड वितरण कार्यक्रम के तहत मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अशीष सिंह की अध्यक्षता में घरौनी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत शुक्रवार को ब्लाक कर्मचारी व सचिवों द्वारा गांवों में ग्रामीणों को घरौनी वितरण कराने के सम्बन्ध में बताया था। ब्लाक प्रमुख अशीष सिंह ने बताया कि घरौनी मिलने के बाद ग्रामीण अपने भूमि पर अधिकार के साथ बैंकिंग सुविधा का लाभ आसानी पूर्वक प्राप्त कर सकते है। ब्लाक में शनिवार को 32 ग्राम पंचायत के 361ग्रामीणो को स्वामित्व कार्ड दिया गया। ब्लॉक के अर्न्तगत कुल 54 ग्राम पंचायत है। जिसमे सभी ग्राम पंचायतो को स्वामित्व योजना के तहत बीते माह लेखपाल द्वारा ड्रोन से सर्वे करके ऑनलाइन घरौनी बनाया गया है। कुछ गांव की आबादी ग्राम समाज की जमीन होने के कारण घरौनी नहीं बनाया गया है। ब्लाक में सुबह दस बजे से गांव के राजस्व कर्मी, प्रधान सचिव के मौजूदगी में ग्रामिणो को स्वामित्व कार्ड देने के साथ प्रधानमंत्री का लाईव प्रसारण भी लाभार्थियों को दिखाया गया। बीडीओ ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि स्वामित्व कार्ड मिलने से ग्रामीणों को अपने सम्पत्ति के रख रखाव का एक अधिकार मिल जायेगा।इसके अलावा तमाम सुविधा इस कार्ड के जरिए मिलेगा। वितरण के दौरान प्रधान संघ अध्यक्ष अरविन्द मणि त्रिपाठी,सचिव दिलीप पटेल, रविन्द्र कुमार जाटव, विनोद कुमार चौधरी, ईश्वर देव,मनोज कुमार, देवेन्द्र मणि त्रिपाठी, सहायक लेखाकार अभिषेक कुमार गुप्ता, वरिष्ठ सहायक उमेश चन्द राय, मनोज कुमार,अब्दुल हकीम राम नाथ मौर्या,अरविंद पाण्डेय रिंकू पाण्डेय, ईरशाद अहमद, गंगा राम यादव, सुग्रीव, लेखपाल मनोज कुमार, अखिलेश यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## स्वामित्व कार्ड वितरण कार्यक्रम आयोजित



**पीलीभीत अवधनामा संवाददाता।** विकासखंड मरौरी सभागार में स्वामित्व योजना के निमित्त संपत्ति अधिकारों की ओर एक कदम ग्रामीण विकास की नई दिशा के तहत स्वामित्व कार्ड वितरण कार्यक्रम मरौरी सभागार में आयोजित किया गया जिसमें खंड विकास अधिकारी श्री लक्ष्मण प्रसाद, ब्लॉक प्रमुख मरौरी श्रीमती सभ्यता वर्मा, माननीय विधायक प्रतिनिधि श्री हरेंद्र राजपूत, ड्डस्रश पंचायत मेहरबान सिंह राणा ग्राम पंचायत अधिकारी राकेश शर्मा, आरुषि, नेहा एवं सम्मानित लाभार्थी उपस्थित रहे।

## जीवन कौशल विकास में खेल प्रतियोगिताओं का बड़ा योगदान

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** डा भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में जनपदीय ग्रामीण



खेल लीग प्रतियोगिता में दूसरे दिन जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने खेल देखने के साथ विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कार भी प्रदान किए। उन्होंने कहा कि जीवन कौशल विकास के लिए खेलकूद प्रतियोगिताओं का निरंतर आयोजन जरूरी है।खेल अनुशासन और समय पालन सिखाते हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा पुरस्कार वितरित किया गया। जिला युवा कल्याण अधिकारी काशीनाथ, उपजिलाधिकारी न्यायिक अभिनव कनौजिया, सचिव जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन संदीप कुमार सिंह, उपक्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रागिनी पांडेय, निधि श्रीवास्तव, जिला वालीबॉल एसोसिएशन मो. इलियास, जिला बैडमिंटन एसोसिएशन महेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# विधायक ने 60 ग्रामीणों को दिया भूमि स्वामित्व कार्ड

### भूमि विवाद के मामलों में आएगी भारी कमी, बैंक लोन भी पा सकते हैं ग्रामीण : वीरेंद्र चौधरी

**रवि श्रीवास्तव**




**आनंदनगर, महराजगंज।** शनिवार को फरेंदा तहसील सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विधायक वीरेंद्र चौधरी ने60 ग्रामीणों को स्वामित्व कार्ड प्रदान किया। उन्होंने कहा कि संपत्ति कार्ड ग्रामीण निवासियों को उनकी भूमि पर कानूनी अधिकार प्रदान करता हैं। यह न केवल बैंक ऋण प्राप्त करने में मदद करता है, बल्कि भूमि विवादों को कम करने और महिलाओं को संपत्ति में उनके अधिकार सुरक्षित करने में भी सहायक है। इसके माध्यम से ग्रामीण समुदायों में वित्तीय समावेशन और सतत विकास को प्रोत्साहित किया गया है।

विधायक श्री चौधरी ने कहा कि अप्रेल 2020 में शुरू इस योजना ने भूमि प्रवंधन को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना ऐसी योजना है जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि का मालिकाना हक रिकार्ड करना और भूमि के स्वामित्व का डिजिटल सत्यापन करना है। विधायक वीरेंद्र चौधरी ने स्वामित्व कार्ड के मायने को विस्तार से परिभाषित करते हुए लोगों को जानकारी दी।

कहा कि स्वामित्व योजना का लाभ उन ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को मिलेगा, जिनके पास कृषि भूमि या आवासीय भूमि है, लेकिन उनका स्वामित्व प्रमाणित नहीं है। इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आधार कार्ड, भूमि का विवरण, निवास प्रमाण पत्र और अन्य स्थानीय दस्तावेज़ों की आवश्यकता पड़ती है।

इस योजना के दायरे में आने वाले लाभार्थियों को यह दस्तावेज जरूरी है। स्वामित्व योजना का लाभ उन्हीं ग्रामीण नागरिकों को मिलेगा जिनके पास भूमि का स्वामित्व है और जिनकी भूमि का रिकॉर्ड अभी तक नहीं बना है। बता दें कि शनिवार को देश के दस प्रदेश और दो केंद्र शासित प्रदेश के 58 लाख ग्रामीणों में स्वामित्व कार्ड का वितरण किया गया।

## शीघ्र ही नपं के दो तालाबों का किया जाएगा सौंदर्यीकरण : महेश प्रताप श्रीवास्तव



**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में एवं उप जिलाधिकारी डुमरियागंज डॉ0 संजीव दीक्षित के मार्गदर्शन में अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव एवं लिपिक सैयद हसन ताकीब रिजवी द्वारा नगर पंचायत डुमरियागंज सीमांतर्गत विभिन्न तालाबों का निरीक्षण किया गया। जिसमें दो तालाबों वार्ड नं 4 रामनगर और वार्ड नं 5 राजेंद्रनगर का सौंदर्यीकरण कराया जाएगा।


निरीक्षण में तालाब पर कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण पाया गया, जिसे अधिशासी अधिकारी द्वारा 2 दिवस के अंदर हटाने हेतु निर्देशित किया गया है। यदि अतिक्रमण नहीं हटाया जाता है तो उसे नगर पंचायत प्रशासन द्वारा हटाया जाएगा एवं अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही में हुए खर्च को अतिक्रमण करने वालों से वसूल किया जाएगा तथा वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। अधिशासी अधिकारी द्वारा दो दिवस में आगणन तैयार करने हेतु अवर अभियंता डुमरियागंज को निर्देशित किया गया है। शीघ्र ही तालाब के सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जाएगा।

## अपनी लकीरें पीटती सियासत

कॉडर की तलाश में भाजपा का कारवां यूं तो बहुत चला, मगर मंजिलों पर बेनामी जमीन पर कांटे बहुत रहे। राहत के लिए यह पैगाम अच्छा है कि बढ़े हुए संगठनात्मक आकार में अब दो रिक्तियां ही बचीं। मात्र दो और रिक्तियां भी अगले कुछ दिनों की मेहमान हैं, लेकिन अपने मंडलों में अपनी ही मुंडियों की पहचान में पार्टी की गर्दन पर बल आया। जो अकड़े, जो विरोध हुए, उनमें सबक हैं और अनेक सवाल भी। पार्टी का चरित्र अपनी ही फौज के सामने अनुत्तीर्ण हो जाए तो मंडल के एक तरफ इतिहास होगा और दूसरी तरफ नया प्रयास होगा। हमने कहा था और यह हकीकत है कि संगठन में भाजपा अपनी प्रतिद्वंद्वी पार्टी कांग्रेस से बहुत आगे है, लेकिन इस बार तूती बोलने से पहले कहीं पांव के घाव कराह उठे। सवाल कहीं गहरा और गंभीर इसलिए कि कांग्रेस से उठाए नेताओं के घर में संगठन की जमीन और आसमान में भारी अंतर रहा है। बेशक मंडलों की तासीर में एक चुनाव भर दिया गया, लेकिन कहीं बहुत पीछे भाजपा के अपने ही लकीर पीटते रह गए। यही लकीरें वहां-वहां खूब लड़ी जहां कांग्रेसी घरानों से भाजपा में कई नेता रसीद हुए। बहरहाल देहरा में होशियार सिंह पर दांव खेल चुकी भाजपा के खजाने में अपने और पराय का नफा नुकसान दिखाई दे रहा है। हम कह सकते हैं कि भाजपा के भीतर भी कई भितरघात हैं, लेकिन सत्ता के छोर पर खड़ी कांग्रेस के हाथ में क्या कोई जादू की छड़ी है जो सब कुछ 'चंगा' मानकर अविचलित है। एक सघन विराम में खड़ी कांग्रेस के नखरे, राजनीति की ऐसी पहेली नहीं कि भाजपा प्रसन्न न हो। एक पार्टी जो 171 मंडलों के माध्यम से चुनावी मंथन में जुटी हो, उसके सामने कांग्रेस की खामोशी आत्मघाती है। कल भाजपा अपने नए कवच में प्रदेश की समूची सियासत को छुपा लेगी, तब कांग्रेस क्या करेगी। यह साबित होने लगा है कि भाजपा अपनी कमान में ऐसा हर अस्त्र-शस्त्र रखती है, जिसके सामने दूसरी पार्टियां मजबूर और महीन नजर आती हैं। दरअसल राजनीति अब शिरकत का इंतजाम है, जिसके लिए भाजपा 24 7 तत्पर रहती है।

बदले में आलाकमान के भरोसे कांग्रेस के आराम गिने जा सकते हैं। यहां ऊंट न जाने कब से बैठे हैं और करवट भी गिन नहीं पाए। यह हिमाचल में पार्टी की ही करवटें थीं कि सत्ता के भीतर तक एक तूफान गुजर गया और देखते ही देखते छह विधायक कांग्रेस की कही में, अनकही बन गए। क्या इसके बाद अफसोस मनाया गया था या इस आश्चर्य पर भी पश्चाताप न किया जाए। जो होना था वो हो चुका है, लेकिन जो करना पड़ेगा, उसके ऊपर भी एक पार्टी अगर वक्त गुजार दे, तो भाजपा की चुनावी कसरतों के पैमाने कहीं तो बेहतर साबित होंगे। हिमाचल के राजनीतिक परिदृश्य का असंतोष अब सत्ता के मरहम या वहम में छुप रहा है, जबकि एक खालीपन अब सरेआम दिखाई देने लगा है। यह तीसरे विकल्प की तलाशी हो सकता है या उभरते नए समीकरणों का कोई कोना। ऐसे में जबकि कांग्रेस और भाजपा के बीच विचारधारा के अंतर सिमट चुके या सीमा रेखाएं मिट चुकी हैं, तो बढ़ते आक्रोश या पार्टियों के भीतरी द्वंद्व कुछ तो विकल्प चाहते हैं। क्यों न माना जाए कि कांग्रेस और भाजपा की बास्केट में जो देखा जा रहा है, वह समय आने पर पाला बदल सकता है। इस तरह के विखंडन की ताजपोशी से आज अगर भाजपा को कांग्रेस में पले नेता मिल गए, तो कल कांग्रेस के आकर्षण में भी पार्टी कुछ तो गंवा सकती है। यह दीगर है कि भाजपा के पास किसी भी आगंतुक के लिए राष्ट्रीयकारण व संभावनाएं कहीं अधिक रही हैं, लेकिन हिमाचल के संदर्भों में ऐसे बदलाव काठ की हांडी पर ही हो रहे हैं, लिहाजा तीसरे मोर्चे का द्वार खुलता है तो झुंड में फंसे नेता, भागेंगे जरूर। हालांकि हिमाचल में इक्का दुक्का नेता या कहने को पंडित सुखराम व मेजर विजय सिंह मनकोटिया ही ऐसे प्रयास कर पाए। नेताओं के हालिया आवरण व विवरण ऐसे नहीं हैं कि अपने दम पर कुनबा बना पाएं, फिर भी पार्टियों के हाशिए घुटन महसूस करते हैं। यह इसलिए भी कि हिमाचल में सत्ता का चरित्र अब यारवाद के घोड़ों पर सवार रहना चाहता है। राजनीति का मंतव्य केवल सत्ता के दरबार तक महफूज रहना चाहता है, इसलिए पार्टियों के छाज अब छलनी से भयभीत हैं। भले ही 171 मंडल बना कर भाजपा ने कांग्रेस के सामने कई दुर्ग बना लिए, लेकिन इस पूरी मंत्रणा से जो हिस्से छिटक गए, उनके असंतोष को कौन सी घड़ी दुरुस्त कर पाएगी।

## बुजुर्ग दंपत्ति परिवार की संपत्ति


संजीव ठाकुर

भारत देश के संदर्भ में मां शब्द बड़ा ही वृहद और विराट है। पूरी सृष्टि इसमें समाहित होती है। मां, धरती, जननी, धरा, माते इतना पवित्र शब्द है कि संताने उनका ऋण कभी नहीं चुका सकती हैं इसी तरह परिवार में पिता भी एक वट वृक्ष की तरह होता है पिता के रहते हुए पुत्र-पुत्री अपने आप को सुरक्षित एवं सहज महसूस करते हैं एवं उनका बाहरी दुनिया से रक्षा करने वाला एक शक्तिशाली व्यक्ति पिता ही होता है द्य भारत सांस्कृतिक संस्कारी रूप से समृद्ध है तथा मां-बाप संतानों के पास रहते हैं। यूरोप और पश्चिम देश इतने अभागे हैं कि वे अपने माता और पिता को वृद्धा आश्रम में छोड़ आते हैं या उन्हें छोड़कर स्वयं संताने दूर चली जाती हैं। स्विजरलैंड जैसे खूबसूरत देश में बुजुर्ग दंपत्ति इच्छा मृत्यु लेकर अपना अंतिम समय व्यतीत करते हैं। भारत में भी कुछ प्रतिशत लोग महानगरों में संताने मां और पिता को वृद्ध आश्रम में रखने का उपक्रम करने लगे हैं। पाश्चात्य सभ्यता की यह अंधी नकल बुजुर्ग दंपतियों के लिए बड़ी ही मार्मिक और हृदय विदारक होती है। वृद्ध दंपतियों का अनुभव परिवार के विकास समृद्धि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। यह विडंबना है मनुष्य अत्यंत अनुभवी परिपक्व,प्रबुद्ध शालीन हो जाता है तब उसके अनुभव कार्य की लगन सहनशीलताऔर परिपक्व मस्तिष्क का हम सदुपयोग नहीं करते उन्हें अवकाश प्रदान कर देते हैं यह भी इस सिक्के का दूसरा पहलू है कि ईस उम्र में शरीर में थकावट और वृद्धावस्था आ जाती है पर हम उन्हें सम्मान और यथा योग्य महत्व देकर उनके मार्गदर्शन और परामर्श का यथोचित लाभ लेकर अपने जीवन व्यवसाय अथवा नई नीतियों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं, पर अमूमन ऐसा होता नहीं है।

वृद्धावस्था को जीवन का अंतिम पड़ाव एवं समस्याओं से गिरी हुई अवस्था माना जाता है, क्योंकि इस अवस्था में वृद्धों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।समय की रफ्तार के साथ समाज में अनेक परिवर्तन होने लगे हैं। नवीन पीढ़ी के लोग पुराने विचारों के लोगों का उनके जीवन में हस्तक्षेप उचित ना समझ कर बर्दाश्त नहीं करते हैं,इसी कारण युवा पीढ़ी बुजुर्गों और वृद्धों के विचारों की गहन उपेक्षा करने लगते हैं और बुजुर्गों को लगता है कि उनकी समाज में उपयोगिता धीरे धीरे कम हो रही है। जीवन का सांध्य काल आने पर मनुष्य कई समस्याओं से घिर जाता है। सबसे बड़ी समस्या शारीरिक क्षमता में कमी आ जाने की है, शरीर की सभी इंद्रियां धीमी पड़ जाती हैं,अनेक प्रकार की व्याधियों से शरीर घिर जाता है और मनुष्य धीरे-धीरे शरीर पर नियंत्रण खोता जाता है। उम्र के वृद्धावस्था के पड़ाव पर अनेक शारीरिक बीमारियों के साथ-साथ मूल समस्या मानसिक व्याधि की होती है। सरकारी तथा गैर सरकारी संगठनों में वेतन भोगी कर्मचारी को एक निर्धारित आयु के बाद सेवानिवृत्त कर दिया जाता है और यह मान लिया जाता है कि वह व्यक्ति अब शारीरिक एवं मानसिक श्रम के योग्य नहीं रहा चाहे वह व्यक्ति स्वस्थ ही क्यों ना हो। इसके बाद उस व्यक्ति के जीवन में अनेक कठिनाई आने लगती हैं। जैसे ही व्यक्ति की आर्थिक उपयोगिता समाज में कम होने लगती है, वह समाज के लिए अनुपयोगी मान लिया जाता है और इस अवस्था में पहुंचने के बाद मानसिक तनाव की स्थिति बनने लगती है। लोगों के संपर्क में न रहना, सहयोगी तथा मित्रों की मृत्यु भी मानसिक तनाव का बड़ा कारण होती है। आत्मविश्वास की धीरे-धीरे कमी होने लगती है, जिससे मानसिक विकृति अकेलापन आदि जैसे रोगों का निर्माण होने लगता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

**महाकुंभ में स्वच्छता के लिए इस्तेमाल की जा रही एक अन्य तकनीक बायोरिमेडिएशन है। यह बड़े तालाबों के लाभकारी सूक्ष्मजीवों जैसा है जो प्रदूषकों को विखंडित कर पानी को शुद्ध करता है। इस प्राकृतिक और पर्यावरण अनुकूल विधि को लगभग 75 बड़े तालाबों में एकत्र किए गए ग्रेवाटर में इस्तेमाल की जाएगी ताकि जल को प्रभावी और सुरक्षित रूप से उपचारित किया जाए। उत्तर प्रदेश सरकार ने 7,000 करोड़ रुपये के कुल महाकुंभ बजट में अपशिष्ट प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण प्रतिबद्धता दर्शायी है।**

## महकुंभ में स्वच्छता के उच्च तकनीकी समाधान


डॉ. जितेंद्र सिंह

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ क्षेत्र में सूर्योदय होने के साथ ही महा-आयोजन की व्यापकता और विशालता दिखने लगती है। वहां उपस्थित विशाल मानव समूह की केवल कल्पना कीजिए जहां प्रत्येक व्यक्ति आस्था और भक्ति के सागर में हिलोरें ले रहा है। लेकिन विश्व की इस विस्मयकारी महाघटना में पर्दे के पीछे अथक परिश्रम करने वाले मूक नायक के तौर पर उन्नत अपशिष्ट प्रबंधन प्रौद्योगिकियां काम कर रही हैं। एक भव्य संगीत सिम्फनी के अनाम परिचालकों की तरह ये नवाचार सुनिश्चित करते हैं कि सफाई और स्वच्छता, संगीत के हर सुर-लहरी की तरह पूरी तरह लयबद्ध हो।

महाकुंभ में उच्च तकनीक वाले सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से लेकर प्राकृतिक शुद्धिकरण तालाबों तक, प्रत्येक उपाय पर्यावरण की शुद्धता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। परंपरा और प्रौद्योगिकी का यह सामंजस्यपूर्ण मिश्रण न केवल महाकुंभ के आध्यात्मिक सार को संरक्षित करता है, बल्कि दुनिया भर में भविष्य के बड़े पैमाने पर आयोजित होने वाले समारोहों के लिए एक मानक भी स्थापित करता है।

एक हलचल भरे शहर की कल्पना करें जो रातोंरात अस्तित्व में आ गया हो, जहां करोड़ों लोग एक भव्य आयोजन के लिए जुटे हों। 45 दिनों के इस विशाल धार्मिक आयोजन में जिसमें अनुमानित तौर पर 40 करोड़ आगंतुक पहुंचे हों, वहां हर दिन उत्पन्न कचरे का प्रबंधन हैरत में डालने वाला है। हालांकि इससे अधिकारी विचलित नहीं हुए और उन्होंने इस कठिन कार्य के लिए भारत के दो प्रमुख वैज्ञानिक संस्थानों, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बार्क) की मदद ली है।



महाकुंभ में उत्पन्न अपशिष्ट दिमाग को चकरा देने वाला है। वहां हर दिन लगभग 16 मिलियन लीटर मल विष्ठा, 240 मिलियन लीटर ग्रे-वाटर (शौचालय को छोड़कर अपशिष्ट जल) और करोड़ों तीर्थयात्रियों द्वारा बड़े पैमाने पर उत्पन्न ठोस अपशिष्ट शामिल हैं। इसके निपटान प्रबंधन के लिए परिष्कृत समाधानों की आवश्यकता पड़ी और तभी उन्नत प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल काम आया।

इनमें से एक हाइब्रिड ग्रेनुलर सीक्वेंसिंग बैच रिएक्टर (एचजीएसबीआर) है, जिसे इसरो और बार्क के सहयोग से विकसित किया गया है। ये उच्च तकनीक की वॉशिंग मशीन जैसा है जो कपड़े साफ करने की बजाय सीवेज का निपटान करता है। इस तकनीक का उपयोग तीन प्रीफैब्रिकेटेड मल विष्ठा ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) में किया जा रहा है, जो मानव अपशिष्ट को कुशलतापूर्वक संसाधित कर सुनिश्चित करता है कि वातावरण स्वच्छ और सुरक्षित रहे। वहां एक अन्य तकनीक जीओ ट्यूब टेक्नोलॉजी अपनाई जा रही है जो कचरे के नियंत्रण और उपचार में सहायक है। यह सुनिश्चित करती है कि पर्यावरण में केवल स्वच्छ पानी ही छोड़ा जाए। यह एक विशाल चाय बैग की तरह है जो बड़ी मात्रा में तरल अपशिष्ट सोखकर उसे साफ करता है।

महाकुंभ में स्वच्छता के लिए इस्तेमाल की जा रही एक अन्य तकनीक बायोरिमेडिएशन है। यह बड़े तालाबों के लाभकारी सूक्ष्मजीवों जैसा है जो प्रदूषकों को विखंडित कर पानी को शुद्ध करता है। इस प्राकृतिक और पर्यावरण अनुकूल विधि को लगभग 75 बड़े तालाबों में एकत्र किए गए ग्रेवाटर में इस्तेमाल की जाएगी ताकि जल को प्रभावी और सुरक्षित रूप से उपचारित किया जाए।

उत्तर प्रदेश सरकार ने 7,000 करोड़ रुपये के कुल महाकुंभ बजट में अपशिष्ट प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण प्रतिबद्धता दर्शायी है। वहां अपशिष्ट और जल प्रबंधन के लिए 1,600 करोड़ रुपए और खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) बुनियादी ढांचे के लिए 316 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। यह वित्तीय और ढांचागत प्रतिबद्धता आयोजन के दौरान स्वच्छता और साफ-सफाई बनाए रखने के महत्व को रेखांकित करता है।

स्वच्छता उपायों में इन प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल का उद्देश्य महत्वपूर्ण पर्यावरणीय चिंताओं को कम करना है। वे नदी के जल प्रदूषण को रोकते हैं, अपशिष्ट और सीवेज से संभावित स्वास्थ्य जोखिमों को कम करते हैं, और बड़े पैमाने पर लोगों के एकत्रित होने के पारिस्थितिकी नुकसान में कमी लाते हैं। अपशिष्ट प्रबंधन परिचालन रणनीति में मैनुअल हैंडलिंग को कम से कम करना, उन्नत तकनीकों का उपयोग कर स्रोत-स्तरीय अपशिष्ट पृथक्करण पर जोर देना और व्यापक निपटान तंत्र को लागू करना शामिल है। इसके अतिरिक्त वहां अन्य आरंभिक उपायों में 1 लाख 45 हजार पोर्टेबल शौचालयों की स्थापना, निरंतर सफाई के लिए बड़ी संख्या में सफाई कर्मियों की तैनाती, पर्याप्त चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था और एक व्यापक अपशिष्ट संग्रह और प्रबंधन बुनियादी ढांचे शामिल हैं।

ये उन्नत प्रौद्योगिकियां बड़े पैमाने पर धार्मिक समारोहों के प्रबंधन में व्यापक बदलाव दर्शाते हैं। वे पर्यावरणीय स्थायी अपशिष्ट प्रबंधन, अल्प स्वास्थ्य जोखिम, न्यूनतम पारिस्थितिक व्यवधान और कुशल संसाधन उपयोग के उपाय प्रदान करते हैं। यह महाकुंभ 2025 में बड़े पैमाने पर धार्मिक समागमों से जुड़ी जटिल प्रचालनतंत्र और पर्यावरणीय चुनौतियों के प्रबंधन में भारत की तकनीकी कौशल का दस्तावेज है। यह एक दीप्तिमान उदाहरण है कि प्रौद्योगिकी और परंपरा सबके लिए कैसे एक स्वच्छ, स्वस्थ भविष्य निर्मित कर सकते हैं।

## भारत में पैर पसारता ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस

**अमेरिकी सीडीएस के मुताबिक, कोविड-19 पर टेंप्रेचर का इफेक्ट होने की वजह से सीजनल था, लेकिनएमपीवी पर टेंप्रेचर का ज्यादा फर्क नहीं पड़ता, जिसके चलते अलग- अलग मौसम में फैल रहा है। अमेरिका में सर्दी से लेकर बसंत के मौसम में इसके केस पीक पर पर होते हैं। एचएमवीपी वायरस का ट्रांसमिशन रेट यानी फैलने की दर कोरोना वायरस की तुलना में कम है।लेकिन इसके फैलने का तरीका लगभग एक जैसा है।**


किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ का हर देश बड़ी मुश्किल से कोरोना महामारी से निज़ात पाकर स्टेबल होते जा रहे हैं, परंतु इसके विभिन्न वेरिएंट पीछा नहीं छोड़ रहे हैं। एक और जहां 20 जनवरी 2025 को डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति पद ग्रहण करने व अपनी रणनीतियों से पूरे विश्व के प्रभावित होने के फंडे से पर पूरी दुनियाँ की दहशत भरी नज़रें लगी हुई है, तो वहीं दूसरी ओर एक नई कोरोनावायरस एचएमपीवी के बढ़ते संक्रमण से सभी देश संपूर्ण तैयारी में जुट गए हैं, जिसमें भारत भी है। चूँकि भारत में 11 जनवरी 2025 तक 11 से अधिक केस डिटेक्ट हो चुके हैं, सरकार ने राज्य सरकारों को गाइडलाइंस जारी कर दिए हैं, तो वहीं झारखंड ने भी अपने राज्य के लिए गाइडलाइंस जारी कर दी है। चूँकि पूरी दुनियाँ कोविड महामारी के दंश को झेल चुकी है चुकी है इसलिए सभी देशों नें अपने-अपने स्वास्थ्य स्ट्रक्चर को बहुत अधिक मजबूत कर दिए हैं जिसमें भारत भी एक है, परंतु सबसे अधिक जवाबदेही हम नागरिकों की भी है किमरीज का पता चलने पर तुरंत उसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग को दें व बच्चों, बुजुर्गों को भीड़भाड़ वाले इलाके में जाने से बचें, मास्क लगाए व सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस का पालन करें तो हम इस महामारी से जोरदार तरीके से मुकाबला कर इसें ज़मीं दरोज कर सकते हैं। चूँकि 5 वर्ष से कम व 65 वर्ष से अधिक आयु वाले व सांस एवं अस्थमा रोगियों को सतर्क रहने की जरूरत है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,भारत में पैर पसारता ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस-इन्फेक्शन और सांस से जुड़े वायरस का बुजुर्गों बच्चों पर निशाना- सरकार सतर्क परंतु सावधान रहने की ज़रूरत।

साथियों बातें अगर हम ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस को संपूर्ण जानने की करें तो यह इंफेक्शन और सांस से जुड़ावायरस है। इसमें मरीजों को खांसी, बुखार, सांस लेने में तकलीफ और नाक बहने जैसी समस्याएं होती हैं।एचएमपीवी एक आरएनए वायरस है, जो आमतौर पर सर्दी जैसे लक्षण पैदा करता है। इसका जोखिम ठंड के मौसम में ज्यादा होता है। अमेरिका के सेंटर्स फॉर डीजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के मुताबिक, ये वायरस न्यूमोविरिडे वायरस फैमिली से जुड़ा है, जिसमें रेस्पिरेटरी सिंसिटियल वायरस भी शामिल है। रेस्पिरेटरी सिंसिटियल वायरस से फेफड़ों और सांस नली में इंफेक्शन होता है। ये इतना आम है कि 2 साल तक की उम्र के ज्यादातर बच्चे इस वायरस से प्रभावित हो जाते हैं। कोरोना यानी कोविड-19 महामारी के लिए जो वायरस जिम्मेदार था, जो कोरोना विरिडे वायरस फैमिली से जुड़ा है। एचएमपीएस और कोरोना अलग-अलग वायरल फैमिली से आते हैं, लेकिन दोनों के लक्षण भी लगभग समान हैंएचएमपीवी से जुड़े आम लक्षणों में खांसी, बुखार, नाक बंद होना और सांस लेने में तकलीफ शामिल हैं जो कोविड -19 में भी हो रहे थे। अमेरिकी सीडीएस के मुताबिक, कोविड-19 पर टेंप्रेचर का इफेक्ट होने की वजह से सीजनल था, लेकिनएमपीवी पर टेंप्रेचर का ज्यादा फर्क नहीं पड़ता, जिसके चलते अलग- अलग मौसम में फैल रहा है। अमेरिका में सर्दी से लेकर बसंत के मौसम में इसके केस पीक पर पर होते हैं। एचएमवीपी वायरस का ट्रांसमिशन रेट यानी फैलने की दर कोरोना वायरस की तुलना में कम है।लेकिन इसके फैलने का तरीका लगभग एक जैसा है। ड्रॉपलेट्सः जब कोई संक्रमित व्यक्ति खांसता, छींकता या बात करता है, तो हवा में कुछ बूंदें फैलती हैं। डायरेक्ट कॉन्टैक्टः संक्रमित व्यक्ति के साथ डायरेक्ट कॉन्टैक्ट यानी सीधे या शारीरिक संपर्क से फैल सकता है।खासकर अगर कोई उनके चेहरे, आंख या मुंह को छूता है।चीजों की सतह : ये चीजों की सतहों पर बना रह सकता है। दरवाजे के हैंडल यामोबाइल जैसी दूषित चीजों को छूने से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। हवा में मौजूदगी : वायरस के छोटे- छोटे पार्टिकल्स हवा में रह सकते हैं, खासकर भीड़भाड़ वाले या खराब हवा वाली जगहों में, इसका सबसे ज्यादा असर 5 साल से कम उम्र के बच्चों और 65 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों को होगा, खासकर समय से पहले जन्मे बच्चे यानी प्री-मैच्योर चाइल्ड में। साथ ही जिन लोगों की इम्युनिटी कमजोर है या जिन्हें अस्थमा जैसी सांस से जुड़ी बीमारी है।



साथियों बात अगर हम इस वायरस से नहीं डरनेसावधानी रखने व जांच करने की करें तो, चीन में तेजी से फैले ह्यूमन मेटानिमोवायरस ने ये डर और बैठा दिया है कि कहीं ये कोरोना वायरस जैसी महामारी का रूप न ले ले, इसको लेकर भारत में भी पैनी नजर रखी जा रही है। ताजा घटनाक्रम में भारत सरकार ने कहा है कि भारत इस वायरस से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है और घबराने की जरूरत नहीं है, वहीं, तेलंगाना सरकार ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं।हालांकि राज्य में अब तक 11 से अधिक मामले आए हैं, इसलिए हम सबको मिलकर इन बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। (1) खांसते या छीकते समय मुंह और नाक को रूमाल या टिश्यू से ढकें, (2) अपने हाथों को साबुन और पानी से बार-बार धोएं या अल्कोहल-आधारित सैनिटाइज़र का उपयोग करें। (3) भीड़भाड़ वाली जगहों से बचें और फ्लू से प्रभावित लोगों से दूरी बनाए रखें। (4) बुखार, खांसी या छींक आने पर सार्वजनिक स्थानों पर जाने से बचें। (5) पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और पौष्टिक भोजन करें। (6) सभी स्थानों पर पर्याप्त वेंटिलेशन सुनिश्चित करें। (7) बीमार होने पर घर पर रहें और दूसरों के संपर्क को सीमित करें। साथियों इसके लक्षण दिखने पर एचएमपीवी वायरस की जांच कराई जा सकती है। इसी जांच भी कोरोना वायरस जैसी ही सरकारी अस्पतालों या प्राइवेट लैब में कराई जा सकती है। सैंपल प्रोसेस, नासॉफैरिंजियल स्वैब नाक में कॉटन बड्स डालकर सैंपल लेना। थ्रोट स्वैब गले में कॉटन बड्स डालना। ब्लड सैंपल कुछ मामलों में ब्लड टेस्ट भी किया जा सकता है। बलगम- यदि मरीज को बलगम हो रहा हो, तो उसे भी जांच के लिए भेजा जा सकता है। साथियों बात अगर हम एचएमपीवी संक्रमण को कोविड -19 के परिपेक्ष में से समझने की करें तो, कोविड-19 महामारी से दुनियाँ भर में लंबा लॉकडाउन लगा रहा और लाखों लोगों की मौत भी हुई। लगभग 4 साल बाद इस महामारी से उबरने के बाद चैन की सांस ली ही थी कि अब एक और वायरस ने दुनियाँ भर में चिंताएं बढ़ा दी हैं। दरअसल, रिपोर्ट्स बताती हैं कि चीन घातक कोविड-19 महामारी के प्रकोप के चार साल बाद एक और महामारी से जूझ रहा है। इस महामारी का कारण एक वायरस है जिसका नाम है, ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी ) इस वायरस के कारण कई देश इसके प्रसार पर निगरानी रख रहे। मेडिकल संस्थानों ने एचएमपीवी पर चिंता जताई है जो एक रेस्पिरेट्री (श्वसन) वायरस है जो कई एशियाई देशों को प्रभावित कर रहा है। रॉयटर्स में पब्लिश एक रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में पाए गए मामलों में राइनोवायरस और मानव मेटान्यूमोवायरस जैसे रोगाणु शामिल हैं।

## केजरीवाल के लिए कांग्रेस ने बढ़ाई चुनौती

**कालका जी सीट भी बहुत महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि यहां से दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी चुनाव लड़ रहीं हैं तो कांग्रेस ने ऑल इंडिया कांग्रेस महिला कमेटी की अध्यक्ष चर्चित चेहरा अल्का लांबा को मैदान में उतार दिया है। वहीं भाजपा ने रमेश विधूड़ी को उतारा है रमेश विधूड़ी दोनों दिग्गज महिला नेताओ के विरुद्ध निजी कटाक्ष करते हुए चर्चा में बने हुए हैं, लेकिन रमेश विधूड़ी के अभद्र बयान भाजपा को काफ़ी नुकसान पहुचाने वाले हैं यह तय है।**


दिलीप पाठक

पिछले दो विधानसभा चुनावों में करारी हार के बाद अपनी सत्ता गँवा चुकी कांग्रेस इस बार अपनी खोई हुई ज़मीन तलाशने के लिए मजबूती से चुनाव लड़ रही है। कई चुनावो बाद कांग्रेस की ज़ोरदार सक्रियता ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जुनून और जोश से भर दिया है। अब दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचार अभियान जोर पकड़ने लगा है। दिल्ली में कांग्रेस के उम्मीदवार इस समय लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की डिमांड सबसे ज्यादा कर रहे हैं। हाल ही में वायनाड लोकसभा सीट से जीतकर सांसद बनी प्रियंका गांधी वाड्रा के भी चुनाव प्रचार में उतरने की संभावना प्रबल हो चुकी है।

इस बार मुख्य आम आदमी पार्टी और बीजेपी के बीच मुकाबला माना जा रहा है, लेकिन कांग्रेस की वापसी की चर्चा हर ओर है। पिछली बार साल 2020 में 5 फीसदी से भी कम वोट लाने वाली कांग्रेस इस बार कितना वोट ला पाएगी? इस बार दिल्ली में किसकी सरकार बनेगी? यह भविष्य में तय होगा। 2015 और 2020 में कांग्रेस दिल्ली में खाता नहीं खोल पाई थी, इसीलिए कांग्रेस इस बार देश की राजधानी में अपने सर्वाइवल की लड़ाई लड़ रही है। अब जबकि सभी 70 सीटों के लिए प्रत्याशियों का चेहरा साफ हो गया है, ऐसे में कांग्रेस के कैंपेन और उसके चुनाव प्रचार पर सबकी नजर है। प्रदेश कांग्रेस और उम्मीदवारों की तरफ से राहुल और प्रियंका की रैली और रोड शो को लेकर अंतिम रूप दिया जा रहा है। इन दोनों नेताओं की पूरी दिल्ली में लगभग एक दर्जन कार्यक्रम करवाने की तैयारी है, जिसमें सभाएं और रोड शो शामिल हैं।



सबकी नजर इन दिनों नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र पर है। ये सीट काफी हाई प्रोफाइल बन गई है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इस विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी उम्मीदवार हैं। रोचक बात यह है कि कांग्रेस ने पूर्व सांसद संदीप दीक्षित को यहां मैदान में उतारा है। संदीप दीक्षित पूर्व लोकप्रिय मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे हैं। शीला 2013 से पहले लगातार तीन बार इसी नई दिल्ली सीट से विधायक रहीं। इन दिनों नई दिल्ली विधानसभा सीट पर राहुल गांधी का रोड शो करवाए जाने की तैयारी की जा रही है। फिलहाल, रूट को तय किया जा रहा है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचार की शुरुआत हो गई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पिछले हफ्ते सीलमपुर में पहली रैली कर चुके हैं, और मुस्लिम बहुल उस इलाके में राहुल गांधी बीजेपी पर तो बरसे ही थे, साथ ही आम आदमी पार्टी और खासतौर पर पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल पर भी कई सवाल उठाए थे। अब ऐसी कोशिश की जा रही है कि राहुल गांधी आने वाले हफ्ते से ऐसे इलाकों में प्रचार करने पहुंचें, जहां पार्टी को अपने रिवाइवल की उम्मीद सबसे ज्यादा है। इस बीच, उम्मीदवारों को साफ तौर पर कहा गया है कि वे घर-घर जाकर जनसंपर्क करें। खासतौर पर उम्मीदवारों को हिदायत दी गई है कि कांग्रेस ने जिन पांच वादों को लोगों के सामने रखा है, उसे हैंड बिल और पोस्टरों के जरिए घर-घर पहुंचाया जाए।

कालका जी सीट भी बहुत महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि यहां से दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी चुनाव लड़ रहीं हैं तो कांग्रेस ने ऑल इंडिया कांग्रेस महिला कमेटी की अध्यक्ष चर्चित चेहरा अल्का लांबा को मैदान में उतार दिया है। वहीं भाजपा ने रमेश विधूड़ी को उतारा है रमेश विधूड़ी दोनों दिग्गज महिला नेताओ के विरुद्ध निजी कटाक्ष करते हुए चर्चा में बने हुए हैं, लेकिन रमेश विधूड़ी के अभद्र बयान भाजपा को काफ़ी नुकसान पहुचाने वाले हैं यह तय है। रमेश विधूड़ी पहले भी ऐसे आपत्तिजनक टिप्पणी करते रहे हैं। अभद्र बयान देने वाले शहजाद पूनावाला ने तो माफ़ी मांग ली है, लेकिन रमेश विधूड़ी पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

पिछले दो चुनावों में खाता भी न खोल पाने वाली कांग्रेस इस बार दिल्ली में अपने अस्तित्व को पुनः कायम करने के लिए लड़ रही है। वहीं आम आदमी पार्टी दो बार प्रचंड बहुमत प्राप्त करने वाली इस बार वो बहुमत प्राप्त नहीं कर पाएगी यह तय लग रहा है। अगर कांग्रेस पुनः जनता से सम्बन्ध कायम कर सकी तो 07-10 सीटें जीत सकती है, वहीं भाजपा का भी ग्राफ बढ़ने के चांस हैं। गुजरात, हरियाणा में कांग्रेस को नुकसान पहुंचाने वाली आम आदमी पार्टी को अब दिल्ली में कांग्रेस, केजरीवाल कम्पनी एवं आम आदमी पार्टी को नुकसान पहुंचाने के लिए पूरी तरह तैयार दिख रहे हैं। जाहिर है कांगेस सरकार तो नहीं बना पाएगी लेकिन केजरीवाल को कमज़ोर कर सकती है। बहुत मुमकिन है केजरीवाल बहुमत भी खो सकते हैं। इसलिए ही केजरीवाल ने इंडिया के बड़े नेताओ का समर्थन हासिल करते हुए कांग्रेस पर दबाव बनाया था कि कांग्रेस दिल्ली चुनाव में सक्रिय न रहे, लेकिन कांग्रेस ने किसी की भी बात न मानते हुए इस बार केजरीवाल को गच्चा देने का मन बना चुकी है। दिल्ली चुनाव में कांग्रेस के पास खोने के लिए कुछ नहीं है, लेकिन पाने के लिए बहुत कुछ है। यही कारण है कि केजरीवाल के लिए भाजपा से कहीं अधिक कांग्रेस चिंता का सबब बनी हुई है।

# यूपी को एक और हाईवे की सौगात

## कई जिलों से होकर गुजरेगा छह लेन का ग्रीनफील्ड हाईवे, आसमान छुएंगे जमीनों के दाम

अवधनामा संवाददाता



लखनऊ। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने प्रस्तावित गोरखपुर-शामली हाईवे को पानीपत (हरियाणा) से जोड़ने का फैसला किया है। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के लिए दिल्ली की एक फर्म का सलाहकार (कंसल्टेंट) के तौर पर चयन कर लिया गया है। जमीन पर सीमांकन का काम यही फर्म करेगी। यह छह लेन का प्रवेश नियंत्रित ग्रीनफील्ड हाईवे होगा।

इस हाईवे की लंबाई करीब 700 किमी होगी, जो उत्तर प्रदेश के 15 जिलों से होकर गुजरेगा। गोरखपुर से प्रारंभ होकर महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, और श्रावस्ती होते हुए बहराइच तक आएगा। उसके बाद लखनऊ और सीतापुर के उत्तर से होते हुए लखीमपुर जिले के मध्य से गुजरेगा। फिर पीलीभीत होते हुए बरेली और मुरादाबाद के भी उत्तर से गुजरेगा।

■ इसे पानीपत तक ले जाया जाएगा, कई पैकेज में कराया जाएगा काम

एनएचएआई के उच्चपदस्थ अधिकारियों के मुताबिक, प्रारंभ में इस हाईवे को गोरखपुर से शामली तक बनाने की योजना बनाई गई थी, लेकिन अब इसे पानीपत तक ले जाया जाएगा। इससे लंबाई में करीब 53 किमी की वृद्धि होगी। हरियाणा का यह औद्योगिक शहर यूपी के कई अपेक्षाकृत पिछड़े माने वाले शहरों से सीधा जुड़ जाएगा। यहां बता दें कि पानीपत टेक्सटाइल उद्योग का हब माना जाता है। वहां तक प्रवेश नियंत्रित हाईवे बनने से यूपी के इन जिलों को भी कारोबार के लिहाज से फायदा होगा। एनएचएआई मुख्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दिल्ली की आईसीटी फर्म इस हाईवे के लिए सीमांकन के साथ ही लागत का आकलन भी करेगी। डीपीआर बनने के बाद निर्माण के लिए टेंडर आमंत्रित किए जाएंगे।

### वाराणसी-प्रयागराज आर्थिक क्षेत्र से चमकेगी पूर्वांचल की तस्वीर

लखनऊ। नीति आयोग ने पूर्वांचल में वाराणसी-प्रयागराज आर्थिक क्षेत्र बनाने का सुझाव दिया है। इससे पूर्वांचल की तस्वीर चमकने की बात कही जा रही है। इसे धार्मिक, आध्यात्मिक पर्यटन के साथ ही कला व संस्कृति का प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इस क्षेत्र को मैन्युफैक्चरिंग व लॉजिस्टिक का हब भी बनाने का प्रस्ताव है। कृषि के साथ ही बागवानी व डेयरी उद्योग को भी यहां बढ़ावा दिया जाएगा। नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने शुक्रवार को ग्रोथ हब कार्यक्रम के तहत मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के समक्ष वाराणसी-प्रयागराज आर्थिक क्षेत्र का प्रस्तुतीकरण दिया।

# प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन आवश्यक बैठक आज

ललितपुर। प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ललितपुर की आवश्यक बैठक आज दिनॉक 19 जनवरी दिन रविवार को दोपहर 12 बजे से स्थानीय प्रशान्ति विद्या मन्दिर गोविन्द नगर ललितपुर में आयोजित की जा रही है। जिसमें प्रमुख रूप से निम्न बिन्दुओं पर चर्चा की जाना प्रस्तावित है। यह जानकारी एसोसिएशन के महामंत्री ध्रुव साहू मे दी। उन्होंने सभी सम्मानित साथियों से बैठक में पधारकर अपने सुझावों से अवगत कराने की अपील की है। उन्होंने बताया कि बैठक मे प्रमुख रूप से प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन की अब तक की कार्यों की प्रगति, विद्यालायों का गृहकर माफ किये जाने, गृहकर के अनुसार जलकर माफ किये जाने की मॉग किये जाने, भूगर्भ जल विभाग से प्राप्त हो रहे नोटिसों पर रणनीति बनाने, अलाभित समूहों के बच्चों की विद्यालय को मिलने वाली धनराशि को बढाने, विद्यालयों की मान्यता नवीनीकरण को लेकर बनी असमंजस पर विचार किया जाएगा।

# रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी ने पड़ौसी पर लगाये गम्भीर आरोप

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी ने सीजेएम न्यायालय में वाद दायर किया है। बताया कि पड़ौस में रहने वाले कुछ लोग स्वयं को किसी पोर्टल का ब्यूरो चीफ बताते हुये उनके व उनके परिजनों के खिलाफ सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार कर लगातार अपमानित कर रहा है। इतना ही नहीं उन्होंने उक्त लोगों पर एक पुराने दर्ज मामले को लेकर गालियां देने, मारपीट करने और जान से मारने की नीयत से हमलावर होने के गंभीर आरोप लगाये हैं। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष दायर किये वाद में तालाबपुरा नृसिंह मंदिर मैदान के सामने सुम्मेरा तालाब बंध के ऊपर रहने वाले 63 वर्षीय मनोज गिरी पुत्र घनश्याम गिरी ने बताया कि रामलीला मैदान के सामने

■ आपत्तिजनक बैनर पोस्टर लगाकर छवि धूमिल करने का भी आरोप
■ सीजेएम न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

तालाबपुरा निवासी उनके भाई रजनीश गिरी, श्रीमती प्रवेश गिरी व रजत गिरी से उनके पिता द्वारा दर्ज कराये गये मामले को लेकर विवाद चला आ रहा है। मनोज गिरी ने बताया कि रजत गिरी पुत्र रजनीश जो खुद को किसी न्यूज पोर्टल का ब्यूरो चीफ बताता है और लगातार उसके व उसके परिजनों के खिलाफ सोशल मीडिया पर दुष्प्रचारित करके अपमानित कर रहा है, जिस कारण उसकी परिवार समेत छवि धूमिल हो रही है। बताया कि 28 अगस्त 2024 को करीब 10.06 बजे उसके घर के बाहर अपमानजनक टिप्पणियां लिखा हुआ बोर्ड बैनर उक्त लोगों द्वारा रख दिया गया। उसने जब मौके पर जाकर देखा तो उसके साथ गालियां देते हुये एकराय होकर जान से मारने की धमकी दी। बताया कि उसके पिता घनश्याम गिरी ने रजनीश गिरी के खिलाफ मामला दर्ज कराया था, अब उक्त मामले में वह राजीनामा करने का दबाव बना रहे हैं। इतना ही नहीं उक्त लोगों ने मुकद्दमें में खर्च एक लाख रुपये की मांग करते हुये न देने पर जान से मारने की धमकी दी। शोरगुल सुनकर पीड़ित का पुत्र नितिन गिरी, ध्रुव गिरी व आस-पड़ौस के कई लोग एकत्र हो गये और बीच-बचाव किया। आरोप है कि उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। मामले की शिकायत दर्ज कराने जब वह कोतवाली पहुंचा तो वहां उसे आश्वासन दिया गया, लेकिन शिकायत दर्ज नहीं की गयी। कई बार कोतवाली जाने पर शिकायत दर्ज नहीं हुयी तो वह एसपी के समक्ष 7 सितम्बर 2024 को पेश हुआ और रजिस्टर्ड डाक से भी शिकायती पत्र भेजा। बावजूद इसके मामला दर्ज नहीं किया गया।

# प्रयागराज महाकुम्भ से लौट रहे यात्री का ट्रेन से पर्स चोरी

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। थाना बार क्षेत्र व हाल गायत्री मंदिर के पास इलाइट चौराहा निवासी आलोक कुमार पुत्र शिवनारायण गुप्ता ने जीआरपी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह बीती 16 जनवरी को प्रयागराज रेलवे स्टेशन से ललितपुर के लिए ट्रेन संख्या 14116 प्रयागराज अम्बेड़करनगर एक्सप्रेस में रात्रि 9.50 बजे बैठा था। बताया कि वह प्रयागराज कुम्भ में स्नान करने गया हुआ था, जहां स्टेशन पर काफी भीड़ थी। बताया कि खजुराहो रेलवे स्टेशन के आसपास उसने अपनी जेब देखी तो उसमें उसका पर्स गायब था। आरोप है कि भीड़ का लाभ उठाकर किसी ने उसका पर्स जेब से निकाल लिया। आलोक कुमार के अनुसार उसके पर्स में आधार कार्ड, एसबीआई का एटीएम कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस के अलावा अन्य जरूरी प्रपत्र और लगभग दो हजार रुपये नकद थे। पीड़ित ने बताया कि शाम करीब 6 बजे उसे जानकारी हुयी।

■ महिला यात्री का मोबाइल फोन भी हुआ चोरी

वहीं दूसरी ओर महाराष्ट्र के जलगांव में रहने वाली खुशी पाण्डे ने ललितपुर जीआरपी को अवगत कराया कि वह बीती 8 दिसम्बर 2024 को हजरत निजामुद्दीन से रानी कमलापति स्टेशन आने के लिए अपने साथियों के साथ ट्रेन संख्या 12722 दक्षिण एक्सप्रेस के कोच संख्या एस-2 के बर्थ संख्या 69 पर यात्री कर रही थी। बताया कि वह सुबह करीब 4 बजे अपना मोबाइल फोन चार्जिंग प्वाइंट पर लगाकर अपनी ही सीट पर सो गयी। बताया कि ट्रेन ललितपुर स्टेशन पहुंची तो उसकी नींद खुल गयी और उसने देखा कि उसका मोबाइल फोन चार्जिंग प्वाइंट से गायब है। पीड़िता ने बताया कि उसने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका फोन नहीं मिला। पीड़िता के अनुसार फोन की अनुमानित लागत 22 हजार रुपये थी।

# प्रॉपर्टी कार्ड पाकर खिले लाभार्थियों के चेहरे

## प्रधानमंत्री ने 65 लाख से अधिक लाभार्थियों को दिया प्रॉपर्टी कार्ड, सबसे अधिक 45 लाख लाभार्थी यूपी से

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। शनिवार को स्वामित्व योजना के तहत प्रधानमंत्री द्वारा देशभर के लगभग 50 हजार गांवों के 65 लाख से अधिक डिजिटल प्रॉपर्टी कार्ड वितरित किए गए और योजना के लाभार्थियों से संवाद किया गया, जिसका सजीव प्रसारण मा.कल्याण सिंह सभागार में दिखाया गया, यहां पर कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने की। राज्यमंत्री मनोहर लाल, विधायक रामरतन कुशवाहा, पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, जिलाध्यक्ष राजकुमार जैन, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने बटन दबाकर स्वामित्व योजना के 65 लाख से अधिक लाभार्थियों को डिजिटल घरौनी का वितरण किया, जो लिंक के माध्यम से लाभार्थियों को प्राप्त हुआ, इनमें सबसे अधिक 45 लाख लाभार्थी उत्तर प्रदेश के थे। उन्होंने लाभार्थियों से संवाद किया और योजना से मिले लाभों पर विस्तृत चर्चा की।



घरौनियों का वितरण करते राज्यमंत्री व विधायक

लाभार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि पीढियों से जिन संपत्ति पर रह रहे थे, उनके कोई दस्तावेज नहीं थे, प्रॉपर्टी कार्ड मिलने से जमीनी विवाद खत्म हुए हैं और अपनी जमीन और घर पर मालिकाना हक मिला। हमारे जीवन में अभूतपूर्व बदलाव आया है, ग्रामीण क्षेत्रों में जमीनी विवादों से काफी हद तक मुक्ति मिली है। उन्होंने बताया कि जहां प्रॉपर्टी कार्ड से घर का मालिकाना हक मिला, वहीं बैंक से लोन लेकर रोजगार भी शुरू किया, गरीब परिवारों को समृद्धि मिली, स्वरोजगार का साधन मिला और कृषि में आय बढ़ी। इसके साथ ही स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर महिलाओं को सशक्त बनाया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का दिन देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। आज देश के लाखों लाभार्थी इस कार्यक्रम से जुड़े हैं, यह अपने आप में बहुत बड़ा कार्यक्रम है। पांच साल पहले स्वामित्व योजना की शुरुआत की गई थी ताकि लोगों को उनकी संपत्ति का कानूनी हक मिल सके। बीते 5 साल में लगभग 1.5 करोड़ लोगों को घरौनी वितरित की गई है। आज देश के 50 हजार गांवों में 65 लाख से अधिक प्रॉपर्टी कार्ड वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि स्वामित्व योजना को मात्र घर का दस्तावेज न माने बल्कि इसे अपनी प्रगति का रास्ता बनाएं। हम सबका विकास और सबका विश्वाश चाहते हैं। कहा कि पूर्व में अधिकांश लोगों के पास उनकी संपत्ति का मालिकाना हक नहीं था, स्वरोजगार व अन्य जरूरतों को पूरा करने के लिए दस्तावेज न होने के कारण बैंक से लोन लेना मुश्किल होता था, इस समस्या के स्थाई समाधान के लिए सरकार ने सकारात्मक कदम उठाया और स्वामित्व योजना की शुरुआत की। देश के गांव गांव में ड्रोन से मैपिंग कराई गई और लैंड रिकॉर्ड बनाया गया, जिसका परिणाम है कि आज हर व्यक्ति को उसकी संपत्ति का अधिकार मिला।

# कार्यशाला में शक्ति पोर्टल पर डाटा का हुआ प्रसारण



अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में इन्वेस्ट यू.पी. एवं रिमोर्ट सेंसिंग एप्लीकेशन सेण्टर उ.प्र. के अधिकारियों द्वारा प्रधानमंत्री गति शक्ति कार्यशाला का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिसके अन्तर्गत सम्बन्धित विभागों को गति शक्ति पोर्टल के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी एवं सम्बन्धित विभाग के डाटा का पोर्टल पर प्रसारण किया गया। इस पोर्टल के द्वारा जिले में 100 करोड़ से अधिक प्रोजेक्ट की रेगुलर मॉनटरिंग की जानी है। इसके द्वारा विभिन्न विभाग अपनी योजनाओं को सुगम तरीके से जनमानस तक पहुँचा सकते है। उक्त कार्यशाला में सीडीओ कमलाकान्त पाण्डेय, आरसेक वैज्ञानिक पुष्पेन्द यादव, आरसेक अजय प्रताप सिंह, टैक्स सप्लाई विभाग राजेश जैन, मनोज गुप्ता, उप चिकित्साधिकारी शिवप्रकाश, एस.डी.ओ. संजय सागर, ईई गोविन्द जैसवाल, राहुल सिंह, जेई दिनेश कुमार, एई मनोज गुप्ता, एई ए.के. सचान, जेई अश्वनी कुमार, औषधि निरीक्षक विनय, सहायक खाद्य आयुक्त विनोद कुमार शर्मा, पायुक्त उद्योग अतहर आदि उपस्थित रहे।

# प्लेसमेंट हब के रूप में उभर रहा है केएम विश्वविद्यालय : किशन चौधरी



अवधनामा संवाददाता

मथुरा। अगर कुछ करने की लगन जज्बा हो तो किस्मत पलटते देर नहीं लगती, ऐसी ही लगन का उदाहरण केएम विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स डिपार्टमेंट में अध्ययनरत एमबीए की आधा दर्जन छात्राओं का क्वांटमहुज़ प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में प्लेसमेंट में दिखा। प्लेसमेंट के लिए विश्वविद्यालय आए क्वांटमहुज़ प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के एच आर संतोष शुक्ला ने बताया कि उनकी कंपनी उत्कृष्टता एवं परिश्रम के लिए प्रतिबद्ध है।

विदित रहे कि केएमयू में क्वांटमहुज़ टेक प्राइवेट लिमिटेड (जॉब्समैटो) प्लेसमेंट ड्राइव दो दिनों तक ऑनलाइन मोड में आयोजित की गई, जिसमें छात्र एवं छात्राओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। तीन राउंड के कठोर मूल्यांकन के बाद अंतिम राउंड सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें समीक्षा भारद्वाज, पूनम चौधरी, योग्यता सिंह, ब्राह्मी पाल, काजल सिंह, राधिका भार्गव को एचआर इंटर्नशिप के लिए अवसर प्रदान किया गया। क्वांटमहुज टेक प्राइवेट लि. में चयनित छात्रा पूनम चौधरी ने अपनी कामयाबी का श्रेय विश्वविद्यालय प्रशासन को देते हुए कहा कि केएमयू ने उनके केरियर को एक नई राह प्रदान की, यहां की शिक्षा पद्धति एवं शिक्षण अद्वितीय है। समीक्षा भारद्वाज ने सफलता का श्रेय माता-पिता तथा केएमयू का मैनेजमेंट एंड कॉमर्स डिपार्टमेंट में कार्यरत सभी शिक्षकों को दिया। योग्यता सिंह ने चयन का श्रेय माता-पिता व विश्वविद्यालय को देते हुए कहा कि साक्षात्कार में सफल होने के लिए उनके विभाग के शिक्षकों ने न केवल गुरुमन्त्र दिए बल्कि कम्पनियों में किस तरह साक्षात्कार दिए जाते हैं, वह ग्रुप डिस्कशन करके समझाया।

■ केएमयू में एमबीए की छात्राओं का क्वांटमहुज़ टेक कम्पनी में हुआ प्लेसमेंट

एमबीए की छात्राओं की इस सफलता पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी ने कहा कि विश्वविद्यालय प्लेसमेंट हब के रूप में उभर रहा है। हमारा प्रयास है कि केएमयू के छात्र एवं छात्राएँ विश्वविद्यालय के साथ देश का नाम भी रोशन करें।

# सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में 19 विभागों की प्रगति खराब



अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। सीडीओ कमलाकांत पाण्डेय ने कलैक्ट्रेट सभागार में जनपद के प्रमुख अधिकारियों के साथ मुख्यमन्त्री डैशबोर्ड के अन्तर्गत विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की। सीडीओ ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सभी कार्यालयाध्यक्ष सुनिश्चित करें कि सीएम डैशबोर्ड पर रैंकिंग खराब न हो, इसके लिए पोर्टल पर सही फीडिंग करायें और प्रगति सुधारें, अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि 95 प्रतिशत से किसी भी दशा में कम प्रगति न रहे। समीक्षा बैठक में डीएसटीओ राजेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश में जनपद की रैंकिंग 32 व मंडल में 3 स्थान पर है, विभागवार/योजनावार समीक्षा में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में पूर्वदशम छात्रवृत्ति में बी, कृषि विभाग की किसान सम्मान निधि में डी, ग्राम्य विकास विभाग की डी, एनआरएलएम क्रेडिट लिंकेज में सी, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग सड़क निर्माण में डी, नियोजन विभाग फैमिली आईडी में डी, पंचायती राज विभाग अन्तर्गत 15वां वित्त आयोग ग्राम पंचायत में डी, एसबीएम फेज-2 व्यक्तिगत शौचालय में ई, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 में डी, पर्यटन राज्य योजना में सी, प्राथमिक शिक्षा निपुण परीक्षा आंकलन में बी, मध्यान्ह भोजन एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में सी, पिछड़ा वर्ग पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना में बी, महिला एवं बाल विकास आईसीडीएस पोषण अभियान में ई, छात्रवृत्ति योजना में सी रैंकिंग मिली है।

# लोगों की समस्या को शांतिपूर्वक सुने अधिकारी : सीपी सिंह

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। नवागत जिलाधिकारी सिंह ने आज यहां चार्ज ग्रहण करने से पहले सीधे बांके बिहारी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की। उसके बाद वे सीधे डीएम आवास पहुंचे। जहां विश्राम करने के बाद दोपहर में पौनी तीन बजे चार्ज वर्तमान जिलाधिकारी एवं मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह ने जिलाधिकारी कार्यालय में चार्ज ग्रहण कराया। कोषागार पहुंचकर उन्होंने डबल लॉक का चार्ज ग्रहण किया।

शनिवार को जब बांके बिहारी की पूजा अर्चना करने के बाद सीधे नवागत जिलाधिकारी सीपी सिंह जब अपने आवास पर पहुंचे तो वहां मौजूद आगरा मंडल के नवनियुक्त आयुक्त शैलेंद्र सिंह ने उनका गर्म जोशी से स्वागत करते हुए उनको चार्ज ग्रहण कराया। नवागत जिलाधिकारी श्री सिंह ने अभिभूत होते हुए कहा कि कमिश्नर सर का उन पर सदैव आशीर्वाद रहा है। इस दौरान कमिश्नर शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि मथुरा जनपद में विकास कार्यों की जिस गति से चल रहे थे वह और तेजी पकड़ेगी। नए डीएम साहब को मथुरा का पूर्व से ही भली भांति ज्ञान है। यहां से उन्होंने कोषागार पहुंचकर डबल लॉक का चार्ज कोषाधिकारी से गृहण किया। उसके बाद कलेक्ट्रेट के सभागार में अधिकारी कर्मचारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मन से वचन कार्य करना है।



■ नवागत डीएम ने चार्ज लेने के बाद अधिकारी कर्मचारियों की बैठक ली

कोई पीड़ित शिकायत लेकर जिला मुख्यालय, तहसील पर आए तो उसके साथ ऊंची अवाज मे बात नहीं करें। क्योंकि आप भी चाहते हैं कि कोई भी आपसे ऊंची अवाज में बात नहीं करें। उसकी बात को ध्यान पूर्वक सुने उसकी बात जायज है तो उस पर तुरंत कार्रवाई करें। यदि होने लायक नहीं है तो उस यदि होने लायक नहीं है तो उसको शांति पूर्वक समझाएं। उसके मान व सम्मान में कोई कमी नहीं रहे। उन्होंने अधिकारी कर्मचारियों से कहा कि मथुरा कलेक्ट्रेट व उसके परिवार की विरात ऐतिहासिक रही है। आप सभी उस विरासत का ध्यान रखें। आज में तीसरे जिले में चार्ज ले रहा था तो उन्हें बहुत कुछ नया सीखने को मिला।

# अखिल भारत हिन्दू महासभा की व्यापारी और सरकार से अपील

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। अखिल भारत हिन्दू महासभा के प्रदेश संयोजक गोपाल चतुर्वेदी द्वारा प्रदेश सरकार सहित व्यापारियों से अपील करते हुए मांग की है कि सनातन धर्म प्रतीकों के छपे सामनों की विक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाए जिससे सनातन धर्म के प्रतीकों के इस्तेमाल किए गए पदार्थों के प्रयोग के बाद जो अपमान होता है उससे धार्मिक भावनाएं को ठेस पहुंचती है।

अखिल भारत हिन्दू महासभा द्वारा इस विषय मै प्रदेश सरकार को पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए कहा हैं कि कुछ व्यापारी अपने माल की विक्री के लिए धार्मिक प्रतीकों का इस्तेमाल करते है जो प्रयोग के बाद कचरे के ढेर मै पड़े हुए दिखाई देते है इस कारण प्रदेश के करोड़ों सनातनी हिंदुओं की भावना को आहत करती है। जैसे मिठाई के डिब्बे पर छपे धार्मिक प्रतीक का मिठाई निकालने के बाद कोई प्रयोग नहीं होता है उसे ना चाहते हुए भी फेंकना पड़ता है, इसी प्रकार शादी विवाह के मांगलिक कार्डो पर भी हिन्दू देवी देवताओं के चित्र अंकित किए जाते है जो कार्यक्रम पूर्ण होने के बाद जगह जगह पड़े दिखाई देते है। अखिल भारत हिन्दू महासभा सरकार से मांग करती है कि ऐसे सभी धार्मिक प्रतीकों की छपी वस्तुओं का प्रयोग तत्काल प्रभाव से बंद कराए, साथ ही प्रदेश के व्यापारी वर्ग से भी अपील की है कि खुद आगे आकर ऐसे सामानों का अपने विक्रय केंद्रों पर प्रयोग ना करें ये सनातन धर्म संस्कृति के साथ साथ लोगों की भावनाएं को आहत करने का कार्य करती है । साथ ही सनातन धर्म प्रेमी जनता से भी अपील करती है कि जन आंदोलन चला कर लोगों को जागरूक करें कि ऐसे धार्मिक प्रतीकों के छपे चिन्हों के प्रयोग की गई वस्तु की खरीद को बंद करें।

■ सनातन धार्मिक प्रतीकों के छपे सामनों की बिक्री पर लगाए रोक

# पीएम सूर्य घर योजना की प्रगति बढ़ाएं : मनीष

## सीडीओ ने वेंडर्स से कहा कि कैम्प लगाकर लोगों को दें योजना का लाभ

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। जनपद स्तरीय पीएम सूर्य घर योजना की की प्रगति बढाने पर मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने विद्युत विभाग के अभियंताओं को निर्देश दिए। इसका लाभ अधिक से अधिक लोगों को पहुंचे। वहीं इस योजना के वेंडर्स को निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक कैंप लगाकर लोगों को इसके लाभ व योजनाओं की जानकारी दी जाए।

यह निर्देश मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा करते हुए दिए। इसके साथ ही उन्होंने योजना के अंतर्गत लोन के संबंध में वेंडर्स से जानकारी चाही गई। जिस पर वेंडर्स द्वारा अवगत कराया गया कि बैंकों द्वारा आईटीआर मांगा जा रहा है जबकि नियमानुसार यह आवश्यक नहीं है। इस पर सीडीओ ने लीड बैंक कनेरा बैंक के एलडीएम को इसके संबंध में पूरी जानकारी पृथक से बैंक द्वारा अबतक कितने लोन वितरण किये गए है का विवरण भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए । उन्होंने विद्युत विभाग के अभियंताओं को निर्देश दिया कि कोई भी निरीक्षण लबित ना रहे, समय से निरीक्षण निस्तारण किया जाये। परियोजना अधिकारी नेडा संतोष कुमार को निर्देश दिए गए कि खंडवार लंबित निरीक्षण की प्रगति प्रस्तुत करें जिससे खंडवार निरीक्षण लंबित की समीक्षा के जा सके। यह भी निर्देश दिए गये की आगामी बैठक में अधिशासी अभियंता टेस्ट को भी बैठक में बुलाया जाये। सभी वेंडर्स को कैम्प लगाए जाने हेतु रोस्टर तैयार किया जाए। जिससे अधिक रेजिस्ट्रेशन किये जा सके वेंडर्स को अधिक के अधिक उपलब्ध कराई गई।

■ विद्युत विभाग के अभियंता अपने निरीक्षण लम्बित नहीं रखें

# मॉडल ग्राम अड़ींग बनेगा ऊर्जा के क्षेत्र में आत्म निर्भर

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। शासन के निर्देश पर नेडा विभाग द्वारा मॉडल ग्राम के रूप में चयनित गोवर्धन विकास खंड की ग्राम पंचायत अड़ींग को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्म निर्भर बनाया जाएगा। यह निर्णय मॉडल ग्राम के चयन के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया।

परियोजना अधिकारी नेडा संतोष कुमार द्वारा योजना के अंतर्गत मॉडल ग्राम के चयन की गाइड लाइन की जानकारी से अवगत कराया गया कि शासन ने जनपद के एक मॉडल ग्राम को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्म निर्भर बनाया जाएगा। जिसके तहत विभाग द्वारा अधिक से अधिक सोलर लाइटें स्थापित किये जाने की कार्य योजना तैयार की जाएगी। ताकि ग्राम ऊ र्जा के छेत्र में आत्मनिर्भर हो सके। इसकी कार्ययोजना शीघ्र बनाकर शासन की स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। इस पर मुख्य विकास अधिकारी को जिला पंचायतराज अधिकारी किरन चौधरी ने परफॉर्मेंस ग्रांट में चयनित ग्रामों में से प्रत्येक ग्राम के अंतर्गत हुए कार्यों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि जनपद में 50 मॉडल ग्राम हैं। जिसमें ग्राम की भौगोलिक स्थिति विकास कार्य आदि पर सम्यक विचारोपरांत समिति द्वारा विकास खंड गोवर्धन के ग्राम अड़ींग का चयन इस योजना के लिए किया गया।

■ नेडा विभाग कार्ययोजना बनाकर भेजेगा शासन की स्वीकृति को

# टटलू गैंग से मुठभेड़, एक ठग गिरफ्तार, पैर में लगी गोली



अवधनामा संवाददाता

मथुरा। गोवर्धन थाना पुलिस और एसओजी टीम की संयुक्त कार्रवाई में टटलू गैंग का शातिर बदमाश मुठभेड़ के दौरान टांग में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

थाना प्रभारी विनोद बाबू मिश्रा ने बताया कि गांव नीमला थाना कैथवाडा जिला डीग राजस्थान निवासी साहिल खान को देवसेरस से गाठौली रोड पर पुलिया से गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 4 मोबाइल, 7 सिमकार्ड फर्जी, 3 पासबुक, 2 चेक बुक, अलग-अलग बैंक के 5 एटीएम कार्ड, 1000 रुपये नकद, एक तमंचा, दो कारतूस और बिना नंबर की बाइक बरामद हुई है।

आरोपी द्वारा अलग-अलग मोबाइल नंबरों को फोन पे व ट्रू कॉलर पर नाम व पता चेक कर फर्जी सिम कार्ड से फोन लगाकर मोबाइल धारक के पिता/भाई/मित्र का परिचित बनकर बात करता है तथा मोबाइल धारक को विश्वास में लेकर ठगता था। आरोपी का अन्य आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है।

# रेल लाइन की उम्मीद में डॉक्टर आगे आए



**अवधनामा संवाददाता**

**सम्भल।** रेल लाइन बिछवाने की मांग को लेकर एक्स पर ट्वीट अभियान रफ्तार पकड़ता जा रहा है। इस सिलसिले में चार दिनों में हजारो लोगों ने अपने मोबाइल से रेलमंत्री ओर प्रधानमंत्री को एक्स पर ट्वीट किए हैं। इस अभियान में शुक्रवार को मानव जन सेवा समिति की से चलाए जा रहे अभियान के तहत सुशील सक्सेना हॉस्पिटल में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के चिकित्सकों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया हैं। क्षेत्र के लोगों को उम्मीद है कि सरकार इस बार के बजट में इस पिछड़े क्षेत्र की 70 वर्षों पुरानी मांग को जरूर पूरा कर देगी। बताते चले कि देश में वंदे भारत ट्रेन दौड़ने लगी हैं और बुलेट ट्रेन को दौड़ाने की तैयारी की जा रही है, लेकिन भारत का एक ऐसा जनपद है जहां रेल के नाम पर मात्र दो पैसेंजर ट्रेन है। ट्रेन आने के बाद यहीं से वापस भी हो जाती है। उत्तर प्रदेश का सम्भल जनपद मैंथा, हड्डी सींग हैंडीक्राफ्ट और आलू का हब माना जाता है। व्यापार को बढ़ाने में रेल का अहम योगदान होता है, लेकिन दशकों से लोग सम्भल से रेल विस्तारीकरण की मांग कर रहे हैं। आज तक इस ओर न तो सरकारों ने ध्यान दिया और न ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने रुचि दिखाई दी। सम्भल से दिल्ली की दूरी मात्र 180 किलो मीटर है। उसके बाद भी सम्भल के लोग रेलसेवा से वंचित हैं। जबकि नाम के लिए मुरादाबाद से बिलारी होकर सम्भल हातिम सराय तक रेलवे लाइन बिछी है और यहां से आगे रेललाइन बंद है। मुरादाबाद से सम्भल के लिए मात्र दो ट्रेनों का संचालन किया जाता है। एक ट्रेन सुबह दस और दूसरी शाम को छह बजे जाती है। सम्भल से गजरौला रेलवे लाइन वितारीकरण न होने की वजह से सम्भल विकास से वंछित रह गया। सम्भल मैंथा और हैंडीक्राफ्ट का कारोबार का एक बड़ा हब है। यहां से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोग दिल्ली और अन्य शहरों के लिए जाते हैं। ऐसे में लोगों को निजी वाहन का उपयोग करना पड़ता है। लोगों ने विस्तारीकरण को लेकर आंदोलन और अभियान चलाये, रेलमंत्री को हजारों की संख्या में पोस्टकार्ड लिखकर भेजे, लेकिन आज तक रेलवे लाइन का सपना पूरा नहीं हो सका। सम्भल के रेलवे लाइन का मुद्दा कई बार सांसदों ने संसद भवन में उठाया, लेकिन इसका कोई लाभ नहीं हुआ।

### 2017 में रेल बजट हुआ था पास, बाद में रद्द

हातिम सराय रेलवे स्टेशन से गजरौला रेलवे लाइन विस्तारीकरण का प्रस्ताव तीन फरवरी 2017 को रेल बजट में पास हुआ था। बजट में पास होने के बाद सम्भल के लोगों को लगा की अब दशकों पुराना सपना अब पूरा हो जाएगा, लेकिन बजट पास होने के बाद सम्भल गजरौला रेलवे लाइन का विस्तारीकरण नहीं हो सका। अब यह प्रस्ताव भी कैंसिल हो गया है।

### गजरौला काशीपुर तक का मिलता है टिकट

स्टेशन पर रेलवे ने कंप्यूटरकृत प्रणाली सिस्टम तो लगा दिया लेकिन लोगों को लंबी दूरी का टिकट तक स्टेशन से नहीं मिल पाता है। स्टेशन मास्टर ने बताया कि स्टेशन से मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला, काशीपुर, नजीबाबाद तक का टिकट मिल जाता है। सम्भल गजरौला रेलवे विस्तारीकरण का मुद्दा दशकों पुराना हो गया है। आज तक किसी राजनीतिक दल ने सम्भल के लोगों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा नहीं किया है। रेलवे लाइन विस्तारीकरण न होने से सम्भल विकास के मामले में पिछड़ता जा रहा है। सम्भल रेलवे लाइन विस्तारीकरण को लेकर सम्भल से चुने गए सांसदों ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। जिसकी वजह से आज तक लोगों की महत्वपूर्ण मांग पूरी नहीं हो सकी। रेलवे लाइन विस्तारीकरण होने से रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और यहां के कारोबार में तरक्की होगी।

# बिना हेलमेट पेट्रोल पम्प पर नही मिलेगा फ्यूलः डीएम

**संभल अवधनामा**

**हरदोई।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि शासन द्वारा जनपद में नो हेलमेट नो फ्यूल रणनीति लागू करने की अपेक्षा करते हुए अवगत कराया गया है कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु एवं घायलों की संख्या में वृद्धि के प्रति भारत सरकार द्वारा गम्भीर चिंता व्यक्त की गयी है। हाल ही में राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार सडक सुरक्षा में सुधार हेतु समस्त जिसमें प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करना अनिवार्य है। सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली असामयिक मृत्यु और गम्भीर चोटो को रोकने के लिए एक ठोस, दीर्घकालिक और प्रभावी रणनीति की आवश्यकता है। माननीय मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार सडक दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत की कमी लाने जाने का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसे प्राप्त करने के लिए नवाचार और व्यवहार परिवर्तन पर केन्द्रित उपायों को अपनाना अनिवार्य है। इस दिशा में शहरी क्षेत्रों मेंनो हेलमेट नो फ्यूल रणनीति एक निर्णायक कदम हो सकता है। यह रणनीति न केवल हेलमेट पहनने को अनिवार्य बनाने में सहायक होगी, बल्कि सड़क सुरक्षा के प्रति नागरिकों में जिम्मेदारी और अनुशासन की भावना को भी प्रोत्साहित करेगी। मोटर वाहन अधिनियम-1988 की धारा-129 एवं उत्तर प्रदेश मोटरयान नियमावली - 1998 के नियम 201 के अनुसार सभी मोटर साइकिल चालकों एवं सवारियों के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बी0आई0एस0) द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रोटैक्टिव हेड गियर (हेलमेट) पहनना अनिवार्य है। इन प्राविधानों का उल्लघंन केन्द्रीय मोटर यान अधिनियम-1988 की धारा 177 के तहत दण्डनीय है, जिसमें जुर्माने का प्राविधान है। इस सम्बन्ध में जनपद हरदोई में स्थित सभी पेट्रोल पम्प संचालकों एवं स्वामियों को निर्देश दिये जाते हैं कि आगामी 07 दिवसों में अपने प्रागंण में इस आशय के बड़े बड़े होर्डिंग लगायेंगे तथा किसी भी ऐसे दो पहिया वाहन चालक को पेट्रोल का विकय नही किया जायेगा, जिसके चालक तथा सहयात्री ने हेलमेट नहीं पहना हो।

# बीमा कंपनियों का करोड़ों हड़पने वाले अंतर्राज्यीय गैंग का खुलासा

**संभल अवधनामा**

**संभल।** कैंसर जैसे गंभीर रोगों के बीमारों का बीमा कर बीमा कंपनियों का करोड़ों रुपया हड़पने वाले अंतर्राज्यी गैंग का सम्भल पुलिस ने खुलासा किया है ग्यारह लाख रुपया कैश, कार, उन्नीस एटीएम समेत पुलिस ने गैंग सरगना समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है खुलासा करने वाली पुलिस टीम को एसपी ने पच्चीस हजार का इनाम दिया है।

मामला रजपुरा थाना इलाके का है जहां भीषण कोहरे में तेज रफ्तार तरीके से दौड़ रही एक कार को पुलिस द्वारा रोकने पर पूरे मामले का खुलासा हुआ है। कार चला रहे शख्स की पुलिस ने तलाशी ली तो उसके बैग से ग्यारह लाख से अधिक कैश, उन्नीस एटीएम आईकार्ड एवं आधार कार्ड मिले पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो खुलासा हुआ कि गैंग कैंसर जैसे गंभीर रोगों के मरणासन्न लोगों का बीमा करता थे। प्रीमियम जमा करने के साथ ही कागजी औपचारिकता का पूरा काम भी गैंग करवाता था गैंग के सदस्य गांव कस्बों से बीमार लोगों को ढूंढ़ कर विभिन्न बीमा कंपनियों में उनका बीमा कराते थे। वहीं कुछ मामलों में मृतक का बीमा कर बाद की डेट का मृत्युसर्टिफिकेट बनवाते थे। बैंक में नामिनी का खाता खुलवा कर अपना मोबाइल नंबर खाते पर लगवाते थे तथा बैंक का एटीएम पासबुक अपने पास रख लेते थे। बीमित बीमार की मौत हो जाने पर नामिनी को चंद रुपए देकर बाकी राशि बैंक से निकाल कर हड़प लेते थे। पूरे मामले में एसपी ने विस्तृत जांच की बात कहते हुए सरकारी एवं प्राइवेट तमाम और आरोपियों की संलिप्तता तथा उनके खिलाफ कार्यवाही की बात कही है वहीं बीमा कंपनियों से इस संबंध में जानकारी मांगी तथा नामिनीज से अपनी शिकायत पुलिस में करने की अपील की

# सड़क सुरक्षा जागरुकता सप्ताह



**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** नेहरू युवा केंद्र, हरदोई के तत्वावधान में एन. एस. एस. और यातायात पुलिस विभाग हरदोई के समन्वय से 17-23 जनवरी 2025 सड़क सुरक्षा जागरुकता सप्ताह का उद्घाटन कार्यालय नेहरू युवा केंद्र, हरदोई में किया गया। सड़क सुरक्षा जागरुकता सप्ताह का आरंभ 25 स्वयंसेवकों की यातायात एवं सड़क सुरक्षा सम्बन्धी प्रशिक्षण से की गई। जिला युवा अधिकारी प्रतिमा वर्मा ने स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा जागरुकता सप्ताह का उद्देश्य स्पष्ट किया और साथ ही यातायात पुलिस , हरदोई का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम आरम्भ किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित जिला परियोजना अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति स्वयंसेवकों की संवेदनशीलता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण में यातायात प्रभारी द्वारा आदेशात्मक , सांकेतिक एवं सूचनात्मक सड़क चिन्ह एवं इनकी उपयोगिता बताई गई। स्वयंसेवकों को हेलमेट लगाकर गाड़ी चलने, सीट बेल्ट लगाने, लेन ड्राइविंग के विषय में विस्तार से बताया गया। हेड कांस्टेबल अनिल वर्मा ने रोड एक्सीडेंट्स से जाने वाले जानों के विषय में विस्तार से बताकर संवेदनशीलता बताई। नेहरू युवा केंद्र द्वारा स्वयंसेवकों को कैप और ट्रैक सूट का वितरण किया गया। जिला युवा अधिकारी ने स्वयंसेवकों को सप्ताह के दौरान शहर के व्यस्त चौराहों पर ड्यूटी करने के लिए प्रेरित किया। बताया कि यह 25 स्वयंसेवकों सप्ताह के दौरान निःशुल्क सेवा देकर आम जनमानस को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक करेंगे।

# मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभाग किया

**अवधनामा संवाददाता**



**संभल (बहजोई)** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा स्वामित्व योजना के अंतर्गत देशभर में तैयार किए गए प्रॉपर्टी कार्ड (घरौनियों) का इलेक्ट्रॉनिक वितरण वर्चुअल माध्यम से किया गया एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा भी कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभाग किया गया। जिसका सजीव प्रसारण कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उत्तर प्रदेश शासन श्रीमती गुलाब देवी जी एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव जी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट,अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा एवं समस्त प्रशासनिक अधिकारी तथा घरौनियों के लाभार्थियों के द्वारा देखा गया। इसके उपरांत दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसमें मंत्री जी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के शासनकाल में शासन की प्रमुख योजनाओं जैसे सार्वजनिक शौचालय एवं व्यक्तिगत शौचालय से संबंधित योजना,आवास योजना, किसान सम्मान निधि एवं अन्य योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। घरौनी के माध्यम से प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी द्वारा लाभार्थियों को मलिकाना हक दिया जा रहा है। जो मकान बुजुर्गों के द्वारा बनाए गए जिनका कोई लिखित साक्ष्य नहीं था लेकिन अब सरकार के द्वारा यह व्यवस्था की जा रही है कि सरकारी अभिलेखों में इन मकानों की जमीन को लिखित रूप में रखा जाएगा। माननीय मंत्री जी ने कहा कि आने वाली पीढ़ी से कोई नहीं कह सकता कि यह मकान उनका नहीं है। मंत्री ने कहा कि शासन की योजनाएं बिना किसी भेदभाव के चल रही है जो पात्र लोग हैं वह सभी शासन की योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के लाभ के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी उन्होंने कहा कि पांच लाख का ऋण इस योजना के माध्यम से पात्र लाभार्थी प्राप्त कर सकते हैं जिससे वह अपना स्वरोजगार कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने पीएम सूर्य घर योजना के विषय में भी जानकारी दी उन्होंने बताया कि 3 किलोवाट के कनेक्शन पर एक लाख अस्सी हजार रुपए की लागत में एक लाख आठ हजार रुपए की सब्सिडी प्राप्त होगी तथा विद्युत बिल में भी लगभग 25 वर्षों तक बचत प्राप्त होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी की पहल पर ग्रामीण आबादी को स्वामित्व योजना के अंतर्गत घरौनी का लाभ प्राप्त हो रहा है। मंत्री जी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष के द्वारा लाभार्थियों को घरौनियों का वितरण किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में 150 घरौनियों का वितरण लाभार्थियों को किया। जनपद में तहसील एवं विकासखंड तथा ग्राम पंचायत स्तर पर भी घरौनियों का वितरण किया जा रहा है।जनपद में लगभग 12700 घरौनियों का वितरण आज किया गया है। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राम आशीष, डिप्टी कलेक्टर नीतू रानी, उप जिलाधिकारी चंदौसी निधि पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा ओमवीर सिंह खड़गवंशी, जिला पंचायत राज अधिकारी उपेंद्र कुमार पांडेय सहित समस्त संबंधित अधिकारी एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जनपद की डीएम बनी जसजीत कौर



**बिजनौर।** प्रदेश की विकास योजनाओं को गति देने और प्रशासनिक दक्षता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा आएएस अफसरों का तबादला किया गया, कई जिले के जिलाधिकारियों की कुर्सियां बदली गई। जिसमे तीन मंडलों के कमिश्नर और 14 जिलों के डीएम भी शामिल रहे। वहीं बिजनौर के जिलाधिकारी अकित कुमार का तबादला कर उन्हें लखनऊ में अल्पसंख्यक अपर कल्याण विभाग का निदेशक नियुक्तक किया गया तो वहीं जनपद बिजनौर की कमान मेरठ की अपर आयुक्त जसजीत कोर को सौंपी गई। जो कि अपनी कार्यशैली के लिए चर्चा में बनी रहती है।

### रैली निकाल कर जनता को जागरूक किया

**सिरसी (संभल)** जवाहरलाल मेमोरियल नगर पंचायत इंटर कॉलेज, सिरसी, संभल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर के आज तृतीय दिवस के प्रथम सत्र मे स्वयंसेवकों ने गांव में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा से संबंधित रैली निकाल कर जनता को जागरूक किया और विद्यालय परिसर की सफाई का कार्य करके श्रमदान किया, और स्वच्छता का संदेश देते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया। द्वितीय सत्र में सड़क सुरक्षा विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन कियासावधानी हटी दुर्घटना घटी जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री प्रमोद मान यातायात प्रभारी, हेड कांस्टेबल अमरदीप, कांस्टेबल संबित कुमार और अनुज कुमार जी संभल ,चौधरी मनोज कुमार सिंह योग शिक्षक और कार्यक्रम अधिकारी श्री मनोज कुमार रस्तोगी द्वारा मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।श्री प्रमोद मान जी यातायात प्रभारी संभल ने स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई एवं यातायात नियमों की जानकारी दी उन्होंने कहा कि हमें कभी भी नशे की हालत में बहन नहीं चलना चाहिए, वाहन चलाते समय कभी भी फोन पर बात नहीं करनी चाहिए, बाइक चलाते समय हेलमेट तथा गाड़ी चलाते समय सील बैल्ट अवश्य लगनी चाहिए।

# अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई उद्योग बंधु की बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह की अध्यक्षता में उद्योग बंधु की बैठक हुई। उन्होंने कहा कि निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का ससमय निस्तारण कराया जाये। उद्योगों से सम्बंधित समस्याओं का तत्काल निस्तारण कराया जाये। उद्योग क्षेत्र में सड़कों की मरम्मत के कार्य में देरी न की जाये। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये। प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग लगवाई जाएं। सोशल मीडिया का भी सहयोग लिया जाये। इस योजना के अंतर्गत निर्माण व सेवा क्षेत्र के लिए 5 लाख तक का ब्याज मुक्त व बिना गारंटी के लोन प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने उद्योग प्रतिनिधियों से कहा कि सीएसआर फंड को खर्च करते समय सम्बंधित अधिकारी के साथ विचार विमर्श कर लिया जाये ताकि कार्य को सुनियोजित व समन्वित तरीके से कराया जा सके। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग हर्ष प्रताप सिंह अपर जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम व उद्योग प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### जम्मूतवी दिशा में जाने बाली ट्रेनों के स्टॉपेज के लिए उत्तराखंड सरकार ने रेल विभाग को अवगत कराया

**नजीबाबाद।** जम्मू तवी जाने वाली ट्रेनों के स्टॉपेज के लिए उत्तराखंड के अपर सचिव ने रेल मंत्रालय को पत्र लिखा है। आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पूर्व में रेल मंत्रालय सहित उत्तराखंड के मुख्यमंत्री को ट्रेनों की एक सूची भेजकर अवगत कराया था कि अगर इन ट्रेनों का स्टॉपेज नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर हो जाएं तो पौड़ी गढ़वाल, कोटद्वार, लैंसडाउन छावनी के सेना के जवानों तथा क्षेत्र की जनता को अपार फायदा होगा तथा रेलवे के राजस्व में भी वृद्धि होगी क्योंकि दो राज्यों के लोग जम्मूतवी दिशा में जाने के लिए परेशान रहते हैं।

# मदद - एक कदम मानवता और मदद की ओर

- एबीपीएसएस नगर कमेटी की और से जरूरतमंदों को किए लिहाफ वितरित
- सबसे बड़ा पुण्य का कार्य जरूरतमंद की सेवा करना, नौशाद सैफी

**अवधनामा संवाददाता**



**नजीबाबाद।** अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति नगर कमेटी की और से लिहाफ वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे जरूरतमंद लोगों को संगठन की और से लिहाफ वितरित किए गए। शुक्रवार की नगर के मौहल्ला हवेली तला स्थित सिराजुल उलूम पब्लिक गर्ल्स जूनियर हाई स्कूल में अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति नगर इकाई की और से नगर के सर्दी से परेशान गरीब और जरूरत मंदो को लिहाफ वितरित किए गए। इस अवसर पर अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के नगर अध्यक्ष नौशाद सैफी ने कहा कि जिंदगी की भागदौड़ में ज़रूरतमन्द लोगो की मदद भी जरूर करनी चाहिए क्योंकि जिन गरीब मजदूर का कोई सहारा नहीं होता उनकी निगाहे मदद करने वाले लोगों का इंतेज़ार करती रहती है। आगे उन्होंने कहां कि गरीब के दिल से निकली दुआ आने वाली परेशानी भी टाल देती हैं।पत्रकार शादाब जफर ने कहा की जरूरतमंद लोगों की मदद जरूर करनी चाहिए तथा इसके लिए दूसरों को भी जागरूक करना चाहिए जिससे गरीब मजदूर की मदद भी होती रहे। अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति से जुड़े पत्रकारो ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन करते हुए आज 50 लोगो को लिहाफ वितरण किए उन्होंने आगे भी इसी तरह की मदद करने का संकल्प लिया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष नौशाद सैफी, महामंत्री मयंक कश्यप, डाक्टर वसीम बारी, मरगूब हुसैन नासिर, शादाब ज़फ़र, अल्ताफ रज़ा, शाही अराफ़ात सैफी, नसीम उस्मानी, शमीम सिद्दीकी, जुनैद अंसारी आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# अब्दुल कय्यूम अंसारी की पुण्यतिथि पर विशेष श्रद्धांजलि संगोष्ठी संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**





**एआइपीएमएम ने पसमांदा समाज की सस्याओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचायाः शारिक**

**पटना।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज, बिहार प्रदेश द्वारा फुलवारी शरीफ, पटना में स्वर्गीय अब्दुल कय्यूम अंसारी की पुण्यतिथि के अवसर पर एक विशेष श्रद्धांजलि संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पसमांदा समाज के महान नेता स्वर्गीय अब्दुल कय्यूम अंसारी के आदर्शों और योगदान को याद करते हुए समाज को एकता, शिक्षा, और विकास के मार्ग पर अग्रसर करना था। कार्यक्रम की शुरुआत पवित्र कुरआन की तिलावत और अब्दुल कय्यूम अंसारी की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ हुई। उनके हक में विशेष दुआएं की गई।

कार्यक्रम में अंजुम आरा (जेडीयू प्रवक्ता) ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा पसमांदा समाज को अतिपिछड़ा वर्ग में आरक्षण और उनकी राजनीतिक हिस्सेदारी सुनिश्चित करने के प्रयासों की प्रशंसा की। सलीम परवेज (पूर्व चेयरमैन, मदरसा एजुकेशन बोर्ड) ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पसमांदा समाज ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। महाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष शारिक अदीब ने बताया कि ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज ने पसमांदा समाज की समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पसमांदा समाज के प्रति योगदान को भी रेखांकित किया। संगठन के राष्ट्रीय संयोजक शमीम अंसारी ने अब्दुल कय्यूम अंसारी के संघर्ष और उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी शिक्षाएं आज भी पसमांदा समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं।तनवीर अहमद (स्वर्गीय कय्यूम अंसारी के पोते) ने सरकार से स्व. अब्दुल कय्यूम अंसारी को भारत रत्न प्रदान करने की अपील की और कहा कि वे एक सच्चे स्वतंत्रता सेनानी और देशभक्त थे। एआइपीएमएम के राष्ट्रीय महासचिव कमरुद्दीन अंसारी ने संगठन के विस्तार की जानकारी देते हुए बताया कि जल्द ही महाराष्ट्र और तेलंगाना में संगठन के कार्यालय खोले जाएंगे।संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व बिहार के प्रदेश प्रभारी सुहैलुद्दीन अंसारी ने सभी राजनीतिक दलों से पसमांदा समाज के लिए मोर्चा या मंच बनाने का अनुरोध किया। कार्यक्रम के संचालक रियाजउद्दीन बक्खो ने पसमांदा मुस्लिम समाज से संगठन के साथ जुड़ने और समाज को एकजुट करने की अपील की।

इस संगोष्ठी में पसमांदा समाज के बुद्धिजीवियों, राजनेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, और अन्य समुदायों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिसमें उपस्थित प्रमुख अतिथियों को शॉल और संगठन की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब का हुआ विस्तार

**चांदपुर।** चांदपुर में अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब की मीटिंग का आयोजन किया जिसमें युवा पत्रकार साथी मोहम्मद अरशद को जोड़कर संगठन का विस्तार किया गया। चांदपुर में अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब के ऑफिस पर अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब की मीटिंग का आयोजन किया गया मीटिंग में संगठन के विस्तार को लेकर विशेष चर्चा की गई तथा पत्रकार साथियों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलने तथा पत्रकार एकता पर जोर दिया गया मीटिंग में चांदपुर निवासी मोहम्मद अरशद को संगठन का चांदपुर नगर महासचिव नियुक्त कर माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया युवा पत्रकार अरशद ने कहा कि वह अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब में आकर खुश हैं तथा अखिल भारतीय पत्रिका प्रेस क्लब से प्रभावित होकर ही संगठन ज्वाइन किया है और संगठन हित और संगठन के विस्तार में कार्य करेंगे तथा 26 जनवरी को कार्यालय पर ध्वजारोहण करने तथा मई माह में हिन्दी पत्रकारिता दिवस मनाने का भी निर्णय लिया गया। जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा ने संगठन को पत्रकारों के हित में कार्य करने का आश्वासन दिया तथा संगठन का जिला स्तर पर विस्तार करने की बात कही।

# वेंकटेश्वरा मे जल्द शुरु होगी लीवर प्रत्यारोपण युनिट

**अवधनामा संवाददाता**



**अमरोहा।** देश ही नही बल्कि दुनिया में विख्यात लीवर कैंसर सर्जन एवं नयी दिल्ली स्थित सर गंगाराम हॉस्पिटल में लीवर ट्रांसप्लांटेशन यूनिट के निदेशक डा. सुरेश सिंघवी एवं उनकी टीम वेंक्टेश्वरा समूह के विम्स हॉस्पिटल में शुरू करेंगे लीवर प्रत्यारोपण की सुपरस्पेशियलिटी यूनिट। -डा. सिंघवी के वेंक्टेश्वरा समूह से जुड़ने से विम्स की स्वास्थ्य सेवाएं विशेष रूप से गैस्ट्रो विभाग होगा विश्वस्तरीय- सुधीर गिरि, संस्थापक अध्यक्ष वेंक्टेश्वरा समूह।

-अब पश्चिमी यू.पी. के लोगो को लीवर डिजीज के उपचार के लिए दिल्ली की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। लीवर, पैंक्रियाज, पेट एवं आँतों संबंधित सभी गम्भीर रोगों एवं कैंसर का वेंक्टेश्वरा में होगा प्रभावी उपचार- डा. सुरेश सिंघवी, विख्यात लीवर कैंसर सर्जन एवं निदेशक लीवर ट्रांसप्लांटेशन यूनिट, सर गंगाराम हॉस्पिटल नयी दिल्ली। पश्चिमी यू.पी. में अन्त्योदय तक सस्ती सुलभ विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित कराना ही वेंक्टेश्वरा का अन्तिम ध्येय- डा. राजीव त्यागी प्रतिकुलाधिपति वेंक्टेश्वरा विश्व विद्यालय /संस्थान एवं आधिकारिक प्रतिनिधि समूह /संस्थापक अध्यक्ष। ज राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान एवं सर गंगाराम सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल नयी दिल्ली के लीवर प्रत्यारोपण विभाग के निदेशक विख्यात लीवर कैंसर सर्जन डा. सुरेश सिंघवी के बीच वेंक्टेश्वरा के मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल विम्स में लीवर प्रत्यारोपण एवं लीवर कैंसर सर्जरी की यूनिट शुरू करने पर सहमति बन गयी है। इस आशय की जानकारी आज वेंक्टेश्वरा संस्थान में अपनी टीम के साथ आयें सर गंगाराम हॉस्पिटल के डायरेक्टर डा. सुरेश सिंघवी एवं वेंक्टेश्वरा समूह के संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि के बीच लीवर प्रत्यारोपण यूनिट शुरू करने पर सहमति होने पर संस्थापक अध्यक्ष के आधिकारिक प्रतिनिधि एवं विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी ने दी। वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के डा. सी.वी.रमन सभागार में अपनी टीम के साथ पहुंचे विख्यात गैस्ट्रो / आंकों (कैंसर) सर्जन एवं सर गंगाराम हॉस्पिटल नयी दिल्ली में लीवर प्रत्यारोपण विभाग के निदेशक डा. सुरेश सिंघवी का यहां संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि एवं प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी ने बुके, पटका,पगड़ी पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनन्दन किया। अपने सम्बोधन में डा. सिंघवी ने कहा कि हम जल्द ही यहां लीवर ट्रांसप्लांटेशन यूनिट शुरू करने जा रहे है।

# स्वेटर-शॉल पर आ गए हैं रोएं तो निकालने के लिए अपनाएं ये तरीके, काम का है ये नुस्खा

दिसंबर और जनवरी का महीना आते-आते कई राज्यों में सर्दी ने जोर पकड़ लिया है। पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में भी देखने को मिल रहा है। सर्दी से बचने के लिए हम सभी ऊनी कपड़ों का सहारा लेते हैं। लेकिन गर्म कपड़ों में रोएं निकलने से हर कोई परेशान रहता है। एक-दो धुलाई के बाद वूलेन कपड़ों में रोएं निकल आते हैं। जिसकी वजह से महंगे से महंगा कपड़ा पुराना नजर आने लगता है। लेकिन आप कुछ आसान हैक्स की मदद से आप इनको आसानी से हटा सकते हैं। इसके साथ ही आपको कुछ सावधानियां बरतनी चाहिए। जिससे कि इन कपड़ों में रोएं न लगें। वहीं रोएं की वजह से आपका कपड़ा खराब हो रहा है, तो आप कंघी वाली ट्रिक आजमा सकती हैं।



### *कपड़ों से क्यों निकलते हैं रोएं*

कपड़ों को गलत तरीके से धोने या सुखाने से रोएं निकलने लगते हैं।

ऊनी कपड़े पहनकर सोने से भी कपड़ों में रोएं निकलने लगते हैं।

ऊनी कपड़ों को गर्म पानी से धोने से रोएं भी निकलने लगते हैं।

सस्ती और खराब क्वालिटी का ऊन होने पर रोएं निकल सकते हैं।

### *कंघी से हटाएं रोएं*

आप कंघी की मदद से भी वूलेन कपड़ों से रोएं हटा सकती हैं। सबसे अच्छी बात ये है कि इसमें किसी तरह का कोई खर्च नहीं आता है। आप रोएं वाली जगह पर कंघी को घुमाना होगा। ऐसे में कंघी में रोएं फंसकर साफ हो जाएंगे। ध्यान रखें कि रोएं निकालने के लिए पतली कंघी लेनी होगी।

### *इन ट्रिक्स से निकालें रोएं*

आप पैकिंग टेप की सहायता से आसानी से रोएं निकाल सकते हैं। इसके लिए रोएं पर टेप लगाएं।

इसके अलावा वूलेन कपड़ों को विनेगर में भिगोकर रखें, इससे रोएं आसानी से निकल सकते हैं।

आप शेविंग रेजर की सहायता से भी रोएं निकाल सकते हैं। लेकिन ध्यान रखें कि रोएं निकालते समय कपड़े को कोई नुकसान न हो।

वहीं अगर आपके पास लिंट रिमूवर है, तो यह बेस्ट ऑप्शन होगा।

### *ऐसे धोएं ऊनी कपड़े*

बता दें कि बहुत सारे लोग ऊनी कपड़ों को गर्म पानी से धोते हैं, जिसकी वजह से कपड़ों में रोएं निकल आते हैं। बल्कि गर्म पानी से धोने से इसकी बनावट भी खराब हो जाती है। इसलिए सबसे अच्छा तरीका है कि आप वूलेन कपड़ों को गर्म पानी से धोएं। वहीं अगर आप वूलेन कपड़ों को वॉशिंग मशीन में धोते हैं, तो आपको वूल या डेलिकेट मोड ऑन करें। अगर आप हाथ से इन कपड़ों को धोते हैं, तो ज्यादा बेहतर रहेगा। गर्म कपड़ों को सही तरीके से धोने से गर्म कपड़ों में रोएं की कोई परेशानी नहीं होती है।

# मिट्टी में इस तरह मिलाएंगे गुड़ तो नहीं लगेंगी चीटियां, पौधे की अच्छे से होगी ग्रोथ



बहुत सारे को लोगों को गार्डनिंग का शौक होता है। ऐसे लोगों का सबसे ज्यादा फोकस पौधे पर होता है। लेकिन जब पत्तियां पीली दिखने लगें, या फूल न आएं, तो लोग परेशान हो जाते हैं। लेकिन कई बार लोग इसकी असली वजह नहीं समझ पाते हैं। क्योंकि मिट्टी को सभी पोषक तत्व नहीं मिलने के कारण पौधा सही तरीके से ग्रोथ नहीं कर पाता है। इसलिए पौधों की देखभाल के लिए मिट्टी को पोषण देने की आवश्यकता होती है।

ऐसे में आप मिट्टी की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए गुण का इस्तेमाल कर सकते हैं। गुण में फॉस्फोरस, मैग्नीशियम, लौह, जिंक, कैल्शियम, पोटैशियम, तांबा, फॉलिक एसिड जैसे तत्व पाए जाते हैं। गुड़ के तत्व का फायदा मिट्टी को भी मिलता है। हालांकि कुछ लोगों का सोचना है कि गुड़ को मिट्टी में मिलाने से मिट्टी में चीटियां हो सकती हैं। लेकिन बता दें कि अगर आप सही तरीके से मिट्टी में गुड़ मिलाते हैं, तो यह मिट्टी के लिए अमृत की तरह काम करता है।

### *कितना गुड़ लें*

अगर आप भी पौधों के लिए गुड़ का इस्तेमाल करने की सोच रहे हैं, तो आपको इसकी क्वांटिटी बहुत कम रखनी है। 15 से 20 ग्राम गुड़ को एक लीटर पानी में डिजॉल्व करना है। फिर इस लिक्विड को महीने में करीब 100द्मद्य आप हर एक पौधे में डाल सकते हैं।

### *मिट्टी को मिलता है फायदा*

बता दें कि यह नेचुरल सॉइल कंडीशनर के रूप में काम करता है।

गुड़ डालने से मिट्टी का टेक्सचर काफी अच्छा हो जाता है।

गुड़ में मौजूद माइक्रो मिट्टी की फर्टिलिटी को बढ़ाने का काम करता है।

गोबर की खाद और कंपोज में भी गुड़ का इस्तेमाल किया जा सकता है।

गुड़ के अंगर पौटेशियम और आयरन होने से पौधे को भी इसका फायदा मिलता है।

# स्वाद और हेल्थ में एकदम परफेक्ट हैं मोरिंगा के लड्डू, नोट करें रेसिपी

मोरिंगा सेहत के लिए बेहद ही फायदेमंद होता है। मोरिंगा लीव्स में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं, जिसके सेवन से शरीर दुरुस्त बनता है। मोरिंगा सर्दियों मे इम्यूनिटी बढ़ाने से लेकर हड्डियों को मजबूत करने, त्वचा और बालों को पोषण भी देता है। इस लेख में हम आपको मोरिंगा के लड्डू की रेसिपी बताने जा रहे हैं, जो सेहत के लिए काफी हेल्थी है। आइए आपको बताते हैं मोरिंगा के लड्डू की रेसिपी।

### *मोरिंगा के लड्डू के लिए सामग्री*

- 2 कप मोरिंगा के पत्तों का पाउडर
- 1 कप नारियल कसा हुआ
- 1 कप मेवे
- 1/2 कप खजूर
- 4 बड़ा चम्मच शहद
- 1/2 कप सूरजमुखी के बीज
- 1/2 छोटा चम्मच इलायची पाउडर
- घी



### *मोरिंगा लड्डू कैसे बनाएं*

- सबसे पहले आप एक पैन लें और मीडियम आंच पर रखें। इसमें कसा हुआ नारियल डालें और सुनहरा भूरा और खुशबूदार होने तक भून लीजिए।
- जलने से बचाने के लिए इसे लगातर चलाते रहें। जब यह भून जाएं तो इसे एक तरफ रख दें।
- सूरजमुखी के बीजों को भी ऐसे ही भून लें।
- इसके बाद बादाम, काजू, अखरोट, किशमिश, पिस्ता आदि ड्राई फ्रूट लें और उन्हें बारीक काट लें। इनको आप ब्लेंडर में पीसकर बारीक पाउडर भी बना लें।
- अब ब्लेंडर में धुले हुए खजूर डालें, लेकिन इनके बीज निकाल दें। तब तक ब्लेंड करें। जब तक यह चिपचिपा पेस्ट न हो जाए।
-एक बड़ा कटोरा लें और उसमें मोरिंगा के पत्तों का पाउडर, भुना हुआ नारियल, मूंगफली, खजूर का पेस्ट, शहद, सूरजमुखी के बीज और इलायची पाउडर मिलाएं। तब तक मिलाएं जब तक सभी सामग्री अच्छी तरह से मिल न जाएं।
- इसके बाद हाथों पर घी लगाकर चिकना कर लें ताकि वे चिपके नहीं और मोरिंगा लड्डू मिश्रण का एक छोटा हिस्सा लें। इसे हथेलियों के बीच में रोल करें और इसे चिकने लड्डू का आकार दें।

# 30 मिनट में घर पर बनाएं मीठा और चटपटा अनानास जैम, नोट करें ये आसान रेसिपी

अनानास जैम एक मीठा और तीखा स्प्रेड है जो टोस्ट, दही के ऊपर डालने या केक और पेस्ट्री में भरने के लिए एकदम सही है। ताज़ा अनानास, चीनी और मसाले का एक संकेत एक साथ मिलकर एक स्वादिष्ट स्वाद वाला जैम बनाते हैं जो निश्चित रूप से पसंदीदा बन जाएगा। इस सरल रेसिपी के साथ, आप घर पर ही अपना खुद का अनानास जैम बना सकते हैं, बस कुछ सामग्री और कुछ बुनियादी खाना पकाने के कौशल का उपयोग करके।



### *अनानास जैम रेसिपी*

### *सामग्री*

2 कप ताजे अनानास के टुकड़े, 1 कप दानेदार चीनी, 1/4 कप पानी, 1 बड़ा चम्मच नींबू का रस, 1/4 चम्मच पिसी हुई दालचीनी (वैकल्पिक), 1/4 चम्मच पिसी हुई अदरक (वैकल्पिक)

### *विधि*

1. सबसे पहले अनानास को छोटे टुकड़ों को अच्छे से साफ कर के अलग रख दें।
2. अब एक पैन में अनानास के टुकड़े, चीनी, पानी, नींबू का रस, दालचीनी और अदरक (अगर इस्तेमाल कर रहे हैं) मिलाएं।
3. पैन को मध्यम आंच पर रखें और मिश्रण को बीच-बीच में हिलाते हुए अच्छे से उबाल लें।
4. एक बार जब मिश्रण उबलने लगे, तो आंच को मध्यम-धीमी कर दें और 20-25 मिनट तक पकाएं या जब तक अनानास नरम न हो जाए और तरल गाढ़ा होकर जैम जैसा न हो जाए।
5. अनानास के टुकड़ों को मैश करने और उनका प्राकृतिक रस निकालने के लिए आलू मैशर या कांटे का इस्तेमाल करें।
6. जैम को और 10-15 मिनट तक या जब तक यह आपकी पसंद के अनुसार गाढ़ा न हो जाए, तब तक उबालना जारी रखें। आप जैम की थोड़ी मात्रा प्लेट में रखकर और उसे कमरे के तापमान पर ठंडा करके जांच सकते हैं। अगर यह अभी भी बहुत पतला है, तो कुछ और मिनट तक उबालना जारी रखें।
7. पैन को आंच से उतारें और जैम को थोड़ा ठंडा होने दें। यदि आप अधिक मुलायम जैम चाहते हैं, तो आप अपने मिश्रण को बारीक जालीदार छलनी से छान सकते हैं।
8. ठंडा होने के बाद जैम को जार में ट्रांसफर करें और रेफ्रिजरेटर में स्टोर करें। बता दें, आप इस जैम को छह महीने तक स्टोर कर सकते हैं।

### *सुझाव और बदलाव*

- बेहतरीन स्वाद और बनावट के लिए ताज़ा अनानास का उपयोग करें।
- अपने स्वाद के अनुसार चीनी की मात्रा कम या ज्यादा कर सकते हैं।
- जैम में स्वाद जोड़ने के लिए थोड़ी रम या अन्य शराब का इस्तेमाल किया जा सकता है।
- इस जैम को दही, ओटमील या आइसक्रीम के ऊपर डालकर अपनी मील का स्वाद बढ़ाएं।
- आप इस जैम में अलग-अलग मसालों, जैसे जायफल या इलायची का इस्तेमाल कर सकते हैं।

# स्किन ग्लोइंग से लेकर वजन घटाने में फायदेमंद है पाइनएप्पल सूप, आज ही घर में बनाएं, नोट करें आसान विधि



आपने कई सारे सूप पिएंगे होंगे जैसे कि गाजर, टमाटर, मशरुम या अन्य सब्जियों का, लेकिन आप ने कभी भी पाइनएप्पल का सूप नहीं पिया होगा। हालांकि, पाइनएप्पल का सूप स्वाद में काफी टेस्टी होता है और हेल्द के लिए अच्छा होता है। इस सूप के कई अनगिनत फायदे होते हैं। पाइनएप्पल सूप में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स, विटामिन्स और फाइबर इम्यूनिटी बढाने से लेकर डाइजेशन को भी सुधारता है और त्वचा को ग्लोइंग बनाता है।

### *पाइनएप्पल सूप बनाने के लिए सामग्री*

- 1 कप कटा हुआ ताजा पाइनएप्पल
- 1 बारीक कटा हुआ प्याज
- 1 कटी हुई गाजर
- 2 कप पानी
- 1 चम्मच मक्खन
- 1/2 चम्मच काली मिर्च पाउडर
- नमक स्वादानुसार
- धनिया पत्ती गर्निश करने के लिए

### *पाइनएप्पल सूप बनाने का तरीका*

- सबसे पहले आप एक पैन में मक्खन गर्म करके उसमें प्याज, अदरक और गाजर डालकर हल्का भून लें। अब आप पैन में कटा हुआ पाइनएप्पल डालकर सभी चीजों के साथ 2-3 मिनट तक पकाएं।
- फिर पैन में थोड़ा सा पानी डालकर 10 मिनट तक सभी चीजों को लो फ्लेम पर उबलने दें। इसके बाद गैस बंद कर दें मिश्रण को ठंडा होने के लिए रख दें।
- जब मिश्रण ठंडा हो जाए तो इसे मिक्सी में डालकर अच्छे से पीस लें। अब इस मिश्रण को मिक्सी में पीस लें और फिर छानकार वापस पैन में डालकर पकाएं।
- पैन में काली मिर्च पाउडर और नमक डालकर सूप के मिश्रण को 2 मिनट तक और पकाएं। अब गैस बंद कर दें। आपका टेस्टी और हेल्दी पाइनएप्पल सूप तैयार है। गर्निश के लिए आप धनिया की पत्ति डाल सकते हैं।

### *पाइनएप्पल सूप पीने के फायदे*

- पाइनएप्पल सूप पीने से इम्यूनिटी बूस्ट होती है, इसमें मौजूद विटामिन सी प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती है, जिससे सर्दी-जुकाम में राहत मिलता है।
- पाइनएप्पल में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा को डैमेज से बचाकर उसका नेचुरल ग्लो बनाए रखता है।
- पाइनएप्पल सूप में कम कैलोरी और हाई फाइबर मौजूद होता है। फाइबर पेट के लंबे समय तक भरा रखता है। जो वेट लॉस में मदद करता है।

# हेयर फॉल से हो गईं हैं परेशान तो आज ही बना लें हर्बल शैंपू, जल्द ही कमर तक छू जाएगी बालों की लंबाई

सर्दियों में ठंड से बचने के लिए अधिकतर लोग गर्म पानी से नहाते हैं। लेकिन जब स्कैल्प पर गर्म या गुनगुना पानी पड़ता है, तो स्कैल्प ड्राई होने लगती है और हेयर फॉलिकल भी कमजोर होने लगता है। इससे बाल ज्यादा झड़ने लगते हैं। लेकिन अगर आप ऐसे शैंपू का इस्तेमाल करते हैं, जिससे हेयर फॉल कम हो जाए और बालों की ग्रोथ तेजी से बढ़े। अब आप सोच रहे होंगे कि ऐसा कैसे हो सकता है, तो बता दें कि ऐसा हो सकता है। असल में, अगर आप अपने बालों को सही पोषण देते हैं और नेचुरल चीजों का इस्तेमाल करते हैं, तो आपके बालों की लंबाई तेजी से बढ़ेगी और यह मजबूत भी होंगे। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको घर पर ही नेचुरल हर्बल शैम्पू बनाने का तरीका बताने जा रहे हैं। यह हेयर ग्रोथ में काफी फायदेमंद होता है।



### *मार्केट वाले शैंपू से बालों को नुकसान*

मार्केट में आपको बालों से जुड़ी हर समस्या के लिए अलग-अलग शैंपू और कंडीशनर मिल जाएंगे। लेकिन समस्या यह होती है कि अगर एक शैंपू डैंड्रफ खत्म करने वाला होता है, तो उससे हेयर फॉल नहीं रुकता है। वहीं अगर शैंपू हेयर ग्रोथ वाला है, तो वह ज्यादा असरदार होगा, इसकी कोई संभावना नहीं है। वहीं मार्केट वाले शैंपू में केमिकल्स मिला होता है, जो बालों को नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसे में हम आपको घर पर हर्बल शैंपू बनाने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।

### *हर्बल शैंपू की सामग्री*

एलोवेरा- 1 बड़ी पत्ती
रीठा- 1 बड़ी कटोरी
नीम का जूस- 1 बड़ा गिलास
शिकाकाई- 1 बड़ी कटोरी
एशेंशियल ऑयल- जरूरत अनुसार
सूखा गुलाब- 1 बड़ी कटोरी
अलसी- 1 बड़ी कटोरी
पानी- 2 गिलास?

### *ऐसे बनाएं हर्बल शैंपू*

सबसे पहले एक पैन गैस पर हल्दी आंच पर चढ़ा दें। फिर इसमें नीम का जूस भर दें।

अब इसमें शिकाकाई, आंवला, रीठा और असली के बीज डालकर अच्छे से उबाल लें।

जब सभी चीजें अच्छे से उबल जाएं, तो इसको ठंडा होने के लिए रख दें।

फिर रीठा को मसलकर इसका बीज बाहर निकाल लें।

इसके बाद एक मिक्सी में आंवला और रीठा वाली सामग्री डालकर अच्छे से पीस लें।

इस तरह से बालों की लंबाई बढ़ाने वाला हर्बल शैंपू बनकर तैयार हो गया। यह आपके बालों को सिल्की, शाइनी और लंबा करेगा।

आप चाहें तो यह शैंपू ज्यादा मात्रा में भी बनाकर रख सकते हैं।

### *बालों में रीठा-आंवला लगाने के फायदे*

अगर आप भी बालों को हेल्दी और खूबसूरत बनाना चाहती हैं, तो आपको बालों पर रीठा और आंवला का इस्तेमाल करना चाहिए। यह स्कैल्प साफ करने से लेकर बालों को काला और लंबा बनाने में फायदेमंद होता है। वहीं यदि रीठा की बात की जाए, तो रीठा हमारे बालों को लंबा और घना करते हैं। साथ ही यह बालों को सिल्की, शाइनी और मजबूती देता है।

# पोंगल पर बनाएं चावल से यह खास डिश, इसे खाकर सब लोग करेंगे तरीफ

पोंगल दक्षिण भारत के प्रमुख त्योहारों में से एक है। इस त्योहार को दक्षित भारत और तमिल में धूमधाम के साथ मनाया जाता है। यह त्योहार मुख्य तौर पर कृषि और फलस कटाई के पर्व के रुप में मनाया जाता है। पोंगल मकर संक्रांति के दिन शुरु होता है और 4 दिन तक चलता है। इस बार 14 जनवरी से लेकर 17 जनवरी तक पोंगल त्योहार को मनाया जाएगा। पोंगल के दौरान हर घरों में विशेष रुप से पकवान बनाए जाते हैं। चलिए चावल से बनने वाला एक पकवान में आपको बताने जा रही है।



इमली के चावल बनाने की सामग्री

- चावल - 2 कप
- दो चम्मच इमली का पेस्ट
- सरसों के दाने - 1 छोटा चम्मच
- सूखी लाल मिर्च - 2-3
- करी पत्ते - 8-10
- मूंगफली - 3 बड़े चम्मच
- चना दाल - 1 बड़ा चम्मच
- उड़द दाल - 1 बड़ा चम्मच
- हल्दी पाउडर - 1/2 छोटा चम्मच
- लाल मिर्च पाउडर - 1 छोटा चम्मच हींग - एक चुटकी
- तेल - 2 बड़े चम्मच
- नमक - स्वादानुसार
- गुड़ - 1/2 छोटा चम्मच

### *इसे बनाने की विधि*

- इमली के चावल बनाने के लिए आप सबसे पहले चावल को पका लें और ठंडा होने दें। चावल पकाते समय ध्यान रखें कि चावल के दाने खिले हुए होने चाहिए। फिर आप इमली का पेस्ट बनाएं।
- पेस्ट बनाने के लिए एक पैन लें उसमें 2 बड़े चम्मच तेल गर्म करें। इस पैन में सरसों के दाने डालें और चटकने दें। इसके बाद करी पत्ता, सूखी लाल मिर्च, मूंगफली, चना दाल और उड़द दाल डाल दें।
- अब इसे आप धीमी आंच पर तब तक भूनें, जब तक मूंगफली और दाल ढंग से पक जाए। फिर इसमें हल्दी, लाल मिर्च पाउडर और हींग डाल दीजिए। अब आप इसनें इमली का पेस्ट डाल दीजिए, फिर इसे अच्छे से मिलाएं।
- स्वाद को संतुलित करने के लिए आप गुड़ और थोड़ा पानी डालें। मसाला गाढ़ा और तेल छोड़ने लगे तब तक पकाएं। यह आपका मसाला काफी तैयार है।
- तैयार हुए मसाले में आप ठंडे चावल मिला लीजिए। चावलों और मसाले को अच्छे से मिला लें। अब आखिर में इसमें जरुरत के अनुसार नमक डालें। फिर आप इन चावल को धनिया पत्तों से सजाएं। इसके साथ आप पापड़, दही या अचार के साथ सर्व करें।

# सर्दियों में फटे होंठ बिगाड़ रहे हैं आपकी खूबसूरती, ट्राई करें ये नुस्खा मिलेंगे सॉफ्ट लिप्स

सर्दियों के मौसम में हम सभी को एक्स्ट्रा स्किन केयर की जरूरत होती है। क्योंकि यह मौसम हमारी त्वचा को भी नुकसान पहुंचाता है। सर्दियों में चलने वाली ठंडी हवा हमारी स्किन की नमी को सोख लेती है। जिससे स्किन ड्राई और डल हो जाती है। सर्दियों में चेहरे पर डार्कनेस और होंठ फटने लगते हैं। सर्दियों के मौसम में होंठ भी ज्यादा फटते हैं, इसलिए इनकी केयर के लिए आप कुछ घरेलू नुस्खे अपना सकते हैं। आज हम आपको कुछ ऐसे नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे ट्राई करने में सिर्फ 5 मिनट का समय लगेगा। इन नुस्खों को आजमाने से आपके होंठ कम फटेंगे और यह सॉफ्ट और पिंक बने रहेंगे।

गुलाब की पंखुड़ियां और दूध

गुलाब की पंखुड़ियों के इस्तेमाल से स्किन सॉफ्ट होती है। वहीं दूध स्किन में नमी पैदा करता है। ऐसे में आप इन दोनों चीजों का इस्तेमाल अपने लिप्स के लिए कर सकते हैं। इसमें किसी तरह का कोई केमिकल मौजूद नहीं होता है।



लिप्स पर लगाएं गुलाब की पंखुड़ियां और दूध

गुलाब की पंखुड़ियों को अलग कर लें।

फिर इन पंखुड़ियों को पानी से साफ कर लें और 2 चम्मच दूध के साथ पीस लें।

अब इसको अपने लिप्स पर लगाएं और फिर करीब 5 मिनट बाद साफ कर लें।

इसको अप्लाई करने के कुछ समय बाद ही आपके होंठ सॉफ्ट और गुलाबी नजर आने लगेंगे।

एलोवेरा जेल और शहद

बता दें कि एलोवेरा जेल त्वचा के लिए अच्छा होता है। इसलिए आपको एलोवेरा जेल का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। एलोवेरो जेल के साथ आप शहद का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे लिप्स पर नमी बनी रहेगी।

ऐसे इस्तेमाल करें एलोवेरा जेल और शहद

सबसे पहले एक कटोरी में फ्रेश एलोवेरा जेल निकालना है।

अब इसमें 1 चम्मच शहद डालें और दोनों को अच्छे से मिक्स करें।

फिर इसको लिप्स पर लगाएं।

लिप्स पर यह लगाने के 5 मिनट बाद होंठ साफ कर लें।

इसको लगाने से होंठ पर सॉफ्टनेस आ जाएगी।

इस नुस्खे को ट्राई करने से आपके लिप्स सॉफ्ट हो जाएंगे। इससे आपको मार्केट से लिप बाम लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। साथ ही आपके होंठ सर्दी से बचे रहेंगे। अगर आपको कोई समस्या है, तो पैच टेस्ट जरूर करें। लेकिन इसे ट्राई करने से पहले एक्सपर्ट की सलाह लेना न भूलें।

# कर्नाटक कांग्रेस की बैठक में हाई-वोल्टेज ड्रामा, पार्टी भवन निर्माण को लेकर नेताओं में हुई तीखी बहस

**निर्देश**

**उसी बैठक में, मंत्री-विधायकों को निर्देश दिया गया कि वे मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को बदलने या नए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति पर चर्चा न करें।**



**बेलगावी।** कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला बेलगावी में जय बापू, जय भीम, जय संविधान कार्यक्रम की तैयारियों के लिए पहुंचे थे। उन्होंने कांग्रेस सदस्यों से कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया, लेकिन चर्चा इसी दौरान कांग्रेस भवन के लिए मंत्रियों और विधायकों द्वारा अपर्याप्त योगदान की कमी पर चली गई और नेताओं में तीखी बहस हुई।

राष्ट्रीय महासचिव और राज्य प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला के नेतृत्व में शुक्रवार को कर्नाटक कांग्रेस की बैठक हुई। बैठक के दौरान हाई-वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। बेलगावी में पार्टी भवन के निर्माण को लेकर कांग्रेस नेताओं में तीखी बहस हुई।

सूत्रों के अनुसार, राज्य के लोक निर्माण मंत्री सतीश जरकीहोली के अलावा, अन्य पार्टी नेताओं ने कांग्रेस भवन के निर्माण में योगदान नहीं दिया, जिस पर नेताओं ने असंतोष जताया। सिर्फ जरकीहोली ने 1 करोड़ रुपये का योगदान दिया था। सुरजेवाला बेलगावी में जय बापू, जय भीम, जय संविधान कार्यक्रम की तैयारियों के लिए पहुंचे थे। यह कार्यक्रम 1924 में महात्मा गांधी की अध्यक्षता में आयोजित कांग्रेस अधिवेशन की शताब्दी के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। पहले यह कार्यक्रम 26 और 27 दिसंबर को होना था, लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के कारण इसे रद्द कर दिया गया था।

अब यह कार्यक्रम बेलगावी में 21 जनवरी को आयोजित होगा। सूत्रों के अनुसार, बैठक में सुरजेवाला ने सदस्यों से कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया, लेकिन चर्चा इसी दौरान कांग्रेस भवन के लिए मंत्रियों और विधायकों द्वारा अपर्याप्त योगदान की कमी पर चली गई। यह मुद्दा पहले 13 जनवरी को बंगलूरू में हुई कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) की बैठक में भी उठा था। इस बैठक में, राज्य कांग्रेस अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने पूरे कर्नाटक में 100 कांग्रेस भवन बनाने का प्रस्ताव रखा था और मंत्री-विधायकों स

` योगदान देने की अपील की। जरकीहोली ने बैठक में बेलगावी के नेताओं से योगदान की कमी की चिंता जताई। सूत्रों के अनुसार, महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर ने परोक्ष रूप से इसकी आलोचना की, जो बेलगावी से ही हैं।

उसी बैठक में, मंत्री-विधायकों को निर्देश दिया गया कि वे मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को बदलने या नए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति पर चर्चा न करें। शिवकुमार 2020 से प्रदेश अध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं और डिप्टी सीएम का पद भी संभाल रहे हैं।

इसके दो दिन बाद, जरकीहोली ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जिसमें पूर्णकालिक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति की मांग की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मंत्री अपने विभागों का प्रबंधन करते हुए पार्टी की जिम्मेदारियों पर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं।

ऐसी अटकलें थीं कि जरकीहोली को पार्टी के निर्देशों का उल्लंघन करने के लिए नोटिस दिया गया था। हालांकि, सुरजेवाला ने शुक्रवार को इन दावों को खारिज करते हुए इन्हें भाजपा द्वारा फैलाई गई अफवाह बताया।

# छगन भुजबल राकांपा की बैठक में होंगे शामिल

**मुंबई।** छगन भुजबल ने बताया कि वे केवल प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे के अनुरोध के कारण पार्टी बैठक में शामिल हो रहे हैं। बता दें कि उन्हें इस बार महाराष्ट्र मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया। उन्होंने इसके लिए उपमुख्यमंत्री अजित पवार को जिम्मेदार ठहराया।

राकांपा के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल ने महाराष्ट्र कैबिनेट से खुद को बाहर किए जाने को लेकर पार्टी प्रमुख और उपमुख्यमंत्री अजित पवार पर निशाना साधा था। उन्होंने शनिवार को बताया कि वे पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के अनुरोध पर पार्टी सम्मेलन में शामिल हो रहे हैं। राकांपा नेता ने कहा कि दो दिवसीय राकांपा सम्मेलन में उनकी उपस्थिति का यह मतलब नहीं कि सभी मुद्दे सुलझा लिए गए। पत्रकारों से बात करते हुए राकांपा नेता छगन भुजबल ने कहा, पार्टी नेता प्रफुल्ल पटेल



मुझसे दो घंटे तक मुलाकात की और मुझसे सिरडी सम्मेलन में शामिल होने का अनुरोध किया। राकांपा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने फोन पर मुझसे बात की और सिरडी आने का अनुरोध किया।÷ उन्होंने बताया कि वे केवल प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे के अनुरोध के कारण पार्टी बैठक में शामिल हो रहे हैं।

छगन भुजबल ने कहा, ÷इसका यह मतलब नहीं है कि सभी मुद्दे सुलझा लिए गए। यह एक पार्टी बैठक है, किसी व्यक्ति विशेष की बैठक नहीं है।÷ पूर्व मंत्री छगन भुजबल को इस बार महाराष्ट्र मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया। उन्होंने इसके लिए उपमुख्यमंत्री अजित पवार को जिम्मेदार ठहराया। इसके विरोध में वे राज्य विधानमंडल के शीतकालीन सत्र से भी दूर रहे। इसके साथ ही उन्होंने एक अलग राजनीतिक राह अपनाने का संकेत देते हुए कहा था, %जहां नहीं चैना, वहां नहीं रहना।

# आरजी कर मामला: जो भी उचित सजा होगी वह अदालत द्वारा तय की जाएगी



**कोलकाता।** महिला प्रशिक्षु डॉक्टर के पिता ने सीबीआई पर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस मामले में सीबीआई ने कुछ नहीं किया। यहां संतुष्टि का कोई सवाल ही नहीं है। सियालदह सिविल और क्रिमिनल कोर्ट आज आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में महिला प्रशिक्षु डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामला में फैसला सुनाने के लिए तैयार है। इस बीच मृतिका डॉक्टर के पिता ने कहा कि जो भी उचित सजा होगी वह अदालत द्वारा तय की जाएगी। उन्होंने बताया कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिल जाता, तब तक वे कोर्ट का दरवाजा खटखटाते रहेंगे। इसके साथ ही उन्होंने इस मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की तरफ से कुछ भी नहीं करने का आरोप लगाया। पीड़िता के पिता ने कहा, डीएनए रिपोर्ट में एक नहीं बल्कि चार लड़के और एक लड़की के होने की बात सामने आई है। आरोपियों को सजा मिलने पर हमें कुछ राहत मिलेगी। जब तक हमें न्याय नहीं मिल जाता, तब तक हम अदालत का दरवाजा खटखटाते रहेंगे। हम देश के लोगों से भी समर्थन मागेंगे।÷ महिला प्रशिक्षु डॉक्टर के पिता ने सीबीआई पर आरोप लगाया। उन्होंने कहा, इस मामले में सीबीआई ने कुछ नहीं किया। यहां संतुष्टि का कोई सवाल ही नहीं है। हमने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के समक्ष कई सवाल उठाए। हमने कोर्ट से इसका जवाब मांगा है। हमने सीबीआई से जवाब नहीं मांगा, लेकिन कोर्ट ने सारी जिम्मेदारी सीबीआई को सौंप दी। आरजी कर पीड़ित के पिता ने कहा, इन दो महीनों में अदालत ने सभी सबूतों की समीक्षा की। जो भी उचित सजा होगी वह अदालत तय करेगी।

पिता ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और कानून मंत्री को भी चिट्ठी लिखी, लेकिन उनमें से किसी से भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। पिछले साल नवंबर में सीबीआई ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओ के संबंध में आरोपपत्र दायर किया। इस आरोपपत्र में संदीप घोष समेत डॉ. आशीष कुमार पांडे, बिप्लप सिंघा, सुमन हाजरा और अफसर अली खान का नाम शामिल है। यह जांच कलकत्ता हाई कोर्ट के एक आदेश के बाद शुरू की गई थी।

# लड़की बहिन योजना को लेकर मंत्री अदिति ने दिया अहम अपडेट



**मुंबई।** महाराष्ट्र की मंत्री अदिति तटकरे ने शनिवार को कहा कि परिवहन और आयकर विभागों की मदद से मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना के लाभार्थियों की जांच की प्रक्रिया चल रही है। राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा कि 4,500 महिलाओं ने इस योजना से बाहर निकलने के लिए आवेदन किया है।

पिछले साल अगस्त में पूर्ववर्ती एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की उन महिलाओं को 1,500 रुपये मासिक भत्ता दिया जाता है जिनके परिवार की वार्षिक आय 2.5 लाख रुपये से कम है।

मंत्री ने कहा कि योजना के फर्जी लाभार्थियों के बारे में शिकायतें मिलने के बाद क्रॉस-सत्यापन किया जा रहा है। तटकरे ने कहा, कुछ लाभार्थियों की वार्षिक आय 2.5 लाख रुपये से अधिक होने, कुछ के पास एक से अधिक निजी वाहन होने, सरकारी नौकरी में कार्यरत होने और शादी के बाद दूसरे राज्यों में चले जाने की शिकायतें मिली हैं।

उन्होंने कहा कि क्रॉस-सत्यापन एक सतत प्रक्रिया है और जारी रहेगी। मंत्री ने कहा कि योजना से बाहर निकलने के लिए 4,500 महिलाओं ने आवेदन किया है। पिछले साल राज्य विधानसभा चुनाव से पहले शुरू की गई लड़की बहिन योजना ने सत्तारूढ़ महायुति की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। लड़की बहिन योजना के 2.43 करोड़ से ज्यादा लाभार्थी हैं, जिससे हर महीने राज्य के खजाने पर करीब 3700 करोड़ रुपये का बोझ पड़ रहा है। वहीं एनसीपी नेता और महाराष्ट्र की मंत्री अदिति एस तटकरे ने कहा, आज का शिविर आगामी स्थानीय निकाय चुनावों पर चर्चा करने के लिए है। शिविर में पार्टी के सभी विधायक, एमएलसी और अन्य नेता मौजूद थे। हमने पिछले चुनावों में जीत को दोहराने का लक्ष्य रखा है...हम सभी नेताओं से सुझाव लेंगे और उस पर काम करेंगे।

## धड़कते दिल को लेकर दौड़ी हैदराबाद मेट्रो, 13 मिनट से भी कम समय में पूरा किया 13 किलोमीटर का सफर

**हैदराबाद।** हैदराबाद मेट्रो ने शुक्रवार को ग्रीन कॉरीडोर बनाया। कामिनेनी अस्पताल की टीम ने मेडिकल बॉक्स में डोनर हार्ट रखा और उसे मेट्रो के जरिए ग्लेनीगल्स ग्लोबल अस्पताल तक पहुंचाया। हैदराबाद मेट्रो ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। मेट्रो न सिर्फ यात्रियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचा रही, बल्कि स्वास्थ्य क्षेत्र में अहम योगदान निभा रही है। हैदराबाद मेट्रो ने 13 किलोमीटर की दूरी को सिर्फ 13 मिनट में पूरा किया और हार्ट ट्रांसप्लांट के लिए दिल पहुंचाया। इसे लेकर एक वीडियो भी सामने आया है। हैदराबाद की मेट्रो ने हार्ट ट्रांसप्लांट के लिए ग्रीन कॉरिडोर की सुविधा प्रदान की। इस कॉरिडोर ने एलबी नगर के कामिनेनी अस्पताल से लकड़ी के पुल इलाके के ग्लेनीगल्स ग्लोबल अस्पताल तक हृदय हार्ट को पहुंचाया।

## स्थानीय निकाय चुनाव पर घमासान

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता दिलीप वाल्से पाटिल ने कहा कि अगर अन्य पार्टियों के साथ गठबंधन नहीं बन पाता, तो एनसीपी अकेले ही लड़ेगी। महाराष्ट्र के राजनीतिक गलियारे में लगातार उथल-पुथल मची हुई है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता दिलीप वाल्से पाटिल ने शनिवार को कहा कि अगर अन्य पार्टियों के साथ गठबंधन नहीं बन पाता, तो एनसीपी महाराष्ट्र में होने वाले स्थानीय निकाय चुनाव अकेले ही लड़ेगी। बता दें, उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अध्यक्षता वाली एनसीपी महायुति गठबंधन का हिस्सा है, जिसमें भाजपा और शिवसेना भी शामिल हैं। अहिल्यानगर जिले के शिरडी में एक सम्मेलन के दौरान वाल्से ने कहा,महायुति के सभी दल स्थानीय निकाय चुनाव के लिए अपनी रणनीति तय करेंगे।

# जिस कैपिटल हिल में किया दंगा, अब उसी जगह ट्रंप के शपथ ग्रहण में शामिल होंगे आरोपी

**वॉशिंगटन।** कई आरोपियों ने अदालत में अपील कर शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने की अनुमति देने की मांग की थी। अदालत ने भी इसकी मंजूरी दे दी है। अमेरिकी न्याय विभाग के अभियोजकों ने इसका विरोध किया, लेकिन जज ने



इसे खारिज कर दिया। छह जनवरी 2021 को अमेरिकी संसद में दंगे की तस्वीरों ने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया था। अब हैरानी इस बात की है कि जिन लोगों पर दंगे के आरोप लगे, अब वे ही डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने जा रहे हैं। दरअसल कई आरोपियों ने अदालत में अपील कर शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने की अनुमति देने की मांग की थी। अदालत ने भी इसकी मंजूरी दे दी है ताकि वे ट्रंप के व्हाइट हाउस में वापस लौटने का जश्न मना सकें। अमेरिकी न्याय विभाग के अभियोजकों ने इसका विरोध किया, लेकिन जज ने इसे खारिज कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कैपिटल हिल दंगे के आरोपियों में से 20 ने संघीय न्यायाधीश से, ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने की अनुमति मांगी। मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि इनमें से अधिकांश को अनुमति मिल सकती है। सिर्फ कुछ आरोपियों को ही अनुमति नहीं दी गई है। न्याय विभाग के अभियोजकों ने इसका विरोध किया है और कहा कि कैपिटल हिल के दंगाइयों को अदालत की निगरानी में अपराध स्थल पर वापस जाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। हालांकि जज ने कहा कि अब आरोपी दंगे के लिए नहीं बल्कि जश्न मनाने के लिए जा रहे हैं। 11 आरोपियों को अनुमति मिल गई है। सात आरोपियों की अपील खारिज कर दी गई है।

साथ ही जो लोग दंगा मामले में अपनी सजा पूरी कर चुके हैं, वे भी जाने के लिए स्वतंत्र हैं। आमतौर पर, जो लोग गिरफ्तारी, परिवीक्षा की सजा या जेल से रिहाई के बाद अदालत की निगरानी में रहते हैं, उन्हें अपने गृह जिले से बाहर यात्रा करने के लिए न्यायाधीश की स्वीकृति लेनी होती है। गौरतलब है कि ट्रंप ने ऐसे संकेत दिए हैं कि वे कैपिटल हिल दंगे के दोषियों की सजा माफ कर सकते हैं। ट्रंप ने उन्हें देशभक्त कहा है।

## टिकटॉक पर प्रतिबंध का फैसला आगामी प्रशासन करेगा, व्हाइट हाउस का बयान

**वॉशिंगटन।** जीन-पियरे ने कहा, टिकटॉक पर राष्ट्रपति बाइडन की स्थिति महीनों से स्पष्ट है, वे चाहते हैं कि टिकटॉक अमेरिकियों के लिए उपलब्ध रहना चाहिए, लेकिन उसका स्वामित्व अमेरिकी कंपनी के पास होना चाहिए। जैसा कि कानून में प्रावधान भी है।जीन-पियरे ने कहा, टिकटॉक पर राष्ट्रपति बाइडन की स्थिति महीनों से स्पष्ट है, वे चाहते हैं कि टिकटॉक अमेरिकियों के लिए उपलब्ध रहना चाहिए, लेकिन उसका स्वामित्व अमेरिकी कंपनी के पास होना चाहिए। जैसा कि कानून में प्रावधान भी है। व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा है कि चीनी सोशल मीडिया एप टिकटॉक पर प्रतिबंध का फैसला अब आने वाला प्रशासन करेगा। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरीन जीन पियरे ने कहा कि कानून को लागू करने की जिम्मेदारी अब आने वाले प्रशासन पर है।

# 19 जनवरी से परिचालन होगा बंद, अमेरिका में प्रतिबंध लगने की खबरों के बीच टिकटॉक ने जारी किया बयान


**वॉशिंगटन।** व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने इस बात पर जोर दिया कि कानून को लागू करने की जिम्मेदारी अब आने वाले प्रशासन पर है।

अमेरिका में प्रतिबंध की बढ़ती संभावनाओं से पहले टिकटॉक ने शनिवार को एक बयान जारी किया। अपने बयान में टिकटॉक ने बताया कि व्हाइट हाउस और न्याय विभाग सर्विस प्रोवाइडर्स को आवश्यक स्पष्टता और आश्वासन प्रदान करने में विफल रहे। टिकटॉक ने कहा कि जब तक बाइडन प्रशासन द्वारा गैर-प्रवर्तन का आश्वासन देने वाला एक निश्चित बयान प्रदान नहीं किया जाता है, तब तक टिकटॉक 19 जनवरी से अमेरिका में अपना परिचालन बंद कर देगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए टिकटॉक ने कहा, व्हाइट हाउस और न्याय विभाग

**प्रतिबंध**

**अमेरिका में सुरक्षा चिंताओं के कारण टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। टिकटॉक की यह टिप्पणी अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले की पृष्ठभूमि के बीच आई है।**

सर्विस प्रोवाइडर्स को आवश्यक स्पष्टता और आश्वासन प्रदान करने में विफल रहे। जब तक बाइडन प्रशासन द्वारा गैर-प्रवर्तन का आश्वासन देने वाला एक निश्चित बयान प्रदान नहीं किया जाता है, तब तक टिकटॉक 19 जनवरी से अमेरिका में अपना परिचालन बंद करने के लिए मजबूर होगा।




अमेरिका में सुरक्षा चिंताओं के कारण टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। टिकटॉक की यह टिप्पणी अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले की पृष्ठभूमि के बीच आई है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने इस बात पर जोर दिया कि कानून को लागू करने की जिम्मेदारी अब आने वाले प्रशासन पर है।

शुक्रवार को अपने बयान में जीन पियरे ने कहा, प्रशासन, देश के बाकी हिस्सों की तरह टिकटॉक मामले में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार कर रहा है। टिकटॉक पर बाइडन की स्थिति कई महीनों से स्पष्ट है। सांसदों ने एक विधेयक राष्ट्रपति के के पास भेज दिया है।÷ बयान में आगे कहा गया कि यह प्रशासन मानता है कि कानून को लागू करने की कार्रवाई अगले प्रशासन पर निर्भर होनी चाहिए। बता दें कि सोमवार यानी की 20 जनवरी से राष्ट्रपति जो बाइडन का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। उनकी जगह अब डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति का पद संभालेंगे।

नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक साक्षात्कार में कोर्ट के फैसले पर प्रसले पर प्रतिक्रिया दी थी। हालांकि, उन्होंने प्रतिबंध को वापस लेने के लिए कोई प्रतिबद्धता नहीं जताई। ट्रंप ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ टिकटॉक के बारे में बात करने की भी पुष्टि की।

## बलूचिस्तान से सात लोगों को पाकिस्तानी सेना ने किया अगवा, घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने किया प्रदर्शन

**बलूचिस्तान।** बलूचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, बलूचिस्तान के कई हिस्सों से पाकिस्तानी सेना की तरफ से कथित तौर पर कम से कम सात लोगों को अगवा किया गया है, जिससे पूरे इलाके में व्यापक विरोध प्रदर्शन हुआ है।

पाकिस्तान की सेना पर बलूचिस्तान के कई इलाकों से कई लोगों को अगवा करने आरोप लगाया गया है। वहीं इस मामले को लेकर कई इलाकों में लोगों की तरफ से बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया जा रहा है। बलूचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, बलूचिस्तान के कई हिस्सों से पाकिस्तानी सेना की तरफ से कथित तौर पर कम से कम सात लोगों को अगवा किया गया है, जिससे पूरे इलाके में व्यापक विरोध प्रदर्शन हुआ है।

# अमेरिका के निचले सदन में ताइवान के साथ दोहरे कर से राहत देने वाला विधेयक पारित



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने 15 जनवरी को एक विधेयक पारित किया। इसका उद्देश्य टैक्स (कर) भुगतान को कम करना, डबल टैक्सेशन (दोहरे कर) से बचना और ताइवान के व्यवसायों, निवासियों तथा कर्मचारियों के लिए कर में छूट देना है। बता दें, इस विधेयक को यूएस-ताइवान एक्सपेडाइटेड डबल-टैक्स रिलीफ एक्ट कहा गया है। यह सदन में 423-1 मतों से पारित हुआ। अब इसे अमेरिकी सीनेट में भेजा जाएगा। अगर इसे मंजूरी मिल जाती है तो यह अमेरिकी राष्ट्रपति के पास जाएगा, जिनके हस्ताक्षर के बाद यह कानून बन जाएगा। विधेयक का मुख्य उद्देश्य अमेरिका और ताइवान के बीच दोहरे कर को रोकना है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यह अमेरिका में रहने वाले पात्र ताइवानी निवासियों को कर छूट प्रदान करने के लिए वर्तमान अमेरिकी कर कानूनों में संशोधन करना चाहता है और अमेरिका में लाभांश और ब्याज जैसे विशिष्ट स्रोतों से आय पर रोक लगाने वाले कर की दरों को कम करना चाहता है। इस विधेयक के तहत, एक महत्वपूर्ण कदम यह होगा कि यूएस-ताइवान टैक्स एग्रीमेंट ऑथराइजेशन एक्ट को लागू किया जाएगा, जिसके तहत अमेरिकी राष्ट्रपति को ताइवान के साथ कर समझौते पर बातचीत करने और उसे लागू करने का अधिकार मिलेगा। प्रतिनिधि जूडी ने कहा कि वर्तमान कानूनों के तहत ताइवान में व्यापार करने वाले अमेरिकियों को दोनों देशों में एक ही आय पर कर देना पड़ता है, जिससे हर तरह के व्यापार को नुकसान होता है। इसी तरह ताइवानी लोगों को भी दोहरा कर देना होता है। उन्होंने यह भी बताया कि अमेरिका के शीर्ष 10 व्यापारिक साझेदारों में सिर्फ ताइवान के पास दोहरे कर समझौते का अभाव है। ताइवान में अमेरिकी इंस्टीट्यूट द्वारा कराए गए एक सर्वे का हवाला देते हुए जूडी ने कहा कि 79 प्रतिशत ताइवान कंपनियों ने बताया कि आय पर दोहरे कर का नियम एक महत्वपूर्ण कारण है, जो उन्हें अमेरिका में अधिक निवेश करने से रोकता है। सदन में वेस एंड मीन्स कमेटी की अध्यक्षता करने वाले जेसन स्मिथ ने कहा कि ताइवान अमेरिका का आठवां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है, लेकिन यह अब तक उन 66 देशों की सूची में शामिल नहीं है, जिनके साथ अमेरिका का आयकर संधि समझौता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस नए विधेयक को आर्थिक दक्षता और एकीकरण को बढ़ावा देने, ताइवान के साथ रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और अमेरिकी व्यवसायों तथा हमारे विश्वासपात्र सहयोगियों के लिए दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने के रूप में देखा गया है, ताकि भविष्य में निवेश किया जा सके और खराब तत्वों के प्रभाव से मुकाबला किया जा सके।

# बंधकों की वापसी में जुटा इस्राइल, एक तिहाई की मौत की आशंका



**तेल अवीव।** हमास के आतंकवादियों ने 7 अक्तूबर 2023 को इस्राइल की सीमा में घुसकर हमला किया था, जिसमें 1200 लोग मारे गए थे और 250 के करीब लोगों का अपहरण कर लिया गया था। अपहत लोगों में से कई को पूर्व में रिहा किया जा चुका है। इस्राइल और हमास के बीच युद्धविराम समझौता होने के बाद अब इस्राइली सरकार बंधकों की वापसी की तैयारी कर रही है। हालांकि इस्राइल की सरकार को आशंका है कि बंधकों की वापसी उतनी सुखद नहीं रहेगी, जितनी पिछली बार रही थी। आशंका है कि लंबे समय से बंधक होने की वजह से उनमें से कई बंधक गंभीर बीमारी से जूझ रहे होंगे और उन्हें सामान्य होने में लंबा वक्त लग सकता है। इस्राइल को ये भी आशंका है कि बंधकों में से एक तिहाई की मौत हो चुकी है। इस्राइल की सरकार का स्वास्थ्य मंत्रालय और बंधकों के परिवारों का प्रतिनिधित्व करने वाला मंच पूर्व में रिहा किए गए बंधकों से बातचीत के आधार पर जानकारी जुटा रहे हैं, ताकि बंधकों के हालात को समझा जा सके। हमास के आतंकवादियों ने 7 अक्तूबर 2023 को इस्राइल की सीमा में घुसकर हमला किया था, जिसमें 1200 लोग मारे गए थे और 250 के करीब लोगों का अपहरण कर लिया गया था। अपहत लोगों में से कई को पूर्व में रिहा किया जा चुका है, लेकिन अभी भी 100 के करीब बंधक हमास के कब्जे में हैं। हालांकि इनमें से भी एक तिहाई की मौत की आशंका है। बंधकों के परिजनों के फोरम की स्वास्थ्य टीम का नेतृत्व करने वाले हागई लेविन ने कहा कि उन्हें लगता है कि सुरंगों में वेंटिलेशन की कमी के कारण बंधकों को दिल और सांस संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इनके अलावा बंधकों में विटामिन की कमी, पोषण की कमी, वजन काफी कम होना, सूरज की रोशनी की कमी के कारण नजर संबंधी समस्याएं, हड्डियों की दिक्कत और मानसिक आघात जैसी समस्याएं होने की आशंका है। यही वजह है कि बंधकों को वापस लौटने के बाद भी लंबे समय तक अस्पतालों में भर्ती रखा जा सकता है।

# प्राथमिक शिक्षक संघ पारस्परिक स्थानांतरण में विसंगति दूर करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश की प्राथमिक शिक्षक संघ के जनपदीय अध्यक्ष अमित सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल से मिला, प्रतिनिधिमंडल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से निदेशक/ सचिव बेसिक शिक्षा परिषद को ज्ञापन दिया।जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने अवगत कराया की वर्तमान में अंतर्जनपदीय और अंतःजनपदीय म्युचुअल ट्रांसफर की प्रक्रिया में प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय और सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय के बीच स्थानांतरण की श्रेणी निर्धारण में विसंगति उत्पन्न हो रही है। यदि प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय और सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय (समान विषय वाले) के स्थानांतरण को अंतर्जनपदीय प्रक्रिया में सम्मिलित किया गया है, परंतु यही श्रेणी अंतःजनपदीय प्रक्रिया में शामिल नहीं की गई है। इससे संबंधित अध्यापकों को स्थानांतरण प्रक्रिया में अनावश्यक बाधा का सामना करना पड़ रहा है।

यह विसंगति न केवल शिक्षकों की पेशेवर दक्षता और कार्यक्षमता पर नकारात्मक प्रभाव डालती है, बल्कि यह नीति समानता और पारदर्शिता के सिद्धांतों का भी उल्लंघन करती प्रतीत होती है। इसके अतिरिक्त, प्रदेश में जिले के अंदर शिक्षकों का स्थानांतरण हुए 10 वर्षों से अधिक हो गया है। इसके कारण कई विद्यालयों में शिक्षक और बच्चों के अनुपात में असंतुलन हो गया है, जिससे पठन-पाठन में गंभीर कठिनाइयाँ उत्पन्न हो रही हैं।इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल में जिला मंत्री सतीश पाठक,जिला संयुक्त मंत्री शैलेन्द्र सिंह,जिला उपाध्यक्ष अतुल सिंह, जिला उपाध्यक्ष संतोष सिंह बघेल,जिला संगठन मंत्री विशाल सिंह,राघवेंद्र सिंह,नवीन सिंह,अमित स्थाना, शशांक मिश्र,भूपेंद्र सिंह, अमित मिश्रा, विवेक सिंह और प्रवीण सिंह उपस्थित रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष की कैद

**जौनपुर।** सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र में 3 वर्ष पूर्व बहला फुसलाकर नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो उमेश कुमार की अदालत ने 20 वर्ष के कठोर कारावास व 68000 रूपए अर्थदंड से दंडित किया। अभियोजन कथानक के अनुसार पीड़िता की मौसी ने थाने में अभियोग पंजीकृत करवाया कि उसकी 13 वर्षीय भांजी 7 जुलाई 2022 को सुबह 4ः05 बजे गांव क रहने वाले जयकेश, पंकज व अवधेश साजिश करके बहला फुसलाकर भगा ले गए। वह अपने साथ जेवर व पांच हजार रुपए भी ले गई है। 12 जुलाई 2022 को पुलिस वालों ने थाने बुलाया। लड़की थाने पर मिली। घर आने पर उसने बताया की जयकेश ने उसके मामा और मौसी को जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। पुलिस ने विवेचना करके आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। शासकीय अधिवक्ता राजेश उपाध्याय के द्वारा परीक्षित कराए गए गवाहों के बयान एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के परिशीलन के पश्चात अदालत ने आरोपी जयकेश को 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 68000 अर्थदंड से दंडित किया।

# गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर डीएम ने की बैठक

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) को समारोहपूर्वक मनाये जाने की तैयारी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सरकारी भवनों,कार्यालयों पर शासनादेश के अनुसार परंपरागत तरीके से झंडारोहण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यालयों एवं प्रतिष्ठानों की सफाई कराने के साथ ही उत्तम प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए झालर एवं एलईडी बल्ब से सजाया जाए।

जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर प्रमुख चौराहों, महापुरुषों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से जुड़े स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की मूर्तियों की सफाई सुनिश्चित कराते हुए फूल-माला से सजाया जाए। उन्होंने कहा कि नगर पालिकाध्नगर पंचायतों की मलिन बस्तियों की सफाई एवं चूने का छिड़काव किया जाए। उन्होंने कहा कि मण्डलीय चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय, महिला चिकित्सालय सहित समस्त चिकित्सालयों, थाना एवं तहसीलों में प्रॉपर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराते हुए सजाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि डीपीआरओ ग्रामीण क्षेत्रों में, ईओ नगर पालिकाध्नगर पंचायतों में, बीएसए एवं डीआईओएस प्राथमिक तथा माध्यमिक शिक्षा के विद्यालयों में सफाई एवं सजाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि स्कूलोंध्विद्यालयों में बच्चों को गणतंत्र की मूल भावना की जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि आजादी से जुड़े महान विभूतियों के संस्मरण से अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि स्कूलों में विचार गोष्ठी, निबंध लेखन एवं विभिन्न प्रकार के खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविर, फल वितरण एवं विकास कार्यक्रमों की झांकी निकाली जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी अधिकारीध्कर्मचारी छुट्टी पर नहीं रहेगा। सभी अधिकारी,कर्मचारी शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें। अपर जिलाधिकारी प्रशासन राहुल विश्वकर्मा ने बताया कि सभी विभाग की झांकी एवं परेड कार्यक्रम पुलिस लाइन में संपन्न कराया जाएगा। इसके साथ ही उन्होने झंडारोहण के संबंध में विस्तृत जानकारी से अवगत कराया। बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी विनय कुमार गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुनील कुमार धनवंता, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अशोक कुमार, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, डीपीआरओ तथा सभी जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस टीम ने डिजीटल अरेस्ट द्वारा 1 लाख 13 हजार कराए वापिस

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना साइबर अपराध पुलिस टीम द्वारा डिजिटल अरेस्ट करके ऑनलाइन ठगी में वादी के 1,13,000/- रूपये सकुशल वापस कराए। वादी शरद कुमार गुप्ता पुत्र माधव गुप्ता निवासी जैन गली कस्बा व थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद द्वारा थाना साइबर अपराध पर शिकायती पत्र दिया गया था कि किसी अज्ञात के द्वारा वादी के पिता माधव गुप्ता को मोबाइल फोन कॉल के माध्यम से डिजिटल अरेस्ट करते हुए झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देकर धोखाधड़ी से विभिन्न खातों में रुपये डलवाकर ऑनलाइन ठगी कर ली गयी। वादी की तहरीर के आधार पर थाना साइबर अपराध पर मु0अ0सं0 49/24 धारा 318(4) बीएनएस0 व 66 डी आईटी एक्ट पंजीकृत किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवक्षण में प्रभारी थाना साइबर क्राइम को घटना के शीघ्र अनावरण हेतु निर्देशित किया गया था।

# सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मृत दंपति की नाबालिग पुत्रियों को भेजी आर्थिक सहायता



अवधनामा संवाददाता

**खुटहन (जौनपुर)** बिशुनपुर ग्राम पंचायत के मलूकपुर गांव में खेत की सिंचाई करने गए दलित दंपति की गला घोंटकर की गई हत्या से बेसहारा हुई दोनों नाबालिग पुत्रियों को सपा के मुखिया अखिलेश यादव ने पार्टी के वरिष्ठ नेता डाक्टर सूर्यभान यादव के द्वारा आर्थिक सहयोग भेजवाया है। उनके द्वारा भेजे गए 50 हजार का चेक शनिवार को पीड़ित पुत्रियों को प्रदान किया गया।

उन्हें चेक प्रदान करते हुए डाक्टर सूर्यभान ने कहा कि भाजपा शासन में गांव से लेकर शहर तक आम आवाम सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि खेत की सिंचाई करने गए दलित रामचरित्तर और उनकी पत्नी किस्मत्ती की जिस कदर गला घोंटकर जघन्य हत्या की गई है। उससे स्पष्ट है कि वर्तमान सरकार में कुछ विशेष वर्ग के लोगों को विशेष वरदहस्त प्राप्त है। उन्होंने कहा कि घटना में मात्र चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। जबकि इसकी बारीकी से जांच हो तो इसमें दस से अधिक लोग सामिल रहे होंगे। जिन्हें शासन की हनक के चलते पुलिस बचा रही है।

सनद रहे कि गत 5 सितंबर की भोर में 58 वर्षीय रामचरित्तर और उनकी पत्नी किस्मत्ती देवी घर से लगभग चार सौ मीटर दूर बंटाई पर लिए खेत की फसल की सिंचाई करने गए थे। जहां से दोनों लापता हो गए। घटना के दसवें दिन उनका शव नहर में मिला था।

पीएम रिपोर्ट में गला कसकर हत्या किए जाने का खुलासा हुआ था। मामले में पुलिस ने बगल के चार काश्तकारों के खिलाफ अपहरण, हत्या व साक्ष्य छुपाने सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर तीन को जेल भेज चुकी है।

# किशोरियों व महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति किया गया जागरूक



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (सुरेरी)** मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान व वेलस्पन फाउंडेशन फॉर हेल्थ एंड नालेज के सहयोग से शनिवार को संस्था से जूड़ी महिलाओ ने विकास खंड रामपुर के रामपुर पट्टीभरतराय, भदखीन, सेहरा, भीउरा, गंधौना

ग्राम पंचायत में मास अवेयरनेस जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओ व किशोरियों को यौन संचारित रोग, प्रजनन तंत्र संक्रमण व यौन संक्रमण, तथा सर्वाइकल कैंसर व ब्रेष्ट कैन्शर के बारे में जागरूक किये।

इस दौरान 2000 महिलाओ को जागरूक किया गया। जागरूकता के दौरान सामाजिक कार्यकत्री मंजू प्रजापति ने बताया की अगर गांव की महिलाए और किशोरियां जागरूक हो जाएंगी तो आने वाला जनरेशन भी जागरूक होगा और गांव की महिलाओ और किशोरियां अपने मुद्दे पर खुलकर बात करने में सक्षम होंगी तो हमारा गांव, जिला सर्वाइकल कैंसर से मुक्त होंगा तो गांव, जिला व देश का विकास होंगा इस दौरान मुख्य रूप से रीता सिंह, पूजा भारती आदि रहीं।

# डीआईजी द्वारा निरीक्षण



**आजमगढ़।** पुलिस उपमहानिरीक्षक आजमगढ़ परिक्षेत्र, आजमगढ़ सुनील कुमार सिंह द्वारा जनपद आजमगढ़ के थाना जीयनपुर, थाना रौनापार, थाना महाराजगंज (फायर स्टेशन महाराजगंज) व थाना बिलरियागंज का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सम्पूर्ण थानो में थाना परिसर का भ्रमण कर कार्यालय, हवालात, कंप्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण किया गया तथा फायर पुलिस का रिस्पांस टाइम चेक किया गया। कार्यालय के अभिलेखों को बेहतर व अद्यावधिक करते हुए उनके व्यवस्थित रख-रखाव के निर्देश दिये गये। साथ ही साथ थानो पर मौजूद पुलिस कर्मियों को अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने तथा थाने पर आने वाले प्रार्थना पत्रोंध्शिकायतो का शत-प्रतिशत निस्तारण एवं विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने एवं वाहनों की नीलामी, मालों का निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

# युवक के अपहरण में सिपाही सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** मुंबई से गांव आए युवक के अपहरण मामले में केराकत कोतवाली पुलिस ने सिपाही समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस घटना में सिपाही की संलिप्तता से पुलिस विभाग की छवि को गहरा धक्का पहुंचा है।पसेवां गांव निवासी पंकज कुमार सरोज गुरुवार सुबह मुंबई से अपने गांव आए थे। शाम को वह जलालपुर थाना क्षेत्र के प्रधानपुर गांव स्थित अपनी बहन के घर गए थे। रात करीब 9 बजे जब वह लौट रहे थे, तो घर से कुछ पहले अपने मित्र अमित के घर रुक गए। तभी सफेद कार से आए तीन लोग उन्हें जबरन गाड़ी में बैठाकर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। पंकज के परिजनों ने तुरंत थाने पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। कुछ समय बाद पंकज ने घर पर फोन कर बताया कि अपहरणकर्ता उन्हें देवकली ले जा रहे हैं और 20,000 रुपये फिरौती की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए युवक के फोन की लोकेशन ट्रेस करनी शुरू की। आरोपियों के बार-बार लोकेशन बदलने के बावजूद पुलिस ने मुस्तैदी से कार्रवाई की। तड़के 3 बजे पुलिस ने अपहृत युवक पंकज को सुरक्षित बचा लिया और तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में थानागद्दी चौकी में तैनात सिपाही अभिषेक तिवारी, खर्गसेनपुर निवासी विवेक सिंह और टंडवा गांव निवासी रजनीश चौबे शामिल हैं। तीनों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया और घटना में इस्तेमाल की गई कार को भी बरामद कर लिया। इस घटना से पुलिस विभाग की छवि को गहरा धक्का पहुंचा है। जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले पुलिसकर्मी की इस तरह की हरकत से विभाग की साख पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# रिक्शा स्टैंड पर सामूहिक खिचड़ी भोज का आयोजन

अवधनामा संवाददाता




**आजमगढ़।** ऊंच-नीच जाति-पाँति, छुआछूत का भेद समाप्त करने के अभियान में भारत रक्षा दल द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आज कलेक्ट्रेट स्थित रिक्शा स्टैंड पर सामूहिक खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया.उदघाटन डिस्ट्रिक बार असोसिएशन आजमगढ़ के अध्यक्ष अमित कुमार व अन्य अधिवक्ताओं ने एक साथ किया। उक्त आयोजन में लगे भारत रक्षा दल के हरिकेश विक्रम श्रीवास्तव ने बताया कि कि हमारा दल अपने स्थापना काल 1997 से समाज में व्याप्त अन्याय, शोषण, भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष करते हुए, सामाजिक एकता और जल- जंगल -जमीन- पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति भी अपने कर्तव्यों को निभा रहा है !, हमारे वार्षिक कार्यक्रमों की शुरुआत प्रत्येक वर्ष जनवरी माह में सामूहिक खिचड़ी भोज से प्रारंभ होता है। इस भोज का आयोजन हमारे सभी इकाइयों के कार्यकर्ता अपने गांव -बाजार में इस महीने भर करेंगे, हमारे पूर्वजों ने खिचड़ी पर्व का आयोजन किया कि इस त्यौहार में खिचड़ी सब छोटे बड़े के घर में बने जिससे समता बनेगी, साथ ही यह त्यौहार ग्रामीण देसी उत्पाद -लाई -गट्टा भेली, रस की महत्ता भी बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। खिचड़ी बनाने में लगे कार्यकर्ताओं ने बताया आज के इस भोज में 800 लोगों के खाने की व्यवस्था बनाई गई है, जहां खिचड़ी के साथ दही, अचार, चूड़ा, लाई, गट्टा, भेली की भी व्यवस्था की गई है आज के भोज में लोगों ने बड़ी संख्या में खिचड़ी भोज खिचड़ी का आनंद लिया, और भारत रक्षा दल के इस कार्य की प्रशंसा किया कि आजमगढ़ में भारत रक्षा दल ने खिचड़ी भोज करके और लोगों को प्रेरित कर दिया है, अब खिचड़ी भोज का आयोजन तमाम संगठन और व्यक्तियों द्वारा किए जाने लगा है,जो अच्छा कार्य है। आज के आयोजन में भारत रक्षा दल के सभी प्रमुख पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ऊर्जा क्षेत्र के निजीकरण के खिलाफ विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति का विरोध जारी

अवधनामा संवाददाता




**आजमगढ़।** ऊर्जा क्षेत्र के निजीकरण के खिलाफविद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के आहवाहन पर प्रदेश व्यापी आन्दोलन के क्रम में शनिवार को भी विद्युत कर्मचारियों, अभियन्ताओं ने बाँहों पर काली पट्टी बाँधकर बिजली के निजीकरण का विरोध जारी रखा एवं दोपहर में भोजनावकाश के समय कार्यालय से बाहर सिधारी हाइडिल के प्रांगण में विरोध सभा कर अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए संकल्प लिया कि किसी भी हालत में बिजली क्षेत्र का निजीकरण नहीं होने देंगे। सभा को सम्बोधित करते हुए विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक प्रभु नारायण पाण्डेय श्प्रेमीश् ने कहा कि बिजली का निजीकरण दिन-दहाड़े सरकारी धन एवं सरकारी सम्पत्तियों की खुली लूट है, जिसको रोका जाना प्रदेश के हित में आवश्यक है तथा प्रदेश के मुख्यमन्त्री से अपील किया कि ऊर्जा क्षेत्र का निजीकरण न किया जाय। सभा को सम्बोधित करते हुए बिजली विभाग के मजदूर नेता सैय्यद मुनौव्वर अली ने कहा कि बिजली का निजीकरण, प्रदेश एवं सूबों की जनता को आर्थिक रूप से पूँजीपतियों एवं बड़े उद्योगपतियों का गुलाम बनाना है। निजीकरण से जहाँ बिजली कर्मचारियों के सामने भुखमरी की समस्या उत्पन्न होगी, वहीं नौजवानों, मजदूरों, मेहनतकश अवाम के रोजगार के अवसर समाप्त हो जायेंगे और उनका आर्थिक एवं श्रम का शोषण किया जायेगा। किसानों एवं कल-कारखानों को महँगी बिजली मिलेगी, जिसके कारण महँगाई बढ़ेगी। सभा की अध्यक्षता इंजीनियर उपेन्द्र नाथ चौरसिया और संचालन प्रभु नारायण पाण्डेय प्रेमी ने किया। कार्यक्रम को सैयद मुनौव्वर अली, धर्मू प्रसाद यादव, काशी नाथ गुप्ता, रोशन यादव, अभिषेक श्रीवास्तव, छेदी लाल, दुर्वाष प्रजापति आदि ने संबोधित किया है।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या 31-Tender/DyCE/C/BSB**
**दिनांक 26.12.2024 का द्वितीय शुद्धिपत्र**

दिनांक 27.12.2024 एवं दिनांक 05.01.2025 को समाचार पत्रों में प्रकाशित निविदा सूचना संख्या 31–टेण्डर/उपमुइंजी/नि./वाराणसी दिनांक 26.12.2024 के संबंधित तिथियों में प्रशासनिक आधार पर निम्नलिखित संशोधन किया जाता है –

| विवरण | पूर्व संशोधित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|
| प्री बिड कॉनफेरेंस | 20.01.2025 | 30.01.2025 |
| बिड पूर्व पूछताछ प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 24.01.2025 | 03.02.2025 |
| रेलवे द्वारा बिड पूर्व प्रश्नों के उत्तर की तिथि | 28.01.2025 | 07.02.2025 |
| आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट पर ई–निविदा अपलोड की प्रारंभ तिथि | 04.02.2025 | 14.02.2025 |
| आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट पर ई–निविदा खुलने की प्रारंभ तिथि | 18.02.2025 | 28.02.2025 |

अन्य सभी नियम एवं शर्तें समान रहेंगी।
संख्या - 31–टेण्डर/उपमुइंजी/नि./वाराणसी/2nd शुद्धिपत्र दिनांक 17.01.2025 200/25
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# पांच सूत्रीय मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित सौंपा ज्ञापन



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** 428वीं पुण्यतिथि के अवसर महाराणा प्रताप को उचित सम्मान दिए जाने की पांच सूत्रीय मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन महाराणा जनता पार्टी ने जिला प्रशासन को सौंपा है।

पार्टी के विधिक सलाहकार एडवोकेट आशीष सिंह गौरव ने बताया कि बीते 2014 के बाद से सरकार ने भारत के सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, पौराणिक व महान विभूतियों के संवर्द्धन में निरंतर अनेको निर्णय लिए है, लेकिन अब तक सरकार की नजर देश के वीर सपूत, पराक्रमी स्वाभिमानी महाराणा प्रताप की तरफ नहीं गई।

देश के गौरव और हम सभी के आदर्श महाराणा प्रताप के पुण्यतिथि पर महाराणा जनता पार्टी अपनी पांच सूत्री मांगों के माध्यम से पूरा करने की अपील करती है कि जो कि महाराणा प्रताप को सच्ची श्रद्धाजंलि होगी। कहा कि हम मांग करते है कि महान विभूतियों, महापुरूषों के तर्ज पर देश के सभी सरकारी, अर्द्ध सरकारी, गैर सरकारी कार्यालयों में महाराणा प्रताप का चित्र लगवाया जाना सुनिश्चित किया जाए। उत्तर प्रदेश से पृथक कर पूर्वांचल राज्य गठन किया जाए। आजमगढ़ सहित उप्र के सभी शहरों में देश के शूरवीर महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित की जाए। आर्थिक आधार पर आरक्षण दिया जाए ताकि आरक्षण जैसी व्यवस्था का सुदपयोग हो और हर बार नए व्यक्ति ध्परिवार को आरक्षण का लाभ मिलें। आयुष्मान कार्ड की तर्ज पर देश के सभी बच्चो ध् बच्चियों को निःशुल्क शिक्षा की समुचित व्यवस्था की जाए। इस दौरान जिलाध्यक्ष पवन सिंह, हर्ष, हिमांशु, आशुतोष सिंह, चंदन सिंह, अंगद सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# छापेमारी की जानकारी मिलते ही मच गया हड़कंप



अवधनामा संवाददाता

**फूलपुर आजमगढ़।** खाद्य एवं औषधि विभाग जिले की टीम ने फूलपुर स्थित समस्त कई मेडिकल स्टोर की जांच के लिए मारी छापेमारी के दौरान हर मेडिकल स्टोर जांच के दौरान मच गया हड़कंप धड़ाधड़ फूलपुर में मेडिकल स्टोर धड़ल्ले से बंद नजर आई। वही मेडिकल स्टोर में अफरा तफरी का माहौल छाया रहा हम आपको बता दे की प्राप्त जानकारी के अनुसार पता चला कि शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की टीम ने मेडिकल ड्रग इंस्पेक्टर ड्यूटी ऑफिसर सीमा वर्मा के अध्यक्षता में व डिप्टी सीएमओ आलेंद्र कुमार उपजिला अधिकारी सुरेंद्र नारायण त्रिपाठी की उपस्थिति में ताहिर मेमोरियल हॉस्पिटल के पास स्थित शौर्य मेडिकल एजेंसी व नगर पंचायत कार्यालय के पास सहारा मेडिकल स्टोर पर औषधि व उनके संबंधित जांच करने पहुंची सीमा वर्मा ने बताया कि थोक विक्रेता सहारा मेडिकल स्टोर शौर्य मेडिकल स्टोर का सैंपल ले लिया गया है। कहा कि संचालित रूप से इन मेडिकल हालों से थोक विक्रेता है जो भी सैंपल लिया गया है जांच के बाद जो भी तत्व निकलेंगे इनके ऊपर कठोर से कठोर कार्रवाई करने का पूरा आश्वासन दिया गया हैअब देखना है कि खाद्य औषधि विभाग के टीम ने मारी थी छापामारी क्या इन मेडिकल स्टोर से हकीकत में जांच हो पाएगी या फिर कागज में ही सीमेंट कर रह जाएगा ऐसे कई बार फूलपुर में मेडिकल स्टोर का जांच हुआ था लेकिन अभी तक किसी के ऊपर कार्यवाही नहीं हुआ अब देखना है की सीमा वर्मा एक अफसर है।

**कार्यालय संयुक्त निदेशक अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्र, रहमानखेड़ा, लखनऊ**

पत्रांक /पशुधन/सांड नीलामी/2024-25 दिनांक

**अल्पकालीन नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्र, रहमानखेड़ा, लखनऊ पर दिनांक 29.01.2025 दिन बुद्धवार को पूर्वान्ह 11:00 बजे, नौ अदद (09) मुर्रा सॉडों की नीलामी की जायेगी। नीलामी की विस्तृत शर्तों की जानकारी नीलामी से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। जो इच्छुक व्यक्ति नीलामी में भाग लेना चाहते हैं वे निर्धारित तिथि एवं समय पर पहुंचकर नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते है।

सांडों की नीलामी की मुख्य शर्तें निम्नानुसार है-

1- नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व इच्छुक व्यक्ति को रू0 5,000.00 (रूपया पांच हजार मात्र) अग्रिम जमानत के रूप में कार्यालय में जमा करना होगा। पंजीकरण न कराये जाने पर नीलामी में भाग लेना संभव नहीं होगा।
2- नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति को अपना पहचान पत्र एवं उसकी छायाप्रति प्रस्तुत करना होगा। (मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड व निवास प्रमाण पत्र)
3- अधिकतम बोली को समिति द्वारा स्वीकृत किये जाने के फलस्वरूप नीलामी की पूर्ण धनराशि तत्काल जमा करना होगा।
4- नीलाम हुये पशु को बोलीदाता द्वारा उसी समय अपने खर्चे पर केन्द्र से ले जाना होगा।
5- जमानत के रूप में जमा धनराशि 5,000.00 (रूपया पांच हजार मात्र) बोली स्वीकृत न होने की दशा में अविलम्ब उसी दिनांक को वापस कर दिया जायेगा तथा स्वीकृत बोलीदाता की जमानत राशि को पशु की कीमत में समायोजित कर दिया जायेगा।
6- यदि कोई पंजीकरण उपरान्त बोली नहीं बोलता है या बोली बोलने से मुकर जाता है तो जमा की गई धनराशि को राजकीय हित में जब्त कर लिया जायेगा।
7- किसी एक बोली या समस्त बोलियों को बिना कारण बताये रदद् करने का अधिकार विक्रय समिति के पास सुरक्षित होगा।
8- नीलामी के समय पशुओं की संख्या घट बढ़ सकती है।
9- नीलाम होने वाले सांडों के सम्बन्ध में कोई भी जानकारी किसी भी कार्यालय दिवस में आकर सांड प्रबन्धन अधिकारी से प्राप्त की जा सकती है।
10- किसी भी विवाद की स्थिति में समस्त विवादों का निपटारा जिला एवं सत्र न्यायालय लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में ही मान्य होगा।

(डा. ओ.पी. सोनकर)
संयुक्त निदेशक
अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्र,
रहमानखेड़ा, लखनऊ

UPID-226532 Dated-17-01-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

## आरबीआईः खाद्य महंगाई पर नजर रखने की जरूरत

**नई दिल्ली।** आरबीआई बुलेटिन के अनुसार, 2024-25 की दूसरी छमाही में देश की आर्थिक गतिविधियों वाले उच्च संकेतकों में तेजी आई है। यह तेजी राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के पहले वार्षिक अग्रिम अनुमानों में वास्तविक जीडीपी की वृद्धि में भी दिखी है।

घरेलू मांग के मजबूत होने से देश की आर्थिक वृद्धि फिर से बढ़ने की ओर अग्रसर है। हालांकि, खाद्य महंगाई पर निगरानी की जरूरत है। आरबीआई ने बुलेटिन में कहा, 2025 के लिए आर्थिक दृष्टिकोण अलग-अलग देशों में भिन्न हैं। अमेरिकी अर्थव्यवस्था की गति धीमी है।?यूरोप व जापान में मामूली सुधार हो रहा है।

बुलेटिन के अनुसार, 2024-25 की दूसरी छमाही में देश की आर्थिक गतिविधियों वाले उच्च संकेतकों में तेजी आई है। यह तेजी राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के पहले वार्षिक अग्रिम अनुमानों में वास्तविक जीडीपी की वृद्धि में भी दिखी है। दिसंबर में लगातार दूसरे महीने महंगाई में कमी आई है।

# आल न्यू बीएमडब्ल्यू एक्स 3 भारत में लॉन्च हुई

**नई दिल्ली।** ऑटो एक्सपो 2025 के दूसरे दिन भारत में ऑल.न्यू बीएमडब्ल्यू एक्स 3 को लॉन्च किया गया। बीएमडब्ल्यू ग्रुप प्लांट चेन्नई में स्थानीय रूप से उत्पादितए यह स्पोर्ट्स एक्टिविटी व्हीकल देश में पेट्रोल और डीजल दोनों पावरट्रेन्स में उपलब्ध होगा। ऑल.न्यू बीएमडब्ल्यू एक्स 3 को पूरे भारत में बीएमडब्ल्य डीलरशिप और डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडाटबीएमडब्ल्यूडाटइन पर बुक किया जा सकता है। डिलीवरीज अप्रैल 2025 से शुरू होगी। अब अपने चैथे पीढ़ी के अवतार मेंए ऑल.न्यू बीएमडब्ल्यू एक्स 3 ने भारत में नए सिरे से प्रपोर्शन्सए आधुनिक डिजिटलीकरण और सर्वश्रेष्ठ ड्राइविंग डायनैमिक्स के साथ भारत में प्रवेश किया है। श्री विक्रम पावाहए प्रेसिडेंट और सीईओए बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहाए श्ऑल.न्यू बीएमडब्ल्यू एक्स 3 के लॉन्च के साथए आधुनिकताए उपस्थिति और स्पोर्टिंग फ्लेयर अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंच गए हैं। प्रतिष्ठित स्पोर्ट्स एक्टिविटी व्हीकल की चैथी पीढ़ी के रूप मेंए एक्स 3 एक नए युग की शुरुआत करता है।




अब पहले से भी बड़ाए इसने खुद को एक दोबारा सोची समझी गई डिजाइनए असाधारण लग्जरी और नए डिजिटल कैरेक्टर के साथ फिर से खोज लिया है। लेकिन कुछ चीजें नहीं बदलती हैं . वर्सेटाइल ऑल.न्यू बीएमडब्ल्यू एक्स 3 उत्कृष्ट आल.टेरेन परपफॉर्मेंस पावर और दक्षता प्रदान करती है। एडवेंचर आपका बेसब्री से इंतजार कर रहा है।श्कार की एक्सशोरूम कीमत है ऑल.न्यू बीएमडब्ल्यू एक्स 3 एक्सड्राईव 20 एम स्पोर्ट रूपये 75,80, 000 एवं आल न्यू बीएमडब्ल्यू एक्स 3 एक्सड्राईव 20 डी एम स्पोर्ट रूपये 77, 80, 000 पैकेजेज में कंडीशन बेस्ड सर्विस ;ब्ठैद्ध और मेंटेनेंस वर्क शामिल हैंए जिनकी योजनाएं 3 साल / 40,000 किमी से शुरू होती हैंए पैकेज एक्सटेंशन 10साल/ 2,00,000 किमी तक उपलब्ध है। वारंटी कार्यक्रम को 10 साल तक बढ़ाने का विकल्प भी उपलब्ध है। बीएमडब्ल्यू इंडिया फाइनेंशियल सर्विसेज की बदौलत, व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुसार अनुकूलित और लचीले वित्तीय समाधान तैयार किए गए हैं। बीएमडब्ल्यू 360ए फाइनेंस प्लान के साथ ग्राहक बेजोड़ सुविधा और बचत का अनुभव कर सकते हैं। ग्राहक बीएमडब्ल्यू 360ए के साथ बिलकुल नई बीएमडब्ल्यू एक्स 3 के मालिक होने की खुशी का अनुभव कर सकते हैंए जिसकी मासिक किस्त मात्र रूपये 77,999 प्रति माह से शुरू होती हैए साथ ही, अवधि के अंत में सुनिश्चित बायबैक के कारण उन्हें पूरी मानसिक शांति मिलती है। इसके अलावा, बीएमडब्ल्यू सर्विस इनक्लूसिवए बीएमडब्ल्यू सिक्योर और एक्सटेंडेड वारंटी पैकेज के वित्तपोषण द्वारा खरीद को बढ़ाया और अनुकूलित किया जा सकता है।

## नई बीएमडब्ल्यू आर1300 जीएस एडवेंचर भारत में लॉन्च हुई

**नई दिल्ली।** नई बीएमडब्ल्यू आर1300 जीएस एडवेंचर भारत में लॉन्च हो गई है। यह एडवेंचर मोटरसाइकिल कंप्लीटली बिल्ट-अप यूनिट के रूप में उपलब्ध होगी और इसकी डिलीवरी अप्रैल 2025 से शुरू होगी। श्री विक्रम पावाहए प्रेसिडेंट और सीईओए बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहाए श्नई बीएमडब्ल्यू आर1300 जीएस बड़ी एडवेंचर मोटरसाइकिल्स की दुनिया में नया मानदण्ड है। नई एडवेंचर जीएस सबसे बड़ी ट्रैवल एंड्यूरो के पोर्टफोलियो में एक अजेय चट्टान है। दो दशकों से भी ज्यादा समय से फ्लैट ट्विन बॉक्सर इंजन वाली बड़ी बीएमडब्ल्यू जीएसएडवेंचर लंबी दूरी की मोटरसाइकिल यात्राओं का पर्याय रही है। इसे कई तरह के मानक इक्विपमेंट से सुसज्जित किया गया है, यह बेहद व्यक्तिगत है और यह आपको एक शानदार मोटरसाइकिल अनुभव का आनंद लेने के लिए आमंत्रित करती है। नई बीएमडब्ल्यू आर1300 जीएस एडवेंचर, पहले से ही वास्तविक एडवेंचर का पर्याय है - यह रॉक सॉलिड है।श् नई बीएमडब्ल्यू आर1300 जीएस




एडवेंचर की इंट्रोडक्ट्री एक्स-शोरूम कीमत रूपये 22ए95ए000 से शुरू होती है इसके अतिरिक्त, व्यक्तिगत पसंद के लिए तीन ऑप्शम स्टाइल भी उपलब्ध हैं। ये हैं ट्रिपल ब्लैक, स्टाइल जीएस ट्रॉफी और 719 कराकोरम। ग्राहकों को अपनी पसंद की बीएमडब्ल्यू मोटोराड मोटरसाइकिल खरीदने में सक्षम बनाने के लिए, बीएमडब्ल्यू फाइनेंशियल सर्विसेज इंडिया कस्टमाइज्ड और लचीले वित्तीय समाधान प्रदान करेगा। ग्राहक डिलीवरी से पहले अपने लोन को स्वीकृत भी करवा सकते हैं। पूरी तरह से मन की शांति के लिए, सभी बीएमडब्ल्यू मोटोराड बाइक 'तीन साल, असीमित किलोमीटर' के लिए एक मानक वारंटी के साथ आती हैं, जिसमें चैथे और पांचवें साल तक वारंटी बढ़ाने का विकल्प भी है। रोड-साइड असिस्टेंस, 24ग7 365 दिन का पैकेज ब्रेकडाउन और टोइंग स्थितियों के मामले में त्वरित सेवाएं उपलब्ध करता है।

## डिज़्नी+ हॉटस्टार करेगा 26 जनवरी, 2025 को अहमदाबाद में होने जा रहे कोल्डप्ले की लाइव स्ट्रीमिंग




**नई दिल्ली।** डिज़्नी+ हॉटस्टार ने कोल्डप्ले के साथ भागीदारी करके लाइव स्ट्रीमिंग मनोरंजन के अनुभव में एक नया मानदंड स्थापित किया है। इसके तहत उनका मशहूर म्यूजिक ऑफ द स्फीयर्स वर्ल्ड टूर कॉन्सर्ट भारत में दर्शकों के लिये लाइव होगा। बैण्ड गणतंत्र दिवस के अवसर पर अहमदाबाद में दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में परफॉर्म करने की तैयारी कर रहा है। साथ ही यह प्लेटफॉर्म शानदार अनुभवों को सभी की पहुँच में लाकर मनोरंजन के भविष्य को नई परिभाषा दे रहा है। इस तरह से प्रशंसक देश की हर स्क्रीन पर यह यादगार आयोजन देख सकेंगे। अपनी व्यापक पहुँच और अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए, डिज़्नी+ हॉटस्टार कॉन्सर्ट की स्ट्रीमिंग आकर्षक गुणवत्ता के साथ करेगा। इसमें दर्शकों को दिलचस्प अनुभव मिलेगा, जिससे लाइव परफॉर्मेंस का जोश सीधे दर्शकों तक पहुँचेगा। इन अनुभव में सचमुच एक #ParadiseForAll होगा, जो कॉन्सर्ट से कहीं बढ़कर होगा। सब्सक्राइबर्स को बैण्ड से जुड़ीं वह खास बातें भी पता चलेंगी, जो पर्दे के पीछे होती हैं। इस गठजोड़ पर बात करते हुए, जियोस्टार-स्पोर्ट्स के सीईओ संजोग गुप्ता ने कहा, ''डिज़्नी+ हॉटस्टार की ओर से हमने भारत में होने वाले मनोरंजन तथा खेलों को देखे जाने में क्रांति की है। हमने दर्शकों को बेजोड़ और दिलचस्प अनुभवों से बांधा है। हम लगातार अपने भागीदारों, विज्ञापनदाताओं एवं दर्शकों को महत्व प्रदान कर रहे हैं। कोल्डप्ले के साथ हमारी भागीदारी देशभर में दर्शकों के लिये अनूठे सांस्कृतिक अनुभव लेकर आने के लिये हमारी प्रतिबद्धता दिखाती है। अपनी उन्नत टेक्नोलॉजी और बेमिसाल पहुँच का इस्तेमाल करते हुए यह बाधा तोड़ रहे हैं कि प्रीमियम एंटरटेनमेन्ट सिर्फ खास लोगों के लिये ही हो सकता है। हम उसे सभी के लिये उपलब्ध करा रहे हैं और जश्न को पूरे देश के लिये साझा कर रहे हैं।'' प्लेटफॉर्म की साझा घोषणा में बैण्ड के प्रमुख सिंगर क्रिस मार्टिन ने कहा, ''भारत में हमारे सभी प्रशंसकों को नमस्ते। यह बताते हुए हम रोमांचित हैं कि 26 जनवरी को अहमदाबाद से हमारा शो डिज़्नी+ हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगा।

# यूपी में निवेश के नए द्वार खोलेगा PITEX

### UPITEX में भाग लेंगे 300 से ज्यादा प्रदर्शक, 2 लाख से अधिक दर्शकों के आने की उम्मीद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास और आर्थिक प्रगति को गति देने के उद्देश्य से यूपी स्टेट चैप्टर, पीएचडीसीसीआई, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार , ओडीओपी उत्तर प्रदेश और इन्वेस्ट यूपी के सहयोग से उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो (यूपीआईटीईएक्स) 2025 की मेजबानी करने जा रहा है। यह पांच दिवसीय भव्य आयोजन 23 से 27 जनवरी 2025 तक लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में लॉन नंबर 2 में आयोजित होगा।

यूपीआईटीईएक्स उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की ओर बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। यह व्यापार और निवेश को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों को भी बढ़ावा देगा।

यूपीआईटीईएक्स 2025 उत्तर प्रदेश की अपार औद्योगिक क्षमता को




प्रदर्शित करने का एक प्रमुख मंच होगा, जिसमें 300 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शकों की भागीदारी होगी। यह आयोजन ओडीओपी उत्तर प्रदेश, इन्वेस्ट यूपी, यूपी खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, गुजरात ओडीओपी, यूपीएसआरएलएम, राष्ट्रीय जूट बोर्ड, नाबार्ड, एफएमसीजी, हस्तशिल्प, लेदर प्रोडक्ट्स, फूड कोर्ट, ऑटोमोबाइल और अन्य क्षेत्रों के लिए समर्पित पवेलियन प्रस्तुत करेगा। इसमें उद्योग जगत से जुड़े व्यवसायों और उपभोक्ताओं को अपने नवीनतम उत्पादों और सेवाओं को प्रदर्शित करने और संभावित ग्राहकों के साथ नेटवर्क स्थापित करने का अवसर मिलेगा।

इस महत्वपूर्ण आयोजन में रेडिको खेतान लिमिटेड, अधाता ग्लोबल लिमिटेड (टिम्बरवर्क्ज़), केईआई इंडस्ट्रीज लिमिटेड, गोल्डी समूह, सिडबी और एसबीआई जैसी प्रमुख संस्थाएं भी सहभागी हैं।

राजेश निगम, सह-अध्यक्ष, यूपी स्टेट चैप्टर, पीएचडीसीसीआई और प्रेसीडेंट टेक्निकल, करम ने कहा, यूपीआईटीईएक्स 2025 न केवल उत्तर प्रदेश को वैश्विक व्यापार मानचित्र पर स्थान दिलाएगा, बल्कि यह राज्य में निवेश और रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न करेगा। हमारी कोशिश है कि यह एक्सपो उत्तर प्रदेश की औद्योगिक क्षमताओं का सशक्त प्रदर्शन बने।

विवेक अग्रवाल, सह-अध्यक्ष, यूपी स्टेट चैप्टर, पीएचडीसीसीआई और डायरेक्टर -अधाता ग्लोबल लिमिटेड (टिम्बरवर्क्ज़) ने कहा, यूपीआईटीईएक्स 2025 प्लाईवुड उद्योग के लिए निर्माताओं और व्यापारियों के लिए एक बड़ा मौका है। यह उत्तर प्रदेश में प्लाईवुड क्षेत्र की संभावनाओं को जानने का एक बेहतरीन अवसर है। सरकार की योजनाओं और प्रोत्साहनों के साथ, राज्य को एक मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की दिशा में यह एक बहुत अच्छा अवसर है।

## सोने की कीमतों में तेजी से बाजार पर असर, शादी-ब्याह की खरीदारी से ही बची चहल-पहल

**नई दिल्ली।** सोने की कीमतों में 18 जनवरी 2025 को तेजी देखने को मिली भारतीय बाजार में 24 कैरेट सोने की कीमत 650 रुपये की वृद्धि के साथ 81,453 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गई, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 600 रुपये की वृद्धि के साथ 74,683 रुपये पर पहुंच गई। चांदी की कीमत में 99700 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। जिसमें 1000 रुपये की बढ़ोतरी देखने को मिली है। जानकारों का कहना है कि घरेलू बाजार में शादी ब्याह का मौसम होने की वजह से सोने और चांदी कीमतें बढ़ने के बाद आभूषणों की खरीदारी हो रही है, लेकिन सामान्य खरीदारी धीमी हो गई है। गहनों की खरीदारी करने में एसेट क्लास यानी उच्च वर्ग की ओर से देखने को मिल रही है, जिसमे गोल्ड के साथ डायमंड के आभूषणों की खरीदारी हो रही है।

मुंबई ज्वेलर्स एसोसिएशन के सदस्य महावीर कोठारी बताते हैं कि सोने की कीमतें बढ़ने के बाद भी खरीदारी बनी हुई है, लेकिन इसकी गति धीमी हो गई है। साल शुरू होने के साथ ही लोगों अच्छी खरीदारी की थी। क्योंकि जिस तरह की खबरे सोने की कीमतों को लेकर सामने आ रही थी कि सोने कीमतों में तेजी आएगी, इसने साल के पहले दिन की खरीदारी को काफी समर्थन दिया। वे बताते हैं कि शादि ब्याह का सीजन है, इसलिए जो बाजार में खरीदारी हो रही है, वह अनुमान से 20 से 25 प्रतिशत है।

बीडी बैंगल्स के श्रेयस जैन बताते हैं कि सामान्य दिनों की खरीदारी फिलहाल बाजार में नहीं, लेकिन हाई नेटवर्थ वाला वर्ग खरीदारी कर रहा है, जिसमें सोने के साथ वे डायमंड के आभूषणों की खरीदारी कर रहे हैं। मार्च तक काफी शादियां है, जिसकी वजह से बाजार में खरीदारी बनी रहने की संभावना है। सोने की कीमतों की बात करें तो भविष्य में इसके 80,000 रुपये दस ग्राम तक जाने की उम्मीद है।

# सैमसंग ने सैमसंग हेल्थ ऐप में जोड़ा हेल्थ रिकॉर्ड्स फीचर

**गुरुग्राम।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने सैमसंग हेल्थ ऐप में एक नया हेल्थ रिकॉर्ड्स फीचर जोड़ा है। इस फीचर की मदद से यूजर्स अब अपने स्वास्थ्य का बेहतर और व्यापक प्रबंधन कर सकेंगे।

हेल्थ रिकॉर्ड्स फीचर के जरिए यूजर्स अपने आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट को सीधे सैमसंग हेल्थ मोबाइल ऐप से बना और एक्सेस कर सकते हैं। यह फीचर यूजर्स को उनके स्वास्थ्य से जुड़े डेटा को प्रबंधित करने में मदद करेगा, जो भारत में विभिन्न स्वास्थ्य प्रदाताओं द्वारा जनरेट किया जाता है। इस पहल के जरिए लोग अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड्स को सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से मैनेज कर सकेंगे।

सैमसंग की यह नई पहल भारत में डिजिटल स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और उपयोगकर्ताओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह फीचर भारत सरकार के आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ﬁक्ष्ठरू) के अनुरूप तैयार किया गया है। यह न केवल डिजिटल स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार लाएगा, बल्कि सुरक्षित और सुगम स्वास्थ्य सेवा का अनुभव भी प्रदान करेगा।

सैमसंग का यह नया फीचर यूजर्स को उनके स्वास्थ्य का नियंत्रण अपने हाथों में देने के साथ-साथ डिजिटल स्वास्थ्य को सरल और प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

सैमसंग रिसर्च इंस्टीट्यूट, नोएडा के मैनेजिंग डायरेक्टर क्युनग्युन रू ने कहा, सैमसंग हमेशा अपने ग्राहकों की जरूरतों को प्राथमिकता देता है और उनके रोजमर्रा के अनुभवों को बेहतर बनाने के लिए लगातार नए उत्पाद और सेवाएं पेश करता है। सैमसंग हेल्थ ऐप में भारत के लिए हेल्थ रिकॉर्ड्स फीचर जोड़ना, डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड्स को सुलभ और सुविधाजनक बनाने की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह फीचर उपयोगकर्ताओं को अपनी हेल्थ हिस्ट्री प्रबंधित करने, प्रगति पर नजर रखने और अपनी सेहत पर बेहतर नियंत्रण पाने में सक्षम बनाता है। इसके जरिए किसी भी समय डॉक्टरों या केयरटेकर्स के साथ डेटा साझा करना भी आसान हो जाता है।÷

हेल्थ रिकॉर्ड्स फीचर को सैमसंग की आरएंडडी, यूएक्स डिजाइन और कंज्यूमर एक्सपीरियंस टीमों ने भारत के प्रमुख एबीडीएम-प्रमाणित एग्रीगेटर एका केयर के साथ मिलकर विकसित किया है। इस फीचर के जरिए उपयोगकर्ता सैमसंग हेल्थ ऐप के भीतर आधार या मोबाइल नंबर की मदद से आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (ABHA) के लिए आसानी से रजिस्टर कर सकते हैं।

रजिस्ट्रेशन के बाद, उपयोगकर्ताओं को अपनी मेडिकल हिस्ट्री तक सुरक्षित पहुंच मिलती है, जिसमें डॉक्टर के पर्चे, लैब रिपोर्ट्स, और अस्पताल विजिट जैसी जानकारी शामिल होती है। यह सभी डेटा उनकी यूनिक एबीएचए आईडी के साथ पूरी सुरक्षा के साथ जुड़ा रहता है।

सैमसंग का यह नया फीचर न केवल स्वास्थ्य प्रबंधन को आसान और प्रभावी बनाता है, बल्कि डॉक्टरों और मरीजों के बीच बेहतर समन्वय भी सुनिश्चित करता है। यह पहल डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड्स के क्षेत्र में सैमसंग की प्रगति और उपयोगकर्ताओं को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता को साबित करती है।

एका केयर के को-फाउंडर दीपक तुली ने सैमसंग के साथ इस साझेदारी को लेकर उत्साह जाहिर करते हुए कहा, यह गठजोड़ भारत में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन को तेजी से अपनाने में मदद करेगा। साथ ही, देश में एक अधिक संगठित और सक्षम स्वास्थ्य तंत्र बनाने की दिशा में यह एक अहम कदम है।

सैमसंग का उद्देश्य भारत में स्वास्थ्य प्रबंधन के तरीके को पूरी तरह से बदलना है। इसके लिए वह डिजिटाइजेशन की ताकत का उपयोग कर रहा है। अब उपयोगकर्ता ﬁक्ष्ठरू प्रमाणित हेल्थ लॉकर्स में अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड सुरक्षित रूप से स्टोर कर सकते हैं, जिससे कागज के काम का झंझट खत्म हो जाएगा।

एबीडीएम के अनुरूप अस्पतालों और क्लीनिकों में सैमसंग हेल्थ ऐप के जरिए उपयोगकर्ता आसानी से क्यूआर कोड स्कैन करके वर्चुअल क्यू टोकन प्राप्त कर सकते हैं।

# जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर ने किया एनईवी पोर्टफोलियो का विस्तार

**लखनऊ।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने दो नए मॉडलों के लांच के साथ 'ऐक्सैसिबल लक्ज़री' के नए युग में कदम रखा है। ये नए मॉडल हैं- भारत की पहली ऑल-इलेक्ट्रिक रोडस्टर एमजी साइबरस्टर और भारत की पहली इलेक्ट्रिक थ्री-रो प्रेसिडेंशियल लिमोज़ीन एमजी एम9; इन्हें इस साल लॉन्च किया जाना है। भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में प्रस्तुत किए गए नए लक्जरी ब्रांड चैनल एमजी सिलेक्ट के तहत डेब्यू करते हुए ये नए मॉडल भारत में मोबिलिटी के एक नए युग की शुरुआत करने के कंपनी के विज़न को दर्शाते हैं - जो इंटेलीजेंट, सस्टेनेबल और ग्राहक-केंद्रित है। एमजी साइबरस्टर और एम9 के लिए प्री-रिजर्वेशन आज से शुरू हो रहे हैं और ग्राहक लॉग इन करके इन दोनों कारों को प्री-बुक कर सकते हैं। इन दो नए मॉडलों के साथ, ब्रांड के पास जल्द ही विभिन्न सैगमेंट्स में पांच अलग-अलग मॉडलों के साथ सबसे बड़ा इलेक्ट्रिक वाहन पोर्टफोलियो होगा, जिसमें एमजी विंडसर भी शामिल रहेगी जो अपने लॉन्च के बाद से सबसे ज्यादा बिकने वाली



इलेक्ट्रिक कार है, इसके अलावा शामिल होंगे- एमजी कॉमेट और एमजी ज़ैडएस। भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में दो नए मॉडल का अनावरण करते हुए, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के निदेशक, पार्थ जिंदल ने कहा, ''जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया विरासत और आधुनिकता को एकजुट करने वाले दो शानदार विशुद्ध इलेक्ट्रिक वाहनों का अनावरण करके देश में ऐक्सैसिबल लक्ज़री के कॉन्सेप्ट को नए सिरे से परिभाषित कर रही है। विंडसर ईवी इलेक्ट्रिक वाहनों के बाजार में वो नयापन ले कर आई है जिसकी बहुत समय से प्रतीक्षा थी। अब हम आइकॉनिक डिजाइन और वैल्यू-ऐडेड फीचर्स युक्त एमजी साइबरस्टर के साथ आधुनिक रोडस्टर स्टैंडर्ड को एक नया अर्थ देने के लिए तैयार हैं। एमजी साइबरस्टर के साथ, एमजी एम9 प्रेसिडेंशियल लिमोज़ीन की पेशकश बेहतरीन आराम और लक्ज़री ऑन व्हील्स देने की हमारी कोशिश है।''

इस एक्सपो में जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के सीईओ एमेरिटस राजीव चाबा ने कहा, ''जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया में इनोवेशन हमारे ब्रांड का एक मुख्य स्तंभ है। एनईवी पर विशेष ध्यान देते हुए हम अपने ग्राहकों के लिए बाजार में लगातार बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एमजी सिलेक्ट के जरिए ऐक्सैसिबल लक्ज़री सैगमेंट में हमारा प्रवेश अपने ग्राहकों के लिए सर्वश्रेष्ठ पेशकश हेतु हमारी निरंतर कोशिशों का एक और सबूत है। यही प्रतिबद्धता हमें दूसरों के मुकाबले खास बनाती है। भारत की पहली ऑल-इलेक्ट्रिक रोडस्टर एमजी साइबरस्टर बैस्ट-इन-क्लास टेक्नोलॉजी और फ्यूचरिस्टिक डिजाइन के साथ क्लासिक एमजी बी रोडस्टर को नए रूप में लेकर आई है, जिसमें क्लासिक लालित्य और शानदार परफॉरमेंस का मिश्रण है। स्पोर्ट्सकार ड्राइवरों की नई पीढ़ी के लिए डिज़ाइन की गई एक बिल्कुल नई रोडस्टर, एमजी साइबरस्टर ब्रांड के लिए एक नए साहसिक व सम्मोहक अध्याय की शुरुआत कर रही है। एमजी एम9 भारत की पहली इलेक्ट्रिक थ्री-रो प्रेसिडेंशियल लिमोज़ीन है, इसका कॉन्सेप्ट बेहतरीन आराम और लक्ज़री ऑन व्हील्स प्रदान करने का है।

## मारुति सुज़ुकी ने पेश की अपनी पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी - ई विटारा

**नई दिल्ली।** अपने डिकार्बोनाइजेशन (कार्बन कम करने) और सभी के लिए आनंदमय मोबिलिटी (यात्रा) के प्रति संकल्प किए जाने के लिए तैयार, ई विटारा नेक्सा के नवीनता, बेहतरता और प्रीमियम ग्राहक अनुभव जैसे मूल्यों पर आधारित है।




को दिखाते हुए, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने आज भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में व्यापक इलेक्ट्रिक ईको-समाधान के साथ अपनी पहली बी-ईवी (बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन) एसयूवी - ई विटारा को पेश किया है। ई विटारा को हार्टेक्ट-ई प्लेटफॉर्म पर तैयार किया गया है, जो शानदार परफॉर्मेंस और बेहतरीन रेंज के साथ उच्च स्तर का आराम और सुरक्षा प्रदान करता है। इसे प्रीमियम नेक्सा चैनल के माध्यम से बाजार में उतारा जाएगा। प्रीमियम नेक्सा चैनल में पेश

इस पेशकश पर बोलते हुए तोशीहीरो सुज़ुकी, रिप्रेजेंटेटिव डायरेक्टर एंड प्रेसिडेंट, सुज़ुकी मोटर कॉरपोरेशन, ने कहा हमारा उद्देश्य तीन प्रमुख रणनीतियों के जरिए ग्राहकों के लिए बीईवी (बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन) को आकर्षक बनाना है। पहली रणनीति है, बेहतरीन प्रदर्शन के लिए एक खास बीईवी प्लेटफॉर्म बनाना। दूसरी, ग्राहकों की जरूरतों के मुताबिक सही उत्पादों का विकास करना और तीसरी, वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं का लाभ उठाकर उत्पादन को एक ही स्थान पर केंद्रित करना। इस दिशा में, हमने भारत को उसके उत्पादों की गुणवत्ता और पैमाने के कारण वैश्विक निर्माण केंद्र के रूप में चुना है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया के विज़न के अनुरूप है।

हिसाशी ताकेउचि, मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड, ने कहा, ई विटारा एक बिल्कुल नए प्लेटफॉर्म हार्टेक्ट-ई पर बनी एसयूवी है, जिसे विशेषरूप से इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए डिजाइन किया गया है। यह अत्यधिक कुशल बैटरी पैक विकल्पों के साथ आती है, जो एक बार चार्ज करने पर 61 केडब्ल्यूएच के लिए 50 किलोमीटर से अधिक दूरी प्रदान करती है। हमने ई विटारा को कई प्रीमियम और एडवांस्ड फीचर्स से लैस किया है, जैसे कि लेवल 2 एडीएएस, इंटीग्रेटेड डिजिटल डिस्प्ले और नेक्स्ट-जेन सुज़ुकी कनेक्ट।

इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य ग्राहकों के लिए इलेक्ट्रिक इको-सॉल्यूशन्स बनाना है।

## गृह मंत्रालय ने देश के 67 संगठनों को एफसीआरए की मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने इस वर्ष अब तक कुल 67 संस्थाओं को विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम ( एफसीआरए) के तहत प्रमाण पत्र प्रदान किए हैं। इन संस्थाओं को देश भर में बड़े समुदाय को लाभ पहुंचाने वाली सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक, धार्मिक और आर्थिक गतिविधियों में शामिल होने के कारण यह प्रमाण पत्र जारी किया गया है। इन संगठनों में दलाई लामा चैरिटेबल ट्रस्ट, संभावना ट्रस्ट, व्योमिनी सोशल फाउंडेशन और सेंटर फॉर इक्विटी एंड इंक्लूजन (सीईक्विन) समेत दिल्ली स्थित चार संस्थाएं भी शामिल हैं। इन्हें एफसीआरए के तहत अलग-अलग प्रमाण पत्र भी दिए गए हैं। चीन ने श्रीलंका को दी गई 10 अरब युआन या 1.4 अरब अमेरिकी डॉलर की मुद्रा अदला-बदली सुविधा को तीन साल के लिए बढ़ा दिया है। श्रीलंका के सेंट्रल बैंक ने कहा, दिसंबर 2024 में श्रीलंका के सेंट्रल बैंक और पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने मूल समझौते में निर्धारित नियमों और शर्तों के तहत, 2021 में हस्ताक्षरित द्विपक्षीय मुद्रा स्वैप समझौते को तीन (3) वर्षों की अवधि के लिए सफलतापूर्वक नवीनीकृत किया।



**हीरो मोटोकॉर्प ने पेश किए प्रीमियम बाइक्स और स्कूटर के नए शानदार मॉडल्स**

# सोमित मकर ने सोलो यात्रा के जरिए सड़क सुरक्षा को बढ़ावा दिया

**लखनऊ।** भारत की जीवंत विविधता की खोज करते हुए सड़क सुरक्षा पर प्रकाश डालने के लिए दृढ़ संकल्पित उद्यमी सोमित मकर ने दिल्ली से कन्याकुमारी तक और कोरोमंडल तट से होकर वापस 10,000 से अधिक किलोमीटर की सोलो ड्राइव किया। यह दो महीने की यात्रा 8 जनवरी 2025 को 11,278 किलोमीटर की दूरी तय करके समाप्त हुई। ग्रैंड विटारा 2023 माइल्ड हाइब्रिड मॉडल चलाते हुए श्री सोमित 400 से ज्यादा अनूठे अनुभवों को कैद करने के मिशन पर थे।

उनके इस अभियान को आईआईटी मद्रास में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रोड सेफ्टी (सीओईआरएस) ने नॉलेज पार्टनर के रूप में समर्थन दिया और एलियांज पार्टनर्स ने सड़क किनारे सहायता प्रदान की, जिससे यह ड्राइव सहज और प्रेरणादायक रही। भारत की




सड़क सुरक्षा चुनौतिया काफी गंभीर है। इसकी वजह से दुनिया भर में हर साल 1.35 मिलियन लोगों की जान जाती हैं लेकिन सोमित जैसी पहल आशा और प्रेरणा प्रदान करती हैं।

सोमित मकर ने बताया, मेरा हमेशा से मानना रहा है कि हर सड़क एक कहानी बयां करती है और यह यात्रा भारत की कई कहानियों को जानने के साथ-साथ सुरक्षित सड़कों के महत्व को भी समझाने के बारे में थी।

9 नवंबर, 2024 को शुरू हुई यह यात्रा 11 राज्यों से होते हुए 110 शहरों तक गई। इनमें से 46 शहरों में वे रुके, जैसे वाराणसी, कोलकाता, भुवनेश्वर, चेन्नई और बेंगलुरु, और फिर हैदराबाद और जबलपुर होते हुए वापस आए। इन अनूठे अनुभवों में प्राचीन समुद्र तट और हरे-भरे जंगल से लेकर प्राचीन मंदिर और हलचल भरे ग्रामीण मेले शामिल थे। सोमित ख़ास करके 10 अनुभवों का आनंद लेने के लिए उत्सुक थे, जैसे वाराणसी में देव दीपावली, अरिचल मुनई में सूर्यास्त, खजुराहो मंदिर की नक्काशी, पुरी के प्राचीन समुद्र तट, गंडिकोटा में तारों को देखना, ताड़ोबा में नए साल की सुबह की सफारी, चिल्का झील में प्रवासी पक्षी, पांडिचेरी की ठंडी जिंदगी, गुरुदेव का शांतिनिकेतन और तिरुमाला में दिव्य दर्शन शामिल थे।

# ट्रैक्टर-ट्राली के चपेट में आने से 55 वर्षीय महिला की मौत

अवधनामा संवाददाता


मृतक कटोरी देवी की फाइल फोटो

महिला की मौत पर रोते बिलखते परिजन

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मथौली वार्ड नंबर 16 लोहेपार चौराहे पर एक ट्रैक्टर-ट्राली के चपेट में आने से बाइक सवार 55 वर्षीय अधेड़ महिला की दर्दनाक मौत हो गई। मौके से पहुंची स्थानीय पुलिस ने परिजनों को सूचना दिया। इसके बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

**नपं मथौली के वार्ड नंबर 16 लोहेपार मुख्य चौराहे की घटना**

उधर ट्रैक्टर चालक मौका देख फरार हो गया। पुलिस ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। हाटा कोतवाली क्षेत्र के तितला निवासी 55 वर्षीय महिला कटोरी देवी पत्नी स्व. रामदुलारे सिंह अपने बेटे के साथ बाइक से शनिवार को नगर पंचायत मथौली स्थित मां चेड़ा देवी मंदिर पर किसी कार्यक्रम में शामिल होने जा रही थी अभी वह हाटा कप्तानगंज मार्ग पर स्थित लोहेपार चौराहे पर दिन के तकरीबन 12:30 बजे के आस पास पहुंची हुई थी कि सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को सीएचसी मथौली ले गई जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत मृत्यु घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद परिजन अस्पताल पहुंचे और दहाड़े मारकर रोने लगे। महिला के मौत पर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

## प्रधान को जान से मारने की धमकी, 5 पर मुकदमा दर्ज

**हाटा, कुशीनगर।** हमेशा अपने कार्यों और सामाजिक सेवाओं के लिए सुर्खियों में रहने वाले ग्राम प्रधान ई. प्रवीण निर्मल सिंह को जान से मारने की धमकी व साजिश में शामिल 5 लोगों पर हाटा कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया। ग्राम प्रधान ने अपने तहरीर में बताया कि ग्राम सभा की ही कौशल्या पत्नी गरीब प्रसाद बीते 27/11/24 को रोते हुए मेरे घर आई और बताई कि उसका लड़का विद्यासागर सबको मार रहा है, मेरे मना करने पर भी ओ हाथ पकड़कर अपने घर ले गई, जैसे ही मैं इसके घर पहुंचा, वैसे ही विद्यासागर, उसकी पत्नी शारदा, गरीब, रेनू पुत्री गरीब और कौशल्या देवी घर में गाली और हाथापाई करते हुए खींच कर ले जाने लगे, मैं कुछ समझ पाता कि वहां उपस्थित गांव के लोगों ने मुझे बचा कर वहां से लाए। इस प्रकार ग्राम प्रधान ने जान से मारने की धमकी व साजिश और हाथपाई करने तथा गाली देने के आरोप में मुकदमा दर्ज करने की अपील की थी। थाना अहिरौली में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

# परिषदीय विद्यालय फर्द मुंडेरा और बेलवा सुदामा में दी जाएगी तकनीकी शिक्षा

अवधनामा संवाददाता


शिक्षक रामवीर सिंह


शिक्षक पुष्पेंद्र कुमार

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत प्रदेश में बेसिक शिक्षा में बदलाव किए जा रहे हैं। इसके तहत अब परिषदीय विद्यालयों में पठन-पाठन के साथ बच्चों के कौशल विकास पर भी फोकस किया जाएगा। पहले चरण में प्रदेश भर के प्रत्येक विकास खंड से 2-2 विद्यालयों का चयन हुआ है जिनमें लर्निंग बाई डूइंग (करके सीखना) का कार्यक्रम शुरू हो गया है। इसके तहत परिषदीय विद्यालय के बच्चों को तकनीकी शिक्षा भी मिलेगी।

मोतीचक विकास खंड से संविलयन विद्यालय फर्द मुंडेरा और बेलवा सुदामा का चयन हुआ हुआ है। लर्निंग बाई डूइंग के प्रशिक्षण के लिए संविलयन विद्यालय फर्द मुंडेरा से रामवीर सिंह सहायक अध्यापक एवं बेलवा सुदामा से पुष्पेंद्र कुमार सहायक अध्यापक उद्यमिता विकास संस्थान लखनऊ से चयनित हुए है। प्रशिक्षण से लौटकर दोनों अध्यापक लर्निंग बाई डूइंग को धरातल पर उतारकर अपने अपने विद्यालयों में इंजीनियरिंग की नींव तैयार करेंगे। इसके तहत इंजीनियरिंग एंड वर्कशॉप, एनर्जी एंड एनवायरमेंट, एग्रीकल्चर, नर्सरी एंड गार्डनिंग और होम एंड हेल्थ केयर की 60 गतिविधियों को विज्ञान एवं गणित के पाठ्यक्रम में मैप किया गया है। इसके तहत कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों को गणित व विज्ञान में दक्ष बनाया जाएगा। इससे विद्यार्थियों का कौशल विकास किया जाएगा। इससे समस्त क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है कि अब उनके नौनिहाल गांव में ही इंजीनियरिंग की शिक्षा प्राप्त करेंगे।

दोनों विद्यालयों का समस्त स्टाफ एक टीम भावना से कार्य करते हुए बेसिक शिक्षा विभाग की कई योजनाओं से अपने विद्यालय को आच्छादित करा लिए हैं। यूपीएस फर्द मुंडेरा ने अब तक राष्ट्रीय आय आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में भी 10 छात्र/छात्राओं का चयन कराया है तथा बेलवा सुदामा ने एक छात्र को। जिन्हें प्रत्येक वर्ष 12 हजार छात्रवृत्ति मिल रही है।

**शिक्षक रामवीर सिंह व शिक्षक पुष्पेंद्र कुमार चुने गए क्षेत्र में खुशी की लहर**

दोनों विद्यालयों के समस्त स्टाफ ने खुशी जाहिर की है और दोनों विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यापक भगवती प्रसाद और प्रवीण मल्ल ने इसे ग्रामीण आंचल के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि बताया। विकास खंड मोतीचक के खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार, समस्त एआरपी एवं समस्त शैक्षिक संगठनों के पदाधिकारियों ने दोनों विद्यालयों के समस्त स्टाफ को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं।

## जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने की आरोपी कार्मिकों को लेखाधिकारी कार्यालय से बाहर करने की मांग

**अमेठी।** वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा कार्यालय में एरियर के मद की लगभग तीन करोड़ रुपए की धनराशि के गबन के आरोपियों से अभी भी कार्यालय का काम लिया जा रहा है। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने बेसिक शिक्षा अधिकारी और लेखाधिकारी को पत्र देकर ऐसे आरोपी कार्मिकों द्वारा शिक्षकों के डाटा से छेड़छाड़ की आशंका जताई है और विजय कुमार यादव को छोड़ कर अन्य सभी कार्मिकों को कार्यालय से बाहर करने की मांग की है। वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय बेसिक शिक्षा में हुए घोटाले की जांच को लेकर संघ का एक प्रतिनिधिमंडल डी एम से मिल चुका है। डी एम से भ्रष्टाचार में शामिल रहे तत्कालीन वरिष्ठ कोषाधिकारी रामेन्द्र कुमार को जांच समिति से हटाने की मांग की है, हालांकि अभी तक डी एम ने रामेंद्र कुमार को जांच समिति से नहीं हटाया है। लेखाधिकारी कार्यालय में शिक्षकों के एरियर की धनराशि के गबन को लेकर जिला अध्यक्ष अब्दुल रसीद की ओर से सोशल मीडिया पर दिया गया बयान खूब वायरल हो रहा है।

# स्वामित्व योजना : लोगों को मिला मालिकाना हक का प्रमाण

शकील अहमद


घरौनी प्रमाण पत्र के साथ लोग व अधिकारी

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में घरौनी प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जनप्रतिनिधियों, डीएम विशाल भारद्वाज, सीडीओ गुंजन द्विवेदी सहित एडीएम की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज द्वारा दीप प्रज्ज्वलित तथा नशा एवं स्वच्छता के संबंध में शपथ दिला किया गया।

**पीएम मोदी व सीएम योगी के लाइव प्रसारण व संबोधन को सुना व देखा गया**

इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन का लाइव प्रसारण देखा गया। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने घरौनी प्रमाण पत्र की उपयोगिता के क्रम में कहा कि विभिन्न देशों में इस विषय पर स्टडी की गई जिसके नतीजे में निकला कि गरीबी दूर करने के लिए प्रॉपर्टी आवश्यक है, ये प्रॉपर्टी मूल संपत्ति होगी, इस लिए हमने तय किया कि ड्रोन के माध्यम से सर्वे कराए तथा जो आबादी वाले क्षेत्र में घर बनाए हैं उन्हें उनका हक दिलाए जाय ताकि आर्थिक वृद्धि का रास्ता खोला जा सके। इस अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा विभिन्न प्रदेशों के घरौनी प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले लाभार्थियों से संवाद कर अनुभव को साझा किया गया तथा घरौनी प्रमाण पत्र से क्या क्या लाभ लिए इसकी जानकारी ली गई। इस मौके पर पडरौना तहसील के 20 लाभार्थियों को घरौनी प्रमाण पत्र वितरण किया गया तथा स्वामित्व योजना के लाभ से जन सामान्य को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वामित्व योजना से जहां एक तरफ ग्रामीण जनों के भूमि विवाद संबंधी विवादों का समाधान होगा वहीं दूसरी तरफ ग्राम पंचायत की भूमि का स्पष्ट मानचित्र प्राप्त होगा।

### घरौनी प्रमाण पत्र देने वाले राज्यों में उप्र सबसे आगे : सीएम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सबसे अधिक घरौनी प्रमाण पत्र निर्गत करने वाला उत्तर प्रदेश राज्य है, जहां एक करोड़ से अधिक लोगों को उनका मालिकाना हक देने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि घरौनी प्रमाण पत्र नहीं रहने से तमाम तरह की विवाद हुआ करती थी कभी थाना, कभी तहसील, कभी कोर्ट का चक्कर लगाने पड़ते थे, परंतु अब ये समस्या समाप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि अब घरौनी प्रमाण पत्र से आसानी से लोन ले कर अपने कारोबार, को बढ़ाया जा सकता है, उन्होंने कहा कि ये कार्ड सभी के जीवन में नया परिवर्तन लाएगा। जहां का सर्वे अभी पूरा नहीं हुआ है उसे भी शीघ्र पूर्ण करने का कार्य किया जा रहा है। विधायक पडरौना मनीष जयसवाल ने इस अवसर पर कहा कि ये कार्यक्रम गंगा उतारने जैसा प्रयास है, प्रॉपर्टी कार्ड से गांव देहात के जीवन को नई दिशा देने का कार्य करेगा।

### मोतीचक में 200 लोगों को मिला घरौनी प्रमाण पत्र

**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खंड मोतीचक ब्लाक सभागार में स्वामित्व योजना के तहत शनिवार को लगभग 200 घरौनियों का वितरण किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री के उद्बोधन का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया।

मुख्य अतिथि मोतीचक ब्लाक प्रमुख अर्चना सिंह रही। इस दौरान बीडीओ रामानंद वर्मा ने कहा कि अब लोगों को घरौनी के द्वारा अब गांव वालों को उनकी जमीनों पर मालिकाना हक मिल सकेगा। इससे लोगों के बीच पैदा भूमि विवाद भी खत्म हो जाएंगे। इसके तहत ब्लाक के मंगलपुर मगरुंआ, पट्टन, अरकपुर, सिंहपुर, पकड़ी आदि गांव के लगभग 200 लोगों में स्वामित्व योजना का प्रमाण पत्र दिया गया। इस दौरान विनोद कुमार, एडीओ आइएसबी बिंदा देवी, एपीओ आलोक यादव, मनरेगा बाबू, आलोक जायसवाल सहित ब्लाक के अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

# गुरुदत्त गिरी दूसरी बार बने ग्रापए हाटा के तहसील अध्यक्ष

अवधनामा संवाददाता


नवनिर्वाचित हाटा तहसील अध्यक्ष गुरुदत्त गिरी

**हाटा, कुशीनगर।** श्रीनाथ संस्कृत महाविद्यालय हाटा में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई हाटा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, विस्तार तथा तहसील व ब्लाक स्तर पर पदाधिकारियों का चयन चर्चा किया गया। इस दौरान चुनाव अधिकारी महेंद्र पाण्डेय व मुकेश नाथ तिवारी की उपस्थिति में सर्वसम्मति से गुरुदत्त गिरी को हाटा तहसील अध्यक्ष चुना गया। शनिवार को आयोजित ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तहसील ईकाई हाटा की बैठक में सर्वसम्मति से गुरुदत्त गिरी को तहसील अध्यक्ष और रणजीत सिंह को मंत्री चुना गया। तथा ब्लाक प्रभारी सुकरौली मनोज यादव व ब्लाक मोतीचक के लिए गौतम मुनि को चुना गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शैलेश कुमार उपाध्याय ने किया तथा संचालन जिला महासचिव अमरनाथ पाण्डेय ने किया। बता दें कि इसके पूर्व में भी गुरुदत्त गिरी तहसील अध्यक्ष रह चुके है। इस दौरान अशोक कुमार मिश्र, फरेंद्र पाण्डेय, वेदप्रकाश मिश्र, बृजेश शुक्ल, संजय तिवारी, अशोक सिंह, श्रीराम कुशवाहा, संजय पाण्डेय सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

**गौतम मुनि को मोतीचक का अध्यक्ष व मनोज को सुकरौली का प्रभारी चुना गया**

# 571 गांवों के 23548 वाशिंदों को बांटे गए प्रापर्टी कार्ड

अवधनामा संवाददाता




**अमेठी।** शनिवार को जिले के पांच सौ से अधिक गांवों के वाशिंदों को प्रापर्टी कार्ड वितरित करने के लिए सभी तहसीलों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य कार्यक्रम राजीव गांधी पेट्रोलियम संस्थान जायस में हुआ। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के लाभार्थियों से संवाद व उद्बोधन कार्यक्रम का सभी जगह सजीव प्रसारण किया गया। मुख्य कार्यक्रम जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में राजीव गांधी पेट्रोलियम इंस्टीट्यूट संस्थान जायस में किया गया। उपस्थित लोगों को स्वच्छता व नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा वर्तमान समय में सरकार की चल रही योजनाएं फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी बनवाने की अपील की गई।

जनपद में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा लाभार्थियों को घरौनी का वितरण किया गया। 571 राजस्व गांवों के कुल 23548 लाभार्थियों को घरौनी का वितरण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वामित्व योजना से जहां एक तरफ ग्रामीण जनों के भूमि विवाद संबंधी विवादों का समाधान होगा। दूसरी तरफ ग्राम पंचायत की भूमि का स्पष्ट मानचित्र प्राप्त होगा जिससे गांव के आधारभूत संरचना के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं को बनाना आसान होगा इससे लाभार्थी गण विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी, उपजिलाधिकारी तिलोई अमित सिंह, तहसीलदार तिलोई अन्य संबंधित अधिकारी, जन प्रतिनिधि व लाभार्थी गण मौजूद रहे।

**स्वच्छता और नशामुक्ति के संदेश के साथ लाभार्थियों को दी गई घरौनियां**

# मजाक बनी हुई है एआरएम की नोटिस

## बस स्टेशन पर ही ही दम तोड़ रहा सड़क सुरक्षा का संदेश

अवधनामा संवाददाता




**अमेठी।** अमेठी डिपो पर बनी रोडवेज की दुकानों को आवंटित कराकर दुकान करने दुकानदार अनुबंध की शर्तों का पालन नहीं कंर रहे हैं। आवंटित दुकानों के सामने ठेले लग रहे हैं। दुकानों का आवंटन कराने वाले कई दुकानदारों ने अपनी दुकानें दूसरे लोगों को ठेके पर दे रखी हैं।रोड जाम की समस्या दूर करने के मामले में पुलिस अधीक्षक अर्पणा रजत कौशिक की सख्ती के बाद सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने आधा दर्जन दुकानदारों को नोटिसें जारी की है।

**अधिकारियों और पुलिस की मेहरबानी से तेज है डग्गामारी**

अमेठी डिपो की ओर से बस स्टेशन पर 18दुकानों का निर्माण किया गया है। आधा दर्जन दुकानों का तीन तीन साल के लिए हुआ है। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक की ओर से दस अक्टूबर 2023को नोटिस जारी की गई थी। नोटिस का कोई अनुपालन नहीं हुआ। सूत्रों का कहना है कि रोडवेज के अधिकारियों से सेंटिंग करके दुकानदार मनमानी ढंग से दुकानें चला रहे हैं।ए आर एम और स्टेशन अधीक्षक की नाक के नीचे ही नियमों का उल्लंघन हो रहा है।बस स्टेशन के आसपास यातायात सुगम नहीं है। दुकानदार मनमानी दुकानें चला रहे हैं और प्राइवेट गाडियां बस स्टेशन की नाक के सामने ही सवारियां भरती है। सब कुछ जानते हुए भी ए आर टी ओ,ए आर एम और लोकल पुलिस मौन धारण किए हुए हैं। हाल ही में पुलिस अधीक्षक ने कस्बे का दौरा किया था, निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी दुकानदारों और ठेलेवालों को सड़क साफ रखने के निर्देश दिए थे। पुलिस अधीक्षक के भ्रमण के एक दिन बाद सब कुछ पहले जैसा हो गया। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने छः दुकानदारों को नोटिस जारी की है। नोटिस में कहा गया है कि दुकानदार अनुबंध की शर्तों का अनुपालन नहीं कर रहे हैं, अनुबंध की शर्तों के अनुसार आवंटित स्थान पर ही कैंटीन और स्टाल लगाएं और अनुबंध के अनुसार ही निर्धारित सामग्री की बिक्री करें। मासिक शुल्क समय से निगम कोष में जमा करें, ऐसा न करने की स्थिति में पांच हजार रुपए अर्थदंड देना पड़ेगा और बस स्टेशन पर जाम लगाने के आरोप में थाने में एफ आई आर भी दर्ज कराई जाएगी। अमन पांडेय, कमलेश कुमार जायसवाल, महताब अली, मुनव्वर अली और तनवीर खान को नोटिसें जारी की गई हैं।

## पूर्व सभासद में बुशरा शेख को किया सम्मानित

**सलोंन, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** प्राथमिक विद्यालय गौवा बाजार में



तैनात शिक्षक मोहम्मद वसीम की पुत्री बुसरा शेख निवासी पुरे राम प्रसाद खातियारा को वर्ष 2024 में जनपद स्तरीय ताइवाडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त होने पर क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई। बुशरा शेख के घर पहुंच कर सभासद एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के पूर्व महामंत्री इसरार हैदर रानू ने बुशरा शेख को गुलदस्ता भेंट कर मुंह मीठा कराया एवं गोल्ड मेडल जीतने की मुबारकबाद दी। इसरार हैदर ने कहा कि गांव की बिटिया ने जो जनपद व प्रदेश में सलोंन का गौरव बढ़ाया है इसके लिए बेशक वह बधाई के पात्र है। जिन्हें सम्मानित करने में गर्व महसूस होता है। उनके अभिभावक भी बधाई के पात्र हैं।

## शहद उत्कृष्टता केंद्र का शिलान्यास किया गया

**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** उप्र सरकार दिनेश प्रताप सिंह द्वारा राजकीय



औद्यानिक प्रक्षेत्र शिवगढ़ (निकट बस स्टॉप शिवगढ़), रायबरेली में शहद उत्कृष्टता केन्द्र का शिलान्यास किया गया। मंत्री ने कहा कि शहद उत्कृष्टता केन्द्र की स्थापना से रायबरेली व निकटवर्ती जनपदों के लघु सीमान्त / भूमिहीन कृषकों को मधुमक्खी पालन से जागरूक करते हुए रोजगार के साधन उपलब्ध कराया जाएगा, साथ ही किसानों की आय में वृद्धि करेगा। रायबरेली व निकटवर्ती जनपदों के शिक्षित बेरोजगारों को आधुनिक मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। शहद उत्कृष्टता केन्द्र के शिलान्यास साथ ही एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत जनपदीय स्तरीय गोष्ठी का आयोजन भी सम्पन्न हुआ। मंत्री ने कहा कि शहद उत्कृष्टता केन्द्र, जनपद रायबरेली की प्रगति एवं उन्नति में मील का पत्थर साबित होगी। जिससे जनपद के सभी कृषक लाभान्वित होगें।

# अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 में होगा बी पैक्स समितियों का पुनर्गठन

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** वर्ष 2025को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।साल भर कार्यक्रम आयोजित करके सहकारी क्षेत्र की संस्थाओं को मजबूत किया जाएगा।डी एम निशा अनंत ने शनिवार को जिला कोआपरेटिव विकास समिति की बैठक की। बैठक में उन्होंने समितियों पर गोदामों के निर्माण के साथ हर न्याय पंचायत में दो दो बीपैक्स समितियों के पुनर्गठन के निर्देश दिए।

बैठक में विकास खण्ड मुसाफिरखाना स्थित बी-पैक्स धरौली, विकास खण्ड बाजारशुकुल स्थित बी-पैक्स बाजारशुकुल एवं विकास खण्ड जगदीशपुर स्थिति बी-पैक्स निहालगढ़ में 100-100 मी. टन के गोदाम निर्माण हेतु डी0पी0आर0 का अनुमोदन किया गया। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक बताया कि जनपद की 10 न्याय पंचायतों में बी-पैक्स में आच्छादित नही है, जिसमें से 02 न्याय पंचायत पीपरपुर एवं दक्खिनवारा में नये बी-पैक्स का गठन किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने माह अप्रैल तक प्रत्येक माह 02 नयी पैक्स समितियों का गठन कराते हुए, सभी न्याय पंचायतों को बी-पैक्स से आच्छादित किये जाने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा जनपद की निष्क्रिय 14 बी-पैक्सों की कार्ययोजना बनाकर गठित किये जाने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने दुग्ध विकास अधिकारी को प्रत्येक माह 05 दुग्ध समितियों को सक्रिय करने तथा मत्स्य विकास अधिकारी को 02 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल वाले आच्छादित तालाबों हेतु मत्स्य सहकारी समितियों का गठन किये जाने के निर्देश दिये गये। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता द्वारा बताया गया कि वर्ष 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में बनाया जा रहा है, जिसकी थीम BUILD A BETTER WORLD रखी गयी है, जिसके अन्तर्गत जनपद अमेठी में भी वर्ष भर विभिन्न कार्यक्रमों का आच्छादन सहकारिता को सुदृढ़ किये जाने हेतु किया जायेगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता मित्रसेन सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**धरौली, बाजार सुकुल और निहाल गढ़ में सौ सौ मीटरीटन क्षमता की गोदामों के निर्माण के लिए डी पी आर को मंजूरी दी गई**

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

**अमेठी।** थाना क्षेत्र के अन्तर्गत जनापुर -कपासी मोड़ के पास शनिवार की सुबह एक युवक का शव संदिग्धावस्था में बुलेट गाड़ी के साथ युवक का शव पाया गया है। मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। मौके पर पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पूरे कैथन मजरे भवानीगढ़ निवासी सुनील कुमार वर्मा पुत्र राज कुमार वर्मा उम्र 23 वर्ष का शव बुलेट गाड़ी के साथ मिला। मृतक युवक के पिता राज कुमार ने बताया कि बेटा शुक्रवार की शाम करीब छः बजे अपनी बुलेट गाड़ी से आवश्यक कार्य के लिए बाबा नगर चौराहा गया था देर रात वापस नही आया तो आस पास के गावों में खोजबीन की गई लेकिन कही कोई पता नहीं चल सका। उसके बाद आसपास के रिश्तेदारों के यहां फोन के संपर्क किया गया लेकिन कही कोई पता नहीं चल सका। शुक्रवार की सुबह करीब करीब सात बजे ढूंढते हुए जनापुर कपासी मोड़ के पास पास पहुंचा तो वहां काफी भीड़ लगी हुई थी तो देखा कि मेरा बेटा बुलेट गाड़ी के साथ मृत पड़ा हुआ था।

# एसडीम ने किसानों को वितरित किए स्वामित्व कार्ड व विकलांगों को बांटे कंबल

अवधनामा संवाददाता



**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के किसानों व घर मालिकों को संपत्ति अधिकारों व ग्रामीणों को विकास की ओर ले जाने का जो काम केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने किया है। वह किसानों के लिए मील का पत्थर साबित होगा अब किसान अपने संपत्ति के अधिकारों की ओर अग्रसर होंगे ये बातें तहसील सभागार में आयोजित स्वामित्व कार्ड वितरण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित किसानों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी सचिन यादव व्यक्त कर रहे थे।

बता दें कि, सरकार द्वारा स्वामित्व कार्ड वितरण कार्यक्रम 18 जनवरी 2025 दिन शनिवार को दोपहर 1 बजे तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी सचिन यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें स्वामित्व कार्ड योजना के तहत किसानों को संपत्ति अधिकारों की ओर एक कदम तथा ग्रामीणों को विकास की नई दिशा तय करने के लिए इस योजना का शुभारंभ 3 वर्ष पूर्व किया गया था। जिसको अमली जामा पहनते हुए। राजस्व के कर्मचारियों ने कड़ी मेहनत कर इस मुकाम तक पहुंचाया हैं। जिसके चलते आज तहसील क्षेत्र के 9 गांव से 82 लोगों को स्वामित्व कार्ड वितरण किया गया। तो वही 9 गांव के कन्हैयालाल पुत्र राम लौटन निवासी सोथी, महादेव पुत्र मंगली प्रसाद, शिवपाल, विन्दादेई बलाई मऊ, धिराजा बलाई मऊ, सुखई नहरिया, वीरेंद्र कुमार ओथी, जगदम्बा सिंह पाली, विश्राम पाली, बनवारी भटसरा, अब्दुल बारी भटसरा, सहित 82 लोगों को स्वामित्व कार्ड दिया गया। तथा यह योजना 24 अप्रैल 2020 से लागू की गई थी जिसके चलते राजस्व कर्मियों द्वारा गांव का सर्वे कर एक-एक व्यक्ति की जांच पड़ताल कर घरौनी बनाने का काम किया गया था। जिसके चलते अब यह योजना धरातल पर उतर पाई है। जिसमें राजस्व कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

## श्री कृष्ण सेवा संस्थान ने वृद्ध आश्रम में कंबल वितरित किए



**टूंडला।** सामाजिक संस्था श्री कृष्ण सेवा संस्थान द्वारा कड़ाके की पड़ रही ठंड में नगर के बन्ना वृद्धाश्रम में वृद्ध जनों को कंबल हाथों के दस्ताने गजक इत्यादि वितरित की गई। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक श्रीकृष्ण यादव ने कहा कि संस्था हमेशा सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती है व सामाजिक कार्यों में अपना पूर्ण सहयोग करती है संस्था का उद्देश्य ही सामाजिक कार्य करना है, इसी उपलक्ष्य में आज कड़ाके की ठंड को देखते हुए वृद्ध आश्रम में वृद्ध जनों को गर्म कंबल हाथों के गिलब्स गजक आदि का वितरण संस्था द्वारा किया गया है। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक श्री कृष्ण यादव श्रीमती चरण देवी वीर सुरेन्द्र पाल सिंह यादव,बलवीर सिंह प्रबंधक भुवनेंद्र प्रताप सिंह अजब सिंह नेत्रपाल सिंह दाताराम लाखन सिंह रामनरेश हर स्वरूप सुरेंद्र सोनू विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

# आबकारी टीम ने दबिश देकर पकड़ी अवैध शराब



**अवधनामा संवाददाता**

**लंभुआ,सुल्तानपुर।** जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार तिवारी के पर्यवेक्षण में आबकारी निरीक्षक लंभुआ संजय कुमार श्रीवास्तव की टीम द्वारा गोपीनाथपुर, छतौना थाना चांदा में दबिश देकर लगभग बीस लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई।दबिश द्म दौरान बरामद लगभग दो सौ किलोग्राम लहन नष्ट कराया तथा एक अभियोग आबकारी की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किया गया। क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले ईट भट्ठों, मैरिज लॉन तथा संदिग्ध ढाबों की चेकिंग की गई। ईट भट्ठों के मालिकों को इस बात के कड़े निर्देश दिए गये कि उनके यहां किसी भी प्रकार की अवैध शराब नहीं बननी चाहिए अन्यथा उनके खिलाफ भी सख्त कार्यवाही की जाएगी। इसके पश्चात टीम द्वारा लोगों से अपील की गयी कि वह किसी भी प्रकार से अवैध शराब का सेवन ना करें अन्यथा यह उनके लिए जानलेवा साबित हो सकती है। आबकारी टीम में आबकारी सिपाही शेष प्रताप सिंह, विजय बहादुर सरोज आदि मौजूद थे।

# नवागत जिलाधिकारी ने कोषागार पहुँच कर किया कार्यभार ग्रहण

**अवधनामा संवाददाता**



**सुलतानपुर।** नवागत जिलाधिकारी कुमार हर्ष (आई.ए.एस.) द्वारा अपरान्ह में जनपद कोषागार पहुंच कर जिलाधिकारी सुलतानपुर के पद पर कार्यभार ग्रहण किया गया। उन्होंने कोषागार के डबल लॉक में कार्यभार ग्रहण करते समय विभिन्न अभिलेखों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश वरिष्ठ कोषाधिकारी अरविन्द कुमार सिंह को दिये। ज्ञात हो कि नवागत जिलाधिकारी कुमार हर्ष वर्ष 2016 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने इससे पूर्व अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मऊ, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट बलरामपुर, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट चंदौली, मुख्य विकास अधिकारी श्रावस्ती, विशेष सचिव, मुख्यमंत्री तथा विशेष सचिव, नागरिक उड्डयन विभाग उत्तर प्रदेश, शासन तथा निदेशक नागरिक उड्डयन विभाग के पद पर कार्यरत रहे।

नवागत जिलाधिकारी ने मीडिया को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर पहुँचाना प्राथमिक उद्देश्य होगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) एस. सुधाकरन, सिटी मजिस्ट्रेट विदुषी सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी बाबू राम, उप जिलाधिकारी सदर विपिन द्विवेदी, वरिष्ठ कोषाधिकारी अरविन्द कुमार सिंह, सहायक कोषाधिकारी पी0 राम सहित समस्त कलेक्ट्रेट परिवार उपस्थित रहा।

## सचिव व नोडल ने किया पर्यटन सूचना केन्द्र ग्लास म्यूजियम का निरीक्षण

**फिरोजाबाद।** सचिव व नोडल अधिकारी सुखलाल भारती द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में बन रहे पर्यटन सूचना केंद्र व ग्लास म्यूजियम का निरीक्षण किया, उन्होंने कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया कि मजदूरों की संख्या और बढ़कर कार्य में प्रगति लायें, जो भी सामग्री इसमें उपयोग की जा रही है उनकी तकनीकी जांच अवश्य कराये, जिससे कार्य में गुणवत्ता आ सके, साथ ही उन्होंने कहा कि यहां बन रहे ऑडिटोरियम में सीट बढ़ाई जाए, अभी सीटों की संख्या 400 है इसको बढाकर 600 किया जाए, साथ ही साथ एक बालकनी भी अवश्य बनाई जाए।

सचिव व नोडल अधिकारी सुखलाल भारती द्वारा बसई मोहम्मदपुर ग्राम का निरीक्षण किया गया, उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माणाधीन खेल के मैदानो को समय से पूरा कराये, गांव की साफ सफाई प्रतिदिन नियमित रूप से कराये, स्वयं सहायता समूह में महिलाओं को अधिक से अधिक जोड़ें, प्रधानमंत्री आवास जो निर्माणाधीन है उन्हें ससमय और गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये, मनरेगा योजना में कच्चे काम कराए जाएं जिससे लोगों को रोजगार मिल सके, उन्होंने गौशालाओं के निरीक्षण में निर्देश दिए कि गोवंश को ठंड से बचने के लिए तिरपाल लगाए जाएं और वहां पर हरा चारा एवं भूसा पर्याप्त मात्रा में रहना चाहिए।

# ब्रहमा बाबा का धूमधाम से मनाया 56वां स्मृति दिवस



**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** केला देवी स्थिति प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्विद्यालय सेंटर पर ब्रह्मा बाबा का 56वां स्मृति दिवस धूमधाम से मनाया गया। समस्त भाई बहनों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ब्रह्मा बाबा को याद किया। उनके द्वारा बताए गए आध्यात्म के मूल तत्व और सार को आत्मसात करने का संकल्प लिया। बाबा के स्मृति दिवस पर सेंटर पर 12 फिट का भव्य टावर ऑफ पीस (शांति स्तंभ) का निर्माण किया गया था एवं बाबा का कमरा, कुटिया, हिस्ट्री हॉल बनाया गया। जो ब्रह्मा बाबा के स्मृति दिवस को खास तौर पर भव्यता प्रदान कर रहा था। बाबा के चित्र पर पुष्पांजलि व श्रंद्धाजलि अर्पित करने का भाई बहनों का तांता लगा रहा। श्रद्धांजलि दिवस को शांति दिवस के रूप में मनाते हुए बाबा ने अपनी भौतिक देह का त्याग 18 जनवरी 1969 को किया तथा मानवता की सूक्ष्म सेवा में लीन हो गए। सेंटर की संचालिका सरिता दीदी ने कहा कि ब्रह्माबाबा इनका जन्म वर्ष 1876 ई. में सिंध हैदराबाद के एक मुख्याध्यापक के घर में हुआ था। उनका बचपन का नाम दादा लेखराज था। बचपन से ही उनमें भक्ति भाव के संस्कार भरे हुए थे। ईश्वर की प्राप्ति के लिए उन्होंने बचपन से ही खोज शुरू कर दी थी। इन्होंने 12 गुरु किए परंतु मन को शांति नहीं मिली। दीदी ने बताया कि अपना जीवनयापन करने हेतु इन्होंने हीरे-जवाहरात का था बड़ी ईमानदारी व सच्चाई सफाई से शुरू किया। वह अपने धंधे से केवल अपने परिवार का ही पालन पोषण नहीं करते थे बल्कि जरूरतमंदों की झोली भरपूर करके उन्हें भेजते थे। व्यवसाय करते-करते धीरे-धीरे वैराग्य आने लगा। एक दिन बाबा पूजा में बैठे हुए थे कि इनको एक प्रकाश-पुंज नजर आया और तब से दादा लेखराज ब्रह्माबाबा के नाम से प्रसिद्ध हो गए और माताओं व बहनों को इस ट्रस्ट का ट्रस्टी बनाया अपनी सारी पूंजी ट्रस्ट के हवाले कर दी।

# एसएमएएम योजनान्तर्गत 74 किसानों का ई-लॉटरी के माध्यम से यन्त्रों का हुआ चयन

**अवधनामा संवाददाता**




**बहराइच।** उप कृषि निदेशक बहराइच शिशिर कुमार वर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में गठित जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति के समक्ष वर्ष 2024-25 में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइनजेशन योजना, प्रमोशन आफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फार इन सीटू मैनेजमेन्ट आफ क्राप रेजीड्यू (सीआरएम) एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजनान्तर्गत अनुदान पर यन्त्र क्रय करने हेतु आनलाइन बुकिंग करने वाले लाभार्थियों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से किया गया। उप निदेशक कृषि ने बताया कि एसएमएएम योजनान्तर्गत 74 लक्ष्य के सापेक्ष 122 कृषकों द्वारा बुकिंग किये गये कृषि यन्त्रो के अन्तर्गत 74 किसानों का ई-लॉटरी के माध्यम से विभिन्न यन्त्रों का चयन किया गया। सीडीओ मुकेश चन्द्र ने चयनित किसानों को बधाई देते हुए कहा कि अतिशीघ्र कृषि यन्त्र का क्रय कर पारदर्शी पोर्टल पर बिल सत्यापन हेतु अपलोड करना सुनिश्चित करे जिससे कृषि विभाग द्वारा अनुदान आपके खाते में पीएफएमएस के माध्यम से प्रेषित किया जा सके। विकास भवन सभागार बहराइच में आयोजित ई लॉटरी में बलहा के राम चन्द्र सोनकर, फखरपुर के फिरदोश, महसी के पूनम देवी को कस्टम हायरिंग सेन्टर, हुजूरपुर के सरदार सिंह का लेजर लैण्ड लेवलर, जरवल के राम तेज को पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर, तेजवापुर के उत्कर्ष, शिवपुर के छत्रपाल, नवाबगंज के राम शंकर का चयन रोटावेटर कृषि यन्त्र में हुआ। उप कृषि निदेशक बहराइच ने चयनित किसानों को अविलम्ब कृषि यन्त्रों का क्रय कर पोर्टल पर अपलोड करने को कहा, जिससे अतिशीघ्र सत्यापन के बाद अनुदान की धनराशि प्रेषित किया जा सके। इस अवसर पर समिति के सदस्य जिला सूचना विज्ञान अधिकारी योगेश यादव, जिला गन्ना अधिकारी आनन्द शुक्ला, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी, एलडीएम प्रतिनिधि, कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच के प्रतिनिधि डा0 अरुण कुमार राजभर, प्रगतिशील कृषक राम प्रवेश मौर्या, लालता प्रसाद गुप्ता, माया देवी सहित समस्त अधिकारी/ पदाधिकारी एवं कृषकगण उपस्थित रहे।




रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां



**कुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

**19.01.2025 (रविवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला एवं अलीगढ स्टेशन |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सालारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ागांव, रुदौली, रौजागांव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ जं., उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहां, श्रीराजनगर, बछरावां, कुनिनगंज, हरचंदपुर, गंगागंज, रायबरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, मां चन्दिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ आइमा, सेवाइत और फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 09032 | गाजीपुर सिटी | 00:30 | उधना | 12:45 | औंड़िहार जं., जौनपुर, वाराणसी, चुनार, मिर्ज़ापुर, प्रयागराज, फ़तेहपुर, गोविंदपुरी, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, ललितपुर, बीना, गंज बासौदा, विदिशा, संत हिरदाराम नगर, शुजालपुर, उज्जैन, नागदा, रतलाम, दाहोद, गोधरा, विश्वामित्री एवं भरूच स्टेशन |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 08562 | विशाखपट्णम जं. | 22:20 | गोरखपुर | 20:25 | विजयनगरम जं., श्रीकाकुलम रोड, पलासा, ब्रह्मपुर, छतरपुर, बालुगांव, खोरधा रोड, भुवनेश्वर, नराज मार्थापुर, ढेंकानाल, अनुगुल, बोइण्डा, रेढ़ारवोल, सम्बलपुर शहर, झारसुगुड़ा रोड, रायगढ़, चांपा जं., बिलासपुर, पेन्ड्रा रोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनार, वाराणसी, जौनपुर जं., मऊ जं. और देवरिया सदर स्टेशन |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04526 | बठिण्डा जं. | 04:30 | फाफामऊ जं. | 23:55 | रामपुरा फूल, बरनाला, धूरी, पटियाला, राजपुरा, अम्बाला छावनी, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, रूड़की, लक्सर, नजीबाबाद, मुरादाबाद, बरेली जं., शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04315 | फाफामऊ जं. | 06:30 | देहरादून | 21:30 | रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली जं., मुरादाबाद, नजीबाबाद एवं हरिद्वार स्टेशन |
| 04065 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली जं., रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला, गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़ एवं गाजियाबाद स्टेशन। |
| 04662 | अमृतसर | 20:10 | फाफामऊ जं. | 19:00 | ब्यास, जालंधर सिटी, ढंडारी कलां, सरहिंद, राजपुरा, अम्बाला छावनी, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, देवबंद, मुजफ्फरनगर, मेरठ सिटी, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली जं., शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन। |
| 03410 | प्रयागराज रामबाग | 19:15 | मालदा टाउन | 14:30 | बनारस, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेंद्र नगर, बख्तियारपुर, बाढ़, मोकामा, किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहिबगंज जं., बरहरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. स्टेशन |

**20.01.2025 (सोमवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सालारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ागांव, रुदौली, रौजागांव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ जं., उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहां, श्रीराजनगर, बछरावां, कुनिनगंज, हरचंदपुर, गंगागंज, रायबरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, मां चन्दिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ आइमा, सेवाइत और फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04525 | फाफामऊ जं. | 06:30 | बठिण्डा जं. | 01:10 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद जं., नजीबाबाद जं., लक्सर जं., रूड़की, सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अंबाला कैंट जं., राजपुरा जं., पटियाला, धुरी जं., बरनाला और रामपुरा फूल स्टेशन |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04528 | अम्ब अन्दौरा | 22:05 | फाफामऊ जं. | 18:00 | ऊना हिमाचल, नंगल डैम, आनंदपुर साहिब, रूपनगर, मोरिंडा जं., चंडीगढ़ जं., अम्बाला कैंट जं., यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., रूड़की, नजीबाबाद जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं., शाहजहाँपुर, लखनऊ और रायबरेली जं. स्टेशन |

**21.01.2025 (मंगलवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सालारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ागांव, रुदौली, रौजागांव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ जं., उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहां, श्रीराजनगर, बछरावां, कुनिनगंज, हरचंदपुर, गंगागंज, रायबरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, मां चन्दिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ आइमा, सेवाइत और फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04527 | फाफामऊ जं. | 22:30 | अम्ब अन्दौरा | 17:50 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली जं., मुरादाबाद जं., नजीबाबाद जं., रूड़की, सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला छावनी जं., चंडीगढ़, मोरिंडा, रूप नगर, आनन्दपुर साहिब, नंगल डैम, ऊना हिमाचल स्टेशन |
| 04316 | देहरादून | 08:10 | फाफामऊ जं. | 23:50 | हरिद्वार, नजीबाबाद जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं., लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04661 | फाफामऊ जं. | 06:30 | अमृतसर | 04:15 | राय बरेली जं., लखनऊ जं., शाहजहानपुर, बरेली जं., रामपुर जं., मुरादाबाद जं., अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड जं., मेरठ शहर, मुजफ्फर नगर, देवबन्द जं., सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अंबाला कैंट जं., राजपुरा जं., सरिहंद जं., ढंढारी कलां, जलंधर शहर और ब्यास स्टेशन |
| 06020 | वाराणसी जं. | 18:20 | मंगलूरू सेन्ट्रल | 02:30 | चुनार, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपररिया, इटारसी जं., नागपुर जं., चन्द्रपुर, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, रामगुंडम, वारंगल, खम्मम, विजयवाड़ा जं., तेनाली जं., चिराला, ओंगोल, नेल्लूर, गुडुर जं., पेरांबूर, अरक्कोणम जं, कटपडी जं., जोलारपेटै जं., सेलम जं., इरोड जं., तिरुप्पूर, कोयंबटूर जं., पालक्काड जंक्शन, ओट्टापल्लम, शोरानूर जं., तिरुर, फेरोक, कोषिक्कोड, वडकरा, तलश्शेरी, कण्णुर, पय्यानूर, नीलेश्वर और कसारगोड स्टेशन |
| 06072 | गोमती नगर | 03:45 | पुरट्चि तलैवर डॉ. एम.जी.रामचंद्रन सेन्ट्रल | 23:55 | अयोध्या धाम जं, वाराणसी जं., चुनार, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नैनपुर जं., बालाघाट जं., गोंदिया जं., बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, वारंगल, खम्मम, विजयवाड़ा जं., न्यू गुंटूर, तेनाली जं., चिराला, ओंगोल, नेल्लूर और गुडुर जं. स्टेशन |
| 09403 | अहमदाबाद जं. | 21:15 | जंघई जं. | 03:00 | आणंद जं., छायापुरी, गोधरा जं., दाहोद, रतलाम जं., नागदा जं., भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा जं., सवाई माधोपुर जं., गंगापुर सिटी, बयाना जं., आगरा फोर्ट, टूंडला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर और प्रयागराज जं. स्टेशन |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# घरौनी वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुयीं राज्यमन्त्री

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** स्वामित्व योजना के अंतर्गत आज घरौनी वितरण कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यमंत्री ,महिला कल्याण,बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग उत्तर प्रदेश प्रतिभा शुक्ला रहीं। इस मौके पर प्रधानमंत्री द्वारा घरौनी के इलेक्ट्रॉनिक वितरण कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में सजीव प्रसारण देखा गया तथा प्रधानमंत्री द्वारा लाभार्थियों से किए गए संवाद कार्यक्रम का भी अवलोकन किया गया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री के घरौनी वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। इसके पश्चात जनपद के विभिन्न लाभार्थियों को मुख्य अतिथि राज्यमंत्री द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में अपने हाथों से घरौनी वितरित की गई तथा लाभार्थियों को घर के मालिकाना हक मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। मा मंत्री जी ने अपने संबोधन में कहा कि घर का मालिकाना हक / वैध प्रपत्र मिलने से अब किसी प्रकार का झगड़ा आदि नहीं हो सकेगा तथा जरूरत के समय में लोगो को ऋण भी मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य कर रही है। इसी क्रम में जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांव-गांव तक नल से जल उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानों ,महिलाओं, युवाओ,गरीबों के हित में अनेक योजनाएं लागू की गयीं हैं जिनका लाभ सभी को मिल रहा है। उन्होंने लोगों को आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रोत्साहित किया

घरौनी वितरण कार्यक्रम के तहत जनपद हमीरपुर के कुल 636 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष अब तक 440 ग्रामों में घरौनी निर्माण का कार्य सम्पादित किया गया है।

अब तक कुल डिजिटल घरौनी कार्ड निर्माण में जनपद में कुल 127880 प्रापर्टी कार्ड तैयार किये गये हैं जिनमें तहसील हमीरपुर में 33880, मौदहा में 44950, राठ में 25377 तथा सरीला में 23673) निर्मित किये गये हैं। आज के कार्यक्रम में जनपद के कुल 42 ग्रामों (जिनमें तहसील हमीरपुर के 24 ग्राम, मौदहा के 09 ग्राम, राठ का 01 ग्राम तथा तहसील सरीला 08 ग्राम) में डिजिटल घरौनी का वितरण किया गया, जिनमें तहसील हमीरपुर में 3833, मौदहा में 1720, राठ में 124 तथा सरीला में 1855 घरौनी, इस प्रकार जनपद में कुल 7532 घरौनियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत मेधावियों/ हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट परीक्षा में जनपद की टॉप 10 में आने वाली छात्राओं को ? 5000- 5000 का चेक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने घरौली वितरण कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अध्यक्ष जिला पंचायत श जयंती राजपूत, विधायक राठ मनीषा अनुरागी , राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि अशोक तिवारी, सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला, एडीएम वित्त एवं राजस्व विजय शंकर, एडीएम न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव ,एडीएम नमामि गंगे सुरेश कुमार, डिप्टी कलेक्टर खालिद अंजुम, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद हमीरपुर कुलदीप निषाद तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## 15 गांव के 120 लोगों को घरौली वितरण की जा रही है: सरिता भदौरिया

**इटावा।** प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री उ.प्र. द्वारा स्वामित्व योजनांतर्गत घरौनी वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण व जनपद स्तर पर विधायक सदर श्रीमती सरिता भदौरिया की अध्यक्षता में घरौनी वितरण कार्यक्रम प्रदर्शनी पंडाल में शनिवार को आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री जी के द्वारा स्वामित्व योजना के तहत देशभर में 50000 से अधिक गांव में 65 लाख प्रॉपर्टी कार्डो का वितरण एवं योजना के लाभार्थियों के साथ संवाद किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक श्रीमती सरिता भदोरिया द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि जो भी गरीब लोग हैं आज उनको यहां प्रदर्शनी पंडाल में घरौनी वितरण की जा रही है इसी तरह गरीब लोगों को सभी योजनाओं का लाभ अवश्य देना चाहिए। उन्होंने कहा कि 15 गांव के 120 लोगों को घरौली वितरण की जा रही है।

# भाजपा का जनसंपर्क अभियान एक-एक कार्यकर्ता जनता के द्वार




अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के उत्सव को अभियान के माध्यम से भारतीय संविधान के मूल्य और सिद्धांतों का प्रचार प्रसार एवं संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि देने के लिए भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व में 11 जनवरी से 26 जनवरी के मध्य गौरव संविधान अभियान मनाने का निश्चय किया है उसी क्रम में शनिवार को नगर अध्यक्ष भाजपा विनय श्रीवास्तव के नेतृत्व में काशीराम आवास में अनुसूचित वर्ग के नागरिकों से संपर्क स्थापित करने हेतु संपर्क यात्रा/भ्रमण यात्रा निकाली गई विनय श्रीवास्तव ने कहा कि बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर एक सच्चे राष्ट्रवादी थे जिन्होंने संविधान की आत्मा को अभी मुक्त किया पिछले 75 वर्षों में कांग्रेस ने बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को लगातार अपमानित करने का काम किया कांग्रेस के इस मानसिकता की वजह से दशकों तक बाबा साहेब 70 साल शासन करने के बावजूद भारत रत्न नहीं दिया गया जबकि भारतीय जनता पार्टी ने 1990 को उन्हें भारत रत्न जैसे सम्मान से नवाजा यही नहीं कांग्रेस की इस मानसिकता की वजह से दशकों तक बाबा साहब का चित्र पुरानी संसद के सेंट्रल हॉल में नहीं लगाया लगाया गया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सब का साथ सबका विकास के मूल मंत्र पर कार्य करते हुए बाबा साहब से जुड़े स्थानों को पंच तीर्थ मानकर विकसित करने का कार्य किया गया नगर अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉक्टर अंबेडकर की 125वीं जयंती के अवसर पर संविधान दिवस की शुरुआत की डॉ भीमराव अंबेडकर के दिखाए गए रास्ते पर चलते हुए भाजपा सरकार ने 2019 में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एससी-एसटी के लिए आरक्षण की 10 साल के लिए बढ़ा दिया और विपक्ष के लोगों ने लोकसभा चुनाव में संविधान को लेकर भ्रम फैलाकर भोली भाली जनता को गुमराह करने का प्रयास किया भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता जनता के द्वार पर जाकर विपक्ष के द्वारा फैलाए इस महाजाल को तोड़ने का कार्य करेगा इस यात्रा में में नगर के पदाधिकारी शक्ति केंद्र संयोजक बूथ अध्यक्ष हनुमान प्रसाद दिनेश भारती रविन्द्र चौबे उपाध्यक्ष अनुपम त्रिपाठी अभियान के सह संयोजक अशोक भारती अमन वर्मा अभिषेक गुप्ता संजय गुप्ता धर्मवीर त्यागी नर्मदा केशरी चंद्र ध्वज जायसवाल अजय श्रीवास्तव सहित नगर के कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# ग्रामीण विकाश विभाग की मानवीय पहल



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/अनपरा।** हिण्डालको रेनूसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह के दिशा निर्देशन में ग्रामीण विकाश विभाग रेनुसागर के तत्वावधान में सुदूरवर्ती ग्राम पंचायत कुलडोमरी के टोला बड़हरा में सामाजिक दायित्व के तहत कड़कड़ती ठंड से निजात दिलाने के लिए बीते 17 जनवरी को जरूरत मन्द ग्रामीणो को कम्बल वितरण किया गया। ग्रामीण विकाश विभाग के प्रभारी संजीव श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि के समक्ष ग्रामीण विकाश विभाग द्वारा किये गये कार्यो की विस्तृत जानकारी दी।कार्यक्रम का शुभारम्भ हिण्डाल्को रेनुसागर के संचालन विभाग के प्रमुख मनीष जैन, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन प्रणव सोनी,आईटी हेड ललित खुराना ,सीएचपी मेंटिनेंस हेड मनीष सिंह ,सीएचपी ऑपरेशन हेड आशुतोष सिंह ,राकेश कुमार सिंह, ने कुलडोमरी ग्राम पंचायत के कम्पोजिट विद्यालय बड़हरा विकाश खण्ड म्योरपुर के आस-पास के ज़रूरतमंदों ग्रामीणों को हाड़ कपा देने वाली ठंड से निजात दिलाने के लिये कम्बल वितरण कर किया।हिण्डाल्को रेनुसागर के संचालन विभाग के प्रमुख मनीष जैन ने अपने सम्बोधन में कहा कि ग्रामीण विकाश विभाग रेनुसागर का मानवीय पहल है ,उसकी जितनी प्रसंशा किया जाये।

## मौदहा के गांव भमई की कथित मजार को जेसीबी से हटाया, वीडियो वायरल

**मौदहा। हमीरपुर।** मौदहा विकास खण्ड के थाना सिसोलर स्थित गांव भमई में मेला ग्राउंड और मंदिर के निकट कुछ लोगों द्वारा कथित मजार का निर्माण किये जाने से हिंदू संगठनों ने नाराजगी जताते हुए शुक्रवार को एसडीएम को एक शिकायती पत्र देकर मजार ध्वस्त कराने की मांग की गई थी। जिसे जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया गया है। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। बताते चलें कि बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक आशीष सिंह ने संगठन के दर्जनों युवाओं के साथ शुक्रवार को उपजिलाधिकारी को सौंपे गए एक ज्ञापन में बताया था कि सिसोलर थाना क्षेत्र के गांव भमई गांव में मुंशी अनुरागी और बक्छा गांव के बउवा यादव सहित कुछ अन्य लोगों ने षड्यंत्र करके खलिहान और मेला ग्राउंड में सत्तीमाता मंदिर के निकट एक मजार का निर्माण कर दिया है। जिससे कि ग्रामीणों में खासा आक्रोश है। गांव की शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका है।

# सम्मान समारोह में धीरेन्द्र सिंह सम्मानित

- जनहित में अच्छे कार्य करने पर ग्रामीणों ने धीरेन्द्र सिंह को किया सम्मानित




अवधनामा संवाददाता

**राठ (हमीरपुर)।** क्षेत्र के मवई गांव में ग्रामीणों द्वारा पंचायत भवन में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। लगातार क्षेत्र में जनहित के कार्यो में रुचि रखते हुए समाज हित में अनेकों कार्य किए। जिसको लेकर क्षेत्र के इटौरा गांव निवासी धीरेन्द्र सिंह जिला अध्यक्ष व्यापार मंडल (युवा) जिला सहमति विश्व हिंदू परिषद को मवई गांव निवासी लालसिंह के द्वारा मोबाइल फोन देकर सम्मानित किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता लाल सिंह ने कहा कि समाज हित में धीरेन्द्र सिंह द्वारा काफी समय से समाज के उत्थान और हिंदुओं के हितों की रक्षा और हिन्दू समाज को जागरूक करते हुए उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करते रहते हैं। और उनके द्वारा ऐसे अनेकों सामाजिक कार्य किए गए। जिससे प्रभावित होकर शनिवार को पंचायत भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अन्तर्राष्ट्रीय उपभोक्ता कल्याण समिति हमीरपुर के जिलाध्यक्ष रामसिंह राजपूत ने उपभोक्ताओं के अधिकारों और हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हुए उपभोक्ताओं के अधिकारों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हमारी समिति उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करते हुए मिलावटखोर, उत्पीड़न, घटतौली और भ्रष्टाचार रोकने के साथ साथ उपभोक्ताओं को जागरूक करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। और यह समिति पीड़ित उपभोक्ताओं को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विश्व हिंदू परिषद के नगर मंत्री दीपेंद्र सिंह ने हिंदुओं के उत्थान और कल्याण पर चर्चा करते हुए उन्हें जागरूक किया। और हिन्दू राष्ट्र बनाने को लेकर चर्चा की गई। प्रखंड अध्यक्ष खलक सिंह, जिला गौ रक्षा प्रमुख फूलसिंह राजपूत ने कहा कि गौ माता की रक्षा करना और उनकी सेवा करना हम समस्त हिंदुओं का परम कर्त्तव्य हैं। क्योंकि वर्तमान में समस्त गौवंश का आस्तित्व खतरे में है। समय रहते इनकी रक्षा नहीं की गई। तो वह समय दूर नहीं जब सारा गौवंश का आस्तित्व समाप्त हो जाएगा। गौरक्षा पर विस्तार से चर्चा करते हुए जागरूक किया गया। इस मौके पर आधा सैकड़ा से अधिक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### समाजवादी अधिवक्ता सभा ने शोक व्यक्त किया



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री उ.प्र.अखिलेश यादव के चाचा व जिला पंचायत अध्यक्ष अंशुल यादव के पिता राजपाल यादव जी का दिनांक 9 जनवरी 2025 को निधन हो गया था उनकी शोक सभा समाजवादी अधिवक्ता सभा इटावा के जिलाध्यक्ष अभिनय यादव के कचहरी कार्यालय पर हुई। शोक सभा की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता रविन्द्र सिंह यादव ने की व संचालन महासचिव भुवनेश यादव ने किया उनके जीवन पर अधिवक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे व 2 मिनट का मोन रख कर भगवान से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शोक सभा में कोषाध्यक्ष मैराज अली खान, वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम सिंह यादव, जगवीर ऊर्फ अल्लू यादव, मधुर यादव, हरिशंकर सक्सेना, अनूप शर्मा, मंगल कुशवाह, लक्ष्मण यादव, पुष्पेंद्र कुमार कुशवाहा, रामनाथ यादव व अभिनव यादव आदि मौजूद रहे।

### एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर द्वारा ग्राम-खमरिया मे निःशुल्क चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी-विंध्याचल परियोजना के नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत ग्राम - खमरिया में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन दिनांक 18.01.2025 को सीएसआर अनुभाग द्वारा एनटीपीसी- विंध्याचल अस्पताल के अनुभवी चिकित्सकों के सहयोग से स्थानीय ग्रामीणजनों हेतु किया गया। उक्त चिकित्सा शिविर में ग्रामिणवासियों ने बढ़-चढ कर हिस्सा लिया। इस शिविर में कुल 306 मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवाईयो का वितरण किया गया। इस शिविर में चिकित्सा विभाग की तरफ से वरिष्ठ विशेषज्ञ (महिला रोग) डॉ. हेमा उराव, डॉ. तन्मय पटेल, डॉ. महेंद्र सिंह, डॉ. ज्योति सिंह, अन्य चिकित्सकगण एवं उनकी मेडिकल टीम के साथ-साथ कार्यपालक (सीएसआर) निखिल जायसवाल एवं सीएसआर टीम उपस्थित रही। उक्त चिकित्सा शिविर का ग्रामीणजनों द्वारा भरपूर प्रशंसा की गयी एवं इस नेक कार्य की काफी सराहना की गयी।

# प्रतिस्पर्धा की भावना हर क्षेत्र में आगे बढ़ने को प्रेरित करती है: सरिता भदौरिया

- इटावा प्रदर्शनी पंडाल में जिला स्तरीय पत्रकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह

वहाज अली निहाल



**इटावा।** प्रेस क्लब इटावा के संयोजन में जिला स्तरीय पत्रकार सम्मेलन का आयोजन प्रदर्शनी पंडाल में हुआ। मुख्य अतिथि सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि आज जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। प्रतिस्पर्धा की भावना ही हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। पत्रकारिता का पेशा काफी पवित्र एवं जिम्मेदारियों से भरा है। पत्रकारों को भी अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह पूरी ईमानदारी से करना चाहिए। वे एक जनप्रतिनिधि के तौर पर पत्रकारों का हर संभव सहयोग करना चाहती हैं। उनके दरवाजे पत्रकारों के लिए सदा खुले हैं। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी पंडाल में पहली बार जिला स्तरीय पत्रकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए आयोजन समिति के सदस्य, जिला प्रशासन एवं प्रदर्शनी कार्यकारिणी बधाई की पात्र है। पत्रकारों को भी अपनी बात रखने के लिए मंच मिलना चाहिए। उन्होंने प्रदेश की योगी सरकार द्वारा पत्रकारों के कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेस क्लब इटावा के अध्यक्ष ने दिनेश शाक्य ने की। संयोजक पत्रकार वीरेश कुमार मिश्रा तथा महेंद्र सिंह चौहान रहे। कार्यक्रम में पत्रकारों के साथ साथ शिक्षा जगत, चिकित्सा क्षेत्र, पर्यावरण, पत्रकारिता एवं अन्य क्षेत्र से जुड़ी हस्तियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के समक्ष शिक्षाविद डा.कुश चतुर्वेदी ने प्रेस क्लब का इतिहास रखा। पत्रकारों की समस्याओं को रखा। वही पत्रकारों के लिए आवास समस्या, पेंशन आदि सुविधाओं को दिलवाने की भी मांग रखी । वरिष्ठ पत्रकार खादिम अब्बास, हरिश्चंद्र तिवारी, गौरव डूड़ेजा, संतोष पाठक, ब्रजेश शुक्ला, रामनाथ सिंह यादव आदि ने भी विचार रखे। मुख्य अतिथि को बुके भेंटकर, अंग वस्त्र भेंटकर तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने चिकित्सा के क्षेत्र में डा वी.के.गुप्ता, डा. सुभाष चंद्र, डा संजीव यादव, डा.मनोज यादव, डा.डी. के.दुबे, डा.के.के.सक्सेना, डा आनंद, डा.सरिता कुशवाहा को सम्मानित किया गया। वहीं साहित्य के क्षेत्र में प्रेम बाबू प्रेम , राष्ट्रीय कवि कमलेश शर्मा, कुश चतुर्वेदी , शिव अवतार पाल, शिक्षा के क्षेत्र में पवन यादव प्रबंधक, डा.कैलाश यादव, अनंत अवस्थी, डॉ.राजीव चौहान, रविंद्र चौहान भूमिका फाउंडेशन, डी बी ए के अध्यक्ष अनिल कुमार गौर, महामंत्री देवेंद्र सिंह पाल आदि को सम्मानित किया।

# शहीद बिस्मिल और विवेक तोमर को नमन



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा/अंबाह/पंचनद।** चंबल की धरती पर देशभक्ति और शौर्य की गाथाओं ने हमेशा से वीरता के नए अध्याय लिखे हैं। 18 जनवरी को रूअर गांव में आयोजित शहीद स्मारक कार्यक्रम में शौर्य चक्र से सम्मानित हवलदार विवेक सिंह तोमर की प्रतिमा का अनावरण हुआ। इस अवसर पर चंबल संग्रहालय के महानिदेशक डॉ. शाह आलम राना ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक रामप्रसाद बिस्मिल से लेकर सियाचिन में शहीद हुए हवलदार विवेक तोमर की शौर्य गाथा का वर्णन किया। डॉ.राना ने बताया कि रामप्रसाद बिस्मिल ने अपनी आत्मकथा में तोमरधार क्षेत्र और चंबल नदी का विशेष उल्लेख किया था। बिस्मिल ने 19 दिसंबर 1927 को अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दिया था। इसी चंबल की माटी ने वर्षों बाद एक और महान सपूत, हवलदार विवेक तोमर को जन्म दिया, जिन्होंने अपने अदम्य साहस और बलिदान से देश का सिर गर्व से ऊंचा किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों, प्रशासनिक अधिकारियों और सेना के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी ने शहीद हवलदार विवेक तोमर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर शहीद तोमर के परिजनों को भी सम्मानित किया गया। ग्रामीणों ने कहा कि यह स्मारक चंबल की माटी के गर्व और बलिदान की जीवंत पहचान बनेगा। आयोजन में देशभक्ति गीतों के माध्यम से शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

## पेयजल आपूर्ति बाधित होने से ग्रामीण परेशान

**कुरारा,हमीरपुर।** विकास खंड क्षेत्र के कंडोर गांव में पेयजल आपूर्ति बाधित रहने से ग्रामीणों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। वही हैंडपंप खराब होने से लोग पानी केलिए परेशान है। क्षेत्र के कंडौर गांव में होने वाली पेयजल आपूर्ति पिछले एक सप्ताह से बाधित रहने से ग्रामीणों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण कृष्ण कुमार, मुमताज खा बच्चा खां आदि ने बताया कि पिछले कई दिन से पेयजल आपूर्ति समय से नही मिल पा रही है। कभी आ जाती है। प्रतिदिन सप्लाई न मिलने से लोगो को पानी के लिए परेशान रहना पड़ रहा है। लोगो के पानी के लिए लगे हैंडपंप भी खराब होने के कारण लोग परेशान रहते है।

गांव निवासी त्यागी सिंह ने बताया कि गांव निवासी अहमद ख़ां के दरवाजे लगा हैंडपंप दस माह से रिबोर की स्थित में शो पीस बनकर रह गया है। जिससे पानी की किल्लत का सामना लोगो को करना पड़ रहा है। सप्लाई का पानी न आने पर एक मात्र सहारा हैंडपंप है वह भी खराब होने से मोहल्ले के लोगो को दूर से पानी लानापड़ता है। ग्रामीणों ने बताया की पेयजल के लिए आपूर्ति क्षेत्र के रिठारी गांव से होती है। ग्रामीणों ने नियमित पानी की आपूर्ति कराये जाने की मांग जल संस्थान विभाग से की है।

# स्वामित्व योजना: 409 लोगों को बांटे गए घरौनी प्रमाण पत्र

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/दुद्धी।** स्थानीय तहसील सभागर में शुक्रवार को स्वामित्व योजना के तहत लाभार्थियों को घरौनी प्रमाण पत्र वितरित किये गए ,इस दौरान कुल 12 लाभार्थियों को घरौनी प्रमाण पत्र वितरित किये गए। इसके साथ तहसील क्षेत्र के अंतर्गत कुल 22 ग्राम पंचायतों में कुल 409 घरौनी प्रमाण पत्रों का वितरण किया। कार्यक्रम की शुभारम्भ मुख्य अतिथि एसी एसटी आयोग के प्रदेश उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार , विशिष्ठ अतिथि नपं अध्यक्ष कमलेश मोहन व श्रवण गोंड ने संयुक्त रूप से वीणावादिनी माँ सरवस्ती के चित्र पर पुष्प गुच्छ अर्पित कर दीप प्रज्वल्लित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसीएसटी आयोग के प्रदेश उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार ने कहा कि सरकार ड्रोन कैमरे के तहत सर्वे कराकर ग्रामीणों को स्वामित्व योजना के तहत घरौनी प्रमाण पत्र दे रही है ,यह घरौनी प्रमाण पत्र आपके मालिकाना हक का प्रमाण होगा। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के 140 करोड़ देशवासियों के लिए विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। केंद्र व प्रदेश की सरकार ने सोनभद्र में जितना काम किया है उसमें सबसे ज्यादा दुद्धी तहसील में हुआ है। इसके लिए मैं यहां के अधिकारियों को बधाई देता हूँ। यहां भूमिहीनों को वनाधिकार के तहत भूमि के पट्टे भी दिए जा रहे है और उन्हें खतौनी भी दिया जा रहा है।किसानों को किसान सम्मान निधि के तहत सम्मान निधि भी नियमित दिया जा रहा है। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के माँ बहनों को पूर्व के सरकारों से बेहतर सुरक्षा प्रदान की है। हमारी सरकार सबका साथ सबके विकास के तर्ज पर कार्य कर रही है। विशिष्ठ अतिथि श्रवण गोंड ने कहा कि लोगों को रहने का स्वामित्व होना चाहिए इसके तहत सर्वे कराकर जो जहां रह रहा है उसके नाम से स्वामित्व योजना के तहत घरौनी वितरण किया जा रहा है ,इससे यह लाभ होगा कि इससे बैंकों से ऋण लेने में सहूलियत मिलेगी । पूरे इस तहसील में 306 गांवों के 2133 लोगो को घरौनी प्रमाण पत्र मिल चुका है और आज के कार्यक्रम के तहत तहसील क्षेत्र के 22 गांवों में 409 लोगों को वितरण किया जा रहा है। आज सरकार की प्रतिनिधि के रूप में हमारी मौजूदगी में वितरण किया जा रहा है ,इस स्वामित्व प्रमाण पत्र को संभाल के रखिये जिससे यह जरूरत पर काम आये। कार्यक्रम का समापन करते हुए उपजिलाधिकारी निखिल यादव ने कहा कि स्वामित्व योजना प्रधानमंत्री जी की कल्पना थी कि जिनके पास रहने की भूमि नही है उन्हें भूमि दी जाए और उसका अधिकार भी दिया जाए। विवादों को खत्म करने के लिए स्वामित्व योजना लाया गया है। आपके पास घरौनी का कार्ड रहेगा तो आपको लोन लेने में सहूलियत रहेगी।इसके साथ ही उन्होंने कार्यक्रम में आये सभी अतिथियों को आभार प्रकट किया।इस मौके पर तहसीलदार ज्ञानेंद्र यादव, नायब तहसीलदार ज्ञानेंद्र कुमार ,नायब तहसीलदार ओपी सिंह,लेखपाल अनिता जायसवाल के साथ भारतीय जनता पार्टी के मनोज मिश्रा , सुरेंद्र अग्रहरि ,मनीष जायसवाल , पीयूष कसेरा ,दीपक कुमार आदि लोग मौजूद रहें। कार्यक्रम का संचालन लेखपाल मकबूल आलम ने किया।

# सियादेवी मेमोरियल हॉस्पिटल में लगा थायरॉयड चेकअप कैंप




- हर महीने की 18 तारीख को आयोजित होता है ये चेकअप कैम्प
- 50 मरीजों ने कराया थायरॉयड का परीक्षण

वहाज अली निहाल

**इटावा।** नेशनल हाइवे 19 पर स्थित सिया देवी मेमोरियल हॉस्पिटल में शनिवार को थायरॉयड चेकअप कैंप लगाया गया जिसमे लगभग 50 लोगों ने अपनी जांच कराई जिसमे 10 पुरुष और 40 महिलाएं शामिल रही। चैकअप कैंप के आयोजक एवं सीनियर कंसल्टेंट फिजिशियन डॉ.रमाकांत रावत (स्ब्क्र्स स्ब्)ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत में हर 10 में से एक शख्स थायरॉइड की समस्या से जूझ रहा है पूर्व आंकड़ों के अनुसार, भारत में क़रीब 4.2 करोड़ थायरॉइड से ग्रसित हैं। क़रीब एक तिहाई लोगों को तो ये पता ही नहीं होता कि वे इस रोग से पीड़ित हैं। उन्होंने कहा कि, हमारे गले में मौजूद थायरॉयड एक विशेष ग्रंथि है, जिससे समय समय पर थायरॉयड हार्मोन निकलता रहता है जो कि, हमारे शरीर के मेटाबॉलिज्म को कंट्रोल करने में अहम भूमिका निभाता है ऐसे में जब इसके निर्माण में कोई गड़बड़ी होने लगती है, तो हमारे शरीर में कई समस्याएं भी दिखाई देने लगती है जिनमें दर्द भी शामिल है।

### थायरॉयड एक गंभीर बीमारी है: डॉ. रजनी रावत

वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. रजनी रावत ने बताया कि थायरॉयड एक गंभीर बीमारी है जो कि पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं में ज्यादा देखी जाती है। यदि शरीर में थायरॉइड हार्मोन बढ़ जाए तो इसे हाइपर थायरॉइड कहते हैं और जब घट जाए तो इसे हाइपो थायरॉइड (Hyà¿othyroidism) कहते हैं लेकिन ये दोनों ही स्थिति ख़तरनाक है। उन्होंने बताया कि पुरुषों में इस रोग के प्रमुख लक्षणों में सूखी त्वचा के साथ अधिक कमजोरी और चेहरे पर सूजन के लक्षण भी दिखाई दे सकते है तो वहीं महिलाओं में चेहरे या हाथ पांव में सूजन के साथ अनियमित मासिक धर्म, चिड़चिड़ापन और कमजोरी के लक्षण देखे जाते है। लेकिन थायरॉयड की बीमारी का इलाज संभव है और इसी जनसमस्या को देखते हुए सिया देवी मेमोरियल हॉस्पिटल द्वारा चेकअप कैम्प की यह पहल की गई है। उन्होंने सभी आम जनमानस से अपील करते हुए कहा है कि थायरॉयड की बीमारी को हल्के में न लें और समय से इसकी जांच अवश्य ही कराते रहें।

# 50 हजार से अधिक गांवों में प्रॉपर्टी कार्ड का वितरण

## देश में एक साथ 65 लाख से अधिक प्रॉपर्टी कार्ड लाभार्थियों को उपलब्ध कराए गए, इनमें सर्वाधिक लाभार्थी उ0प्र0 के : मुख्यमंत्री

- प्रदेश की 29,501 ग्राम पंचायतों की 45 लाख 35 हजार से अधिक घरौनियां सम्मिलित
- भारत में 06 लाख से ज्यादा गांव, जिनमें से लगभग आधे गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा हो चुका : प्रधानमंत्री
- यह प्रॉपर्टी कार्ड आर्थिक सुरक्षा की एक बड़ी गारण्टी
- देश में तैयार की गयी कुल 02 करोड़ 23 लाख से अधिक घरौनियों में अकेले उ0प्र0 की 01 करोड़ 50 हजार से अधिक घरौनियां सम्मिलित
- अब कोई व्यक्ति आपकी जमीन पर जबरन कब्जा नहीं कर पाएगा, क्योंकि जमीन का पूरा रिकॉर्ड राजस्व विभाग के पास उपलब्ध, ड्रोन सर्वे में कहीं भी कोई एक इंच भूमि इधर से उधर नहीं कर सकता: मुख्यमंत्री योगी



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल/डिजिटल माध्यम से स्वामित्व योजना के अन्तर्गत देश के 50 हजार से अधिक गांवों में 65 लाख प्रॉपर्टी कार्डा का वितरण तथा इस योजना के लाभार्थियों से संवाद किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने सरकारी आवास से कार्यक्रम में वर्चुअली सम्मिलित हुए। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को भौतिक रूप से ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी) के प्रमाण पत्र प्रदान किए। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री द्वारा वितरित प्रॉपर्टी कार्डों में प्रदेश की 29,501 ग्राम पंचायतों की 45 लाख 35 हजार से अधिक घरौनियां सम्मिलित हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पांच साल पहले स्वामित्व योजना की शुरुआत की गई थी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को उनके प्रॉपर्टी कार्ड मिलें। अलग-अलग राज्य प्रॉपर्टी के मालिकाना हक के प्रमाणपत्रों को अलग-अलग नामों से पुकारते हैं, जैसे घरौनी, अधिकार अभिलेख, प्रॉपर्टी कार्ड, मालमत्ता पत्रक और आवासीय भूमि पट्टा। स्वामित्व योजना के तहत अब गांवों में रहने वाले लगभग 2.25 करोड़ लोगों को उनके घरों के लिए कानूनी दस्तावेज मिल चुके हैं। 21वीं सदी में जलवायु परिवर्तन, जल संकट, स्वास्थ्य संकट और महामारी सहित कई चुनौतियां हैं। दुनिया के सामने एक और बड़ी चुनौती सम्पत्ति के अधिकार और कानूनी सम्पत्ति के दस्तावेजों की कमी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत सम्पत्ति के अधिकारों की वैश्विक चुनौती से अछूता नहीं है। लाखों-करोड़ों की सम्पत्ति होने के बावजूद, ग्रामीणों के पास अक्सर कानूनी दस्तावेजों की कमी होती है, जिससे विवाद होते हैं और यहां तक कि शक्तिशाली व्यक्तियों द्वारा अवैध कब्जा भी किया जाता है। कानूनी दस्तावेजों के बिना, बैंक भी ऐसी सम्पत्तियों से दूरी बनाए रखते हैं। पिछली सरकारों ने इस मुद्दे को हल करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में 06 लाख से ज्यादा गांव हैं, जिनमें से लगभग आधे गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा हो चुका है। कानूनी दस्तावेज मिलने के बाद लाखों लोगों ने अपनी सम्पत्ति के आधार पर बैंकों से लोन लिया और अपने गांवों में छोटे-मोटे व्यवसाय शुरू किए। इनमें से कई लाभार्थी छोटे और मध्यम किसान परिवार से हैं, जिनके लिए यह सम्पत्ति कार्ड आर्थिक सुरक्षा की एक बड़ी गारण्टी बन गए हैं। दलित, पिछड़े और आदिवासी परिवार अवैध कब्जों और लम्बे अदालती विवादों से सबसे अधिक प्रभावित हैं। कानूनी प्रमाणीकरण के साथ अब वे इस संकट से मुक्त हो जाएंगे। उन्होंने एक अनुमान का जिक्र किया कि एक बार सभी गांवों में सम्पत्ति कार्ड जारी हो जाने पर, इससे 100 लाख करोड़ रुपये से अधिक की आर्थिक गतिविधियां शुरू हो जाएंगी। इससे देश की अर्थव्यवस्था में काफी बड़ी पूंजी जुड़ेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ग्राम स्वराज को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए गम्भीरता से काम कर रही है। स्वामित्व योजना ने ग्राम विकास के नियोजन और क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण सुधार किया है। स्पष्ट मानचित्रों और आबादी वाले क्षेत्रों के ज्ञान के साथ, विकास कार्य की योजना सटीक होगी, जिससे खराब नियोजन के कारण होने वाली बर्बादी और बाधाएं दूर होंगी।

# वीकेंड फेस्टिवल में हुआ कुंभ स्पेशल त्रिधारा

- कथक की प्रस्तुतियों ने आयोजन को बनाया यादगार



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** सहारागंज श्री वीकेंड फेस्टिवल 'कुंभ वाइब्स' की दूसरी कड़ी के रूप में शनिवार 18 जनवरी को 'कुंभ स्पेशल त्रिधारा' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कथक की प्रस्तुतियों ने आयोजन को यादगार बना दिया। इसके साथ ही महाकुंभ क्विज और कलश सज्जा की दिलचस्प प्रतियोगिताएं भी हुई। आयोजन स्थल पर विशाल कलश भी महाकुंभ के सेल्फी प्वाइंट के रूप में रखा गया है। यह आयोजन दोपहर तीन से रात आठ बजे तक हो रहे हैं। इन कार्यक्रमों में भागीदारी पूरी तरह से निःशुल्क है। 'कुंभ वाइब्स' के दूसरे वीकेंड 18 जनवरी को ÷कुंभ स्पेशल त्रिधारा÷ कार्यक्रम में भी महाकुंभ क्विज हुई। इसमें समुद्र मंथन में किस नाग का प्रयोग किया गया था जैसे आसान प्रश्नों का उत्तर देने वाले विजेताओं को यूथ स्किल वॉल्कैनो द्वारा पुरस्कृत किया गया। इसमें अमन चौधरी, देवीना, देवांजना ने सही उत्तर देकर प्रशंसा हासिल की।

कलश सज्जा की दिलचस्प प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने एक्रेलिक रंग, शीशे, धागे आदि से सजावट कर अपनी प्रबल दावेदारी पेश की। इसमें शौर्य और उनके साथियों ने एक से बढ़कर एक सजावट कर पुरस्कार हासिल किए।

## ऑनलाइन जुड़े विद्युत उपभोक्ताओं ने किया भारी विरोध प्रदर्शन

**लखनऊ।** विद्युत नियामक आयोग द्वारा प्रस्तावित कानून बिजली चोरी व बिजली कंपनियों की आक्षमता का खामियाजा भुगतेगी जनता पर प्रदेश भर से ऑनलाइन जुड़े विद्युत उपभोक्ताओं ने किया भारी विरोध कहा एक तरफ 65प्रतिसत तक पावर कॉर्पोरेशन बिजली चोरों को देता है छूट दूसरी तरफ आयोग का तुगलकी प्रस्ताव। उपभोक्ता परिषद ने कहा विद्युत नियामक आयोग के प्रस्तावित कानून में उपभोक्ताओं के सरप्लस निकल रहे 33122 करोड की वापसी पर कोई भी व्यवस्था न दिए जाने से उठा सवाल केवल निजी घरानों व बिजली कंपनियों को लाभ देने के लिए ही कानून में बदलाव दिखा जो पूरी तरह उपभोक्ता विरोधी। पावर कॉरपोरेशन की तरफ से विगत वर्षो में 65 प्रतिशत तक बिजली चोरी के राजस्व निर्धारण में छूट के एवज में लगभग 1000 करोड से ज्यादा की बिजली चोरों को दी गई छूट और अब आयोग का रहा है बिजली चोरी का खामियाजा भुगतेगी जनता यह प्रस्ताव सरकार की छवि धूमिल करने वाला आदर्श उपभोक्ता के साथ छल।

# संगीत परीक्षा में सी.एम.एस. छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजेन्द्र नगर प्रथम कैम्पस के 9 प्रतिभाशाली छात्रों ने प्रयाग संगीत समिति, प्रयागराज द्वारा आयोजित भारतीय शाष्त्रीय संगीत परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा के अन्तर्गत गायन प्रतियोगिता में सी.एम.एस. राजेन्द्र नगर प्रथम कैम्पस की छात्रा मैत्री अवस्थी, जिज्ञासा गुलाटी, अविष्का जैन, वाराया कोहली, अग्रिमा कौशल, माधवी यादव एवं उर्वी कोहली ने प्रथम स्थान अर्जित कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है तो वहीं दूसरी ओर तेजस्विनी गुप्ता ने कीबोर्ड वाद्ययंत्र पर जबकि प्रभजोत सिंह ने तबला पर अपनी संगीत प्रतिभा का अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए स्थान अर्जित किया है। इस प्रकार, सी.एम.एस. के इन सभी 9 प्रतिभाशाली छात्रों नें भारतीय शाष्त्रीय



संगीत में अपनी प्रतिभा व ज्ञान का परचम लहराया है एवं आगे चलकर राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का गौरव बढ़ाने का संकेत दिया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. छात्रों की उपलब्धि पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है। सी.एम.एस. के कम्युनिकेशन विभाग के हेड ऋषि खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. अपने छात्रों को भौतिक, सामाजिक व आध्यात्मिक शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ ही साँस्कृतिक व साहित्यिक क्षेत्रों में भी छात्रों का रुझान विकसित करता है तथापि उनकी क्षमता को पहचानकर उन्हें प्रोत्साहित करता है। यही कारण है कि सी.एम.एस. छात्र पढ़ाई में तो अव्वल रहते ही हैं साथ ही साथ गीत-संगीत, नृत्य, साहित्य व कला जैसे क्षेत्रों में भी विद्यालय के छात्रों ने अलग पहचान बनाई है।

## जामीअतुल कुर्रा ख़दरा में जलसा दस्तार बंदी

**लखनऊ।** फन ए तजवीज़ ओ करात की मुंफरीद, मुमताज दरसगाह जमीअतुल कुर्रा खदरा लखनऊ में कल बेरोज़ ए इतवार बाद नमाज़ ए मगरिब मुनक्किद हो रही है जिसकी सदारत क़ाज़ी शहर लखनऊ मुफ्ती अबुल इरफ़ान मियां फिरंगी महली और सरपरस्ती हज़रत अल्लामा कारी सैय्यद गुलाम जीलानी साहब रज़्वी खलीफा मुफ्ती ए आज़म ए हिंद और मेहमान ए खुसूसी शहज़ादे रसूल हज़रत मौलाना हस्सान मियां नायब सज्जादा नशीन दरगाह मसौली शरीफ़ तशरीफ़ लाएंगे।

शायर ए इसलाम हज़रत मौलाना कारी अमानुल्लाह साहब मदीनातुल मुनव्वरा, कारी जहांगीर ,कारी मोइनुद्दीन, कारी यार मोहम्मद और दूसरे शहर के उलेमा कुरा हुफ्फाज आइम्मा मस्जिद वा सियासी, समाजी हज़रात तशरीफ ला रहे है तमाम हज़रात से शिरकत की अपील। ऐसे मौके पर मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ऑफ इंडिया के सुबाई सदर नूर अहमद अज़हरी , वा कौमी सदर डॉ मो अहमद भी मौजूद होंगे। यह इत्तेला मौलाना कारी मोहम्मद यूसुफ आज़ीज़ी बानी जामीअतुल कुर्रा वा सदर जामीअत कुर्रा ए हिन्द ने दी है।

# न्यायिक सेवा प्राधिकरण के नवीन कार्यालय भवन का किया गया लोकार्पण

- एकदिवसीय संवेदीकरण कार्यक्रम भी किया गया आयोजित



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई, न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय/कार्यपालक अध्यक्ष, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा शनिवार को उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के नवनिर्मित कार्यालय भवन 4/7 गोमती नगर विस्तार, लखनऊ का उद्घाटन शिलापट्ट का अनावरण करके एवं फीता काटकर किया गया। तदोपरान्त कारागार मुख्यालय द्वारा प्रदर्शित एक जेल एक प्रोडक्ट के स्टाल का निरीक्षण करते हुंए कारागार द्वारा बन्दियों के पुनर्वास हेतु किये जा रहे कार्यक्रमों की सराहना की गयी। इस अवसर पर नवनिर्मित भवन के प्रागंण में वृक्षारोपण भी किया गया। तदोपरान्त न्यायमूर्ति द्वारा उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, गोमतीनगर लखनऊ में आयोजित एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति अरूण भंसाली, मुख्य न्यायाधीश, इलाहाबाद उच्च न्यायालय /मुख्य संरक्षक, उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता, वरिष्ठ न्यायाधीश, इलाहाबाद उच्च न्यायालय/ कार्यपालक अध्यक्ष, उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, न्यायमूर्ति अंजनी कुमार मिश्रा, न्यायाधीश, इलाहाबाद उच्च न्यायालय/ अध्यक्ष उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, इलाहाबाद, न्यायमूर्ति ए0आर0 मसूदी, वरिष्ठ न्यायाधीश, इलाहाबाद उच्च न्यायालय खण्डपीठ लखनऊ/अध्यक्ष उच्च न्यायालय विधिक सेवा उपसमिति, लखनऊ तथा इलाहाबाद उच्च न्यायालय एवं लखनऊ खण्डपीठ के न्यायमूर्तिगण भी उपस्थित रहे। साथ ही निदेशक, न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, प्रमुख सचिव न्याय, संजय सिंह-प्रथम, सदस्य सचिव उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, न्यायिक अधिकारीगण, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निदेशक नायक समरेन्द्र पी0 उपस्थित रहे।

एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यक्रम में समस्त सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवनियुक्त प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सिविल जज, प्रदेश के समस्त जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, लखनऊ के निकटस्थ जनपदों के चीफ एवं डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, मध्यस्थ, पैनल अधिवक्ता, पराविधिक स्वयं सेवक तथा लॉ कालेज एवं विश्वविद्यालय के छात्र/छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# 'नाटक' कंजूस के किरदारों की हसरतों ने दर्शकों को खूब हंसाया

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** मानवीय संवेदनाओं से हटकर दौलत के प्रति मोह और इंसानी हसरतों पर करारा व्यंग्य करते नाटक 'कंजूस' का मंचन नौशाद संगीत डेवलेपमेंट सोसाइटी ने अतहर के निर्देशन में आज शाम वाल्मीकि रंगशाला गोमतीनगर में किया गया। इस अवसर पर प्रतिष्ठित नौशाद सम्मान भी प्रदान किये गये।संस्कृति मंत्रालय नई दिल्ली के रंगमण्डल अनुदान के तहत नाट्य मंचन से पहले नौशाद संगीत सम्मान से नौटंकी विशेषज्ञ आतमजीत सिंह, रंगनेत्री अचला बोस व मृदुला भारद्वाज, अभिनेता नवाब मसूद अब्दुल्लाह तथा प्रो. फरजाना मेहदी जी को अलंकृत किया गया। सम्मान अतिथियों के तौर पर न्यायमूर्ति मनीष कुमार, जस्टिस आलोक माथुर, जस्टिस संगीता चन्द्रा



और इरा चिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.अब्बास मेंहदी ने प्रदान किये। फ्रेंच नाटककार मौलियर द्वारा सत्रहवीं सदी में लिखे इस नाटक के हजरत आवारा के मुस्लिम परिवेश में किये रूपांतरण के केन्द्र में एक कंजूस लेकिन रईस विधुर मिर्जा सखावत बेग और उसका बेटा मर्रुख और बेटी अजरा है। नाटक में कई दिलचस्प मोड़ आते हैं, जो देखने वालों को लगातार बांधे रखकर हंसाते हैं। कंजूस पिता बेटी की शादी एक अमीर लड़के से करना चाहता है। लेकिन बेटी अजरा एक साधारण लड़के नासिर से प्यार करती है और उसी से शादी करना चाहती है। वहीं कंजूस का बेटा अपने से उम्र में बड़ी औरत मरियम से शादी की इच्छा रखता है, जबकि मिर्जा खुद मरियम से निकाह करना चाहते हैं।

## विद्युत दरों की नियमावली व मसौदे का किया विरोध

**लखनऊ।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के राज्य सचिव मण्डल ने उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी दरों की नियमावली के उस मसौदे का विरोध करते हुए इसे जन विरोधी करार दिया है जिसमें कहा गया है कि बिजली चोरी और लाइन हानियों का व्यय आम उपभोक्ताओं को उठाना होगा। पार्टी ने कहा है कि यह तो एक तरह से चोरी को अनुमति देने जैसे निर्णय हैं। बिजली चोरी रोकना बिजली विभाग और अंततः राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। निजी हाथों में देने पर आवश्यक राजस्व की सूचना साझा करने का अधिकार मांगने वाला नियामक आयोग निजी क्षेत्र के लिए न केवल रास्ता खोलने की बात कर रहा है बल्कि वह आवश्यक राजस्व के लिए सरकार को अपरोक्ष रूप से शामिल कर निजी कंपनियों के मुनाफे बटोरने तथा घाटे को आम जनता और सरकार पर थोपने की बात कर पूंजीपतियों की गोद में बैठने का संकेत दे रहा है।

## टीएमयू नर्सिंग एल्युमिना ने दिए करियर के टिप्स

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ नर्सिंग की सत्र 2013 बैच की बीएससी नर्सिंग एल्युमिना मिस जूही एलिजाबेथ ने कहा, नर्सिंग क्षेत्र में सफल करियर बनाने के लिए सहानुभूति, संवेदनशीलता, समय-प्रबंधन, शारीरिक और मानसिक सहनशीलता होनी चाहिए। उन्होंने स्वर्णिम करियर के लिए उचित शिक्षा और प्रशिक्षण, व्यावसायिक कौशल, अनुभव और टीम वर्क को महत्वपूर्ण बताया। साथ ही अपने जूनियर्स से टीएमयू के अपने अनुभवों को भी साझा किया। बरेली के कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट, साइंस एंड टेक्नोलॉजी में नर्सिंग विभाग की कोर्डिनेटर मिस एलिजाबेथ नर्सिंग कॉलेज की ओर से आयोजित एल्युमिनाई सेशन में बिल्डिंग ए सक्सेसफुल करियर इन नर्सिंग- टिप्स एंड एडवाइस पर बोल रही थीं। इससे पहले एल्युमिना जूही, नर्सिंग की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, एल्युमिनाई रिलेशन के ज्वाइंट रजिस्ट्रार प्रो. निखिल रस्तोगी, नर्सिंग की प्राचार्या डॉ. जसलीन एम. आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

# ईको टूरिज्म के माध्यम से स्थानीय रोज़गार पैदा करने पर जोरः जयवीर सिंह

- महाकुंभ में डिजिटल प्रदर्शनी पंडाल में राज्य के प्रमुख स्थलों का दर्शन कर सकेंगें श्रद्धालु

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन द्वारा महाकुंभ-2025 प्रयागराज के अवसर पर डिजिटल प्रदर्शनी पंडाल की स्थापनी की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य महाकुंभ में देश-दुनिया से आने वाले पर्यटकों/श्रद्धालुओं को राज्य में व्याप्त पर्यटन की असीम संभावनाओं से परिचित कराना है। यह महाकुम्भ-2025 की अवधारणा (दिव्य, भव्य एवं डिजिटल) पर आधारित है। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी पंडाल में एनामार्फिक डिजिटल वॉल के माध्यम से उत्तर प्रदेश के पर्यटन गंतव्यों को प्रदर्शित किया गया है।



पंडाल में आने वाले पर्यटकों/श्रद्धालुओं को महाकुम्भ के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के पर्यटन गंतव्यों को प्रदर्शित कर वहां भ्रमण हेतु प्रेरित करने का प्रयास किया गया है। पंडाल में ईको टूरिज्म से सम्बन्धित गन्तव्यों स्थल पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है। इस पंडाल की समृद्ध संस्कृति का भी प्रदर्शन किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश इसके अलावा उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध हस्तशिल्प उत्पाद को भी दर्शाया जा रहा है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश की समृद्धशाली सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक विरासत को एक पंडाल में प्रदर्शित किया जा रहा है। इसमें उत्तर प्रदेश पर्यटन से सम्बन्धित आनलाइन क्वीज का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र डिजिटली प्रदान किया जायेगा। इस प्रदर्शनी पंडाल में विभाग द्वारा पर्यटन गंतव्यों पर निर्मित कराई गई ए0आर0-वी0आर0 फिल्मों को प्रदर्शित किया जा रहा है। पर्यटकों को प्रदर्शनी पंडाल से ही पर्यटन गंतव्यों का 360 डिग्री व्यू देखने को मिलेगा। जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटकों की सुविधा के लिए प्रयागराज के रेलवे-स्टेशन, बस स्टेशन के साथ-साथ महाकुंभ क्षेत्र में परेडग्राउंड, नागवासुकी मंदिर, अरैल आदि स्थान पर्यटन सूचना केंद्र बनाए गए है।

